अद्वैतामृत

उपनिषद्

10.2

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
३६

॥ श्रीः ॥

कौटिलीयम् अर्थशास्त्रम्

(अधिकरण १०, ११, १२, १३, १४, १५)
(आलोचनात्मक भूमिका, ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक अध्ययन तथा हिन्दी अनुवाद)

लेखक
डॉ० रघुनाथ सिंह
एम. ए., एल. एल. बी., पी-एच. डी., डी. लिट्.,
एफ. आर. ए. एस. (लन्दन)

खण्ड ३

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
१९८८

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : वर्द्धमान मुद्रणालय, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०४५
मूल्य : रू० १५०-०० (तृतीय खण्ड)

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८
चौक, (चित्रा सिनेमा बिल्डिंग), वाराणसी-२२१००१ (भारत)

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : ६३१४५

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
36

⁂

KAUTILĪYAM ARTHAŚĀSTRAM

(Adhikarana-10, 11, 12, 13, 14, 15)
(Original text translation in Hindi with historical, geographical and cultural notes)

By
Dr. Raghunath Singh
M. A., LL. B., Ph. D., D. Litt.,
F. R. A. S. (London)

Part III

KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI-221001
1988

© KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers & Distributors
Post Box No. 1118
Chowk, (Chitra Cinema Building)
VARANASI-221001 (India)

First Edition
1988
Price : Rs. 150-00 (Part III)

Also can be had from
Chowkhamba Sanskrit Series Office
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Post Box 1008, VARANASI-221001 (India)
Phone : 63145

भारतस्वातन्त्र्यान्दोलनरसभावितानां
गयासिंहमहाभागानाम्
तथा
सत्यनारायणसिंहमहानुभावानाम्
स्मृत्यर्थं
पुस्तकप्रसूनाञ्जलिः

पुरोवाक्

कौटिलीय अर्थशास्त्र के तृतीय खण्ड में ६ अधिकरण, ३२ प्रकरणं, २१ अध्याय हैं। साङ्ग्रामिक अधिकरण में २२१, संघवृत्तम् अधिकरण में ५६, आवलोयसम् अधिकरण में १६६, दुर्गलम्भोपाय अधिकरण में २१६, औपनिषदिक अधिकरण में १८७ तथा तन्त्रयुक्ति अधिकरण में ७३ कुल ९१९ सूत्र हैं।

कतिपय विद्वानों ने सुरङ्ग शब्द पर विवाद आरम्भ किया है। उनका मत है कि सुरङ्ग शब्द यूनानी है। किन्तु मेरा मत है, सुरङ्ग शब्द भारतीय एवं प्राचीन है। भारत में प्रायः सभी दुर्गों में सुरङ्ग बनाना प्रचलित रहा है। कारण यह है कि प्रत्येक बड़े दुर्गों में सुरङ्गें बनायी गयी हैं। सुरङ्ग शब्द के साथ अनेक किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं। यूनान और भारत का सम्पर्क चौथी शताब्दी वि० सी० के पूर्व सक्रिय रूप से नहीं पाया जाता है। अतएव यह कहना सम्भव प्रतीत नहीं होता है कि सुरङ्ग शब्द यूनान से लिया गया है। प्राचीन ग्रन्थों दश कुमार चरित ओर मुद्राराक्षस में सुरङ्ग शब्द का उल्लेख किया गया है।

कौटिल्य के सन्दर्भ में मैं अपने पूर्व मत पर दृढ़ हूँ कि कौटिल्य गान्धार देश तथा तक्षशिला के आसपास का निवासी था। उन दिनों पारसियों की आबादी सीमान्त पश्चिमोत्तर प्रदेश में थी। पारसी लोग अहुर अर्थात् असुर पूजक थे। कौटिल्य का इनसे सम्पर्क होना स्वाभाविक था। अर्थशास्त्र पारसियों के देवता असुर अर्थात् अहुर का उल्लेख कौटिल्य ने किया है। कालान्तर में जैसे पाणिनि पेशावर में पैदा हुआ था किन्तु बिहार में आकर अध्ययन किया था। उसकी पढ़ाई लिखायी वहीं हुई थी। उन दिनों बिहार मुख्यतः पाटलीपुत्र शिक्षा और भारतीय राजनीति का केन्द्र था। कारण यह है कि—जैसे-जैसे भारत का व्यापार बढ़ता गया, वैसे-वैसे नदियों तथा नदी तटवर्त्ती नगरों का महत्व बढ़ता गया। राजगृह पूर्व काल में बिहार का मुख्य स्थान था। व्यवसाय वृद्धि के कारण पाटलीपुत्र ने राजगृह का स्थान ले लिया। कौटिल्य ने भी पाटलीपुत्र को सक्रिय कार्य क्षेत्र बनाया। कौटिल्य और चन्द्रगुप्त मौर्य का सम्बन्ध राजा और महामात्य के अतिरिक्त मित्र का भी था। गान्धार से लेकर समस्त भारतवर्ष में जहाँ चन्द्रगुप्त मौर्य गये, कौटिल्य भी उनके साथ था। चन्द्रगुप्त मौर्य राज्य त्यागकर दक्षिण गया। कौटिल्य भी उनके साथ गया। वहीं पर उसने अर्थशास्त्र की रचना भी की होगी। दक्षिण के समुद्री प्रदेश तथा समुद्र का वर्णन इस बात को स्पष्ट करता है कि कौटिल्य को उत्तर भारत से लेकर ध्रुव दक्षिण का ज्ञान था। जिसकी चर्चा अर्थशास्त्र में की है। यही कारण है कि अर्थशास्त्र की पाण्डुलिपियाँ दक्षिण भारत में मिली हैं। इन्हीं पाण्डुलियों के आधार पर अर्थशास्त्र के रचनाकार का दाक्षिणात्य का होना प्रतीत नहीं होता।

कौटिल्य ने पाणिनीय व्याकरण का अक्षरशः अनुकरण नहीं किया है। यद्यपि पाणिनीय व्याकरण का रचनाकाल ५०० से ७०० ई० पू० माना जाता है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की रचना ३२१ ई० पू० की लगभग की है। कौटिल्य ही एक ऐसा लेखक है, जिसका रचना काल निश्चित है। मैं समझता हूँ कि कौटिल्य ने सूत्र ग्रन्थों की शैली में अर्थशास्त्र की रचना की है। सम्भव है कि अर्थशास्त्र में श्लोकादि की रचना कौटिल्य के पश्चात् ही विद्वानों ने कर उसमें जोड़ दिया है।

तृतीय खण्ड कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। तत्कालीन समय में भारत सैनिक स्थिति में अपना विशेष स्थान रखता है। कौटिल्य के सामने सबसे बड़ी समस्या भारतवर्ष की एकता तथा विदेशियों से किस प्रकार

रक्षा की जा सकती थी। सिकन्दर का आक्रमण भारत पर हो चुका था, पारसियों का प्रभाव सीमान्त पश्चिमोत्तर प्रदेश के कुछ भागों पर था। कौटिल्य भारतवर्ष को एक सूत्र में बाँधकर रक्षा की दृष्टि से उसे सुरक्षित रखना चाहता था।

कौटिल्य ने दशम अधिकरण में सैनिक संगठन, स्कन्वावार निवेश, स्कन्धावार प्रयाण, बलव्यसन, अवस्कन्द काल रक्षण, कूट युद्ध विकल्प, स्व सैन्योत्साहन, स्व बल, अन्य बल व्यायोग, युद्धभूमि, पत्ति, अश्व, रथ हस्ति कर्म, व्यूह वर्णन, व्यूहों का निर्माण, सारफल्गु बल विभाग, पत्तिअश्व, रथ—हस्ति-युद्ध, दण्ड भोग मण्डल, असंहत व्यूह-व्यूहन, प्रति व्यूह स्थापना का विशद वर्णन किया है। तत्कालीन युद्ध में हाथियों का विशेष महत्त्व था। हाथियों के प्रकार जाति उनके युद्ध सम्बन्धी शिक्षापर विशेष ध्यान दिया जाता था। हस्तियुद्ध की यह परम्परा मुसलिम कालतक ही प्रचलित थी। भारतवर्ष के पराजय का एक मुख्य कारण था। विदेशी अश्वारोही सेनापर विशेष जोर देते थे। यही कारण है कि हाथी पर निर्भर भारतीय सेना मुसलमानों के अश्वारोही सेना से हारती रही। हाथी लड़ने पर या घायल होने पर पीछे की ओर भागते थे। और अपनी ही सेना को रौंदते हुए चले जाते थे।

एकादश अधिकरण में भेदोपादानानि, उपांशु, दण्ड, गुप्तचर विभाग का संगठन, उनके कार्य तथा किस प्रकार गुप्तचरों को शत्रु सेना का नाश करना चाहिए कौटिल्य ने किया है।

द्वादश अधिकरण में दूत कर्म पर विचार किया गया है। मन्त्र युद्ध, सेनापतियों के वध, तीक्ष्ण, रसद प्रयोग, गणिकाओं का प्रयोग, मण्डल प्रोत्साहन तथा युद्ध में शस्त्र, अग्नि, रस का गुप्त प्रयोग, वीवधसार प्रसार, मुख्य पुरुषों का बध, के उपायों का वर्णन किया गया है। योगानुसन्धान, एक विजय, क्रमांक विजय का वर्णन कर कौटिल्य नीति पर विचार किया है।

त्रयोदश अधिकरण में दुर्ग को कैसे प्राप्त करना चाहिए उसके अनेक प्रकार दिये गये हैं। उन दिनों दुर्ग का विशेष महत्त्व था। योग वामन में कपट पूर्वक शत्रु को दुर्ग से बाहर निकलने के लिए दबाव डालने तथा दुर्ग खाली कराने के युक्तियों का वर्णन किया है। कौटिल्य के समय गणिकाओं को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाता था। बल्कि उनका प्रयोग युद्ध तथा राजनीति में खुलकर किया जाता था। गुप्तचर का भी वे काम करती थीं।

कौटिल्य ने योग अर्थात् कपटोपाय का वर्णन तेरहवें अधिकरण में किया है। शत्रुओं में भेद उत्पन्न कर उन्हें निर्बल किया जा सकता है। किस प्रकार घेरा डालना तथा गूढ़ पुरुषों को किस प्रकार कार्य करना चाहिए। कौटिल्य ने अनेक प्रकार के रस तथा उनके प्रयोगों के विषय में विस्तृत वर्णन किया है। वन आदि तथा विजित शत्रु के देश को कैसे अनुकूल किया जाय उसका वर्णन किया है।

इस खण्ड का सबसे महत्त्वपूर्ण वर्णन औपनिषदक प्रकरण में है। किस प्रकार औषधियों वनस्पतियों एवं जन्तुओं का प्रयोग शत्रु विनाश के लिए किया जाय इसका वर्णन किया गया है।

दुर्ग का महत्त्व प्राचीन काल से रहा है। ऋग्वेद में दुर्ग का उल्लेख है। दस्युओं के ९७ दुर्गों को इन्द्र ने ध्वस्त किया था। मनु ने ६ प्रकार के दुर्गों का वर्णन किया है। महाभारत में युधिष्ठिर ने जब भीष्म से पूछा कि राजा को कैसे नगर में रहना चाहिए, तो भीष्म ने मनु वर्णित ६ प्रकार के दुर्गों का वर्णन किया। मनुस्मृति और महाभारत दोनों में कोष, सेना, अस्त्र, शिल्प, ब्राह्मण, वाहन, तृण, जलाशय, अन्न, इत्यादि का दुर्ग के अन्दर रहना आवश्यक कहा गया है। अग्नि, कालिका तथा वायु पुराणादि में भी दुर्गों का ६ भेद

बताया गया है। दुर्ग ६ में धनु (धन्व) दुर्ग इसके चारों ओर निर्जल प्रदेश, दूसरा मही दुर्ग, तीसरा जल दुर्ग, जिसके चारो ओर जल हो, वृक्ष दुर्ग इसके चारों तरफ घने वृक्ष हों, नर दुर्ग जिसके चारों ओर सेना हो, गिरि दुर्ग जिसके चारों ओर पहाड़ हो, अथवा जो पहाड़ पर बना हो।

भारतवर्ष में सीमान्त उत्तर प्रदेशों से सर्वदा विदेशी आक्रमण होता रहा है। इन आक्रमणों से रक्षा होना उत्तर भारत में काबुल से रोहतास गढ़ तक दुर्गों की परम्परा स्पष्ट दिखाई पड़ती है। मुख्यतः दुर्ग नदी के किनारे अथवा पर्वत पर बनाये जाते थे। कुछ दुर्ग नदी और पर्वत दोनों पर होते थे—जैसे-–चरणाद्रिगढ़ (चुनारगढ़)। एक प्रकार का छोटा दुर्ग ओर भी होता था जिसको काश्मीर में द्रंग कहते थे। इस प्रकार के द्रंग समस्त भारतवर्ष के बड़े दुर्गों या संकट मार्ग के समीप बने मिलते हैं। उनका काम आती हुई आक्रमणकारी सेना की खबर बड़े दुर्ग या राजा के पास पहुँचाना होता था। इस प्रकार के द्रंग पहले विदेशी आक्रमणों का सामना करते थे। तब तक मुख्य सेना युद्धार्थ तैयार हो जाती थी। राजस्थान में मुख्यतः उदयपुर में इस प्रकार के द्रंग या ढ़क बने मिलते हैं। उन्हें एक प्रकार से छोटा किला कहा जायेगा। दुर्गों का सबसे बड़ा दोष यह होता था कि घिर जाने पर वे आत्मसमर्पण करते थे, या जौहर कर प्राण विसर्जन करते थे।

इस प्रकार के उदाहरण राजस्थान में बहुत मिलते हैं। मुसलमानों के आक्रमण के पश्चात् दुर्गों की महत्ता कम हो गयी। खुलकर युद्ध होता था। नाना फड़नवीश ने तृतीय पानीपत के युद्ध में मराठों की पराजय के विषय में एक पुस्तक भी लिखी है। उसका निष्कर्ष यही है कि मराठे अपने पारम्परिक खुले युद्ध के स्थान पर व्यूह बनाकर लड़ने लगे थे। वे इस फिक्र में थे कि अहमद शाह अब्दाली आक्रमण करे तो वे मोर्चेबन्दी से निकल कर युद्ध करें। करीब-करीब यही अवस्था चीन ने जब भारतवर्ष पर आक्रम किया तो तत्कालीन सुरक्षामन्त्री यही चाहते थे कि जब चीनी आक्रमक मैदान में आ जाय तो युद्ध किया जाय। यह नीति बिलकुल गलत थी।

चन्द्रगुप्त मौर्य तथा चाणक्य की नीति थी कि शत्रु का सामना देश के बाहर किया जाय। एतदर्थ स्कन्धावार की कल्पना की गयी। कन्दहार का वास्तविक नाम स्कन्धावार था। वह चन्द्रगुप्त मौर्य की छावनी थी। यही कारण है कि भारतवर्ष सुरक्षित रहा है। क्योंकि एक बार विदेशी सेना का प्रवेश हो जाने पर उसे हटाना मुश्किल हो जाता है।

कौटिल्य ने तेरहवें अधिकरणमें पर्युपासन कर्म अर्थात् घेरा डालना, गुप्तचरों द्वारा धोखा देना भ्रान्त करना, प्रलोभन देना, छलना, मोहित करना, आदि के विषय में अनेक प्रकार की नीतियों का वर्णन किया है। प्रलम्भन द्वारा भैषज्य योग का वर्णन कौटिल्य ने किया है। कुछ स्थानों पर मन्त्रों के प्रयोग की बातें भी लिखी हैं। स्वबलोपधात प्रतीकार का वर्णन किया गया है। इससे प्रकट होता है कि कौटिल्य को औषधियों तथा जन्तुओं और उनके गुणों का विशेष ज्ञान था। यह स्वाभाविक है क्योंकि तक्षशिला जहाँ का कौटिल्य निवासी था, उन दिनों भैषज्य का मुख्य केन्द्र था। शल्य चिकित्सा का केन्द्र काशी थी। शल्य चिकित्सा का विशेष वर्णन न करना कौटिल्य का इस विषय में न कहना इस बात को प्रमाणित करता है कि कौटिल्य को काशी तथा शल्य चिकित्सा के सम्बन्ध में कम ज्ञान था। यह इस बात का यथेष्ट प्रमाण है कि कौटिल्य तक्षशिला तथा उसके समीपवर्ती क्षेत्र का रहने वाला था।

काश्मीर गान्धार की सीमापर था। तक्षशिला उसके समीप था, इसलिए एक दूसरे को प्रभावित करते रहे हैं। एक दूसरे का यथेष्ट ज्ञान था। काश्मीर में दुर्गों तथा द्रंगों को बहुत बड़ी श्रृङ्खला थी। काश्मीर के राजा परस्पर लड़ते थे। इसलिए कौटिल्य ने दुर्गों तथा युद्धों का विशेष वर्णन किया है। काश्मीर के द्रंग तथा

दुर्गों की शृङ्खला इतनी मजबूत थी कि कौटिल्य के लगभग चौदहवीं शती तक के पश्चात् लोहकोट में तत्कालीन मुस्लिम विजेता महमूद गजनवी को दो बार हार खानी पड़ी। वह लोहकोट के पश्चात् पुनः भारतवर्ष की ओर आक्रमण नहीं कर सका।

कौटिल्य ने शत्रुओं में भेद उत्पन्न कर उन्हें किस प्रकार निर्बल किया जा सकता है तथा किस प्रकार घेरा डालना चाहिए इसका वर्णन किया है। गूढ़ पुरुषों का किस प्रकार इस स्थिति में कैसे उपयोग करना चाहिए इसका भी वर्णन किया है। कौटिल्य ने अनेक प्रकार के रस तथा उनके प्रयोग के विषय में विस्तृत वर्णन किया है। वन आदि के तथा शत्रु विजित देशको कैसे अनुकूल किया जाय, उसने वर्णन किया है। यद्यपि कौटिल्य ने किसी विशेष देवी देवताओं को अपना इष्ट नहीं माना है। परन्तु तत्कालीन देवों एवं असुरों का किस प्रकार राजनीति में उपयोग किया जा सकता है। वर्णन किया है। इस खण्ड का सबसे महत्त्वपूर्ण वर्णन चौदहवें अधिकरण औपनिषदिक में है। शत्रु पर विजय हेतु रहस्यमय युक्तियों का वर्णन किया गया है। शत्रु सेना के नाश हेतु किस प्रकार कार्य करना चाहिए, इसके लिए विषप्रयोग की चर्चा करता है। कुब्जा (बौना) किरात—मूक—(बधिर) जड़ म्लेच्छ का कैसे उपयोग करना चाहिए इसका भी वर्णन किया है। अनेक प्रकार की औषधियों तथा द्रव्यों का वर्णन योग सम्पत्: प्रकरण में किया है।

प्रलम्भन तथा अद्भुतोत्पादन प्रकरण में अनेक प्रकार की वनस्पतियों औषधियों तथा जन्तुओं का वर्णन किया है।

प्रलम्भन और भैषज्ययोग का वर्णन कर कौटिल्य ने अपनी विचक्षण बुद्धि का परिचय दिया है। इस प्रकरण में प्रयोग के कुछ मन्त्र दिये गये हैं। मेरा मत है कि वे कौटिल्य के नहीं हैं।

कौटिल्य ने शत्रु द्वारा स्वपक्ष पर देशी विष एवं गरों के प्रतिकार का वर्णन किया है।

पन्द्रहवें अधिकरण में तन्त्र युक्ति का वर्णन किया गया है। इनमें शब्दों की परिभाषा तथा उनका अर्थ दिया गया है।

कौटिल्य ने अध्यायों में इति पाठ दिया है। इससे अध्यायों के प्रारम्भ व अन्त का निश्चित पता चल जाता है। किन्तु प्रकरणों में इति पाठ न देने के कारण प्रकरणों के आदि एवं अन्त का निश्चय करना कठिन है। अनेक अर्थ शास्त्र के व्याख्याकारों में एकरूपता नहीं है। मैंने प्रकरणों के आदि एवं अन्त को निश्चित करने का प्रयास किया है। कौटिल्य ने प्रकरण १६४ को दो भागों में विभाजित किया है। परन्तु प्रथम तथा द्वितीय भागों का कहाँ से आदि अन्त होता है, प्रकट नहीं होता। अनेक प्रकरणों को निश्चित रूप से विभाजित करने का प्रयास किया है। कौटिल्य ने १५ वें अधिकरण में तन्त्रयुक्तियाँ दी हैं। उनके कारण शब्दों को निश्चित रूप से समझने में सरलता होती है।

अनेक अनुवादकों ने सूत्रों को तोड़कर अपनी इच्छानुसार संख्या दी है। मैंने बम्बई विश्वविद्यालय कौटिल्य संस्करण को आधार माना है। उसके सूत्रविभाजन को ठीक मानता हूँ। प्रस्तुत पुस्तक में उसी के अनुसार अनुवाद तथा व्याख्या की गयी है। बम्बई संस्करण में भी प्रकरणों का निश्चित रूप नहीं दिया गया है। अध्यायों की संख्या समान रूप से सभी संस्करणों में एक तरह है। यद्यपि सूत्र की संख्या में अन्तर है।

इस खण्ड में अनुक्रमणिकायें दी गयी हैं। सर्व प्रथम मैंने प्रयास किया है कि सूत्र श्लोकानुक्रमणिका दूँ। इसे प्रस्तुत करने में बहुत समय लगा है। किन्तु मेरी दृष्टि में ठीक उतरा है। अनेक विद्वानों ने सूत्र श्लोकानुक्रमणिका को देने का प्रयास किया है। किन्तु वे ठीक नहीं उतरे हैं।

डाक्टर श्री नागेन्द्र प्रसाद शर्मा चेतगंज ७/२८६ तथा काशी विद्यापीठ के प्राध्यापक डाक्टर श्री योगेश्वर जी श्री वेरीजी के यहाँ होने वाली प्रतिदिन सायंकालीन गोष्ठी में प्रेरणाप्रद सुझाव मिलते रहे हैं। उक्त महानुभावों के प्रति सादर आभार प्रकट करता हूँ।

इस वर्ष मेरा सेवक हीरालाल जो मेरे साथ निरन्तर ५२ वर्ष से कार्यरत था कैन्सर के कारण दिवंगत हो गया। उसके दिवंगत होने के कारण मुझपर घर का बोझा पड़ गया। भगवान् उसकी आत्मा को शान्ति दें।

श्री माधो प्रसाद शर्मा तथा कृष्ण मुरारी सिंह बाल्य काल से ही मेरे साथ रहते थे। सतीश कुमार उर्फ छेदी के कारण मेरे दैनिक जीवन में सहायता मिलती रही। मैं निस्सन्तान हूँ किन्तु उनके कारण मुझे कभी निःसन्तान होने का दुःख नहीं हुआ।

कौटिल्य द्वारा प्रयुक्त विशिष्ट शब्दावली मैंने पुस्तक में तैयार कर लगा दिया है। कौटिल्य के समय शब्दों का क्या अर्थ था। निर्धारण करने में कठिनता हुई है, तथापि और विद्वानों द्वारा शब्दों के चयन तथा अधिक शब्दों को जोड़ कर यह अनुक्रमणिका तैयार की है।

तीसरी अनुक्रमणिका—शब्दार्थ है। कुछ विद्वानों ने कुछ थोड़े ही शब्दों की अनुक्रमणिका बनाकर पुस्तक के अन्त में दिये हैं। उनमें गणपति शास्त्री, उदयवीर शास्त्री तथा काङ्गले मुख्य हैं। किन्तु उनकी शब्दावली छोटी है। मैंने यथा सम्भव शब्दावली को पूर्ण करने का प्रयास किया है। यह अनुक्रमणिका पुस्तक के अन्त में दी गयी है। कौटिल्य ने जिन शब्दों का जिस अर्थ में प्रयोग किया है। उसे निश्चित करने में काफी समय तथा परिश्रम करना पड़ा है।

अनुक्रमणिकाओं को तैयार करने में काफी समय तथा परिश्रम लगा है। एक पुस्तक लिखने में जितना समय लगा है उससे कहीं अधिक उन्हें क्रमबद्ध रखने में परिश्रम किया गया है। यह इस खण्ड की मौलिक देन है। इसमें किसी से सहायता नहीं ली गयी है। जिन लेखकों ने पूर्वकाल में कौटिल्य सम्बन्धी शब्दावली या पारिभाषिक शब्दावली को लिखा है। उससे भी सहायता ली गयी है। अनुक्रमणिका तैयार करने में किसी ओर से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं ली गयी है। यदि उसमें कोई दोष है तो उसका मैं स्वयं उत्तरदायी हूँ।

मेरी आयु अस्सी (८०) वर्ष की हो गयी है। कम्पन अर्थात् पार्किन्सेन्स रोग से पीड़ित हो गया हूँ। इसी समय सन् १९८६ के दिसम्बर मास में हृदय रोग का दौरा हुआ। रामकृष्ण मिशन अस्पताल काशी में भर्ती किया गया। वहाँ पर डॉ० प्रेमनारायण सोमानी, डाक्टर श्री प्रकाश शंकर तथा श्री स्वामी ब्रह्मेशानन्द ने उपचार किया। ब्रह्मेशानन्द, मेडिकल कालेज, रायपुर, म० प्र० में प्रवक्ता थे। इनके पिता डाक्टर नन्दलाल बोरदिया भारत सरकार, (दिल्ली) में टी० बी० स्पेशलिस्ट और टी० बी० के सलाहकार थे। दोनों ही महानुभाव रामकृष्ण मिशन में आने के पूर्व हिन्दू विश्वविद्यालय तथा मध्यप्रदेश में प्रवक्ता थे। दोनों ने ही अपने-अपने पदों से इस्तीफा देकर रामकृष्ण मिशन अस्पताल में सफलतापूर्वक काय चिकित्सा विभाग में काम करने लगे। वे धन्यवाद के पात्र हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हृदय रोग विशेषज्ञ श्री डॉ० प्रेमनारायण सोमानी ने भी देखकर बड़े सौजन्य से चिकित्सा सम्बन्धी सलाह दी।

मैं इस खण्ड के लेखन काल में प्रायः अस्वस्थ रहा हूँ। इन्द्रियाँ पूर्ण अपना कार्य नहीं करतीं। ऊनपर खीझ बरती हैं। किन्तु खीझ मेरा कोई उपकार कर सकी। दिन-प्रति दिन कमजोरी बढ़ती ही गयी। डाक्टरों ने कह दिया कि यह वृद्धावस्था की बीमारी है, पूर्णतया अच्छी नहीं होगी।

मृत्यु का अर्थ आत्मा का शरीर से विदाई है। आत्मा का अस्तित्व शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी नहीं मिटता। सुखद हो या दुःखद, मृत्यु अवश्यम्भावी है।

असुर शरीर को आत्मा मानते हैं। सुर आत्मा और शरीर को भिन्न मानते हैं। यह सभी मानते हैं कि मृत्यु एक दिन आयेगी ही, परन्तु उसके नाम से या उसके रूप को देखकर घबड़ा जाते हैं। जीवित प्राणी से लोग भयभीत नहीं होते किन्तु मृत होने पर उससे भयभीत होते हैं। उसे प्रेत समझ कर उससे दूर भागने का प्रयास करते हैं। मृतक को देखकर लोगों को यह चिन्ता व्यग्र कर देती है कि उनकी भी यही दशा होने वाली है। अपने इस रूप की कल्पना कर उनका मन विचलित हो जाता है। उनका चलता फिरता यह शरीर जड़ हो जायेगा, यह विचार जब उनमें बैठ जाता है तो उससे बचने के लिये नाना प्रकार का उपाय करता है। उपाय असफल हो जाता है तो वह सबकुछ भाग्य के मत्थे मढ़ देता है। मृत्यु के संदर्भ में अनेक ग्रन्थों में कल्पनाएँ की गई है। किन्तु कल्पना केवल कल्पना मात्र रह जाती है।

कलतक का पाला पोसा शरीर मिट्टी में गाड़ दिया जायेगा, जहाँ दीमक उसे चाट जायेंगे या प्रज्वलित चिता में जलकर दुर्गंध उत्पन्न करेगा इसका कोई उपयोग नहीं रह जायेगा। सारी दुनियाँ उसे अनुपयोगी समझकर मुख मोड़ लेगी, इस सच्चाई को लोग समझकर भी नहीं समझते—यह जगत् की सबसे बड़ी बिडम्बना है। जीवन का मोह जीवित रहने की आकांक्षा भविष्य की सुन्दर कल्पना के पीछे मनुष्य भागता है। मैंने मिस्र की यात्रा में पाँच हजार वर्ष पूर्व मरे फराहों के संग्रहालय में सुरक्षित शवों को भी देखा। उन्होंने पिरामिड बनाये, ताकि मनुष्य उन्हें बरबाद न कर सके। उनमें नाना प्रकार की सम्पत्तियाँ रखीं। इस कल्पना के साथ कि वे उनके काम आयेंगी। वे एक दिन जीवित हो उठेंगे, किन्तु सब जहाँ का तहाँ पड़ा रह गया है। फरोहों का शव केवल एक कहानी कहता है कि मृत्यु के पश्चात आदमी नहीं उठता।

मैंने लन्दन की यात्रा में वेस्ट मिनिस्टिर अबे तथा सेण्ट पाल केथैड्रल देखा। उनमें उन लोगों को गड़े देखा जो घोर साम्राज्यवादी राजा या सैनिक थे। उन्होंने अपनी स्मृति के लिये चिर स्थायी कब्र बनाने की कल्पना की। उनकी आशा थी कि लोग उन्हें स्मरण करेंगे किन्तु उनकी आशा पर उस समय पानी फिर गया जब लोग काल की द्रुत गति के साथ भूलने लगे। वे केवल एक ही बात का सन्देश देते हैं कि कुछ दिनों में लोग सब कुछ भूल जाते हैं।

अतएव हिन्दुओं का दर्शन उचित प्रतीत होता है। जहाँ शरीर को पंचभूतों में मिलाकर उसकी लीला समाप्त कर यह कहते हैं कि संसार में कोई न तो मृत्यु को जीत सका है न जीतेगा। यह दर्शन हमें इस निष्कर्ष पर पहुँचाता है कि मृत्यु आयेगी। उसका जाने अनजाने हमें स्वागत करना ही होगा।

इस काल में आचार्य श्री पशुपति प्रसाद द्विवेदी प्राध्यापक पूर्वोत्तर रेलवे इण्टर कालेज का सहयोग पूर्ववत् प्राप्त होता रहा है। आचार्य श्री वाचस्पति मिश्र ग्राम कुरूथुआ पोस्ट सोनहरा जिला आजमगढ़ को बोलकर लिखाया है। हाथ से स्वयं लिखने तथा बोलकर लिखाने में जो अन्तर होता है वह इस पुस्तक में परिलक्षित होगा। वे धन्यवाद के पात्र हैं।

श्री मोरार जी देसाई का पूर्ववत् आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है उनके प्रति मैं हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

संस्कृत विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डाक्टर लक्ष्मी नारायण तिवारी के कारण कौटिल्य सम्बन्धी

पुस्तकों की जानकारी होती रही हैं। डाक्टर श्री लल्लन जी गोपाल के कौटिल्य सम्बन्धी लेखन में समय-समय पर अच्छी जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं। वे धन्यवाद के पात्र हैं।

सर्व श्री कृष्णचन्द्र बेरी स्वामी हिन्दी प्रचारक संस्थान तथा हनुमान प्रसाद शर्मा का उदार हृदय मेरी प्रेरणा का स्रोत रहा है।

मैं निरन्तर बीमार रहता हूँ, इस काल में अपने मृत्यु के विषय में सर्वदा सोचता रहा हूँ। मृत्यु के पश्चात् क्या होता है। मर कर आदमी कहाँ जाता है, उसकी आत्मा क्या करती है, इत्यादि बातें मुझे घेरे रहती है। मैं अपनी इस जिज्ञासा को पूर्ण करने के लिए सभी धर्मों की पुस्तकों को पढ़ने लगा। यहूदी, इसाई धर्म की पुस्तक पुरातन एवं नवीन बाइबिल, मुसलमानों की पुस्तक कुरान शरीफ, बौद्धों के ग्रन्थ त्रिपिटक पढ़ गया किन्तु मुझे कुछ मालूम नहीं हुआ कि मृत्यु के पश्चात् क्या होता है। मुझे अथर्व वेद से इतना जरूर मालूम हुआ कि मर कर कोई लौटकर आया नहीं, जो बताता कि क्या होता है। सब कल्पना मात्र है। कोई ईश्वर के नाम पर, कोई ऋषि के नाम पर अपने विचारों का प्रतिपादन करता है। मुझे भगवान् बुद्ध का वह शब्द स्मरण आता है। जिसमें उन्होंने कहा है कि यह सब अव्याकृत है। उसपर विचार नहीं करना चाहिए। जैसा जीवन है उसको उसी प्रकार आचरण युक्त होकर व्यतीत करना चाहिए। जो कुछ होने वाला है वह होगा। मैं प्रतिदिन रात्रि में सोता था यही विचार करता था कि पता नहीं सुबह सोकर उठूंगा या नहीं। इस विचार ने मुझमें कार्य करने की क्षमता उत्पन्न कर दी। मैं जल्दी-जल्दी अपना अवशिष्ट कार्य समाप्त करने में लग गया।

मैं ४० वर्षों से जब काशी में रहता हूँ तो एक बार रामकृष्ण मिशन जाता हूँ। वहाँ लोगों को मरते जीते देखता हूँ। मैं इस निष्कर्ष तक पहुँचा हूँ कि मृत्यु अपने निश्चित समय व स्थान पर आती है।

इस खण्ड को मैंने अपने दो बहनोइयों स्वर्गीय श्री सत्यनारायण सिंह तथा श्री गया प्रसाद सिंह को समर्पित किया है। श्री सत्य नारायण सिंह हमारी छोटी बहन स्वर्गीय रामदेयी के पति थे। उनका देहान्त मेरे ही निवास स्थान औरङ्गाबाद में हुआ था। उनके पति के पिता श्री शम्भू नारायण सिंह यूशुफपुर, गाजीपुर तथा सारनाथ में स्टेशन मास्टर थे। श्री गया प्रसाद सिंह हमारी बड़ी बहन सरजू देवी के पति थे। वे बड़े ही कर्मठ सच्चरित्र देशसेवी थे। उनको नमक कानून में ६ मास की सजा हुई थी। बनारस जेल से फैजाबाद जेल में द्वितीय श्रेणी में ट्रान्सफर हुआ था। उनके छोटे भाई केशव प्रसाद सिंह भी कई बार जेल गये थे। वे बड़े कर्मठ तथा साहसी व्यक्ति थे। इस प्रकार हमारे कुटुम्ब तथा अन्य रिश्तेदारों में जितने लोग थे सभी लोग जेल गये थे। स्वर्गीय श्री वैजनाथ सिंह १८८५ में बम्बई कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन में भाग लिए थे। तत्पश्चात् १८८६ में उन्होंने बनारस तथा उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कमेटियों की स्थापना की। वे आजन्म कांग्रेस आन्दोलन में भाग लेते तथा जेल जाते रहे। बनारस कांग्रेस सन् १९०५ में वे एक एक मन्त्री थे। स्वर्गीय पण्डित जवाहर लाल जी प्रथमबार स्वयं सेवक रूप से कांग्रेस में सम्मिलित हुए थे। वे वैद्यनाथ सिंह को दादा कहा करते थे। इस नाम से वे काशी तथा काशी के बाहर प्रसिद्ध हो गये थे। उनके मझले भाई जगन्नाथ सिंह भी जेल गए थे, उनके सबसे छोटे भाई बाबू विश्वनाथ सिंह १९२० के पूर्व दो बार जेल जा चुके थे। सन् १९२१ में उन्हें दो गोलियाँ लगीं। किन्तु वे वीरता पूर्वक आक्रमकों से लड़ते हुए अपनी जीवन रक्षा की थी। सन् १९३० ई० नमक सत्याग्रह के लिए सोनिया पर अपनी जमीन दी। यहाँ से हजारों व्यक्ति नमक सत्याग्रह में जेल गए। वे स्वयं एवं बड़े भाई श्री वैजनाथ सिंह के साथ ढ़ाई वर्ष की सजा नमक सत्याग्रह में पाकर जेल गए। उनका स्वास्थ्य गिरता गया। कम्पन की बीमारी हो गयी। और सन् १९४४ में उनका

देहान्त हो गया। मुझे इस बात का गर्व है कि मैंने तथा मेरे कुटुम्ब ने सरकार से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं ली है। मैं सांसद सदस्य के रूप में जो कुछ पाता था उसे काँग्रेस दल को दे देता था। तीन सार्वजनिक संस्थानों के अध्यक्ष होने के बावजूद मैंने एक पैसा भी वेतन के रूप में नहीं लिया।

कृष्ण दास अकादमी के निदेशक श्री विट्ठल दास जी तथा श्री बाबूलाल जैन फागुल्ल के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। जिनके कारण पुस्तक प्रकाशित हो सकी है। पुस्तक में अनेक त्रुटियाँ रह गयी हैं। उनके लिये पाठकों से क्षमा प्रार्थी हूँ। दूसरे संस्करण में त्रुटियाँ ठीक कर दी जावेंगी।

डाक्टर श्री लल्लनजी गोपाल तथा ज्ञात अज्ञात रूप से जिन महानुभावों ने सहानुभूति प्रकट की है तथा लेखन में सहायता पहुँचायी है, उनका मैं आभारी हूँ। मैं उस अव्यक्त शक्ति को नमस्कार करता हूँ। जिसके कारण यह कार्य पूर्ण हो सका है।

—रघुनाथ सिंह

दीपावली
डी० ५५/१९७
औरंगाबाद, वाराणसी (उ० प्र०)
२३-१०-८७

विषयानुक्रमणिका

साङ्ग्रामिकम्—दशममधिकरणम्

संख्या	प्रकरणम्	पृष्ठाङ्कम्	अध्याय :	विषय :	पृष्ठाङ्कम्
१४७	सप्तचत्वारिंशच्छततमं	१-५	१	स्कन्धावारनिवेशः	१-५
१४८	अष्टचत्वारिंशच्छततमं	६-१०	२	स्कन्धावारप्रयाणम्	६-१२
१४९	एकोनपञ्चाशच्छततमं	१०-१२	,,	बलव्यसनावस्कन्दकालरक्षणम्	
१५०	पञ्चाशच्छततमं	१३-१८	३	कूटयुद्धविकल्पाः	१३-२५
१५१	एकपञ्चाशच्छततमं	१८-२३	,,	स्वसैन्योत्साहनम्	
१५२	द्विपञ्चाशच्छततमं	२३-२५	,,	स्वबलान्यबलव्यायोगः	
१५३	त्रिपञ्चाशच्छततमं	२६-२९	४	युद्धभूमयः	२६-३२
१५४	चतुष्पञ्चाशच्छततमं	२९-३२	,,	पत्त्यश्वरथकर्माणि	
१५५	पञ्चपञ्चाशच्छततमं	३३-३४	५	पक्षकक्षोरस्याकंवलाग्रतोव्यहविभागः	
१५६	षट्पञ्चाशच्छततमं	३४-४२	,,	सारफल्गुबलविभागः	३३-४४
१५७	सप्तपञ्चाशच्छततमं	४२-४४	,,	पत्त्यश्वरथहस्तियुद्धानि	
१५८	अष्टपञ्चाशच्छततमं	४५-५१	६	दण्डभोगमण्डलासंहतव्यूहव्यूहनम्	
१५९	एकोनषष्टिशततमं	५२-५५	,,	तस्य प्रतिव्यूहस्थापनम्	

संघवृत्तम्—एकादशमधिकरणम्

१६०	षष्टिशततमं	५७-६२	१	भेदोपादानानि	४६-६८
१६१	एकषष्टिशततमं	६२-६८	,,	उपांशुदण्डाः	

आवलीयसम्—द्वादशमधिकरणम्

१६२	द्विषष्टिशततमं	६९-७४	१	दूतकर्म	६९-७४
१६३	त्रिषष्टिशततमं	७५-७६	२	मन्त्रयुद्धम्	७५-८३
१६४	चतुष्षष्टिशवतमं	८४-८६	,,	सेनामुख्यवधः प्रथमो भागः	
१६४	चतुष्षष्टि शततमं	८४-८८	,,	सेनामुख्यवधः द्वितीयो भागः	
१६५	पञ्चषष्टिशततमं	८८-८९	३	मण्डलप्रोत्साहनम्	८४-८९
१६६	षट्षष्टिशततमं	९०-९४	४	शस्त्राग्निरसप्रणिधयः	९०-९६
१६७	सप्तषष्टिशवतमं	९४-९६	,,	वीवधासार प्रसारवधः	
१६८	अष्टषष्टिशतवमं	९७-१००	५	योगातिसन्धानम्	९७-१०७
१६९	एकोनसप्ततिशततमं	१००-१०५	,,	दण्डातिसन्धानम्	
१७०	सप्ततिशततमं	१०५-१०९	,,	एकविजयः	

दुर्गलम्भोपायः—त्रयोदशमधिकरणम्

संख्या	प्रकरणम्	पृष्ठाङ्कम्	अध्याय :	विषय :	पृष्ठाङ्कम्
१७१	एकसप्तविशततमं	१०८-११४	१	उपजापः	१०८-१२४
१७२	द्विसप्ततिशततमं	११५-१२५	२	योगवामनम्	११५-१२५
१७३	त्रिसप्ततिशवतमं	१२६-१३८	३	अपसर्पप्रणिधिः	१२६-१३८
१७४	चतुस्सप्तविशततमं	१३९-१४५	४	पर्युपासनकर्म	१३९-१५३
१७५	पञ्चसप्ततिशततमं	१४५-१५३	,,	अवमर्दः	
१७६	षट्सप्तविशततमं	१५४-१६०	५	लब्धप्रशमनम्	१५४-१६१

औपनिषदिकम्—चतुर्दशमधिकरणम्ः

संख्या	प्रकरणम्	पृष्ठाङ्कम्	अध्याय :	विषय :	पृष्ठाङ्कम्
१७७	सप्तसप्ततिशततमं	१६१-१७७	१	परबलाधात प्रयोगः	१६१-१७७
१७८	अष्टसप्ततिशततमं	१७८-१८९	२	तत्र अद्भुतोत्पादनम्	१७८-१८९
१७८	अष्टसप्ततिशततमं	१९०-२११	३	प्रलम्भनम् तत्र भैषज्यमन्त्र-योगः	१९०-२११
१७९	एकोनाशीतिशततमं	२१२-२१६	४	स्वबलोपधात प्रतीकारः	२१२-२१६

तन्त्रयुत्तिः—पञ्चदशमधिकरणम्

संख्या	प्रकरणम्	पृष्ठाङ्कम्	अध्याय :	विषय :	पृष्ठाङ्कम्
१८०	अशीतिशततमं	२१७-	१	तन्त्रयुक्तयः	२१७-

●

संकेत-सूची

अ०—अध्याय
अथर्व०—अथर्ववेद
अर्थशास्त्र०—कांगले संस्करण १९६९
अव्य०—अव्यय
आ०—आत्मने पदम्
उभय०—उभयपद
ऋ०—ऋग्वेद
कर्म०—कर्मवाच्य
कामन्दक०—कामन्दक नीतिसार
क्रि० वि०—क्रिया विशेषण
गण०—गणपति शास्त्री अर्थशास्त्र संस्करण १९२५
द्र०—द्रष्टव्य
न०—नपुंसक लिङ्ग
नार० पु०—नारद पुराण
नाम०—नामधातु
न्याय०—न्याय चन्द्रिका
पर०—परस्मैपद
पु०—पुल्लिङ्ग
भाग०—भागवत
म०—महाभारत
मनु०—मनुस्मृति
मुद्रा०—मुद्राराक्षस
याज्ञवल्क्य०—याज्ञवल्क्यस्मृति
योग० वा०—योगवाशिष्ठ रामायण
रघु०—रघुवंश
राजतरंगिणी०—रघुनाथ सिंह
वि०—विशेषण
सु०—सुश्रुत संहिता
स्कन्द०—स्कन्द पुराण
स्त्री०—स्त्रीलिङ्ग
संस्कृतकोशः०—आप्टे संस्करण १९६९
हे०—हेतुक

●

कौटिलीयम् अर्थशास्त्रम्

सांग्रामिकम्—दशममधिकरणम्

सांग्रामिक—दसवाँ अधिकरण

अध्याय १

[सप्तचत्वारिंशच्छततमं प्रकरणम्—स्कंधावारनिवेशः]

एक सौ सैतालीसवां प्रकरण—स्कन्धावारनिवेश

वास्तुक[१]प्रशस्ते वास्तुनि नायक[२]वर्धकि[३]मौहूर्तिकाः स्कन्धावारं[४], [५]वृत्तं दीर्घं चतुरश्रं[६] वा भूमि वशेन वा, चतुर्द्वारंषट्पथं नवसंस्थानं[७]मापयेयुः खात[८]वप्र[९]सालद्वारा[१०]ट्टालकसंपन्नं भये स्थाने च ।

१. वास्तुक द्वारा प्रशंसित प्रदेश में नायक, वर्धकि एवं मौहूर्तिक वृत्त, चतुरात्र अथवा भूमि के अनुसार चार द्वार, षट्पथ एवं नौसंस्थान युक्त स्कन्धावार का निर्माण करायें और चिरकालिक भय की स्थिति में खात, वप्र, साल, द्वार एवं अट्टालक युक्त स्कन्धावार निर्मित करायें।

मध्यम[१]स्योत्तरे नवभागे राज[२]वास्तुकं धनुः शतायाम[३]मर्धविस्तारं, पश्चिमार्धे तस्यान्तः[४]पुरम् ।

२. स्कन्धावार के मध्य नवम भाग में सौ धनुष बड़ा और पचास धनुष विस्तार वाला राजा का निवास और पश्चिम ओर अन्तःपुर निर्मित करायें ।

पाठभेद :

'प्रशस्त वास्तुनि' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रशस्ववास्तुनि' तथा 'स्कन्धावारं वृत्त' का त्रिवेन्द्रम में 'स्कन्धावारमवृत्तं' तथा 'संपन्नं भये' का देवनागरी अनुलिपि में 'संपन्ना भये' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) **वास्तुक :** मकान बनाने का विशेषज्ञ, राजगीर या मिस्त्री । मनु० ३:८९, १:२०:१ ।

(२) **नायक :** चमूपति, समदेष्टा, आज्ञापक। द्र० १०:२:४, १०:६:४५ ।

(३) **मौहूर्तिक :** ज्योतिषी या मुहूर्त बतानेवाला ।

(४) **स्कन्धावार :** सैनिक छावनी । द्र० ९;६;४४

(५) **वृत्त :** गोल या गोलाकार ।

(६) **चतुरस्र :** चौकोर।

(७) **नवसंस्थान :** नवविभाग।

(८) **खात :** खाई, उपकुल्या, परिखा । द्र० २:३:४, ३:२:३; ३:५:६; २:१२:२, गण० ३:१०३ ।

(९) **प्रासाद :** प्राकार, परकोटा, दिवाल । द्र० १३:४:९ ।

(१०) **अट्टालक :** एक प्रकार का बुर्ज या प्रहरी का बुर्ज या किले की ऊँची भूमि ।

पादटिप्पणी :

२. (१) **मध्यमस्योत्तरे नवभागे :** द्र० २:४:७, कामन्दक १७:५ ।

(२) **राजवास्तुकं :** राजा का विलास ।

(३) **अन्तःपुरम् :** राजप्रासाद राजा के निवास का स्थान । द्र० १:२०:१, ४; १:२१:३, २:४:७ ।

अन्तर्वंशिकसैन्यं[१] चान्ते निविशेत ।

३. उसके समीप अन्तःपुर रक्षक सैन्य स्थान निर्मित किया जाय ।

पुरस्तादुपस्थानम्[१], दक्षिणतः कोशशासन[२]कार्यकरणानि[३], वामतो राजौपवाह्यानां हस्त्यश्वरथानां स्थानम् ।

४. राजा के निवास के सामने उपस्थान, दक्षिण ओर कोश-शासन कार्यकरण स्थान और बायें-राजवाहन हाथी, अश्व एवं रथ के स्थान निर्मित कराये जाँय ।

अतो धनुःशतान्तराश्चत्वारः शकट[१]मेथीप्रतति[२]स्तम्भ[३]साल[४]परिक्षेपाः[५] ।

५. राजभवन की दूरी पर सौ-सौ धनुष के अन्तर पर शकटों, काटों वाले वृक्षों की शाखाओं खम्भों और सालों के चार वाड़ (घेरा) लगाये जाँय ।

प्रथमे पुरस्तान्[१]मन्त्रिपुरोहितौ, दक्षिणतः[२] कोष्ठागारं[३] महानसं[४] च वामतः[५] कुप्या[६]युधागारम्[७] ।

६. प्रथम वाड़ में सामने मन्त्री-पुरोहित का निवास, दक्षिण ओर कोष्ठागार और पाकशाला तथा बायीं ओर कुप्यागार और आयुधागार बनायें जाँय ।

पादटिप्पणी :

३. (१) **अन्तर्वंशिकसैन्य** : अन्तःपुर के रक्षक या राज्य प्रासाद के रक्षक, सैनिक रक्षक । द्र० १:१२:६, १:२०:१३, १:२१:३, १२; ५:३:५, ५:६:५, गण० १:३७ ।

पादटिप्पणी :

४. (१) **उपस्थान** : मिलने का स्थान, दरबार-हाल, भेंट करने तथा सुनने का स्थान । द्र० २:७:१, गण० १।९५; २३२; ३२३ ।

(२) **शासन** : सरकारी शासन का कार्यालय ।

(३) **कार्यकरण** : आदेश जारी या देखभाल करने का स्थान ।

पाठभेद :

'मेथी' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मेधी' तथा 'प्रतति' का 'प्रतती' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५. (१) **सकट परिक्षेप** : सकट द्वारा विनियोजित या वाड़ा । द्र० १०:१:६, गण० ३:१०४ ।

(२) **मेथीप्रतति** : दीवार या घेरा या पंक्ति कटीले शाखाओं की अवली । परिभाषा, द्र० १०:१:७ गण० ३:१०४ ।

आज भी गाँव में खेतों के किनारे रक्षा के लिए सेहुड़ या नागफनी लगाई जाती है ।

(३) **स्तम्भ परिक्षेप** : दारुमय स्तम्भ द्वारा कृतवाड़ा ।

(४) **शालपरिक्षेर** : शाखू के लट्ठे से बना घेरा या बाड़ा । गण० ३:१०५ ।

(५) **परिक्षेप** : चहार दीवारी या बाड़ा या घेरा । गण० ३:१०४ ।

पादटिप्पणी :

६. (१) **पुरस्तात्** : आगे, अग्रभाग ।

(२) **दक्षिणतः** : दाहिने तरफ ।

(३) **कोष्ठागार** : भण्डार; मनु० ९:२८०, गण० १:७ ।

(४) **महानस** : भोजनालय; राजभवन का भोजनशाला; रसोई घर । द्र० २:४:८ ।

(५) **वामतः** : बायीं तरफ ।

(६) **कुप्य** : वन सम्पदा । द्र० १:१६:२९, ७:१६:१०; गण० १:७ ।

(७) **आयुधागार** : शस्त्रागार, मनु० ९:२८० ।

द्वितीये मौलं भृतानां[2] स्थानमश्वरथानां सेनापतेश्च ।

७. द्वितीय में मौलभृत सैन्यों का तथा अश्व-रथ और सेनापति का स्थान बनवाया जाय।

तृतीये हस्तिनः श्रेण्यः[1] प्रशास्ता[2] च ।

८. तृतोय में हस्ती, श्रेणी, बल और प्रशास्ता के स्थान बनाये जाँय ।

चतुर्थे विष्टि[1]र्नायको मित्रामित्राटवीबलं स्वपुरुषाधिष्ठितम् ।

९. चतुर्थ में विष्टि, नायक तथा स्व पुरुष नियन्त्रित मित्र-अमित्र-वत्स के स्थान बनाये जाँय ।

वणिजो[1]रूपा[2]जीवाश्चानुमहापथम्[3] ।

१०. वणिक् एवं रूपाजीवाओं (वेश्याओं) के स्थान राजपथ के समीप हों ।

बाह्यतो[1] लुब्धक[2]श्वगणि[3]नः सतूर्या[4]ग्नयः गूढा[5]श्चारक्षाः ।

११. सबसे बाहर लुब्धक, श्वगणजीवी, वाद्य एवं अग्नि से शत्रु की सूचना देने वाले पुरुष, एवं गूढ़वेशी रक्षा पुरुष रखे जाँय ।

ठापभेद :

'मौलभृतानां' का तेलगू अनु प्रतिलिपि में 'मूलभृतानां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

७. (१) **मौल** : आनुवंशिक या वंश परम्परागत सैनिक द्र० ९:२:२; १४; गण० ३:५१ ।

(२) **भृत** : वेतन भोगी या किराये के सैनिक सेना । गण० ३:५२ ।

पादटिप्पणी :

८. (१) **श्रेण्य** : श्रेणीबल, द्र० ९:२:४ । गण० ३:५२ ।

(२) **प्रशास्ता** : छावनी का पर्यवेक्षक इसका अर्थ शासन कर्ता परामर्शदाता भी होता है ।

पादटिप्पणी :

९. (१) **विष्टि** : कर्मचारी, कर्मकर । द्र० १:४:१, २:१:३५, २:१५:६३, ७:२:७; गण० १:३२, १४३, ३:१०५ ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) **वणिजो** : वणिक्, बनियाँ व्यापारी । गण० १:३२ ।

(२) **रूपाजीवा** : वेश्या । द्र० १:२०:२०, २:४:१६, गण० २:३५५ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) **बाह्यतो** : वहिभाग ।

(२) **लुब्धक** : बहेलिया । गण० ३:१८ ।

(३) **श्वगणिन** : शिकारी, कुत्ता पालने वाला कुक्कुर जीवी । २:१४:९, १:२१:२३, २:३४:९ ।

(४) **तूर्य** : भेरी या तुरही ।

(५) **गूढ़** : गुप्तचर । द्र० १:१६:२४, ३३, १:११:१ ।

शत्रूणामापाते[1] कूपकूटा[2]वपात[3]कण्टकिनी[4]श्च स्थापयेत् ।

१२. शत्रुओं के आगमन मार्ग पर कूपकूट, अवपात एवं काँटों से युक्त फलक स्थापित किये जांय।

अष्टादश[1]वर्गाणामारक्षविपर्यासं[2] कारयेत् ।

१३. मौलभृतादि अट्ठारह वर्गों से रक्षक पुरुष विपर्यय पूर्वक रखे जांय।

दिवायामं[1] च कारयेदपसर्प[2]ज्ञानार्थम् ।

१४. अपसर्प ज्ञानार्थ दिन में संचार व्यवस्था करे।

विवाद[1]सौरिक[2]समाज[3]द्यूत[4]करणं च कारयेत्, मुद्रा[5]रक्षणं च ।

१५. विवाद, सौरिक, समाज एवं द्यूत का निवारण और प्रवेश निर्माण हेतु मुद्रा दर्शन की व्यवस्था करे।

पादटिप्पणी :

१२. (१) **आपाते** : मार्च या बढ़ने या यान के मार्ग में नीचे गिराने वाला गड्ढा। द्र० १:२ :२, गण० १:१२३, ३:१०४।

(२) **कूपकूट** : तृणाच्छादित कूप या छिपा या ढंका हुआ कूआँ, जिसमें धोखे से प्राणी गिर जाता है। द्र० २:३:१५।

(३) **अवपात** : गर्त या गड्ढा।

(४) **कण्टकिनी** : कण्टक युक्त फलकादि या काँटा जड़ा तख्ता। एक कटीले पौधे का नाम भी है। द्र० १२:५:१५।

पाठभेद :

'आरक्ष' की तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'आदमरक्ष' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१३. (१) **अष्टादशवर्गाणाम** : अठारह दल या समूह छः प्रकार की सेनाओं के तीन-तीन अधिकारी अर्थात् पदिक, सेनापति तथा नायक। द्र० १०:६:४५, गण० ३:१०५।

(२) **विपर्यास** : परिवर्तन। यहाँ रक्षकों के बदलने से तात्पर्य है। अंग्रेजी में चेंजिग आफ गांड कहते हैं।

पादटिप्पणी :

१४. (१) **दिवायाम** : दिनरात। दिन के प्रहर से तात्पर्य है। गण० १०५।

(२) **अपसर्प** : गुप्तचर। द्र० १:१३:२६, २५ गणा० १:२३; ३:१०५।

पाठभेद :

'मुद्रारक्षणं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में (मुद्राक्षरणं' पाठ भेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१५. (१) **विवाद** : मुकदमा या झगड़ा। गण० ३:२:५।

(२) **सौरिक** : मदिरा या मद्यपान सम्बन्धी।

(२) **समाज** : उत्सव या औत्सविक मिलन।

(४) **द्यूत** : जुआ।

(५) **मुद्रारक्षण** : राजकीय शील मुहर की रक्षा, गण० ३:१०५।

सेना[1]निवृत्तिमायुधीयमशासनं शून्यपालो[2] बध्नीयात् ।

१६. बिना अनुमति के सेना से आये आयुधजीवी को शून्यपाल पकड़ ले ।

पुरस्तादध्वनः सम्यक्प्रशास्ता[1]रक्षणा[2]नि च ।

याया[3]द्वर्धकिविष्टि[4]भ्यामुदकानि च कारयेत् ॥

१७. प्रशास्ता राजा के गमन के पूर्व वर्धकि और विशिष्ट जन के साथ प्रस्थान करे और मार्ग के रक्षा कर्म और जल की व्यवस्था सम्पन्न करें ।

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे स्कन्धावारनिवेशः प्रथमोऽध्यायः ।
आदित एकोनत्रिंशच्छततमः ।

दशम अधिकरण सांग्रामिक के अन्तर्गत स्कन्धावारनिवेश सम्बद्ध प्रथम अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ उन्तीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठ भेद :

'सेनानिवृत्तम' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'सेनानिवृत्तम्' तथा 'शून्यपालो वध्नीयात्' का 'अन्तपालोऽनुबध्नीयात्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) सेनानिवृत्त : सेना का त्यागकर भागा सैनिक या भगोड़ा ।

(२) शून्यपाल : राजप्रतिनिधि या राज्याधिकारी या शत्ता, प्रतिशासक ।

पाठभेद :

'रक्षणानि च' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'ग्रहणानिच' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) प्रशास्ता : छावनी का निरीक्षक या पर्यवेक्षक । द्र० १०:१:८ ।

(२) रक्षणानि : सुरक्षा का प्रबन्ध ।

(३) यायात् : अभियान या मार्च । द्र० ७:१:१६ ।

(४) विष्टि : श्रमिक या सफर मैना या सैपर्स मानर्स ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः स्कन्धावारनिवेशः आदितः एकोनत्रिंशच्छततमः ॥

मैसूर संस्करणमें—

इति साङ्ग्रामिके दशमेऽधिकरणे स्कन्धावार निवेशः प्रथमोऽध्यायः आदितः एकोनत्रिंशच्छततमः ।

वसाक संस्करणमें—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः स्कन्धावारनिवेशः, आदितः एकोनत्रिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे स्कन्धावार निवेशः प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥ आदित एकोनत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२९ ॥

अध्याय २

[अष्टचत्वारिंशाच्छततमं प्रकरणम्—स्कन्धावारप्रयाणम्; एकोनपञ्चाशच्छततमंप्रकरणम्—बलव्यसनावस्कन्दकालरक्षणम्]

एक सौ अड़तालीसवां प्रकरण—स्कन्धावार प्रयाण

एक सौ उन्चासवां प्रकरण—बलव्यसन-अवस्कन्द काल रक्षण

ग्रामारण्यानामध्वनि निवेशान्[1]यवसेन्धनोदकवशेन परिसंख्याय [2]स्थाना[3]सन[4]गमनकालं च यात्रां यायात् ।

१. ग्रामों एवं अरण्यों के मार्ग में निवेश योग्य स्थानों का यवस्, इन्धन एवं जल के अनुसार स्थान, आसन तथा गमन काल का निर्धारण कर यात्रा करे ।

तत्प्रतीकारद्विगुणं [1]भक्तोप[2]करणं वाहयेत् ।

२. उसमें आवश्यकता का दूना भक्तोपकरण वाहन द्वारा ले जाय ।

अशक्तो वा सैन्येष्वा[1]योजयेत्, [2]अन्तरेषु वा निचिनुयात् ।

३. वाहन द्वारा ले जाने में असमर्थता की स्थिति में सैनिकों द्वारा ले जाय अथवा निवेश स्थानों पर उनका संग्रह करे ।

पाठभेद :

'ध्वनिनिवेशान्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अध्वनिवेशान्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

प्रकरण १४८, सूत्र १–१६ ।

प्रकरण १४९, सूत्र १७–२० ।

१. (१) यवस : चारा । द्र० २:३१:१ ।

(२) स्थान : रुकना, निवेश, विश्रान्ति दो या तीन मास का अस्थायी कैम्प ।

(३) आसन : शान्ति से ठहरना या रहना ।

(४) गमन : एक रात्रि का रुकना, जाना या मार्च करना ।

पाठभेद :

'तत्प्रतीकारद्विगुणं' का देवनागरी अनुलिपि तथा त्रिवेन्द्रम में 'तत्प्रतीकारं द्विगुणं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) भक्त : अन्नादि भोजनीय समान ।

(२) उपकरण : साधन, औंजार, सामग्री ।

पादटिप्पणी :

३. (१) आयोजयेत् : प्रबन्ध करना, एकत्रित करना ।

(२) अन्तरेषु : अन्तराल ।

सेना विन्यास का वर्णन सूत्र ४–१२ में किया गया है ।

पुरस्तान्[1]नायकः[2] मध्ये कलत्रं स्वामी च, पार्श्वयो[3]रश्वा बाहूत्सारः[4], चक्रान्तेषु[5] हस्तिनः प्रसारवृद्धिर्वा[6], पश्चात्[7]सेनापतिर्यायात्[8]निविशेत ।

४. सेना के आगे नायक मध्यभाग में कलत्र (स्त्रीजन) और स्वामी, दोनों पार्श्वों में बाहुओं से आघात रोकने वाले अश्वारोही, सेना के पीछे हाथी, अथवा प्रसार वृद्धि (तृणान्नादि) तथा सबसे वीछे सेनापति चले ।

सर्वतो वनाजीवः[1] प्रसारः[2] ।

५. वनोत्पन्न तुणान्नादि प्रसार है, वह सब ओर से जाय ।

स्वदेशादन्वायति[1]र्वीवधः[2] ।

६. स्वदेश से अबाध रूप से आने वाला जीविकाद्रव्य, वीवध कहा जाता है ।

मित्रबलमासारः[1] ।

७. मित्रबल आसार है ।

कलत्रस्थानमपसारः[1] ।

८. कलत्र निवास स्थान अपसार होता है ।

पाददिप्पणी :

४. (१) **पुरस्ताद् :** अग्रभाग ।

(२) **नायक :** चमूपति या रणक्षेत्र का कमाण्डर

(३) **पार्श्व :** बाहु । द्र० २:६:२०; २:१५:३, १२:५:१७, गण० १:१४० ।

(४) **बाहूत्सार :** शत्रु को पीछे हटाने वाले या प्रतिवारक । द्र० १०:४:१३,१४, गण० ३:१०७, १२३, १२४ ।

(५) **चक्रान्तेषु :** चक्र अर्थात् सेना के पीछे का अन्तिम छोर । द्र० ६:४:२५, गण० ३:१०७ ।

(६) **प्रसारवृद्धि :** बड़े पैमाने पर अन्न अथवा चारा लेने के लिए अवस्कन्द या आक्रमण करना ।

(७) **पश्चात् :** पृष्ठ भाग । द्र० ७:१:१६, ७:५:११ ।

(८) **यायात् :** मार्च, प्रयाण, कूच, अभियान ।

पाददटिप्पणी :

५. (१) **वनाजीव :** वन की उत्पत्ति पर यथा व्रीहितृणादि पर निर्वाह करने वाले ।

(२) **प्रसार :** अन्न तथा तृण के लिए आक्रमण करना ।

पाददटिप्पणी :

६. (१) **अन्वायत:** आदमियों तथा सामानों की पूर्ति ।

(२) **वीवध :** अपने देश में अबाध रूप से आने वाली या अविच्छिन्न आजीव द्रव्य के आगम को कहते हैं । गण० ३:१०७ ।

पाददटिप्पणी :

७. (१) **आसार :** मित्र की सेना या बल । द्र० ६:२:१८, ८:१:५४, ९:६:४४, गण० ३:१०७, १०८ ।

पाददटिप्पणी :

८. (१) **अपसार :** प्रत्यावर्तन स्थान । द्र० २:३:२, ७:७:२, ७:१३:२५, ७:१५:१०, १२, ८:४:१३, १०:२:२०, गण० ३:१०७,१११ ।

पुरस्तादभ्याघाते[1] मकरेण[2] यायात्, पश्चाच्छकटेन[3], पार्श्वयोर्वज्रेण[4], समन्ततः सर्वतोभद्रेण[5], एकायने[6] सूच्या[7] ।

९. सामने से आघात की स्थिति में मकराकार व्यूह में, पीछे से प्रहार की सम्भावना होने पर शकटाकृति व्यूह में, पार्श्व से आघात की सम्भावना में वज्रव्यूह में, सब ओर से आघात की स्थिति भी सर्वतोभद्रव्यूह में, एक व्यक्ति द्वारा चलने योग्य मार्ग पर सूची व्यूह में गमन करे ।

पथि द्वैधीभावे स्वभूमितो यायात् ।

१०. मार्ग में अनुकूलता एवं प्रतिकूलता का द्वैधीभाव होने पर स्वानुकूल भूमि से गमन करे।

अभूमिष्ठानां हि स्वभूमिष्ठायुद्धे प्रतिलोमा[1] भवन्ति ।

११. स्वानुकूल भूमिष्ठ नृप युद्ध में प्रतिकूल भूमिष्ठ नृपों द्वारा आक्रमण करने योग्य नहीं होते।

योजन[1]मधमा[2] अध्यर्धं मध्यमा[3], द्वियोजनमुत्तमा[4], संभाव्या वा गतिः[5] ।

१२. (प्रतिदिन) एक योजन की गति अधम, डेढ़ योजन की मध्यम दो योजन की उत्तम होती है, यथा सम्भव उक्त से अधिक गति भी हो सकती है।

पादटिप्पणी :

९. (१) अभ्याघातो : आक्रमण या धावा। गण० २:१०८।

(२) मकरे : मकरव्यूह मकर के आकार में की हुई सैन्य रचना। गण० ३:१०८।

(३) शकट : शकट व्यूह—शकट के आकार में की हुई सैन्य रचना। गण० ३:१०८।

(४) वज्रे : वज्रव्यूह, दुधारी तलवार के आकार में की हुई सैन्य रचना। गण० ३.१०८।

(५) सर्वतोभद्र : एक प्रकार का व्यूह होता है।

(६) एकायने : जहाँ अभियान में केवल एकही व्यक्ति का आना जाना सम्भव होता है।

(७) सूच्या : शूची व्यूह :

पादटिप्पणी :

११. (१) प्रतिलोमा : प्रतिकूल, विरोधी। द्र० ७:२६:२८, ८:१:३, ९:४:५२, गण० ३:१७५।

पादटिप्पणी :

१२. (१) योजन : चारकोस।

(२) अधम : एक योजन।

(३) मध्यम : डेढ़ योजन।

(४) उत्तम : दो योजन।

(५) गति : चाल।

आश्रयकारी[1] संपन्नघाती पार्ष्णिरासारो मध्यम उदासीनो वा प्रतिकर्तव्यः, संकटो मार्गः शोधयितव्यः कोशो दण्डो मित्रामित्राटवीबलं विष्टि[2]ॠतुर्वाप्रतीक्ष्याः, कृतदुर्गकर्मनिचयरक्षाक्षयः क्रीतवलनिर्वेदो मित्रबलनिर्वेदश्चागमिष्यति, उपजा[3]पितारो वा नातित्वरयन्ति, शत्रुरभिप्रायं वा पूरयिष्यति, इति शनैर्यायात्[4]; विपर्यये शीघ्रम् ।

१३. आत्मोदय हेतु आश्रय ग्रहण कर्त्ता, सम्पन्नशत्रु पर घात करने वाला, पार्ष्णिग्राह, आसार, मध्यम अथवा उदासीन का प्रतीकार करने की इच्छा रखने वाला होने पर, संकट मार्ग के शोधन करने की स्थिति में कोश, दण्ड, मित्रबल, अमित्रबल, अटवी बज, विष्टि अथवा सेनानुकूल ऋतु की परीक्षा होने पर, सम्पन्न दुर्ग कर्म, धान्य संग्रह एवं रक्षा प्रबन्ध नष्ट होने की स्थिति होने पर, कृतिबल और मित्रबल के विरक्त होने की सम्भावना होने पर, उपजपिताओं के शीघ्रता न करने पर, अथवा शत्रु द्वारा मनोरथ पूर्ण कर देने की आशा होने, धीरे धीरे गमन करे अन्यथा शीघ्र गमन न करे ।

हस्तिस्तम्भ[1]संक्रमसेतुबन्धनौकाष्ठवेणुसंघातैरलावु[2]चर्म[3]करण्डदृति[4]प्लव[5]गण्डिकावेणिकाभिश्चोदकानि तारयेत् ।

१४. हाथी, स्तम्भसंक्रम, सेतुबन्ध, नौका, काष्ठ संघात, वेणुसंघात, अलाबु, चर्मकरण्ड दृति, प्लव, गण्डिका एवं वेणिकाओं से जलतरण कराये ।

तीर्थाभिग्रहे[1] हस्त्यश्वैरन्यतो[2] रात्रावुत्तार्य सत्त्रं[3] गृह्णीयात् ।

१५. तीर्थ (घाट) का अवरोध होने पर हाथी-घोड़ों से रात्रि में अन्यत्र जल पार कर सत्त्र ग्रहण करे ।

पाठ भेद :

'दण्डोमित्रामित्रा' का तंजौर तथा देवनागरी अनुलिपि में 'दण्डामित्रामित्रा' पाठभेद मिलता है। तथा 'विष्टिऋ' का तेलार अनुप्रति लिपि में 'वृष्टिर्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१३. (१) आश्रयकारी : गण० २:१०८।

(२) विष्टि : मजदूर वर्ग। द्र० १:४:२, २:१:३५, २:१५:६३, गण० ३:१०५, २००।

(३) उपजाप : गुप्त प्रोत्साहन या फुसलाना। १:१३:२६, १:१६:२६, २:८:३२।

(४) शनैः यायात् : मन्द या धीरे-धीरे या प्रयाण।

पादटिप्पणी :

१४. (१) स्तम्भसंक्रम : लठ्ठे या खम्भे पर बना पुल। द्र० ७:१०:३२, गण० ३:१०९।

(२) अलावु : लौकी, मनु० ६:५४ गण० ३:१०९

(३) चर्मकरण : दौरी जिसपर चमड़ा मढ़ा रहता है।

(४) दृति : मशक।

(५) प्लव : ड़ोंगी। द्र० २:१:२४, गण० ३:१०९

(६) गण्डिका : पेड़ के तने की बनी नौका। द्र० ४:३:८; २:१३९, २:१४:१३, गण: ३:१०९, २२४।

पादटिप्पणी :

१५. (१) तीर्थाभिग्रह : शत्रु द्वारा घाट के अवरुद्ध या प्रतिरोध होने पर। गण० २:१०९

(२) अन्यतो : घाट विहीन स्थान या अतीर्थ प्रदेश। गण० ३:१०९।

(३) सत्त्र : शिविर, निभृत स्थान, घात का एक समय अथवा स्थान, अथवा छिपने का स्थान। द्र० १०:३:२३; गण० ३:१०९।

अनुदके[1] चक्रि[2]चतुष्पदं[3] चाध्व[4]प्रमाणेन शक्त्योदकं वाहयेत् ।

१६. जलरहित प्रदेश में गाड़ी-एवं चतुष्पदों द्वारा उस मार्ग के अनुसार यथाशक्ति जल ले जाय ।

दीर्घकान्तार[1]मनुदकं[2] यवसेन्धन[3]ोदकहीनं वा कृच्छ्राध्वानमभियोगप्रस्कन्नं[4] क्षुत्पिपासाध्वक्लान्तं पङ्कतोयगम्भीराणां[5] वा नदीदरी[6]शैलविषमे संकटे वा बहुलीभूतं निवेशे प्रस्थिते विसंनाहं भोजनव्यासक्तमायतगतपरिश्रान्तमवसुप्तं व्याधिमरकदुर्भिक्षपीडितं व्याधितपत्त्यश्वद्विपमभूमिष्ठं वा बलव्यसनेषु वा स्वसैन्यं रक्षेत्, परसैन्यं चाभिहन्यात् ।

१७. दीर्घ एवं कान्तार मार्गगामी, जलविहीन मार्गगामी, यवस-इन्धन अथवा जलरहित कठिनमार्गवर्ती, अभियोग से खिन्न, भूख-प्यास एवं मार्ग श्रम से पीड़ित, अगाध पङ्क एवं जल वाली नदियों एवं गुफाओं, पर्वतों के आरोहण तथा अवरोहण में संलग्न, एकायनमार्ग, पर्वत विषम अथवा संकट में एकत्रित अवस्थान (शिविर) और यात्रा में कवचादिरहित, भोजनरत, दीर्घमार्ग गमनखिन्न, सुप्त, व्याधि-मारक-दुर्भिक्षपीड़ित, रुग्ण पदाति, अश्व एवं गजों से युक्त, अभूमिष्ठ (प्रतिकूल स्थानस्थित) तथा बलव्यसनों से युक्त अपने सैन्यकी रक्षा करे तथा उस प्रकार के शत्रु सैन्य को नष्ट करे ।

पाठभेद :

'प्रमाणेनशक्त्यो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रमाणेशक्तयो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) अनुदक : जलविहीनस्थान ।

(२) चक्रि : गाड़ी आदि ।

(३) चतुष्पद : बलीवर्दादि, चौपाया ।

(४) अध्वप्रमाण : मार्ग की यात्रा आवश्यकतानुसार या दूरी अनुसार ।

पाठभेद :

'अभियोग प्रस्कन्न' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अभियोग प्रस्कदनं' तथा 'प्रस्थितेविसंनाहं' का 'प्रस्थितेऽपिसंनाहं' तथा 'द्विपमभूमिष्ठं' का द्विपभूयिष्ठं पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) कान्तार : वियावान या गहन या दुर्गम पथ ।

(२) अनुदक : जल त्रिहीन, जल हीनता सबसे बड़ी आपदा है । द्र० १०:२:२६ ।

(३) यवस : चारा ।

(४) अध्वान : आक्रमण, यात्रा मार्ग ।

(५) प्रस्कन्न : कूदा हुआ, छलांग लगाकर पार किया हुआ, पराजित ।

(६) गम्भीर : गहरी ।

(७) दरी : कन्दरा, गुफा, खोह । गण० २:१०३ ।

एकायन[1]मार्गप्रयातस्य सेना[2]निश्चार[3]ग्रासाहारशय्या[4]प्रस्ताराग्निनिधान ध्वजायुधसंख्यानेन परबलज्ञानम् ।

१८. एकायन मार्ग से प्रयात शत्रु के एक-एक कर निकलते सैनिकों की, गजादि के भोज्य योधाओं के आहार, शय्या प्रस्तर, अग्निनिधान (चूल्हा), ध्वजा एवं आयुधों की संख्या करके शत्रुसैन्य का परिमाण जाने ।

तदात्मनो गू[1]ह्येत् ।

१९. अपने युक्त चिन्हों को छिपाये ।

पार्वतं वनदुर्गं[1] वा सापसार[2]प्रतिग्रहम्[3] ।
स्वभूमौ पृष्ठतःकृत्वा युध्येत निविशेत च ॥

२०. अपसार एवं प्रतिग्रहयुक्त पर्वत दुर्ग और वन दुर्ग तैयार कर स्वानुकूल भूमि में युद्ध और निवास करे ।

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे स्कन्धावारप्रयाणम् बलव्यसनावस्कन्द

दशम अधिकरण सांग्रामिक में स्कन्धावार प्रयाण एवं बलव्यसन-अवस्कन्द कालरक्षण

पाठभेद :

'सेनानीश्चा' का तंजोर में 'निश्चसेनानि' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'विश्वसेनानि' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सेनानी' तथा 'श्चारग्रासाहार' का 'श्चाहारग्रास' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) एकायन : एक ही व्यक्ति के गमन योग्य अर्थात् पगडण्डी या तंग रास्ता ।

(२) सेनानिश्चार : सेना के बाहर निकलना ।

(३) ग्रासाहार : चारा और घास ।

(४) प्रस्तार : विस्तरा, बिछावन,

पादटिप्पणी :

१९. (१) गूहयेत : छिपाना ।

पाठभेद :

'वन दुर्गं वा' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'वा नदी दुर्गं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) वनदुर्ग : द्र० २:३:२; गण० ३:१११,

(२) अपसार : बाहर जाना, लौटना, निर्गम स्थान, निकास । द्र० २:३:२, ७:७:२, गण० ३:१०७, १११ ।

(३) प्रतिग्रह : सेना का पिछला भाग जहाँ राजा कोतल सेना के पास रहता है । द्र० १०:५:५८ गण० २:३४९, ३५० ३:१११, १३६, १३७ ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्रीसंस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः स्कन्धावारप्रयाणं, बलव्यसनावस्कन्दकालरक्षणं च आदितस्त्रिशच्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इतिसांग्रामिके स्कन्धावारप्रयाणं, बालव्यसनावस्कन्दकालरक्षणं च द्वितीयोऽध्यायः आदितस्त्रिशच्छततमः ।

कालरक्षणम् द्वितीयोऽध्यायः । आदितस्त्रिशच्छततमः ।

सम्बद्ध द्वितीय अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ तीसवाँ अध्याय समाप्त ।

बसाक संस्करण में—

इति कौटिल्यार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः· स्कन्धावारप्रयाणं, बलव्यसनावस्कन्दकालरक्षणं च आदितस्त्रिशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे स्कन्धावारप्रयाणं बलव्यसनावस्कन्दकालरक्षणं च द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥ आदितस्त्रिशदधिकशततयोऽध्यायः ॥१२०॥

अध्याय ३

[पञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—कूटयुद्धविकल्पाः;
एकपञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—स्वसैन्योत्साहनम्;
द्विपञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—स्वबलान्यबलव्यायोगः]

एक सौ पचासवां प्रकरण—कूटयुद्धविकल्प
एक सौ एक्यावनवां प्रकरण—स्वसैन्योत्साहन
एक सौ बावनवां प्रकरण—स्वबल-अन्यबलव्यायोग

बलविशिष्टः कृतोपजापः[1] प्रति[2]विहितर्तुः स्वभूम्यां प्रकाश[3]युद्धमुपेयात् ।

१. बलविशिष्ट, शत्रुपक्षके उपजाप में समर्थ, युद्धानुकूल समय की व्यवस्था करने वाला विजिगीषु स्वभूमि में प्रकाश युद्ध स्वीकार करे ।

विपर्यये कूट[1]युद्धम् ।

२. विपरीत स्थिति में कूटयुद्ध करे ।

प्रकरण १५० : सूत्र १—२५
प्रकरण १५१ : सूत्र २६—४७
प्रकरण १५२ : सूत्र ४८—५७

पाठभेद :

'विहितर्तुः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'विहितकर्तुः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) उपजाप : गुप्त रूप से फुसलाना, प्रोत्साहित करना, गुप्त रूप में प्रस्ताव रखना । द्र० १:१३:२६, १:१६:२६, २:८:३२ ।

(२) प्रतिविहितर्तुः : युद्ध योग्य समय से तात्पर्य है । या सम्पादित युद्ध योग काल ।

(३) प्रकाश युद्ध : खुला युद्ध । द्र० ७:६:१७, गण० २:२७२ ।

पाठभेद :

'कूटयुद्धम्' का 'शकटयुद्धम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) कूटयुद्ध : चातुर्यंयुद्ध, गुप्तयुद्ध, अनिश्चित काल में -छल या कपट युद्ध । द्र० ७:६:१७, १०:३:२, १२:१:७, गण० २:२३ ।

बलव्यसना[1]वस्कन्द[2]कालेषु परमभिहन्यात्, अभूमिष्ठं वास्वभूमिष्ठः, [3]प्रकृतिप्रग्रहो वा स्वभूमिष्ठम् ।

३. बलव्यसनों से युक्त तथा अवस्कन्दकाल होने पर शत्रु का नाश करे अथवा स्वयं स्वानुकूल भूमिपर होने तथा शत्रु के प्रतिकूल स्थान पर होने पर शत्रु का अभिहनन करे अथवा शत्रु के प्रकृति को उपजापादि द्वारा स्वायत्त करके अनुकूल भूमिष्ठ शत्रु का नाश करे।

दूष्यामित्राटवीबलैर्वा भङ्गं[1] दत्वा विभूमिप्राप्तं हन्यात् ।

४. दूष्यबल, अमित्रबल एवं अटवीबलों द्वारा पराजय देकर (अर्थात् इन्हें शत्रु द्वारा पराजय देकर) प्रतिकूल भूमिष्ठ शत्रु का नाश करे ।

संहतानीकं हस्तिभिर्भेदयेत् ।

५. शत्रु के एक साथ संहत बल को हाथियों द्वारा भिन्न करे।

पूर्वं[1] भङ्गप्रदानेनानुप्रलीनं भिन्नम[2]भिन्नः प्रतिनिवृत्य हन्यात् ।

६. पहले पराजित करने के कारण छिन्न-भिन्न शत्रु सेना को संहत विजिगीषु सेना लौटकर विनष्ट करे।

पुरस्तादभिहत्य प्रचलं[1] वि[2]मुखं वा पृष्ठतो हस्त्यश्वेनाभिहन्यात् ।

७. सामने आक्रमण करके पलायित अथवा विमुख शत्रु सेना को पीछे से हाथी एवं अश्व सैन्यों से नष्ट करे ।

पादटिप्पणी :

३. (१) बलव्यसन : सेना की आपदा या संकट । द्र० ८:५:१, गण० ३:३५,११० ।

(२) अवस्कन्दकाल : आकस्मिक आक्रमण । द्र० ७:६:४०, ७:१०:२९, १०:२:१७, गण० ३: ११२, १६८ ।

(३) प्रकृतिप्रग्रह : घटकों को अनुकूल या समर्थन करना । द्र० ७:५:३७, ८:३:६५, गण० १: ११२ ।

पादटिप्पणी :

४. (१) भङ्ग : विद्राव या पराजय या छद्म या कपट रूप या स्वांग दिखाना ।

पाठभेद :

'अभिन्नःप्रति' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अभिन्नं प्रति' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६. (१) भङ्ग : सेना को इस प्रकार भंग कर दिखाना कि मालूम हो कि सेना बिखर गयी या छिन्न-भिन्न हो गयी है । द्र० १०:३:४ ।

(२) अभिन्न : एकत्रित हुई सेना । द्र० १०: ३:२२ ।

पादटिप्पणी :

७. (१) प्रचलं : पलायित ।

(२) विमुख : पीछे हटना ।

पृष्ठतोऽभिहत्य प्रचलं विमुखं वा पुरस्तात्सारबलेनाभिहन्यात् ।

८. पीछे से आक्रमण कर प्रचल अथवा विमुख शत्रुबल को सामने से सारबल द्वारा नष्ट करे।

ताभ्यां पार्श्वाभिघातौ व्याख्यातौ ।

९. उक्त दो प्रकारों से पार्श्वाभिघातों की व्याख्या हो गयी ।

यतो वा दूष्य[1]फल्गुबलं[2] ततोऽभिहन्यात् ।

१०. अथवा जिस ओर शत्रु का दूष्यबल एवं फल्गुबल हो उस ओर अभिहनन करे ।

पुरस्ताद्विषमायां[1] पृष्ठतोऽभिहन्यात्[2] ।

११. सामने से विषम भूमि होने पर पीछे से आक्रमण करे ।

पृष्ठतो विषमायां पुरस्तादभिहन्यात् ।

१२. पीछे से विषम होने पर, सामने से आक्रमण करे ।

पार्श्वतो विषमायामितरतोऽभिहन्यात् ।

१३. पार्श्व भाग से विषम होने पर, अन्य ओर से आक्रमण करे ।

दूष्या[1]मित्रा[2]टवी[3]बलैर्वा पूर्वं योधयित्वा श्रान्तमश्रान्तः परमभिहन्यात् ।

१४. अथवा पहले दूष्यबल, अमित्रबल और अटवीबल से युद्ध कराकर श्रान्त शत्रु पर अश्रान्त स्वयं आक्रमण करे ।

पाठभेद :

'दूष्यफलगु' का देवनागरी अनुलिपि में 'दूष्यवल्गु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) दूष्य : द्र० १:११:१७, ३:१४:२७, गण० ३:१५०, १७० ।

(२) फल्गुबल : दुर्बल सेना का सैनिक । द्र० ५:१:२१, ३९, ५४, १०:५:४३, ४५, ४६ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) विषम : असम, असमतल ।

(२) अभिहन्यात् : आघात या धावा करना ।

पाठभेद

'अभिन्यात्' का मैसूर संस्करण में 'अभिहन्यात्' मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१४. (१) दूष्य बल : विश्वासघाती सेना ।

(२) अमित्र बल : शत्रु की सेना । द्र० ९:२:७ गण० ३:५४ ।

(३) अटवीबल : जंगली या बहेलियों या वनवासियों की सेना । द्र० ९:२:७, गण० ३:५४ ।

दूष्यबलेन वा स्वयं भङ्गं[१] दत्त्वा 'जितम्' इति विश्वस्तमाविश्वस्तः सत्त्रा[२]पाश्रयोऽभिहन्यात् ।

१५. अथवा दूष्यबल से युद्ध कराकर उसे (दूष्यबल को) स्वयं पराजय देकर 'मेरी विजय हो गयी' इस प्रकार विश्वस्त शत्रुपर स्वयं अविश्वस्त रहकर, सत्त्र का आश्रय प्राप्त कर, आक्रमण करे।

सार्थ[१]व्रज[२]स्कन्धावारसंवाह[३]विलोपप्रमत्तमप्रमत्तोऽभिहन्यात् ।

१६. सार्थ, व्रज एवं स्कन्धावार की रक्षा और लूट-पाट में प्रमादी शत्रुपर अप्रमत्त रहकर, स्वयं आक्रमण करे।

फल्गु[१]बलावच्छन्नसार[२]बलो वा परवीराननुप्रविश्य हन्यात् ।

१७. अथवा दुर्बल सेना से आच्छन्न सारबलयुक्त विजिगीषु अन्दर प्रवेश करके, शत्रुवीरों का विनाश करे।

गोग्रह[१]णेन श्वा[२]पदवधेन वा परवीरानाकृष्य सत्त्रच्छन्नोऽभिहन्यात् ।

१८. शत्रु देश में गोग्रहण (पशु-अपहरण) अथवा व्याघ्रवराह आदि द्वारा शत्रुवीरों को आकृष्ट कर छिपकर उनका नाश करे।

पादटिप्पणी :

१५. (१) भङ्ग : द्र० १०:३:४।

(२) सत्त्र : द्र० सूत्र २४। द्र० ७:१७:५६, ८:४:४१।

पाठभेद :

'सार्थव्रज' का त्रिवेन्द्रम् में 'स्वार्थव्रज' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१६. (१) सार्थ : व्यापारियों का जत्था, कारवां, वणिक्संघ। द्र० ४:५:१५, गण० ३:११३, १९८।

(२) व्रज : गौओं का झुण्ड। द्र० ७:१४:२५, ७:१६:२।

(३) संवाह : परिवहन। गण० ३:१३।

पाठभेद :

'च्छन्नसारबलो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'च्छन्नसारबलो' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१७. (१) फल्गुबल : दुर्बल सेना। द्र० १०: ३:१०।

(२) सारबल : मजबूत या शक्तिशाली सेना। कामन्दक०:१९:६३।

पाठभेद

'गोग्रहणेन' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'गोत्रग्रहणेन' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१८. (१) गोग्रहण : पशुओं को पकड़ लेना।

(२) श्वापदवधेन : जंगली जानवरों का शिकार करना, जैसे राजा उदयन शिकार से प्रलोभित किया गया था।

(३) सत्त्रच्छन्न : आश्रय स्थान में छिपाया। द्र० १०:३:१५, २४।

रात्राववस्कन्देन जागरयित्वा निद्राक्लान्तानवसुप्तान् वा दिवा हन्यात् ।

१९. अथवा रात्रि में आक्रमण द्वारा जगाकर दिन में निद्राक्लान्त और प्रसुप्त शत्रुवीरों का नाश करे ।

सपादचर्मकोशैर्वा हस्तिभिः सौप्तिकं दद्यात् ।

२०. अथवा पैरों में रक्षाचर्म को प्रयुक्त हाथियों द्वारा सुप्त शत्रुवीरों का वध करे ।

अहः संनाहपरिश्रान्तानपराह्णेऽभिहन्यात् ।

२१. पूर्वाह्ण में संनाहपरिश्रान्त शत्रुवीरों का अपराह्ण में आक्रमण कर नाश करे ।

शुष्कचर्मवृत्तशर्कराकोशकैर्गोमहिषोष्ट्रयूथैर्वा त्रस्नुभिरकृतहस्त्यश्वं भिन्नमभिन्नः प्रतिनिवृत्तं हन्यात् ।

२२. शुष्क चर्म, वृत्त, शर्करा कोशों अथवा भयाकुल होने वाले गो, महिष एवं ऊँट के समूहों द्वारा हाथी-घोड़ा से रहित, छिन्न-भिन्न एवं प्रतिनिवृत्त शत्रुबल को संहतविजिगीषु विनष्ट करे ।

प्रतिसूर्यवातं वा सर्वमभिहन्यात् ।

२३. प्रचण्ड सूर्य एवं वायु शत्रु बल के सामने होने पर सर्वविध शत्रु बल नष्ट करे ।

पाठभेद :

'रात्राववस्कन्देन' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'रात्रावस्कन्देन' तथा 'अवसुप्तान्' का तंजौर में 'अवस्तप्तान्' देवनागरी अनुलिपि में 'अपसृतान्', तेलगू अनु अतिलिपि में-'अतप्तस्तप्तान्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) अवस्कन्द : आक्रमण करना ।

पाठभेद :

'सपाद' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सपाट' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) सपादचर्मकोश : चमड़े का कोश, या जूता हाथी के पैर में कांटा धंसने से बचाने के लिए लगाया जाता था । प्राचीन काल में हाथी को उपयोग करने का यह भी एक प्रकार था ।

(२) सौप्तिकं : सोए हुए या सुप्त वध से तात्पर्य है । द्र० १०:५:५४, गण० ३:११४, १३५ ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) संनाह : शस्त्र सज्जा, कवच, युद्ध के लिए अस्त्रशस्त्र ।

पादटिप्पणी :

२२. (१) शर्करा : पत्थर का ढोंका, या कंकड़ । गण० ३:२३४ ।

(२) त्रस्नु : भयभीत, डरपोक । द्र० २:२९:२२ ।

पाठभेद :

'सूर्यवातं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि, में 'सूर्यपातं' पाठभेद मिलता है ।

धान्वन[1]वन[2]संकट[3]पंङ्क[4]शैल[5]निम्न[6]विषम[7]नावो गाव[9]ः [10]शकटव्यूहो [11]नीहारो रात्रिरिति सत्राणि ।

२४. धान्वन, वन, संकट, पङ्क, शैल, निम्नस्थान, नाव, गौ, शकट व्यूह, नीहार एवं रात्रि सत्त्र हैं।

पूर्वे च ग्रहण[1]कालाः कूटयुद्धहेतवः ।

२५. पूर्वोक्तकाल और सत्त्र कूट युद्ध के हेतु हैं।

संग्रामस्तु निर्दिष्टदेशकालो धर्मिष्ठः[1] ।

२६. देश-काल निर्देश पूर्वक, धर्मानुकूल युद्ध संग्राम है।

संहत्य[1] दण्डं[2] ब्रूयात् 'तुल्यवेतनोऽस्मि, भवद्भिः सह भोग्यमिदं राज्यम्, मया[3]ऽभिहितैः परोऽभिहन्तव्यः' इति ।

२७. एकत्रित बल से (राजा उस प्रकार) कहे 'तुम्हारे समान वेतन भोगी हूँ, आप लोगों के साथ यह राज्य भोग्य है, मेरे द्वारा निर्दिष्ट लोग शत्रुका नाश करे'।

पाठभेद :

'धान्वनवनसंकट' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'धान्वनसंकर' पाठभेद मिलता है।

पादटिंप्पणी :

२४. (१) धान्वन : मरुस्थल । गण० ३:११४, २०।

(२) वन : जंगल ।

(३) संकर : संकरी जगह, दर्रा या सीधा मार्ग गण ३:११४ ।

(४) पंक : कीचड़ ।

(५) शैल : पर्वत ।

(६) निम्न : दलदल ।

(७) विषम : असमानता ।

(८) नाव : नौका ।

(९) गाव : गाय ।

(१०) शकटव्यूह : गाड़ियों का बनाया गया व्यूह । गण० ३:११४ ।

(११) नीहार : बर्फ, कुहरा, धुन्ध ।

(१२) सत्त्र : निभृत स्थान । गण० ३:१०९ ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) प्रहरणकाल : आक्रमण या प्रहार या आघातकाल । द्र० १२:५:५, गण० ३:११५ ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) धर्मिष्ठ : अत्यन्त धार्मिक । द्र० ९:६:२१ ।

पाठभेद :

'मयाऽभिहितैः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मयाऽभिहितः' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२७. (१) संहत्य : संयुक्त, एकत्रित हुई सेना ।

(२) दण्ड : सेना । द्र० १:५:१ ।

(३) मयाऽभिहृतै : मेरे द्वारा निश्चित या स्वयं किया गया ।

वेदेष्वप्यनुश्रूयते समाप्तदक्षिणानां यज्ञानामवभृथेषु 'सा ते गतिर्या शूराणाम्' इति ।

२८. वेदों में भी दक्षिणा, दानपूर्वक यज्ञों की समाप्ति पर, फल कहा गया हैं 'शूरों को जो गति प्राप्त होती है वह तुम्हें प्राप्त हो ।

अपीह श्लोकौ भवतः ।

२९. उसके समर्थक दो श्लोक भी हैं ।

'यान् यज्ञसंघैस्तपसा च विप्राः स्वर्गैषिणः पात्रचयैश्च यान्ति ।
क्षणेन तानप्यतियान्ति शूराः प्राणान् सुयुद्धेषु परित्यजन्तः ।।'

३०. स्वर्गेच्छुक विप्र यज्ञ संघों, तपस्या एवं सत्पात्र में दानों से जिन उत्तम लोकों को प्राप्त करते हैं, धर्म युद्धों में क्षण भर में प्राण-त्याग करने वाले शूर जन, उससे भी उत्तम लोकों को प्राप्त करते हैं ।

नवं शरावं सलिलस्य पूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम् ।
तत्तस्य मा भून्नरकं च गच्छेद्यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत् । इति ।

३१. सुसंस्कृत, कुशाच्छन्न जल पूर्ण नवीन शराव, उस व्यक्ति को न मिले और वह नरक में जाय, जो स्वामी के हित में युद्ध न करे ।

मन्त्रिपुरोहिताभ्यामुत्साहयेद्योधान् व्यूहसंपदा ।

३२. इस प्रकार मन्त्रि पुरोहितों द्वारा तथा व्यूह सम्पदा से योधाओं को प्रोत्साहित करे ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) अवभृथ : मुख्य यज्ञ की समाप्ति पर किया जाने वाला स्नान ।

पादटिप्पणी :

२९. अपीह : अपरंच ।

पाठभेद :

'पात्रचयैश्च' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पात्रचयश्च' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) नवशरावं : नवीन मृत्पात्र ।

(२) दर्भ : कुशा ।

पादटिप्पणी :

३२. व्यूह संपदा : व्यूह का गुण या ऐश्वर्य । द्र० २:४:४ । गण० ३:११६ ।

का[1]र्तान्तिकादिश्चास्य वर्गः सर्वज्ञ[2]दैवत[3]संयोगख्यापना[4]भ्यां स्वपक्षमुद्धर्षयेत्, परपक्षं चोद्वेजयेत् ।

३३. राजा का ज्योतिषी आदि वर्ग सर्वज्ञता और दैवत-साक्षात्कार की प्रसिद्धि करके स्वपक्ष को प्रसन्न तथा शत्रु पक्ष को उद्विग्न करे।

'श्वोयुद्धम्' इति कृतोपवासः शस्त्रवाहनं चानुशयीत ।

३४. 'कल युद्ध होगा' ऐसी स्थिति में उपवास पूर्वक शस्त्र वाहन के समीप शयन करे।

अथर्व[1]भिश्च जुहुयात् ।

३५. अथर्व वेदोक्त मन्त्रों से (शत्रु नाशार्थ) हवन करे।

विजययुक्ताः स्वर्गीयाश्चाशिषो वाचयेत् ।

३६. विजयानुकूल एवं स्वर्ग सम्बन्धी आशीर्वादों का (ब्राह्मणों द्वारा) वाचन कराये।

ब्राह्मणेभ्यश्चात्मानमतिसृजेत् ।

३७. स्वयं को (रक्षार्थ) ब्राह्मणों को अर्पित करे।

[1]शौर्य[2]शिल्पा[3]भिजनानुरागयुक्तमर्थमानाभ्यामविसंवादितमनीकगर्भं कुर्वीत ।

३८. शौर्य, शिल्प, अभिजन एवं अनुराग युक्त तथा धनमान द्वारा सम्मानित सैन्य को महान् सेना के मध्य नियुक्त करे।

पाठभेद :

'दैवतसंयोग' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'दैवसंयोग' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३३. (१) कार्तान्तिक : ज्योतिषी।

(२) सर्वज्ञ : सर्वज्ञानत्व, सब कुछ जानने वाला।

(३) दैवत संयोग : द्र० १३:१:३, गण० ३:१४२।

(४) ख्यापन : ज्ञापन या प्रकाशित करना।

पाठभेद :

'चानुशयीत' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'चाधिशयीत' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३५. (१) अथर्व : अथर्व वेद।

पादटिप्पणी :

३८. : (१) शौर्य : पराक्रम, वीरता, शूरता। द्र० ७:१२:१२।

(२) शिल्प : द्र० ३:३:३८, गण० १:१६४, २:१३२, १४५।

(३) अभिजन : कुलीन। द्र० ८:२:२०। गण० १:४३।

पितृपुत्रभ्रातृकाणामायुधीयानामध्वजं मुण्डानीकं[1] राजस्थानम् ।

३९. राजा के पिता, पुत्र एवं भ्रातृ सम्बन्धी आयुधियों (रक्षा पुरुषों) की राजसम्बन्ध-सूचक, वेशरहित एवं प्रधान सेना राजाके निवास स्थान के समीप रहे ।

हस्ती रथो वा राजवाहनमश्वानुबन्धः ।

४०. हाथी अथवा रथ राजा की सवारी हो और अश्वारोही दल साथ हो ।

यत्प्रायसैन्यो यत्र वा विनीतः स्यात्तदधिरोहयेत् ।

४१. राजा सेना में जिसका बाहुल्य हो अथवा जिसमें प्रशिक्षित हो उसकी सवारी करे ।

राजव्यञ्जनो[1] व्यूहाधिष्ठानं[2]मायोज्यः ।

४२. राजा के वेश वाले पुरुष को व्यूह प्रधान के रूप में नियुक्त किया जाय ।

सूत[1]मागधाः[2] शूराणां स्वर्गमस्वर्गं भीरूणां जातिसंघकुलकर्म[3]वृत्त[4]स्तवं चयोधानां वर्णयेयुः ।

४३. सूत-मागध शूरों के स्वर्ग, भीरुओं के नरक और योद्धाओं के जाति, संघ, कुल, कर्म एवं वृत्त की स्तुति करें ।

पाठभेद :

'अध्वजंमुण्डा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अध्वमुण्डा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) मुण्डानीक : बिना किसी शिविर की सेना । द्र० १०:३:३९, गण० ३:११७ :

पाठभेद :

'अश्वानुबन्धः का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अश्वानुबन्धे' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'यत्प्रायसैन्यो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'यत्प्रायः सैन्यो' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'व्यूहाधिष्ठानम्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'व्यूहानुष्ठानम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४२. (१) राज व्यंजन : राजा के समान वेष भूषा ।

(२) व्यूहाधिष्ठान : व्यूह की अग्रिमसेना । गण० ३:११७ ।

पादटिप्पणी :

४३. (१) सूत : पुराण, इतिहासविज्ञ । गण० ३:११७ ।

(२) मागध : स्तुतिपाठक । द्र० ३:६:१५, गण० ३:११७ ।

(३) कर्म : कार्य या कृति ।

(४) वृत्त : आचरण, वृत्तान्त, सुकर्म । द्र० ८:२:२७, ८:४:३६, गण० ३:११७ ।

पुरोहितपुरुषाः कृत्या[1]भिचारं[2] ब्रूयुः यान्त्रिक[3]वर्धकि[4]मौहूर्तिकाः[5] स्वकर्मसिद्धिम सिद्धिं परेषाम् ।

४४. पुरोहितपुरुष कृत्याभिचार कहें, यान्त्रिक, वर्धकि, मौहूर्तिक स्वकर्म सिद्धि और शत्रु कर्म की असिद्धि कहें ।

सेनापतिरर्थमानाभ्यामभिसंस्कृतमनीकं[1]माभाषेत—'शतसाहस्रो[2] राजवधः पञ्चाशत्साहस्रः सेनापतिकुमारवधः, दशसाहस्रः प्रवीरमुख्यवधः, पञ्चसाहस्रो हस्तिरथवधः, साहस्रोऽश्ववधः, शत्यः पत्तिमुख्यवधः, शिरोविंशतिकं, भोगद्वैगुण्यं स्वयंग्राहश्च ।' इति ।

४५. सेनापति धन-मान से पूजित सैन्य से इस प्रकार कहे—'राज बद्ध करने पर सौ हजार (स्वर्ण मुद्रा) सेनापति और कुमार के बध पर पचास हजार, प्रमुख प्रवीर के बध पर दस हजार हाथी एवं रथ का नाश करने पर पांच हजार, अश्व बध पर एक हजार, पदाति प्रमुख के बध पर सौ स्वर्ण मुद्रा तथा प्रति शिर पर बीस स्वर्ण मुद्रा पुरस्कार प्राप्त हो; सामान्य रूप वीरता पूर्वक युद्ध करने के फल स्वरूप, दूना भोग और स्वयं द्वारा लूटा धन प्राप्त होगा ।

तदेषां दशवर्गाधिपतयो[1] विद्युः ।

४६. इस बात को दसवर्गाधिपति ही जानें ।

पाठभेद :

'यन्त्रिकवर्धकि' का तेलगू अनु प्रतिलिपि में 'सत्त्रिकवर्धकि' पाठभेद मिलता है । तथा 'असिद्धि' वा परेषाम्' का देवनागरी अनुलिपि एवं तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'असिद्धि वा परेषाम' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४४. (१) कृत्या : एक शक्ति या देवी जो अभिचार क्रिया द्वारा किसी को मारने के लिए अनुष्ठान विशेष द्वारा उत्पन्न की जाती है ।

(२) अभिचार : तन्त्रोक्त मारण आदि अनुष्ठान

(३) यान्त्रिक : कर्मकार, शिल्पकार, जो युद्ध यन्त्र बनाता है ।

(४) वर्धकि : बढ़ई । द्र० ५:३:१३ । गण० ३:१०३, १०५, २१ ।

(५) मौहूर्तिक : ज्योतिषी । द्र० २:१९:२३, गण० ३:११७, १९० ।

पादटिप्पणी :

४५. (१) शतसाहस्रो : पण से तात्पर्य है । स्वर्ण मुद्रा से । द्र० १:१४:५, २:२७:१७, ३:१०:१५, ७:९:१३, ७:१४:१०, गण० ३:१३६, १३१ ।

(२) अनीकम् : सेना, सैन्य पंक्ति, दल ।

पादटिप्पणी :

४६. (१) दशवर्गाधिपतयो : दशवर्गों के नायक अथवा अधिपति या प्रधान । द्र० १०:६:४५ गण० ३:१२८ ।

चिकित्सकाः शस्त्र[1]यन्त्रागद[2]स्नेह[3]वस्त्र[4]हस्ताः स्त्रियश्चान्नपानरक्षिण्यः पुरुषाणामुद्धर्षणीया[5]ः पृष्ठतस्तिष्ठेयुः ।

४७. चिकित्सक, शस्त्र, यन्त्र, अगद, स्नेह एवं वस्त्र रखने वाले पुरुष, अन्नपानरक्षिका स्त्रियां, पुरुषों को प्रसन्न कारिणी स्त्रियां पीछे स्थित रहें ।

अदक्षिणामुखं पृष्ठतः सूर्यमनुलोमवातमनीकं[1] स्वभूमौ व्यूहेत ।

४८. सेना को अनुकूल भूमि पर अदक्षिणमुख, सूर्य पीछे हों, अनुकूल वायु हो—इस प्रकार व्यूहबद्ध करे ।

परभूमिव्यूहे चाश्वांश्चारयेयुः[1] ।

४९. शत्रु के अनुकूल भूमि पर अपने अश्वों को घुमायें ।

मंत्रस्थानं प्रजवश्चाभूमि[1]र्व्यूहस्य तत्र स्थितः प्रजवित[2]श्चोभयथा जीयेत ।

५०. जिस भूमि पर सेना का चिरकाल स्थित रहना और शीघ्र कार्यशीलता संभव न हो वहां ठहरना और शीघ्र कार्य करना, दोनों ही पराजय के हेतुहोते है अर्थात् ऐसी स्थिति में पराजय होती है ।

विपर्यये जयति, उभयथास्थानेप्रजवे च ।

५१. उसके विपरीत स्थिति में स्थान और शीघ्र कर्मशीलता दोनों प्रकार से विजय होती है।

समा[1] विषमा[2] व्यामिश्रा[3] वा भूमिरिति पुरस्तत्पाश्र्वाभ्यां पश्चाच्च ज्ञेया ।

५२. सम, विषम अथवा व्यामिश्र भूमि सामने, पार्श्व और पश्चात् (पीछे) भेद से प्रत्येक तीन प्रकार की होती है ।

पादटिप्पणी :

४७. (१) शस्त्रयन्त्र : शल्यचिकित्सीय उपकरण ।

(२) अगद : औषधि । गण० १:११८ ।

(३) स्नेह : घृतादि । गण० ३:११८ ।

(४) वस्त्र : घाव पर बाँधने का कपड़ा ।

(५) उद्धर्षपीय : प्रसन्न करने वाली स्त्रियाँ ।

पाठभेद :

'अनुलोमवातम्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अनुलोपपातम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४८. (१) अनीक : सेना । द्र० ७:२०:१७ ।

पादटिप्पणी :

४९. (१) चारयेयुः : गतिशील ।

पाठभेद :

'चाभूमिर्व्यूहस्य' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में में 'चाभूमिव्यूहस्य' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणो :

५०. (१) अभूमि : प्रतिकूल प्रदेश ।

(२) प्रजन : वेगवान या तीव्र गति वाला ।

पादटिप्पणी :

५२. (१) समा : समथर भूमि ।

(२) विषम : उबड़खाबर या असम भूमि ।

(३) व्यामिश्र : न सम और न असम ।

समायां[१] दण्ड[२]मण्डल[३]व्यूहाः, विषमायां[४] भोग[५]संहत[६]व्यूहाः, व्यामिश्रायां[७]-विषम[८]व्यूहाः ।

५३. त्रिप्रकारात्मक सम भूमि में दण्डव्यूह और मण्डलव्यूह, त्रिप्रकारात्मक विषम भूमि में भोगव्यूह एवं संहतव्यूह में सेना स्थित की जाय ।

विशिष्टबलं[१] भङ्क्त्वा संधिं याचेत् ।

५४. विशिष्टबली शत्रु को भङ्ग कर (उससे) सन्धि की याचना करे ।

समबलेन[१] याचितः संदधीत ।

५५. समानबली शत्रु के याचना करने पर सन्धि करे ।

हीनम[१]नुहन्यात्, न त्वेव स्वभूमिप्राप्तं त्यक्तात्मानं वा ।

५६. हीनबलशत्रु का नाश करे, किन्तु स्वानुकूल भूमि प्राप्त अथवा जीवन से निराश हीन बल शत्रु का नाश न करे ।

पुनरावर्तमानस्य निराशस्य च जीविते ।
अधार्यो जायते वेगस्तस्माद्भग्नं न पीडयेत्[१] ॥

५७. जीवन के प्रति निराशा के कारण पुनः लौटे हीनबलशत्रु का युद्धवेग धारण योग्य नहीं होता अतएव भग्न उस शत्रु को पीडित न करे ।

पाठभेद :

'भोगसंहत' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भोग-संहत' प्राठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५३. (१) सम : समतल भूति ।

(२) दण्ड : दण्डाकार सेना या व्यूह की स्थापना । गण० ३:१३९ ।

(३) मण्ड : मण्डलाकार व्यूह की स्थापना । गण० ३:१३९ ।

(४) विषम : एक प्रकार की सैन्य व्यूह रचना । द्र० ४:३:१९; गण० ३:११४ ।

(५) भोग व्यूह : गण० ३:१३९ ।

(६) संहत व्यूह : द्र० २:१४:३१ ।

(७) व्यामिश्र : द्र० ९:६:३४, गण० ३:१३१ ।

(८) विषम व्यूह : गण० ३:१२९ ।

पादटिप्पणी :

५४. (१) विशिष्ट बल : अपने से बलवान होने पर ।

पादटिप्पणी :

५५. (१) समबलेन : समान बलशाली ।

पादटिप्पणी :

५६. (१) हीन : कमजोर ।

पादटिप्पणी :

५७. (१) पीडयेत : महाभारत १२:१००,१३ ।

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे कूटयुद्धविकल्पाः, स्वसैन्योत्साहनम्, स्वबलान्यबलव्यायोगः तृतीयोऽध्यायः । आदित एकत्रिंशच्छततमः ।

दशम अधिकरण सांग्रामिक के अन्तर्गत कूटयुद्धविकल्प, स्वसैन्योत्साहन, स्वबल अन्य बल व्यायोग सम्बद्ध तृतीय अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ एकतीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे तृतीयोऽध्यायः कूटयुद्धविकल्पाः स्वसैन्योत्साहनं स्वबलान्यबलव्यायोगश्च । आदित एकत्रिंशच्छततमः ॥

मैसूर संस्करण में—

इति सांग्रामिके कूटयुद्धविकल्पाः स्वसैन्योत्साहनं स्वबलान्यबलव्यायोगश्च तृतीयोऽध्यायः आदित एकत्रिंशच्छततमः ।

वसाक संस्करणमें—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे तृतीयोऽध्यायः कूटयुद्धविकल्पास्स्वसैन्योत्साहनं स्वबलान्यबलव्यायोगश्च । आदित एकत्रिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करणमें—

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे कूटयुद्धविकल्पाः स्वसैन्योत्साहनं स्वबलान्यबलव्यायोगश्च तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

आदित एकत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३१ ॥

अध्याय ४

[त्रिपञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—युद्धभूमयः; चतुष्पञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—पत्त्यश्वरथहस्तिकर्माणि]

एक सौ तिरपनवां प्रकरण—युद्धभूमियां

एक सौ चौवनवां प्रकरण--पत्ति-अश्व-रथ-हस्ति कर्म

स्वभूमिः पत्त्य[1]श्व[2]रथ[3]द्विपा[4]नामिष्टा युद्धे निवेशे च ।

१. पत्ति, अश्व, रथ एवं द्विपों के युद्ध तथा अवस्थान के स्वानुकूल भूमि वांछित होती है।

धान्वन[1]वन[2]निम्न[3]स्थल[4]योधिनां खनका[5]काश[6]दिवा[7]रात्रि[8]योधिनां च पुरुषाणां नादेय[9]पार्वता[10]नूप[11]सारसानां[12] च हस्तिनामश्वानां च यथास्वमिष्टा युद्धभूमयः कालाश्च ।

२. धान्वन, वन, निम्नस्थान एवं स्थल में युद्ध कर्ता और खनक, आकाश में एवं दिन रात युद्ध कर्त्ता पदाति पुरुषों तथा नदी, पर्वत, अनूप एवं सरोवर सम्बन्धी हाथियों और अश्वों के लिए स्वानुकूल युद्धभूमि तथा समय अपेक्षित होते हैं।

प्रकरण १५३, सूत्र १-१२।

प्रकरण १५४, सूत्र १३-१८।

पादटिप्पणी :

१. (१) पत्य : पैदल सैनिक :

(२) अश्व : अश्व, घोड़ा।

(३) रथ : रथ।

(४) द्विपा : हाथी ।

पाठभेद :

'पार्वतानूप' का देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पर्वतानूप' पाठ भेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२. (१) धान्वन : मरुस्थल या मरु भूमि या रेतीली भूमि। द्र० १०:३:१२, गण० ३:११४, ११७।

(२) वन : जगल। गण० ३:१११।

(३) निम्नभूमि : जलीयभूमि। द्र० २:३:१, २:३३:८, गण० ३:११४।

(४) स्थलभूमि : जमीन। द्र० ३०:२५:३२।

(५) खनका : दवाई या टेन्च। द्र० ७:१०:२६, गण० ३:१२१।

(६) आकाश : शून्य या खुला स्थान। गण० ३:१२९।

(७) दिवा : दिन। गण० ३:१२१।

(८) रात्रि : रात। गण० ३:११४, १२१।

(९) नादेय : नदी। गण० ३:१२१।

(१०) पर्वत : पहाड़

(११) अनूप : कच्छ भूमि या दलदल या जलप्राय स्थान। द्र० २:२४:५।

(१२) सारसानां : झीला या सरावर।

समो[1]स्थिरा[2]ऽभिकाशा[3]निरुत्खातिन्यचक्रखुराऽनक्षग्राहिण्यवृक्षगुल्मव्रतती-स्तम्भकेदार[5]श्वभ्रवल्मीकसिकतापङ्कभङ्गुरादरण[6]हीना च रथभूमिः, हस्त्यश्वयोर्मनुष्याणां च समे विषमे हिता युद्धे निवेशे च ।

३. सम, स्थिर, अभिकाश, उन्नतावनतरहित, जिसमें चक्र, खुर एवं अक्ष (चक्राधार) न धंसते हों, वृक्ष, गुल्म, लता, स्तम्भ, केदार, गर्त, वल्मीक, सिकता, (बालू), पंक, वक्र (टेढ़ापन) और दरार रहित भूमि, रथानुकूल भूमि होतो है और वही भूमि हाथी, घोड़ा और मनुष्यों के लिए सम एवं विषम प्रदेश में युद्ध और निवास के अनुकूल होती है ।

[1]अण्व[2]श्मवृक्षा ह्रस्व[3]लङ्घनीयश्व[4]भ्रामन्ददर[5]णदोषा चाश्वभूमिः ।

४. छोटे पत्थरों एक्ष वृक्षों वालो, लांघने योग्य छोटे गर्त्तों वालो, अल्प दरारों वाली, भूमि अश्वों के लिए अनुकूल होती है ।

स्थूलस्था[1]ण्वश्मवृक्षव्रत[2]तीव[3]ल्मीकगुल्मा[4] पदातिभूमिः ।

५. मोटे (बड़े) स्थाणु (वृक्ष स्तम्भ) पत्थर, वृक्ष, लता, वल्मोक एवं गुल्मों वाली भूमि पदाति मनुष्यों के लिये अनुकूल होती है ।

पाठभेद :

'व्रतता' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रतती' तथा 'पङ्क भंगुरा' का तंजौर में ''भङ्गभंगु भंगुरा', देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भङ्गभंगुरा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३. (१) सम : बराबर या ऊँचाई निचाई रहित स्थान ।

(२) स्थिर : दृढ़, जो भूमि पोली नहो । गण० ३:१२१

(३) अभिकाश : स्पष्ट या साफ दिखाई पड़ने वाला घास आदि रहित । गण० २:१२१ ।

(४) चक्रखुराऽनक्षग्राहिण्य : पहिये या खुर को न पकड़ने वाला ।

(५) केदार : घान का खेत, कियारी, थाला । गण० १:१२७, ३:१२१ ।

(६) दरणहीन : जिस भूमि में दरार न हो या जो भूमि विदीर्ण न हो । गण० ३:१२१ ।

पाठभेद :

'ह्रस्वलङ्घनीय' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'स्वलङ्घनीय' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) अणु : छोटा या तुच्छ ।

(२) अश्म : पत्थर ।

(२) ह्रस्व : छोटा, लघु ।

(४) श्वभ्र : छिद्र, विवर । गण० ३:१२१ ।

(५) दरण : दरार ।

पाठभेद :

'व्रतली' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रतती' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५. (१) स्थाण्व : वृक्ष के तने से बना या उत्पन्न ।

(२) व्रतती : लता १५:१०, ४:३ ।

(३) वल्मीक : दीमक या चीटी से चाली हुई मिट्टी का ढेर या ढूहा या विमौटा ।

(४) गुल्म : क्षुप-छोटि तने वाला पेड़ या झाड़ो । द्र० ३:१:२१, २:१६:१८, २:३५:१२, ३:२०:१४।

गम्यशैल[1]निम्नबिषमा[2] मर्द[3]नीयवृक्षा छेद[4]नीयव्रततीपङ्कभङ्गुरा दरणहीना च हस्तिभूमिः ।

६. गमनयोग्य शैल, निम्नस्थान एवं विषम स्थान वाली मर्दन (रगड़ने) योग्य वृक्षों से युक्त, काटने योग्य लताओं वाली तथा पंक, भंगुर और दरार रहित भूमि हाथियों के अनुकूल होतो है।

अकण्टकिन्यबहुविषमाप्रत्या[1]सारवतीतिपदातीनामतिशयः ।

७. कांटों से रहित, अतिवैषम्य रहित, परावर्तन सौविध्य युक्त, पदतियों के अत्यनुकूल होतो है ।

द्विगुण[1]प्रत्यासारा कर्दमोदकख[2]ञ्जनहीना निःश[3]र्करेति वाजि[4]नामतिशयः ।

८. लौटनें की जिसमें दूनी सुविधा हो ऐसी कर्दम (कीचड़), जल एवं खज्जन रहित कंकड़ रहित भूमि अश्त्रों के लिए अधिक उत्तम होती है।

पांसुकर्दमोदकनल[1]शरा[2]धानवती श्वदं[3]ष्ट्रहीना महावृक्षशाखाघातवियुक्तेति हस्तिनामतिशयः ।

९. धूलि, कर्दमोदक (कीचड़-जल) नरकुल एवं मूँज वाली गोखरू रहित, बड़े वृक्षों की शाखाओं के आघत से रहित भूमि हाथियों के लिए अधिक अनुकूल होती है ।

पाठभेद :

'शैलनिम्नविषमा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'शैल विषमानिम्न' पाठभेद मिलता है । तथा 'व्रतलो' का तंजोर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रततो' तथा 'भंगुरादरणहीना' का न्याय चन्द्रिका में 'भंगुरदरणहीना' पाठभेद मिलता हैं ।

पादटिप्पणो :

६. (१) गम्यशैलनिम्नविषमा : असमपर भूमि जो पहाड़ियों और नालों से भरी हो ।

(२) विषम : असमथर भूमि । द्र० ३:८:२, कामन्दक० २०:१४ ।

(३) मर्दन : रगड़ना उखाड़ना ।

(४) छेदनीयव्रततीपङ्कभङ्गुरा : काटने योग्य लताओं वाली कीचड़ तथा गढे से रहित ।

पादटिप्पणी :

७. (१) प्रत्यासार : सेना के पीछे लौटने का स्थान, रिट्रीट, ऐसी मोर्चेबन्दी जिसमें एक व्यूह के पश्चात् दूसरा व्यूह बनाया गया हो ।

पादटिप्पणी :

८. (१) द्विगुण : दूना ।

(२) खञ्जनहीन : पंकिल या दलदल हीन भूमि । द्र० १३:४:३२, गण० ३:१२३ ।

(३) शर्करा : कंकड़ ।

(४) वाजि : घोड़ा, अश्व ।

पाठभेद :

'शराधानवती' का तंजौर में 'शराधावती' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'शराश्रयवती' पाठ भेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

९. (१) नल : नरकुल, नरकट । ८:३:४३ ।

(२) शराधान : घास या मूंज की बाड़ या झाड़ी या सेवार आदि । गण० ३:१२२ ।

(३) श्वदंष्ट्रहीना : गोखरू या गोकण्टक विहीन । द्र० २:३:१५, गण० ३:१२३ ।

तोयाशया[1]पाश्रय[2]वती निरुत्खातिनी[3] केदारहीना व्यावर्तन[4]समर्थेति रथानामतिशयः ।

१०. जलाशय और विश्रमस्थान युक्त, उत्पादनरहित, केदारविहीन, लौटने की सुविधा वाली भूमि रथों के लिये अधिक उपयुक्त होती है ।

उक्ता सर्वेषां भूमिः ।

११. सबकी भूमियां कह दी गयी ।

एतया सर्वबलनिवेशा युद्धानि च व्याख्यातानि भवन्ति ।

१२. इस प्रकार सव प्रकार के बलों के निवेश एवं युद्ध की व्याख्या सम्पन्न हो गयी ।

भूमि[1]वास[2]वन[3]विचयो[4]ऽविषम[5]तोय[6]तीर्थवातरश्मिग्रहणं वीवध[7]ासारयोर्घातो[8] रक्षा

१३. भूमि विचय, वासविचय, वनविचय, अविसम, तोय, तीर्थ, वात एवं रश्मियुक्त स्थान का ग्रहण, शत्रु के विवध आसार का घात अपने वीवधादि की रक्षा, सेना की विशुद्धि और वध

पाठभेद :

'तोयाशयापाश्रय' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तोयाशयाश्रय' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) तोयाशया : स्नानयोग्य जलाशय ।

(२) आश्रयवती : विश्राम स्थान ।

(३) निरुत्खातिनी : ऊँचाई निचाई या हिलने अथवा कम्पन रहित ।

(४) व्यावर्तन : घूमना । गण० ३:१४२ ।

पाठभेद :

'निवेशा' का देवनागरी अनुलिपि में 'निवेशानि' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'वनविचयोऽविषम्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वननिचयो विषम्' तथा 'विशुद्धिः स्थापना' का 'विशुद्धिस्थापना' तथा 'प्रसारवृद्धिर्वाह' का 'प्रसार वृद्धिबाहु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) भूमि विचय : भूमि की परीक्षा अन्वेषण या भूमि का संशोधन । द्र० ३:८०६ ।

(२) वास विचय : निवास स्थान या ठहरने के स्थान का अन्वेषण या परीक्षण या निवास स्थानों का उपद्रव दूर करना ।

(३) वन विचय : वन का अन्वेषण या परीक्षण या संशोघम या वन का निराकरण करना ।

(४) विचय : खोज, अन्वेषण, संशोधन या परीक्षा । द्र० २:२५:३८ २:३६:१४, ४:२१:१२, ५२:१:२४ ।

(५) अविषम : असमथल भूमि ।

(६) तीर्थ : घाट तरण स्थली । द्र० २:२८:१४, १६, २:२९:३३ ।

(७) वीवध : पूर्ति । द्र० ७:६:८, ७:७:३, ८:५:४, ९:६:४८, १२७ १०२६ ।

(८) घात : नाश या हत्या । द्र० ३:१९:२१ ९:५:१६ ।

वा विशुद्धिः[१०] [११]स्थापना च बलस्य प्र[१२]सारवृद्धिर्वाहूत्सारः पूर्वप्रहारो [१३]व्यावेशनं व्यावे[१४]धनमाश्वासौ [१५]ग्रहणमोक्षणं[१६] [१७]मार्गानुसारविनिमयः [१८]कोशकु[१९]माराभिहरणं जघनकोट्यभिघातो [२०]हीनानुसारणमनुयानं[२१] [२२]समाजकर्मेत्यश्वकर्माणि ।

स्थापना, प्रसार वृद्धि, बाहूत्सार, शत्रु पर पूर्व प्रहार, व्यावेशन, व्यावेधन. अश्वाशन, शत्रुभटग्रहण, शत्रु द्वारा गृहीत स्वभट का मोक्षण, मार्गानुसार विनिमय, शत्रु के कोष एवं कुमार का अभिहरण, पीछे और सामने अभिघात, हीनानुशरण, अनुयान तथा समाज कर्म, अश्व कर्म (अश्वों द्वारा सम्पन्न करने योग्य होते) हैं ।

पुरोयानमकृतमार्गवासतीर्थकर्मवाहूत्सारस्तोयतरणा[१]वतरणे स्थानगमना[२]वतरणं वि[३]षमसं[४]बाधप्रवेशोऽग्निदानशमनमे[५]काङ्गविजयो भिन्नसं[६]धानमभिन्नभेदनं व्यसने

१४. सेना के आगे गमन, अनिर्मित मार्ग, वास स्थान, एवं तीर्थ स्थान (नदी, घाट) का निर्माण, बाहुत्सार, जल का परिमाण ज्ञान और अवतरण में स्थान, गमन, अवतरण, विषम, एवं सम्वाध स्थान में प्रवेश शत्रुपक्ष में अग्नि प्रक्षेप और स्वपक्ष का अग्नि शमन सेना के एक

---

(९) रक्षा : सुरक्षा हिफाजत । १:३६:४२ ।

(१०) विशुद्धि : शुद्धता परिशोध, ।

(११) स्थापना : दृढ़ करना ।

(१२) प्रसारबृद्धिर्बाहू : आक्रमण का बढ़ाना । द्र० १०:२:५, गण० ३:१०७, १२३, ।

(१३) व्यावशेनम् : शत्रु सेना के प्रदेश । गण० ३:१२४ ।

(१४) व्यावर्धन : शत्रु सेना को तोड़ना । गण० ३:१२४, १२५ ।

(१५) ग्रहणम् : पकड़ना या बन्दी बनाना ।

(१६) मोक्षणम् : मुक्त करना । गण० ३:१२४ १२५ ।

(१७) मार्गानुसार विनिमय : शत्रुको पीछा करने से मार्ग विरत करना या बदलना, पीछे पहुँचकर उसका पीछा करना । गण० ३:१२४ ।

(१८) कोश : खजाना ।

(१९) कुमार : राजकुमार गण ३:१२४ ।

(२०) हीनानुसार : कमजोर का पीछा करना गण० ३:१२४ ।

(२१) अनुयान : पीछे चलना । गण० ३:१२४

(२२) समाज कर्म : व्यूहन या पुनः एकत्रित करना । गण० १:२१:२६, १३:३:५६, १३:४:८, ३:२४ ।

पाठभेद :

'विषमसंबाधप्रवेशो' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'विषमं संवाधः प्रवेशो' तथा 'कोशवाहनापवाहनम्' का 'कोशवाहनम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१४. (१) तरण : पार करना ।

(२) अवतरण : उतरना । गण० ३:१२४ ।

(३) विषम : कठिन, असमतल । गण० ३:१२३ ।

(४) संवाध : भरा हुआ, संकुल, भीड़ ।

(५) एकाङ्गविजय : सेना के एक बाहु से विजय प्राप्त करना । गण० ३:१२६ ।

(६) सन्धान : मिलना, जोड़ना, योग करना ।

त्राण[७]मभि[८]घातो विभीषि[९]का [१०]त्रासनमौदार्यं ग्रहणं मोक्षणं [११]सालद्वाराट्टालकभञ्जनं [१२]कोश[१३]वाहना[१४]पवाहनमिति हस्तिकर्माणि ।

आग द्वारा विजय, भिन्न संधान, अभिन्न भेदन, व्यसन में त्राणा, अभिघात, विभीषिका उत्पादन, त्रासन, औदार्य, शत्रु भटग्रहण, स्वभटमोक्षण, साल द्वार एवं अट्टालक भंजन, कोष का वाहन और अपवाहन, हस्ति कर्म (हाथियों द्वारा ये सम्पाद्य होते) हैं ।

स्वबलरक्षा चतुरङ्गबलप्रतिषेधः[१] संग्रामे[२] ग्रहणं मोक्षणं भिन्नसंधानमभिन्नत्रासनमौदार्यं भीमघोषश्चेति रथ[३]कर्माणि ।

१५. स्वबल रक्षाङ्ग संग्राम में शत्रु के चतुरंगबल का निषेध, शत्रुभटग्रहण, स्वभटमोक्षण, भिन्न संधान, अभिन्न शत्रुबल का भेदन, त्रासन, औदार्य एवं भयंकर ध्वनि उत्पादन रथकर्म हैं ।

सर्वदेशकालशस्त्रवहनं व्यायाम[१]श्चेति पादाति[२]कर्माणि ।

१६. सब प्रकार के दो देश-काल में शस्त्र धारण और व्यायाम पदाति कर्म हैं ।

शिवि[१]रमार्गसेतुकूपतीर्थशोधनकर्मयन्त्रायुधावरणोपकरणग्रासवहनमायोधनाच्च प्रहरणावरणप्रतिविद्धापनयनमितिविष्टिकर्माणि ।

१७. शिविर, मार्ग, सेतु, कूप, एवं तीर्थों का शोधन कर्म यन्त्र, आयुध, आवरण, उपकरण एवं ग्रास वहन करना, युद्ध भूमि से प्रहरण, आवरण एवं प्रतिविद्ध (घायल) का अपनयन विष्टि कर्म है ।

---

(७) त्राण : भय के हेतु का निराकरण, रक्षा बचाना ।

(८) अभिघात : प्रहार, आघात, विनाश । गण० ३:१२४ १४६ ।

(९) विभीषिका : भय प्रदर्शन, डरावना, आतंकित करना । गण० ३:१२४ ।

(१०) त्रासन : भय का कारण, त्रस्त करना । गण० ३:१२५ ।

(११) साल : दुर्ग प्राचीर, प्राकार ।

(१२) कोश : खजाना ।

(१३) वाहन : भीतर लाना १:२१, १८ ।

(१४) अपवाहन : बाहर ले जाना । गण० २:१२१, ८८४:११५ ३:१२५ ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) प्रतिषेध : १:१२:१३:१६ ।

(२) संग्राम : गण ३:११५ ।

(३) रथकर्म : रथ कार्य । गण० ३:१३५ ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) व्यायाम : शस्त्र क्रिया या उत्साह । द्र० १:१६:२९ ३:२७:३० गण० ३:१२५ ।

(२) पदातिकर्म : पैदल सेना का कार्य गण० ३:१२५ ।

पादटिप्पगी :

१७. (१) शिविर : सेना निवेश का पड़ाव ।

(२) विष्टिकर्म : श्रमिकों का कार्य । गण० ३:१२५ ।

कुर्याद्[1]गवाश्वव्यायोगं रथेष्वल्पहयो नृपः ।
खरोष्ट्र[2]शकटानां वा गर्भमल्पगजस्तथा ॥

१८. अल्प अश्वों वाला नृपति अश्वों के साथ बैलों का प्रयोग करे और अल्प गजों वाला (नृप) खर उष्ट्र एवं शकटोंके मध्य अपनी सेना सुरक्षित करे ।

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे युद्धभूमयः पत्त्यश्वरथहस्तिकर्माणि चतुर्थोऽध्यायः । आदितः द्वात्रिंशच्छततमः ।

दशम अधिकरण सांयामिक में युद्धभूमि, पत्ति-अश्व-रथ-हस्ति कर्म सम्बद्ध चतुर्थ अध्याय समाप्त ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) गवाश्व : गाय और घोड़ों और बैलों को रथ में जोतना ।

(२) खरोष्ट्र : गदहा और ऊँट । सिन्ध तथा राजस्थान मरु प्रदेश मैंने गाड़ी में जोता देखा है ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे चतुर्थोऽध्यायः युद्धभूमयः पत्यश्वरथहस्तिकर्माणि, आदितो द्वाभिशक्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इति सांग्रामिके युद्धभूमयः पत्तश्वरथहस्ति कर्माणि चतुर्थोऽध्यायः आदितो द्वात्रिशतितमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे चतुर्थोऽध्यायः युद्धभूमयः पत्त्यश्वरथहस्ति कर्माणि आदितो द्वात्रिशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे युद्धभूमयः पत्त्यश्वरथहस्ति कर्माणि चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४॥ आदितो द्वात्रिशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३२ ॥

अध्याय ५

[पञ्चपञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—पक्षकक्षोरस्यबलाग्रतो व्यूहविभागः; षट्पञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—सारफल्गुबलविभागः; सप्तपञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—पत्त्यश्वरथहस्तियुद्धानि]

एक सौ पचपनवां प्रकरण—पक्ष-कक्ष-उरस्यबलविभाग ।
एक सौ छप्पनवाँ प्रकरण—सार फल्गुवलविभाग ।
एक सौ सत्तावनवां प्रकरण—पत्ति-अश्व-रथ-हस्तियुद्ध ।

पञ्चधनुःशतापकृष्टं दुर्गमवस्थाप्य युद्धमुपेयात् भूमिवशेन वा ।

१. पांच सौ धनुष परिमाण की दूरी पर, दुर्ग (स्कन्धावार) स्थापित कर अथवा भूमि के अनुरूप दूरी पर, युद्ध स्थान निश्चित करे ।

विभक्तमुख्यामचक्षुर्विषये मोक्षयित्वा सेनां सेनापतिनायकौ व्यूहेयाताम् ।

२. सेनामुख्यों को विभक्त कर, सेना को शत्रु से अदृश्य स्थान पर, सुरक्षित कर, सेनापति और नायक सेना का व्यूहन करें ।

प्रकरण १५५, सूत्र १:४ ।
" १५६, सूत्र ४१:५२ ।
" १५७, सूत्र ५३:५६ ।

पाठभेद :

'शताप कृष्टंदुर्गं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'शतापकृष्टदुर्गं' तथा मैसूर संस्करण में 'शतापकृष्टदुर्गं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) **धनु :** चार हाथ लम्बा । याज्ञ० २:१६७, ६:२३७, गण० ३:१३७, १३७ ।

(२) **अपकृष्ट :** हटकर या दूर या फासलापर ।

(३) **दुर्ग :** केवल किला ही नहीं किन्तु कोई भी किला वन्दी हो सकती है, जहाँ शत्रु का पहुँचना कठिन होता है । दुर्ग ५०० धनुष सेना से दूर होता है । गण० १:१२७ ।

पादटिप्पणी :

२. (१) **मोक्षयियत्वा :** पीछे की रथ सेना को मुख्य सेना से पृथक् करना । द्र० ३:३:३:१२ ।

(२) **सेनापति :** कमाण्डर इन चीफ या कमाण्डर । आजकल कारपोरल कहते हैं । द्र० १०:१:७, ९, १०:२:४३, १०:६:४५, गण० ३:११८, १२७, १४७ ।

(३) **नायक :** दश सेनापतियों का अधिपति या अध्यक्ष ।

शमान्तरं पत्तिं स्थापयेत्, त्रिशमान्तरमश्वम्, पञ्चशमान्तरं रथं हस्तिनं वा ।

३. एकशम के अन्तर पर, पदाति सैनिक को, तीन शम के अन्तर पर, अश्व को और पांच शम के अन्तर पर, रथ अथवा हाथी को स्थित करे ।

द्विगुणान्तरं त्रिगुणान्तरं वा व्यूहेत ।

४. अथवा उक्त से दूने अथवा तिगुने अन्तर पर, पदाति आदि का व्यूहन करे ।

एवं यथासुखमसंबाधं युध्येत ।

५. इस प्रकार सुख पूर्वक (बिना भीड़-भाड़ के) युद्ध करे ।

पञ्चारत्नि धनुः ।

६. पांच अरत्निका एक धनुष होता है ।

तस्मिन् धन्विनं स्थापयेत् त्रिधनुष्यश्वम्, पञ्चधनुषि रथं हस्तिनं वा ।

७. एक धनुष के अन्तराल पर, धनुर्धारीयोधा को तीन धनुष के अन्तर पर अश्व को । पांच धनुष पर रथ अथवा हाथी का व्यूहन करे ।

पञ्चधनुरनीकसंधिः पक्षकक्षोरस्यानाम् ।

८. पांच धनुष के अन्तराल पर पक्ष, कक्ष एवं उरस्य बल का व्यूहन करे ।

पादटिप्पणी :

३. (१) शम : चौदह अंगुल, दो सैनिकों के बीच का अन्तर या फासला होता है । द्र० २:२०:११ ६:२:१,३, ७:१७२:१३, गण० ३:१२७ ।

पदात्यादि व्यूहन प्रकार ।

(२) पत्ति : पैदल सैनिक ।

पादटिप्पणी :

धन्वादि विषय तथा अन्तराल विधि ।

६. (१) अरत्नि : दो वित्ता या एक हाथ का एक अरत्नि होता है । द्र० २:२०:१२, ३:८:९ ।

(२) धनु : चार अरत्नि का एक धनु होता है । द्र० ३:२०:१८, ३:८:९, गण० ३:१२७, १२८, कामन्दक: २०:२२ ।

पादटिप्पणो :

७. (१) धन्विन : धनुषधारी सैनिक । गण० १:२१:१ ।

पादटिप्पणी :

८. (१) अनीक सन्धि : सेना समूह पंक्ति, सैन्य पंक्ति । दो पंक्ति के मध्य खुले भाग को सन्धि कहते है । गण० ३:१२८ ।

(२) पक्ष : सेना का दांया बाँया भाग या विंग । द्र० १०:४:६७, १०:६:१, ।

(३) कक्ष : पार्श्व, सेना की टुकड़ी का दाँया या बाँया पक्ष या फ्लैंक । द्र० १०:५:१७, १०:६:२; ।

(४) उरस्य : सेना का मध्य भाग या सेण्टर ।

अश्वस्य त्रयः पुरुषाः प्रतियोद्धारः ।

९. अश्व के आगे तीन प्रतियोद्धा पुरुष रहें ।

पञ्चदश रथस्य[1] हस्तिनो वा, पञ्च चाश्वाः ।

१०. रथ अथवा हाथी के आगे पन्द्रह प्रतियोद्धा पुरुष और पांच अश्वारोही सैनिक रहें ।

तावन्तः पादगोपा[1] वाजि[2]रथद्विपानां[3] विधेयाः ।

११. अश्व, रथ, और गजों के उतने (पांच पुरुष) पादगोप हों ।

त्रीणि त्रिकाण्यनीकं[1] स्थानामुरस्यं स्थापयेत्, तावत्कक्षं पक्षं चोभयतः ।

१२. उरस्य भाग (मध्य) में तीन त्रिक अर्थात् तीन-तीन रथ सेना की तीन पंक्तियां बनाई जायँ और उतनी-उतनी ही रथ सेना दोनों कक्षों और दोनो पक्षों में रखी जायँ ।

पञ्चचत्वारिंशद् एवं रथा रथव्यूहे भवन्ति, द्वे शते पञ्चविंशतिश्चाश्वाः, षट्छतानि पञ्चसप्ततिश्च पुरुषाः प्रतियोद्धारः, तावन्तः पादगोपाः ।

१३. इस प्रकार रथ व्यूह में पैतालीस रथ होते हैं, दो सौ पचीस घोड़े, छः सौ पचहत्तर पुरुष प्रतियोद्धा और उतने ही पादगोप होते हैं ।

एष समव्यूहः[1] ।

१४. यह समव्यूह है ।

पादटिप्पणी :

अश्वारोही के आगे लड़ने वाले सैनिकों की संख्या ।

९. (१) त्रय : अश्व के आगे ३ पाद सैनिक लड़ने के लिए रखे जाँय ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) रथस्य हस्तिनो वा : रथ तथा हाथी का प्रयोग प्रायः एक साथ नहीं मिलता, केवल यहीं किया गया है । द्र० ९:२:२७ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) पादगोपा : पैदल रक्षक । गण० ३:१२८ ।

(२) वाजि : अश्व ।

(३) द्विप : हाथी ।

पादटिप्पणी :

उदर में सेना की संख्या ।

१२. (१) त्रीणि त्रिकाण्यनी : तीन पंक्ति, तीन रक्षित इकाइयों की ।

पाठभेद :

'रथा रथव्यूहे' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'रथा व्यूहे' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'रथाद्व्यूहे' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१४. (१) समव्यूह : गण० ३:१२९ ।

तस्य द्विरथोत्तरा वृद्धिराएकविंशतिरथादिति ।

१५. इसमें दो रथों के क्रम से एक्कीस रथों तक वृद्धि की जाती है।

एवमोजा दश समव्यूहप्रकृतयो भवन्ति ।

१६. अयुग्म में दश समव्यूह प्रकृतियां बनती है।

पक्षकक्षोरस्यानां मिथो विषमसंख्याने विषमव्यूहः ।

१७. पक्ष, कक्ष और उर में परस्पर विषम रथ संख्या होने पर विषम व्यूह बनता है।

तस्यापि द्विरथोत्तरा वृद्धिराएकविंशतिरथादिति ।

१८. उसमें भी दो रथों की क्रमिक वृद्धि एक्कीस रथों तक की जाती है।

एवमोजा दश विषमव्यूहप्रकृतयो भवन्ति ।

१९. इस प्रकार अयुग्म में दशविषम व्यूह प्रकृतियाँ बनतो है।

अतः सैन्यानां व्यूहशेषमावापः कार्यः ।

२०. इस व्यूहन से शेष सेना को व्यूहों में पुनः प्रक्षिप्त करे।

रथानां द्वौ त्रिभागावङ्गेष्वावापयेत्, शेषमुरस्यं स्थापयेत् ।

२१. शेष दो तिहाई रथ पक्ष-कक्षादि अंगों में तथा एक तिहाई मध्य भाग में प्रक्षिप्त करे।

एवं त्रिभागोनो रथानामावापः कार्यः ।

२२. इस प्रकार एक प्रकार एक तिहाई से न्यून रथों का प्रक्षेप किया जाय।

तेन हस्तिनामश्वानामावापो व्याख्यातः ।

२३. इसी प्रकार से हाथियों और अश्वों का प्रक्षेप व्याख्यायित हो गया।

पाठभेद :

'द्विरथोत्तरावृद्धिरा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'द्विरथो वृद्धिर' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१६. (१) ओजा : विषम—ताख संख्या जैसे ३, ५, ७। द्र० २:३:६:, १०:५:१९,५०, गण० ३:१२९ १३६।

पाठभेद

'रस्यानांमिथोविषम' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'रस्यानामतोविषम' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

विषम व्यूह।

१७. (१) मिथ : परस्पर, अन्योन्य, सहकारी द्र० ५:४:१२।

पादटिप्पणी :

१८ (१) द्विरथोत्तरा : उत्तरोत्तर दो रथों की वृद्धि।

पादटिप्पणी :

२०. (१) आवाप : निवेशन, फिर करना। द्र० १०:५:२५।

यावदश्वरथद्विपानां युद्ध[1]संबाधनं न कुर्यात्तावदावापः कार्यः ।

२४. जब तक अश्वों, रथों और गजों का प्रक्षेप युद्ध संमर्द न उत्पन्न करे तब तक प्रक्षेप किया जाय ।

दण्डबाहुल्यमावा[1]पः ।

२५. अतिरिक्त बल प्रक्षेप द्वारा व्यूह बल वृद्धि करना आवाप है ।

पत्तिबाहु[1]ल्यं प्रत्या[2]वापः ।

२६. इस प्रकार के प्रक्षेप से पदाति बल वर्धन प्रत्यावाप है ।

एकाङ्ग[1]बाहुल्यमन्वा[2]वापः ।

२७. अश्व, रथ एवं हाथी में किसी एक द्वारा वृद्धि अन्वावाप है ।

दूष्यबाहुल्यमत्या[1]वापः ।

२८. दूष्यों द्वारा सेना वृद्धि अत्यावाप है ।

परावापा[1]त् प्रत्या[2]वापाच्चा चतुर्गुणादाऽष्टगुणादिति वा विभ[3]वतः सैन्यानामावापः कार्यः ।

२९. शत्रु के आवाप और प्रत्यावाप की अपेक्षा चौगुने से लेकर अठगुना तक अथवा विभवानुसार सेना का आवाप करे ।

पाठभेद

'युद्धसंबाधनं' का तंजौर तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'युद्ध संबाधं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) संवाधन : भीड़ करना, अवरुद्ध करना, बाधा डालना ।

पादटिप्पणी :

२५ (१) आवाप : निवेश । द्र० १०:५:२० ।

पाठभेद :

'पत्तिबाहुल्यं' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रति- में 'पत्तबाहुल्यं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) बाहुल्य : ज्यादती, इफरात ।

(२) प्रत्यावाप : गण० ३:१३० ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) एकाङ्ग : एक ही प्रकार का हथियार या किसी एक अंग की सेना ।

(२) अन्वावाप : अन्तर्निवेश । गण० ३:१३० ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) अत्यावाप : विश्वासघातियों का निवेश, बहुलता । द्र० ९:२:२, ५, गण० ३:५१,५३ १३० ।

पाठभेद

'परावापात्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'परवापात्' तथा 'आच्चाचतु' का 'आ च चतु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२९ (१) परावाप : शत्रु का निवेश । गण०

(२) प्रत्यावाप : केवल पैदल सेना का निवेश या मिलाना ।

(३) विभव : शक्ति ।

रथव्यूहेन[1] हस्तिव्यूहो[2] व्याख्यातः ।

३०. रथ व्यूह द्वारा हस्ति व्यूह की व्याख्या सम्पन्न हो गयी ।

व्यामिश्रो[1] वा हस्तिरथाश्वानाम् चक्रान्तेषु[2] हस्तिनः पार्श्वयोरश्वा रथा उरस्ये ।

३१. अथवा हाथी, रथ और अश्व का व्यामिश्र (संयुक्त) व्यूहन किया जाय चक्रान्त में हाथियों को पार्श्वों में अश्वों को और मध्य में रथों को स्थापित करे ।

हस्तिनामुरस्यं रथानां कक्षावश्वानां पक्षाविति मध्यभेदी[1] ।

३२. हाथियों को मध्य में, रथों को कक्षो में और अश्वों को पक्षों में स्थापित करना मध्यभेदी कहा जाता है ।

विपरीतोऽन्तभेदी ।

३३. इसके विपरीत व्यूहरचना अन्तभेदी होती है ।

हस्तिनामेव तु शुद्धः[1]—सांनाह्यानाम्[2]उरस्यम्[3] औपवाह्यानां[4] जघनं[5] व्यालानां कोट्याविति[6] ।

३४. हाथियों की ही व्यूहरचना शुद्धव्यूह कहा जाता है—युद्धोपयोगी हाथो मध्य भाग में सवारी योग्य हाथी पिछले भाग में और व्याल (दुष्ट) हाथी अगले भाग के किनारों पर रखे जाँय ।

पादटिप्पणी :

हस्ति व्यूह रचना ।

३०. (१) रथव्यूह : द्र० १०:५:१३ ।

(२) हस्तिव्यूह : गण० ३:१३१ ।

पाठभेद

'चक्रान्तेषु' का न्याय चन्द्रिका तथा श्रीमूल में चक्रान्तयोर्' तथा 'अश्वा रथा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अश्वामुख्या रथा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) व्यामिश्र : द्र० ९:७:१७, गण० ३:१३७, ।

(२) चक्रान्तेषु : सेनाके अन्त में ।

पाठभेद

'हस्तिनामुरस्यं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'उरस्यहस्तिनाम्' पाठ भेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) मध्यभेद : केन्द्र या मध्य से अलग सेना । द्र० ३:१३१ ।

पाठभेद :

'ऽन्तभेदी' का न्याय चन्द्रिका तथा श्रीमूल में 'न्तर्भेदी' पाठ भेद मिलता है ।

पाठभेद :

'औपवाह्यानां' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अपवाह्यानां' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'अपावाह्यानां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) शुद्ध : शुद्ध व्यूह । गण० ३:१३१ ।

(२) सांनाह्य : द्र० २:५:४२, २:२३:२९, २:३०:३०,३१ ।

(३) उर : केन्द्र या मध्य ।

(४) औपवाह्य : गण० ३:१३१ ।

(५) जघन : सेना का पिछला भाग ।

(६) कोट्या : शिरा या अगले दोनों भाग ।

अश्व[1]व्यूहो—वर्मिणामुर[2]स्यं शुद्धानां कक्ष[3]पक्षा[4]विति ।

३५. अश्वव्यूह रचना में कवच युक्त अश्व मध्य भाग में कवच रहित अश्व कक्ष और पक्ष में रखे जाँय ।

पत्तिव्यूह[1]ः—पुरस्तादावरणिनः पृष्ठतो धन्विन[2]ः ।

३६. पत्ति व्यूह रचना सामने दोनों किनारों पर कवच युक्त सैनिक और पीछे दोनों ओर धनुर्धारी सैनिक रखे जांय ।

इति शुद्धाः ।

३७. शुद्ध व्यूह रचना समाप्त ।

पत्तयः पक्षयोरश्वाः पार्श्वयोः हस्तिनः पृष्ठतो रथाः पुरस्ता[1]त्परव्यूहवशेन वा विप[2]र्यासः ।

३८. पदाति सैनिक दोनों पक्षों में अश्व दोनों पार्श्वों में हाथी पीछे और रथ सामने की ओर रखे जाँय अथवा शत्रु के व्यूह रचना को ध्यान में रखकर, इसमें व्यतिक्रम किया जाय ।

इति ह्यङ्गबल[1]विभागः ।

३९. अंग वल विभाग (सेना के दो अंगो द्वारा व्यूह रचना) समाप्त ।

तेन त्र्यंगबलविभागो व्याख्यातः ।

४०. इस प्रकार से सेना के तीन अंगों द्वारा बल व्यूह रचना की व्याख्या हो गयी ।

दण्ड[1]संपत् सार[2]बलं पुंसाम् ।

४१. परम्परागत पदाति सेना सारबल है ।

पादटिप्पणी :

३५. (१) अश्व व्यूह : गण० ३:२३२ ।

(२) उर : केन्द्र या मध्य ।

(३) कक्ष : पार्श्व या दायाँ या बायाँ पक्ष ।

(४) पक्ष : सेना का विंग ।

पादटिप्पणी :

३६. (१) पत्ति व्यूह : गण० ३:१३२ ।

(२) धन्विनः : धनुषधारी ।

पादटिप्पणो :

३८. (१) पुरस्तात् : आगे या अग्रभाग ।

(२) विपर्यास : परिवर्तन, व्यतिक्रम, वैपरीत्य ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) अंगबल विभाग : सेना के दोनों बाहुओं की व्यवस्था । गण० ३:१४२ ।

पादटिप्पणी :

४०. (१) त्र्यंग : सेना के तीनों भाग । गण० ३:१३२ ।

पादटिप्पणी :

४१. (१) दण्ड सम्पत : गण० ३:१३२ ।

(२) सारबल : श्रेष्ठ सेना । द्र० ५:६:५६, गण० २:२१, ३:१३२ ।

हस्त्यश्वयोर्विशेषः कुलं जातिः सत्त्वं[1] वयः[2]स्थता प्राणो[3] वर्ष्म[4] जव[5]स्तेज[6] शिल्पं[7] स्थैर्य[8]मुदग्रता विधेयत्वं सुव्यञ्जनाचारतेति ।

४२. हाथी और अश्वों में कुल, जाति, सत्त्व, वयःस्थता, प्राण, वर्ष्म, जव, तेज, शिल्प, स्थैर्य, उदग्रता, विधेयत्व और सुव्यंजनाचारता विशेष गुण माने जाते हैं अर्थात् इन गुणों से युक्त हाथी घोड़े सारबल हैं ।

पत्त्यश्वरथद्विपानां सारत्रिभागंमुरस्यं स्थापयेत् द्वौ त्रिभागौ कक्षं पक्षं चोभयतः, अनुलोमे[1]मनुसारम्, प्रति[2]लोमं तृतीयसारम्, फल्गुप्रतिलोमम् ।

४३. पदाति, अश्व, रथ एवं हाथियों के सारबल का एक तिहाई मध्य भाग में, दो तिहाई कक्ष और पक्ष में अनुसारबल सारबल के पीछे तृतीय सारबल, सारबल के आगे और फल्गु बल के आगे स्थापित करे ।

एवं सर्वमुपयोगं गमयेत् ।

४४. इस प्रकार सब प्रकार के बल का समुचित उपयोग करे ।

फल्गुबलमन्तेष्वंवधाय वेगाभिहू[2]लिको भवति ।

४५. अन्त में (पक्षादि के अग्रभाग में) स्थापित फल्गुबल शत्रु बल वेग का आहूति बनता है अथवा शत्रु बलवेग शान्त करता है ।

पाठभेद :

'वर्ष्मजवस्' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वर्षजवस्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४२. (१) सत्वम् : प्रकृति, स्वभाव ।

(२) वयस्थता : जवानी ।

(३) प्राण : वीर्य ।

(४) वर्ष्म : ऊँचाई ।

(५) जव : वेग ।

(६) तेज : उत्साह ।

(७) शिल्प : शिक्षा ।

(८) स्थैर्य : स्थिरता ।

(९) उदग्र : उभड़ा, उन्नत, विशाल । गण० ३:१३५ ।

(१०) विधेयत्वम् : आज्ञानुसार । गण० ३:१३२ ।

(११) सुव्यंजना : शुभ लक्षण ।

पाठभेद :

'तृतीयासारम् फल्गु' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तृतीयासारफल्गु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४३. (१) अनुलोम : ऊपर से नीचे की ओर आने वाला । द्र० ७:१८:४, गण० १३९ ।

(२) प्रतिलोम : विपरीत, उल्टा या जिसकी उत्पत्ति उच्च वर्ण की स्त्री और हीन वर्ण के पुरुष से हुई हो । द्र० ८:१:१३, ९:७:५२ ।

पाठभेद :

'वेगाभिहूलिको' का तंजौर में 'वेगाभिहूलितो' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वेगाभिहूतो' न्यायचन्द्रिका में 'वेगोभिहुतो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४५. (१) फल्गु : दुर्बल सेना । द्र० ५:१:२१, ३९,५४ ।

(२) अभिहूलित : पराजित करना ।

सारबलमग्रतः कृत्वा कोटीष्वनुसारं कुर्यात्, जघने तृतीयसारं, मध्ये-फल्गुबलम् ।

४६. सार बल आगे करके किनारों पर अनुसार बल, कक्षों में तृतीय सारबल और मध्य में फल्गु बल स्थापित करे ।

एवमेतत्सहिष्णु भवति ।

४७. इस प्रकार यह व्यूह शत्रु बल वेग सहने में समर्थ होता है।

व्यूहं तु स्थापयित्वा पक्षकक्षोरस्यानामेकेन द्वाभ्यां वा प्रहरेत्, शेषैः प्रतिगृह्णीयात् ।

४८. व्यूह रचना करके पक्ष, कक्ष और उर बल में किसी एक या दो के द्वारा शत्रु प्रहार रोके।

यत्परस्य दुर्बलं वीतहस्त्यश्वं दूष्यामात्यं कृतोपजापं वा तत्प्रभूतसारेणा-भिहन्यात् ।

४९. शत्रु का जो बल दुर्बल, हो अश्व-गजरहित दूष्य-अमात्य युक्त तथा भेदवाली (उपजाप-युक्त) हो उसे प्रचुर सारबल द्वारा नष्ट करे।

यद्वा परस्यसारिष्ठं तद्द्विगुणसारेणाभिहन्यात् ।

५०. शत्रु का जो उत्तम सारबल हो उसे दूने सारबल द्वारा विनष्ट करे।

यदङ्गमल्पसारमात्मनस्तद्बहुनोपचिनुयात् ।

५१. अपना जो अंग (पदाति आदि) अल्पसार हो उसे प्रचुर अंग से वर्धित करें।

पादटिप्पणी :

४६. (१) कोटि : सिरा, किनारा।

पादटिप्पणी :

४७. (१) सहिष्णु : सहन करने योग्य, प्रतिरोध करने योग्य।

पाठभेद :

'प्रहरेतशेषैः' देवनागरी अनुप्रतिलिपि में छूट गया है।

पाददिप्पणी :

४८. (१) प्रतिगृह्णीयात् : सहायता, आक्रमण रोकना भी अर्थ किया गया है। द्र० ३:१४:३६, ७:१७:३, १२:४:२९, १३:३:४६।

पाठ भेद :

'यत्परस्य' का तंजौर में 'यात्परस्य' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'यस्य परस्य' तथा 'वीतहस्त्यश्वं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वीतं हस्त्यश्वं' तथा 'दूष्यामात्यंकृतो' का 'दूष्यामात्यकृतो' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

५०. (१) सारिष्ठ : अति बली या बलशाली।

यतः परस्यापचयस्ततोऽस्याशे व्यूहेत, यतो वा भयं स्यात् ।

५२. जिस ओर शत्रु बल का अपचय (दौर्बल्य) हो, उसके निकट अथवा जहाँ से भय हो, बलव्यूहन करे।

अभिसृतं[1] परिसृतं[2]मतिसृतं[3]मपसृत[4]मुन्मथ्या[5]वधानं बलयो[6] गोमूत्रिका[7]मण्डलं[8]-प्रकीर्णिका[9] व्यावृ[10]त्तपृष्ठमनुवंशमग्रतः पार्श्वाभ्यां पृष्ठतो भग्नं[11]रक्षा भग्नानुपात इत्यश्वयुद्धानि ।

५३. अभिसृत, परिसृत, अतिसृत, अपसृत, उन्मथ्य-अवधान, वलय, गोमूत्रिका, मण्डल, प्रकीर्णिका; व्यावृत्तपृष्ठ, अनुवंश, आगे, पार्श्वों एवं पीछे से भग्न रक्षा तथा भग्नानुपात ये अश्व युद्ध हैं।

प्रकीर्णिका[1]वर्जान्येतान्येव चतुर्णा[2]मङ्गानां व्यस्तसमस्तानां वा घातः, पक्षकक्षोरस्यानां च प्रभ[3]ञ्जनमवस्कन्दः सौप्तिकं[4] चेति हस्तियुद्धानि ।

५४. प्रकीर्णिका के अतिरिक्त अन्य अश्व युद्ध, व्यस्त अथवा समस्त रूप से सेना के चारों अंगों का नाश करना, पक्ष, कक्ष एवं उर बल का प्रभंजन, अवस्कन्दन तथा सौप्तिक हस्तियुद्ध हैं।

पाठभेद :

'अनुवंशमग्रतः' का देवनागरी अनुलिपिमें 'अनुवंशगतः' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

५३. (१) अभिसृत : सहायता करने के लिये आगे आना। द्र० ९:३:६१, गण० ३:८७:१९५।

(२) परिसृतः : चारों ओर घेरना। गण० ३:१३५।

(३) अतिसृतः : सेना को बाहर से घेरना या सेना में घुसना। गण० ३:१३५।

(४) अपसृत : पीछे से जाना या उस मार्ग से पुनः दुबारा निकलना।

(५) उन्मथ्या : सेना को पुनः एकत्रित करना।

(६) बल : गण० ३:१३५, १३९।

(७) गोमूत्रिका : वक्र गति या टेढ़ी मेढ़ी चाल। गण० ३:१३१, १३९, २१५।

(८) मण्डल : चारों ओर से घेरना। गण० ३:१३५, १३६, १३९, द्र० २:१९:१३।

(९) प्रकीर्णिका : गण० ३:१३५।

(१०) व्यावृत्त : गण० ३:१३५।

(११) अनुवंश : अनुवर्तन कर।

(१२) भग्नरक्षा : भग्नानुपात। गण० ३:१३५

पादटिप्पणी :

५४. (१) प्रकीर्णिका : बिखरा हुआ या फैलाया हुआ।

(२) चतुर्णामङ्गना : सेना का चारों ओर से आकस्मिक आक्रमण।

(३) अवस्कन्द : गण० ३:१३५।

(४) सौप्तिकम् : शत्रु सेना पर रात में आक्रमण करना जब वह सोयी हो। द्र० १०:३:२०, गण० ३:१३५।

उन्मथ्या[1]वधान[2]वर्जान्येतान्येव स्वभूमावभियानापयानस्थित[3]युद्धानीति रथयुद्धानि ।

५५. उन्मथ्य अवधान के अतिरिक्त सब हस्तियुद्ध, स्वभूमिस्थ होकर शत्रु पर अभियान शत्रुबल अभिभूत कर अपयान (वापस आना) तथा स्थित युद्ध रथ युद्ध, हैं ।

सर्वदेशकालप्रहरणमुपांशुदण्डश्चेति पत्तियुद्धानि ।

५६. सब प्रकार के देश-काल में प्रहार करना (या अस्त्र-शस्त्र धारण करना) ओर उपांशु-दण्ड (गुप्त रूप से शत्रु नाश करना) पदातियुद्ध हैं ।

एतेन विधिना व्यूहानोजान्[1] युग्मांश्च[2] कारयेत् । विभवो यावदङ्गानां चतुर्णांसदृशो[3] भवेत् ।

५७. सेना के चारो अंगों का जितना वैभव (संख्याबल) हो, तदनुसार उक्त विधि से ओज और युग्म व्यूहों की रचना (विजिगीषु) करे ।

द्वे शते धनुषां गत्वा राजा तिष्ठेत्प्रतिग्रहे ।
भिन्नं संघातनं तस्मान्न युध्येताप्रतिग्रहः ॥

५८. राजा व्यूह स्थान से दो सौ धनुष सेना से पीछे जाकर, स्थित हो, इस प्रकार भिन्न सेना का एकीकरण हो सकता हैं, बिना सेना के पीछे स्थान ग्रहण किये युद्ध न करे ।

पादटिप्पणी :

५५. (१) उन्मथ्या : द्र० १०:५:४३, गण० ३:१३५ ।

(२) अवधान : एक साथ रखना द्र० १०:५:२३ ।

(३) स्थितयुद्ध : स्थिर या निश्चल युद्ध । गण० ३:१३५ ।

पादटिप्पणी :

५६. पत्तियुद्ध : पैदल सेना का युद्ध । गण० ३:१३६ ।

पादटिप्पणी :

५७. (१) ओज : द्र० १०:५:१६ ।

(२) युग्म : सम या जूस ।

(३) सदृश : युक्त योग्य ।

पाठभेद :

'तिष्ठेत्प्रतिग्रहे' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तिष्ठेत्प्रतिग्रहः' पाठभेद मिलता है ।

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे पक्षकक्षोरस्यानां बलाग्रतो व्यूहविभागः सारफल्गुबलविभागः पत्त्यश्वरथहस्तियुद्धानि पञ्चमोऽध्यायः ।

आदितः त्रयस्त्रिंशच्छततमः ।

दशम अधिकरण सांग्रामिक में पक्ष, कक्ष एवं उर बल का सेना के आगे व्यूह विभाग, सार-फल्गु बल विभाग, पत्ति, अश्व, रथ, हस्तियुद्ध सम्बद्ध पंचम अध्याय समाप्त ।

आदि से एक सौ तैंतीसवा अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे पंचमोऽध्यायः पक्षकक्षोरस्यानां बलाग्रतो व्यूहविभागः सारबल्गुवलविभागः पत्त्यश्वरथहस्ति युद्धानि च । आदितस्त्रयस्त्रिंशच्छततमः ।

मैसूर संस्करणमें—

इति सांग्रामिके पक्षकक्षोरस्यानां बलाग्रतो व्यूहविभागः सारफल्गुविभागः पत्त्यश्वरथहस्ति युद्धानि च पंचमोऽध्यायः आदित स्मयस्त्रिंशच्छतमः ।

बसाक संस्करणभें—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे पंचमोऽध्यायः पक्षकक्षोरस्यानां बलाग्रतो व्यूहविभागः सारफलल्गुबलविभागापत्त्यश्वरथहस्तियुद्धानि च आदितस्त्रयस्त्रिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करणमें—

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे पक्षकक्षोरस्यानां बलाग्रतो व्यूहविभागः सारफल्गुबलविभागः, पत्त्यश्वरथ हस्ति युद्धानि च पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

आदितस्त्रयस्त्रिंशदधिक शततमोऽध्यायः ॥१३३॥

अध्याय ६

[अष्टपञ्चाशच्छततमं प्रकरणम्—दण्डभोगमण्डलासंहतव्यूहव्यूहनम्; एकोनषष्टितमं प्रकरणम्—तस्य प्रतिव्यूहस्थापनम्]

एक सौ अट्ठावनवाँ प्रकरण—दण्ड-भोग-मण्डल-असंहतव्यूहव्यूहन

एक सौ उन्सठवां प्रकरण—प्रतिव्यूहस्थापना

पक्षौवुरस्यं[2] प्रतिग्रह[3] इत्यौशनसो व्यूहविभागः ।

१. दो पक्ष उरस्य एवं प्रतिग्रह ये व्यूह विभाग उशना (शुक्र) के हैं।

पक्षौ[1] कक्षौ[2]वुरस्यं[3] प्रतिग्रह[4] इति बार्हस्पत्यः ।

२. दो पक्ष, दो कक्ष, उरस्य एवं प्रतिग्रह—ये बृहस्पति के व्यूह विभाग हैं।

प्रपक्षकक्षोरस्याः उभयो:दण्ड[1]भोग[2]मण्डला[3]संहता[4], प्रकृतिव्यूहाः ।

३. दोनों आचार्यों के मत पक्ष, कक्ष एवं उरस्य व्यूह के दण्ड, भोग, मण्डल एवं असंहत भेद से चार प्रकार के प्रकृतिव्यूह होते हैं।

प्रकरण १५८, सूत्र १-४१६।

प्रकरण १५९, सूत्र ४२-४४।

शेष प्रकरण, सूत्र ४४-४८।

सूत्र ४१, ४२ के अधिकरण १५ सूत्र ४२-४४ में अनुभाग का उदाहरण उद्धृत किया गया है।

पाठभेद :

'प्रतिग्रह इत्यौनसो व्यूहविभागः' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रतिबृत्तिर्भोगः पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१. (१) पक्ष : सेना के अगले दोनों विंग। १०:५:८,।

(२) उर : सेना का मध्य भाग या केन्द्र। १०:५:८।

(३) प्रतिग्रह : सुरक्षित सेना या सेना का पृष्ठ भाग या आरक्षित या रक्षित या रिजर्व सेना।

पादटिप्पणी :

२. (१) पक्ष : सेना दोनों विंग या पार्श्व। द्र० १०:५:८, १०:६:१।

(२) कक्ष : सेना का दाहिना या बायाँ पक्ष। द्र० १०:५:८, १७।

(३) उर : मध्यमभाग या केन्द्र। १०:५:८।

(४) प्रतिग्रह : सुरक्षित रिजर्व सेना। १०:६:१।

पादटिप्पणी :

३. (१) दण्ड व्यूह : द्र० १०:३:५३।

(२) भोग व्यूह : द्र० १०:६:५, २४।

(३) मण्डलव्यूह : द्र० १०:३:५३।

(४) असंहत : असंयुक्त बिखरा हुआ, एक प्रकार की व्यूह रचना। द्र० १:६:७, १०:३:५३, ३:१३७, १४० :

(५) प्रकृति व्यूह : गण ३:१३७।

तत्र तिर्यग्वृत्ति[1]र्दण्डः[2] ।

४. तिर्यक् वृत्ति दण्डव्यूह होता है।

समस्तानामन्वावृत्ति[1]र्भोगः[2] ।

५. समस्त व्यूहों की अन्वावृत्ति भोगव्यूह है।

सरतां[1] सर्वतोवृत्ति[2]र्मण्डलः[3] ।

६. शत्रु के अभिमुख सब ओर से चलना (सर्वतोवृत्ति) मण्डलव्यूह है।

स्थितानां पृथगनीक[1]वृत्तिरसंहतः ।

७. स्थित सेना का पृथक् सैन्य वृत्ति, असंहत-व्यूह है।

पक्षकक्षोरस्यैः समं वर्तमानो दण्डः[1] ।

८. पक्ष, कक्ष, एवं उरस्य सेनाओं के समभाग के साथ स्थान गमनादि करना दण्ड व्यूह है।

संकक्षातिक्रान्तः प्रदरः[1] ।

९. कक्षों की ओर से शत्रु के अभिमुख आक्रमण प्रदर नामक दण्ड व्यूह होता है।

पादटिप्पणी :

४. दण्डव्यूह : द्र० १०:३:५३, गण० ३:१३०

(२) तिर्यग्वृत्ति : तिरछा या स्वस्तिक के समान। द्र० १०:६:८, गण ३:१३७।

पाठभेद :

'मन्वावृत्तिर' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मन्वाद्रित्तिर' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

५. (१) अन्वावृत्ति : एक के पीछे दूसरी का चलना। गण० ३:१३७।

(२) भोग : द्र० १०:६:३, २४ गण० ३:१३७ १३९, २१०।

पाठभेद :

'सरतां' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सुकरां' पाठ भेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

मण्डलव्यूह—

६. (१) सरतां : चलना, शत्रु सैन्याभिमुख जाना।

(२) सर्वतोवृत्ति : सब ओर परिचालन। गण० ३:१३७।

(३) मण्डल : द्र० १०:६:३०, १०:३:५३, गण० ३:१३७, १३९, २:१९:१३।

पादटिप्पणी :

७. (१) अनीक : सेना, सैन्यपंक्ति।

पादटिप्पणी :

दण्ड व्यूह १८ प्रकार के होते हैं।

८. (१) दण्डव्यूह : द्र० १०:३:५३, १०:६:३४ गण० ३:१३९।

पाठभेद :

'सकक्षातिक्रान्तः' का श्रीमूलमें 'कक्षाभिक्रान्तः' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

प्रदर व्यूह—

९. (१) प्रदर : सेना का तितर बितर होना। गण० ३:१३८, १४१।

स एव पक्षकक्षाभ्याप्रतिक्रान्तो दृढकः ।

१०. पक्ष-कक्ष की ओर से शत्रु पर आक्रमण दृढक नामक दण्डव्यूह भेद होता है ।

स एवातिक्रान्तः पक्षाभ्यामसह्यः ।

११. पक्षों से शत्रु पक्ष में अतिक्रान्त दृढक व्यूह, असह्यव्यूह नामक भेद बनता है ।

पक्षाववस्थाप्योरस्यातिक्रान्तः श्येनः ।

१२. पक्षों को स्थापित कर उरस्य द्वारा शत्रु बल पर आक्रमण श्येनव्यूह होता है ।

विपर्यये चापं चापकुक्षिः प्रतिष्ठः सुप्रतिष्ठश्च ।

१३. पूर्वोक्त चारों व्यूहों के विपरीत आक्रमण क्रमशः चाप, चापपकुक्षि, प्रतिष्ठ एवं सुप्रतिष्ठ व्यूह कहे जाते हैं ।

चापपक्षः संजयः ।

१४. चाप तुल्य पक्ष वाला व्यूह संजयव्यूह होता है ।

स एवोरस्यातिक्रान्तो विजयः ।

१५. उरस्य द्वारा शत्रु बल से प्रवेश कर आक्रमण विजयव्यूह होता है ।

पाठभेद :

'पक्षकक्षाभ्यां' का न्यायचन्द्रिका तथा श्रीमूल में 'पक्षाभ्यां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) दृढक : गण० ३:१३८, १४२, कामन्द० २०:४५ ।

पाठभेद :

'एवातिकान्तः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'एव निष्क्रान्तः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

असह्य व्यूह—

११. (१) असह्य : गण० २:१३८, १४१ ।

पाठभेद :

'रस्यातिक्रान्तः' का न्याय चन्द्रिका तथा श्रीमूल में 'रस्याभिक्रान्तः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

श्येन व्यूह—

१२. (१) श्येन : गण० ३:१३८, १४१ ।

पादटिप्पणी :

चाप, चापकुक्षि, प्रतिष्ठ, अप्रतिष्ठ व्यूह—

१३. (१) चाप : गण० ३:१३८, १४१,

(२) चापकुक्षि : गण० ३:१३८,

(३) प्रतिष्ठ : गण० ३:१३८, १४१,

(४) सुप्रतिष्ठ : गण० ३:१३८, १४१,

पादटिप्पणी :

संजय व्यूह—

१४. संजय : गण० ३:१३८, १४१, कामन्दक० २०:४६ ।

पादटिप्पणी :

विजयव्यूह—

१५. विजय : गण० ३:१३८, १४१ ।

स्थूलकर्णपक्षः स्थूणाकर्णः ।

१६. स्थूल कर्ण तुल्य पक्षवाला व्यूह स्थूलकर्ण व्यूह होता हैं ।

द्विगुणपक्षस्थूणो विशालविजयः ।

१७. विजयापेक्षा पक्ष में दूना स्थूल विशाल विजय व्यूह होता है ।

त्र्यभिक्रान्तपक्षश्चमूमुखः ।

१८. कक्षादि तीनों के समान पक्ष वाला चमूमुख व्यूह होता है ।

विपर्यये झषास्यः ।

१९. उसके विपरीत झषास्य व्यूह होता है ।

ऊर्ध्वराजिर्दण्डः सूची ।

२०. जिसमें ऊपर की ओर शत्रु बल के अभिमुख होकर सेना श्रेणी आक्रमण शील हो वह दण्डव्यूह सूची व्यूह होता है ।

पाठभेद :

'स्थूलाकर्णः' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'स्थूलः कर्ण' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

स्थूलकर्णव्यूह—

१६. (१) स्थूलकर्ण : गण० ३:१३८, १४१ ।

पाठभेद :

'पक्षस्थूणो' का श्रीमूल में 'पक्षस्थूलो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

विशाल विजय व्यूह—

१७. (१) विशालविजय : गण० ३:१३८, १४१ ।

पाठभेद :

'त्र्यभिक्रान्त' का तंजौर में 'व्यभिक्रान्त' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'त्वभिक्रान्त' पाठभेद मिलता है

पादटिप्पणी :

चमूमुख व्यूह—

१८. (१) चमूमुख : गणः ३:१३९ ।

पादटिप्पणी :

झषास्य व्यूह—

१९. (१) झषास्य : गण० ३:१३९ ।

पाठभेद :

'ऊर्ध्वराजिर' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'ऊर्ध्वा राजिर' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

सूचीव्यूह—

२०. (१) सूची : गण० ३:१३९ ।

द्वौ दण्डौ वलयः[1] ।

२१. पक्षादि स्थानों पर तिरछे दो दण्डों का व्यूहन वलय व्यूह होता है।

चत्वारो दुर्जयः[1] ।

२२. चार दण्डों का तिर्यक् व्यूहन दुर्जय व्यूह होता है।

इति दण्डव्यूहाः ।

२३. दण्ड व्यूह समाप्त।

पक्षकक्षोरस्यैर्विषयं वर्तमानो भोगः[1] ।

२४. पक्ष, कक्ष एवं उरस्य द्वारा विषम संख्या में व्यूहन, भोग व्यूह होता है।

सा सर्पसारी गोमूत्रिका वा ।

२५. वह सर्प सारी अथवा गोमूत्रिकानुसार दो भेद वाला होता है।

स युग्मोरस्यो[1] दण्डपक्षः शकटः[2] ।

२६. दो प्रकार से विभक्त दण्डबृति पक्षों वाला भोग, शकट व्यूह होता है।

विपर्यये मकरः[1] ।

२७. उसके विपरीत मकरव्यूह होता है।

हस्त्यश्वरथैर्व्यतिकीर्णः शकटः परिपतन्तकः[1] ।

२८. हाथी, अश्व एवं रथों से युक्त शकट व्यूह, परिपतन्तक व्यूह होता है।

पादटिप्पणी :

वलय व्यूह—

२१. (१) वलय : गण० ३:१३५, १३९, १०:५:५३।

पादटिप्पणी :

दुर्जय व्यूह—

२२. (१) दुर्जय : गण० ३:१३९, २४१।

पादटिप्पणी :

भोग व्यूह पाँच प्रकार के होते हैं।

२४. (१) भोगव्यूह : गण० ३:१४१।

पादटिप्पणी :

सपंसारी व्यूह, गोमूत्रिका व्यूह—

२५. (१) सर्पसारी : गण० ३:१३९, कामन्दक २०:४८।

(२) गोमूत्रिका : गण० ३:१३५, १३९, २१५ द्र० १०:५:५३।

पादटिप्पणी :

शकट व्यूह—

२६. (१) युग्मोरस्य : द्र० १०५:५७, गण० ३:१३९, कामन्दक २०:४९।

(२) शकट : गण० ३:१३४, द्र० १०:३:२७।

पादटिप्पणी :

मकर व्यूह—

२७. मकर : गण० ४:१३८, १३९।

पादटिप्पणी :

परितन्तक व्यूह—

२८. (१) परिपतन्तक : गण० ३:१३९, १४१।

इति भोगव्यूहाः ।

२९. भोगव्यूह समाप्त ।

पक्षकक्षोरस्यानामेकीभावे मण्डलः ।

३०. पक्ष, कक्ष एवं उरस्य का एकीभाव मण्डल व्यूह होता है ।

स सर्वतोमुखः सर्वतोभद्रः ।

३१. वह सबओर से शत्रु बलाभिमुख हो तो सर्वतोभद्र व्यूह होता है ।

अष्टानीको दुर्जयः ।

३२. (दो उरस्य, चार पक्ष एवं दो कक्ष) आठ विभाग वाला व्यूह दुर्जय व्यूह होता है ।

इति मण्डलव्यूहाः ।

३३. मण्डल व्यूह समाप्त ।

पक्षकक्षोरस्यानामसंहतादसंहतः ।

३४. पक्ष, कक्ष एवं उरस्य सेना के शत्रु के ऊपर अभियान में असंहत रहने के कारण असंहत व्यूह होता है ।

स पञ्चानीकानामाकृतिस्थापनाद्वज्रो गोधा वा ।

३५. कक्षादि पांचों अनीकों की आकृति के अनुसार स्थापना के कारण वज्र अथवा गोधा व्यूह बनता है ।

भेदपाठ :

'मण्डलः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मण्डलं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

मंण्डल व्यूह दो प्रकार का होता है ।

३०. (१) मण्डलव्यूह : द्र० २:१९:१३, गण० ३:१३९ ।

पादटिप्पणो :

३१. (१) सर्वतोमुख : एक प्रकार का मण्डल व्यूह होता है । गण० ३:१३९ ।

(२) सर्वतीभद्त : गण० ३:१०८, १३९, १४१

पादटिप्पणी :

दुर्जय व्यूह—

३२. (१) दुर्जय : अष्टनीक का दूसरा नाम दुर्जय है । द्र० १०:६:२२, गण० ३:१३९, १४१, कामन्दक २०:५० ।

पादटिप्पणी :

असंहत व्यूह ६ प्रकार का होता है ।

३४ (१) असंहत : न जुड़ा हुआ, असंयुक्त, बिखरा हुआ । गण० ३;१३७, १४० ।

पादटिप्पणी :

३५. (१) वज्रव्यूह : गण० ३:१:८, १४०, २२५, द्र० ७:१२:१४ ।

(२) गोधा व्यूह : गण० ३:१४० ।

चतुर्णामुद्धानकः काकपदी वा ।

३६. (दो पक्ष, उरस्य एवं प्रतिग्रह) चारों अंगों की आकृति स्थापना उद्धानक अथवा काकपदी कहा जाता है।

त्रयाणामर्धचन्द्रकः कर्कटकशृङ्गी वा ।

३७. दो पक्ष उरस्य या प्रतिग्रह तीनों की आकृति स्थापना अर्ध चन्द्रक अथवा कर्कटक ऋंगी होता है।

इत्यसंहतव्यूहाः ।

३८. असंहत व्यूह समाप्त ।

रथोरस्यो हस्तिकक्षोऽश्वपृष्ठोऽरिष्टः ।

३९. जहाँ उरस्य में रथ दोनों कक्षों में हाथी एवं पीछे अश्व हों वह अरिष्ट व्यूह है।

पत्तयोऽश्वा रथा हस्तिनश्चानुपृष्ठमचलः ।

४०. जहाँ पक्षों में पदाति, उरस्य में अश्व, कक्षों में रथ, पीछे हाथी, हों वह अचल व्यूह होता है।

हस्तिनोऽश्वा रथाः पत्तयश्चानुपृष्ठमप्रतिहतः ।

४१. जहां हाथी पक्षों में, अश्व उरस्य में, रथ पक्षों में, पदाति पीछे हो, वह अप्रतिहत व्यूह होता है।

पाठभेद :

'उद्धानकः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'उद्यानक' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

उद्धानक या काकपदी व्यूह—

३६ (१) उद्धानक : गण० ३:१४०।

(१) काकपदी : गण० ३:१४०।

पाठभेद :

'कर्कटक' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कर्काटक' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

अर्धचन्द्रक कर्कटक व्यूह—

३७. (१) अर्धचन्द्रक : गण० ३:१४०।

(२) कर्कटकव्युह : गण० ३:१४०।

अन्य तीन व्यूह (१) अरिष्ट व्यूह (२) अचल व्यूह अप्रतिहतव्यूह।

पादटिप्पणी :

३९. (१) अरिष्ट : गण० ३:१४०, २२३, द्र० २:२५:२१, २५, ३०।

पादटिप्पणी :

अचलव्यूह—

४०. (१) अचल : गण० ३:१४०।

पादटिप्पणी :

अप्रतिहत व्यूह—

४१. (१) अप्रतिहत : गण० ३:१०७। द्र० ७:१३:९।

तेषां प्रदरं[1] दृढकेन[2] घातयेत्, दृढकमसह्येन[3], श्येनं[4] चापेन, प्रतिष्ठं[5] सुप्रतिष्ठेन, संजयं[6] विजयेन, स्थूणाकर्णं विशाल[7]विजयेन, परिपतन्तकं सर्वतोभद्रेण ।

४२. पूर्वोक्त व्यूहों में प्रदर व्यूह दृढकव्यूह से दृढक व्यूह, असह्यव्यूह से, श्येनव्यूह चापव्यूह से प्रतिष्ठ व्यूह, सुप्रतिष्ठ व्यूह से संजय व्यूह, विजय व्यूह से स्थूल कर्ण व्यूह, विशाल विजय व्यूह से परिपतन्तक व्यूह सर्वतो भद्रव्यूह से विनष्ट करे ।

दुर्जयेन[1] सर्वान् प्रतिव्यूहेत ।

४३. दुर्जय व्यूह से समस्त व्यूहों को नष्ट करें ।

पत्त्यश्वरथद्विपानां पूर्वं पूर्वमुत्तरेण घातयेत्, हीनाङ्ग[1]मधिकाङ्गेन[2] चेति ।

४४. पदाति, अश्व, रथ, एवं हाथियों की सेना में क्रमशः पूर्व पूर्ववर्ती को परवर्ती द्वारा तथा हीनांगा को अधिकांग द्वारा विनष्ट करे ।

अङ्ग[1]दशकस्यैकः[2] पतिः[3] पतिकः[4], पातिकदशकस्यैकः सेनापतिः[5], तद्दशकस्यैको नायक[6] इति ।

४५. दस सेनांगों का पति पतिक, दस पतिक का अधिकारी सेनापति तथा दस सेनापति का अधिकारी नायक होता है ।

पादटिप्पणी :

४२. (१) प्रदर : गण० ३:१३८, १४० ।

(२) दृढ़क : प्रदर का दृढ़क से प्रतिकार ।

(३) असह्य : दृढ़क व्यूह का असह्य व्यूह ।

(४) श्येन : चाप व्यूह ।

(५) प्रतिष्ठ : सुप्रतिष्ठ ।

(६) संजय : विजय ।

(७) विशाल व्यूह :

पादटिप्पणी :

सभी व्यूहों का प्रतीकार ।

४३. (१) दुर्जय व्यूह : द्र० १०:६:१३ ।

४४. (१) हीनअङ्ग : शक्तिहीन ।

(२) अधिकण्ङ्ग : शक्ति सम्पन्न ।

पाठभेद :

'पतिः पतिकः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पदिकः पदिक' पाठभेद मिलता है :

पादटिप्पणी :

४५. (१) अंग : सेना की एक इकाई ३० १०:५:९,११ यहाँ अंग का रथ और हाथी से भी अभिप्राय है ।

(२) एकस्य : पाँच अश्वारोही तथा ३० पैदल सैनिक ।

(३) पति : स्वामी, अधिकारी ।

(४) पतिक : अधीनस्थ सैनिक अधिकारी या लेफ़्टिनेन्ट । गण० ३:१४४ ।

(५) सेनापति : दस पतिक का अधिकारी या जनरल । गण० ३:१०८, १२७, १४० ।

(६) नायक : युद्ध सेना का कमाण्डेण्ट एक सहस्र युनिट का अधिकारी । द्र० १०:१:१९, १०:५:२, १०:२:४३, गण० ३:१२ ।

स तूर्य[1]घोष[2]ध्वज[3]पताका[4]भिर्व्यूहाङ्गानां संज्ञाः स्थापयेदङ्गविभागे संघाते स्थाने गमने व्यावर्तने प्रहरणे च ।

४६. वह नायक तूर्य घोष एवं ध्वाजपताकादि द्वारा व्यूहांगों के अंग विभाजन एकत्रीकरण, स्थान, गमन, परावर्तन और प्रहरण के लिए संज्ञा संकेत निश्चित करे।

समे [1]व्यूहे देश[2]काल[3]सार[4]योगा[5]त्सिद्धिः[6] ।

४७. स्वबल व्यूह और परबल व्यूह समान होने पर, देश, काल एवं सारयोग से सिद्धि मिलती है।

यन्त्रै[1]रुपनिषद्योगै[2]स्तीक्ष्णै[3]र्व्यासक्तघातिभिः ।
मायाभि[4]र्देवसंयोगैः[5] शकटै[6]र्हस्तिभीषणैः[7] ॥

४८. यन्त्रों, उपनिषद्योगों या सक्तघाती तीक्ष्ण (पुरुषों अन्य में आसक्त को हत्या करने वाले) मायाकर्मों, देवसंयोगों, शकटों, हस्ति भीषणों—

पादटिप्पणी

४६. (१) तूर्य : तुरही।

(२) घोष : ध्वनि, घोषण।

(३) ध्वज : बड़ा झण्डा। गण० १:८५, द्र० १:१७:१८ :

(४) पताका : छोटा झण्डा।

पाठभेद :

'देशकालसारयोगात्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'देशकालयोगात्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी

४७. (१) समव्यूह : बराबर का व्यूह।

(२) देश : स्थान। गण० ३:४२, ३:१:१५,१९

(३) काल : समय। द्र० ६:६:६।

(४) सार : बल, शक्ति, द्र० ६:५:४६, २०:५:४३, ४६, ४९, २:५:८, २:७:२, २:११:१।

(५) योग : सम या समाधि के चार उपाय। द्र० १:२२:२९, १:१६:३६।

(६) सिद्धि : सफलता। गण० ३:६:९२।

पाठभेद :

'यन्त्रैरुपनिष' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'दण्डैरुपनिष' तथा 'हस्तिभीषणैः' का 'हस्तिभूषणैः' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

४८. (१) यन्त्र : मशीन, जमदाग्नि आदि यन्त्र। द्र० २:१५:६२, १:१२:१, २:२०:२, गण० १:२५० ३:११८, १४२, १७३।

(२) उपनिषद्योग : गण० ३:१४२, द्र० ४:३:२३।

(३) तीक्ष्ण : हत्यारे। अन्य में आसक्त चित्त-वाले की हत्या करने वाले अथवा छिपकर हत्या करने वाले। द्र० १:४:५, १:५:२५, गण० १:५६, ३:१४२।

(४) माया : इन्द्रजाल। गण० ३:१४२।

(५) दैवसंयोग : देवता से सम्बन्ध। गण० ३:१४२।

(६) शकट : गाड़ी। द्र० १०:३:१७। गण०

(७) भीषण : डरावना। द्र० १०:४:१४।

दूष्यप्रकोपैर्गोयूथैः स्कन्धा[3]वारप्रदीपनैः ।
[4]कोटी ज[5]घनघातैर्वा दूतव्य[6]ञ्जनभेदनैः ॥

४९. दूष्य प्रकोपों, गोयूथों, स्कन्धावार प्रदीपन कर्मों कोटी-जघनघातों अथवा दूतवेशी गुप्तचरों से भेद-उत्पादन द्वारा—

दुर्गं दग्धं [1]हृतं वा ते कोपः[2] कुल्यः समुत्थितः ।
शत्रुराटविको वे'ति परस्योद्वेगं[3]माचरेत् ॥

५०. तथा 'तुम्हारा दुर्ग दग्ध कर दिया गया अथवा तुम्हारा दुर्ग अपहृत कर लिया गया, तुम्हारे कुल का कोप उत्पन्न हो गया है अथवा तुम्हारा शत्रु या आटविक युद्धार्थ उद्यत हो गया है, इस प्रकार से शत्रु को उद्विग्न करे।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुः क्षिप्तो धनुष्मता ।
प्राज्ञेन तु मतिः क्षिप्ता हन्याद्गर्भगतानापि ॥

५१. धनुर्धारी द्वारा प्रक्षिप्त वाण एक व्यक्ति को मारे अथवा न मारे किन्तु बुद्धिमान् द्वारा प्रक्षिप्त बुद्धि गर्भस्थ प्राणियों को भी मारने में समर्थ होती है।

इतिसांग्रामिके दशमेऽधिकरणे दण्डभोगमण्डलो-संहत व्यूहव्यूहनम्,

दसवें अधिकरण सांग्रामिक के अन्तर्गत दंण्ड, भोग, मण्डल एवं असंहत व्यूह स्थापना

पादटिप्पणी :

४९. (१) दूष्य : विश्वासघाती। द्र० १:११:-१७, ३:१४:२७, ५:१:४, गण० ३:१४२।

(२) गोयूथ : पशुओं का समूह। द्र० ३:२४२।

(३) स्कन्धावार : सैनिक छावनी। द्र० १०:१:१, ९:६:४५।

(६) कोटि : अग्रभाग। गण० ३:१४२।

(५) जघन : पीछे या सेना का पिछला भाग।

(६) दूतव्यञ्जन : दूत बना व्यक्ति, कैदी। गण० ३:१४२।

पादटिप्पणी :

५०. (१) हृतं : अधिकार कर लिया गया।

(२) कोप : विद्रोह।

(३) उद्वेग : क्षोभ, बेचैन, खिन्न।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिके दशमाधिकरणे षष्ठोऽध्यायः दण्डभोगमण्डलासंहृतव्यूहनं तस्य प्रतिव्यूहस्थापनं च। आदितश्चतुस्त्रिशच्छततमः।

एतावता कौटलीयार्थशास्त्रस्य सांग्रामिकं दशममधिकरणं समाप्तम् ॥

मैसूर संस्करणमें—

इति सांग्रामिके दण्डभोगमण्डला संहृतव्यूहनं तस्य प्रतिव्यूहस्थापनं च षष्ठोऽध्यायः आदितश्चतुस्त्रिशच्छततमः।

एतावता कौटलीयस्थार्थशास्त्रस्य सांग्रामिकं दशममधिकरणं समाप्तम् ॥

तस्य प्रतिव्यूहस्थापनम् षष्ठोऽध्यायः । आदितश्चतुस्त्रिंशच्छततमः । एतावता कौटिलीयस्यार्थशास्त्रस्य सांग्रामिकं दशममधिकरणं समाप्तम् ।

और प्रतिव्यूह स्थापना सम्बद्ध छठा अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ चौतीसवाँ अध्याय समाप्त । सांग्रामिक यहाँ कौटिलीय अर्थशास्त्र का दसवां अधिकरण समाप्त ।

वसाक संस्करण में--

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे सांग्रामिकेयदशमाधिकरणे षष्ठोऽध्याय: दण्डभोगमण्ल संहतव्यूह् व्यूहनं तस्यप्रतिव्यूहस्थापनं च आदितश्चतुस्त्रिंशच्छततम: एतावता कौटिलीयार्थशास्त्रस्य सांग्रामिकं दशममधिकरणं समाप्तम् ।

उदयवीर शास्त्री संस्करणमें—

इति सांग्रामिके दशमेऽधिकरणे दण्डभोगमण्डलासंहतव्यूहव्यूहनं, तस्य प्रतिव्यूहस्थापनं च षष्ठोऽध्याय: ॥ ६ ॥

आदितश्चतुर्त्रिशदधिकशततमोऽध्याय: ॥१३४॥

एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य सांग्रामिकं दशममधिकरणं समाप्तम् ॥१०॥

११

संघ[1]वृत्त[2]म्—एकादशमधिकरणम्

संघवृत्त—ग्यारहवाँ अधिकरण

अध्याय 1

[षष्टिशततमं प्रकरणम्—भेदो[3]पादानानि; एकषष्टिशततमं प्रकरणम्—उपांशुद[4]ण्डा]

एक सौ साठ वाँ प्रकरण—भेदोपादान

एक सौ एकसठ वाँ प्रकरण—उपांशुदण्ड ।

संघ[5]लाभो दण्डमित्रलाभानामुत्तमः ।

१. दण्ड लाभ एवं मित्र लाभ में संघ लाभ उत्तम होता है।

संघाहि संहत[1]त्वादधृष्या[2]:परेषा[3]म् ।

२. संहत होने के कारण, संघ शत्रुओं द्वारा अधृष्य (अजेय) होता है।

ताननुगु[1]णाँन् भुञ्जीत[2]सामदानाभ्याम् विगुणा[3]न् भेददण्डाभ्याम् ।

३. (विजिगीषुनृपति) अनुकूल संघों का साम-दान द्वारा उपभोग करे तथा प्रतिकूल संघों को भेद-दण्ड द्वारा अनुकूल करे ।

प्रकरण १६०, सूत्र १—३० ।

प्रकरण १६१, सूत्र १—५४ ।

पादटिप्पणी :

१. (१) संघ : गण० १:२२, ३१७७ ।

(२) वृत्त : नीति, वृत्तान्त, इतिहास, जीवन-चरित्र द्र० १:७:१, ३:१५:६ ।

(३) भेदोपादापन : भेद नीति ग्रहण करना ।

(४) उपांशुदण्ड : चुपचाप दण्ड देना ।

(५) संघलाभ : संघ की उपलब्धि । गण० ३:१४४ ।

पाठभेद :

'संघाहि संहत' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में संघाभिसंहत' तथा 'अंधृष्या' का 'अधृष्यान् तथा तंजोर में 'अधृष्यां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) संहत एकत्र, साथ, एकत्री भाव ।

(२) अधृष्य : दुरासत् ।

(३) पर : शत्रु ।

पाठभेद :

'विगुणान्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'द्विगुणान्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३. (१) अनुगुण : समान गुण वाला, अनुकूल। द्र० ७:१६:३३ ।

(२) भुण्जीत : उपयोग, स्वायत्ती करण ।

(३) विगुण : गुणहीन, प्रतिकूल विरुद्ध । द्र० ७:८:२२, ११:३:४६, ५३, गण० ३:२११ ।

काम्बोज[1] सुराष्ट्र[2]क्षत्रिय[3]श्रेण्यादयो वार्त्ता[4]शस्त्रोप[5]जीविनः ।

४. काम्बोज एवं सुराष्ट्र के क्षत्रियादि जन, वार्ता (कृषि) और शस्त्र कर्मोपजीवी होते हैं ।

लिच्छविक[1]वृजिक[2]मल्लक[3]मद्रक[4]कुकुर[5]कुरु[6]पांश्चाल[7]ादयो राज[8]शब्दोपजीविनः ।

५. लिच्छविक, वृजिक, मल्लक, मद्रक, कुकुर, कुरु एवं पञ्चाल आदि राजशब्दोपजीवी हैं ।

पाठ भेद :

'काम्बोज का न्यायचन्द्रिका तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'काम्भोज' तथा 'वार्ताशास्त्रोप' का देवनागरी अनुलिपि में 'वार्त्ताशास्त्रोप' पाठभेद मिलता है

पादटिप्पणी :

४. (१) **काम्बोज :** काश्मीर के राजौरी क्षेत्र, से हिन्दूकुश तक का क्षेत्र है । कम्बोज तथा गान्धार दो विभिन्न जनपद हैं ।

(२) **सुराष्ट्र :** सौराष्ट्र या दक्षिणी काठियावाड़ ।

(३) **श्रेणी :** वर्ग, दल, समूह ।

(४) **वार्ता :** वृत्त, कृषि, वाणिज्य । द्र० १:४:१

(५) **शस्त्रोपजीवी :** अस्त्रशस्त्र से जीविका चलाने वाले ।

पादटिप्पणी :

५. (१) **लिच्छिविक :** पटना के उत्तर दिशा में उनकी राजधानी वैशाली थी । मैं यहाँ आ चुका हूँ । ध्वन्सावशेष अभी तक वर्तमान है ।

(२) **वृजिक :** वृजि या वज्जी प्राचीन गणतंत्र है । वज्जि लिच्छवो गणतन्त्र की राजधानी वैशाली थी । वज्जि संघ का ही एक अंग था । बुद्ध वर्तमान तिरहुत का एक भाग था । भगवान के समय में वज्जि लोग अनेक गोत्रों में विभक्त थे । मुख्यत. आठ भागों में उनको विभाजित किया जा सकता है । ह्वेनसांग के अनुसार वैशाली से ८३ मील उत्तर-पूर्व वज़्ज़ियों का देश था । पूर्व से पश्चिम लम्बा तथा उत्तर से दक्षिण चौड़ा था । गण्डक और महानदी के मध्य उनकी स्थिति माना जाती है । पाणिनी ने अपने अष्टाध्यायी में भी उनकी उल्लेख किया है । अंगुत्तर निकाय के सोलह जनपदों में वज्जि भी सम्मिलित किया गया है अन्य जनपद मय काशी कोशल मल्ल, चेरी, कुरु आदि हैं । वज्जियों की भाषा वज्जिका थी । लिखित रूप में भाषा नहीं मिलती सम्भव है कि इसका लिखित साहित्य नष्ट हो गया है ।

(३) **मल्लक :** मल्लों का राज्य दो भागों में विभाजित था; कुसीनारा, तथा पावा । इस राज्य की राजधानी पटना के उत्तर पावा में थी ।

(४) **मद्रक :** पुराने पंजाब के मध्य में रहते थे । प्राचीन मद्रजाति सियालकोट तथा उसके समीपवर्ती क्षेत्र रावी तथा चनाव नदी के बीच रहती थी ।

(५) **कुकुर :** अन्धक वृष्णीसंघ के एक सदस्य थे । महाभारत २:१९:२८, ३:१६३:३२, ५:१९:१ द्र० ५:२८:११, ६:९:६०, १२:२१:२९ ।

(६) **कुरु :** अम्बाला तथा करनाल जिला है ।

(७) **पांचाल :** कन्नौज का समीपवर्ती क्षेत्र अर्थात् बरेली, बदायूं आदि का क्षेत्र ।

(८) **राजशब्दोपजीव :** संघ के राजकीय परिषद् के सदस्यों की उपाधि थी । कश्मीर में वे राजन्यक कहे जाते हैं । राजन्यक का अपभ्रंश राज़ दान है ।

सर्वेषामासन्नाः सत्त्रिणः संघानां परस्परन्यङ्ग[1]द्वेष[2]वैर[3]कलह[4]स्थानान्युपलभ्यक्रमाभिनीतं[5] भेदमुपचारयेयुः ‘असौ त्वाविजल्पति[6] इति ।

. समस्त संघों के समीपवर्ती सत्त्री उनके पारस्परिक दोष कथन, द्वेष, वैर एवं कलह कारणों को जान कर, उन्हें प्रकट कर, उनमें इस प्रकार भेद उत्पन्न करें--‘वह संघ तुम्हारी निन्दा करता ’।

एवमुभयतो बद्धरोषाणां विद्याशिल्पद्यूतवैहारिके[1]ष्वाचार्यव्यञ्जना[2] बाल[3]कलहानुत्पादयेयुः ।

७. इस प्रकार दोनों से क्रोध भाव रखने वाले संघों के बालकों का विद्या, शिल्प, द्यूत एवं वैहारिक (प्रश्नोत्तरादि) के विषय में आचार्य वेशधारी गुप्तचर कलह उत्पन्न करायें ।

वेश[1]शौण्डिकेषु[2] वा प्रतिलोमप्रशंसाभिः संघमुख्यमनुष्याणां तीक्ष्णाः कलहानुत्पादयेयुः कृत्य[3]पक्षोपग्रहेण वा ।

८. अथवा वेश्याओं एवं शौण्डिकों में आसक्त संघप्रमुख जनों की तीक्ष्ण जनविपरीत प्रशंसा कराके, परस्पर कलह उत्पन्न करा दें अथवा कृत्यजनों को अनुकूल कर, कलह उत्पन्न करायें ।

कुमारकान् विशिष्टच्छन्दिकया[1] हीनच्छन्दिकानुत्साहयेयुः ।

९. विशिष्ट भोगप्राप्त करने वालों की अपेक्षा न्यून भोग प्राप्त कुमारों को कलहार्थं उत्साहित करें ।

पाठभेद :

‘कलहस्थाना’ का तेलगू अनुप्रतिलिपि में ‘कलहास्थाना’ तथा ‘भेदमुप’ का ‘भेदमप’ पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६. (१) न्यंग : विकलांग, अंगहीन या पंगु । द्र० २:३३:२, ११, २:१९:६, २:३०:२, ३:१:१२, :३:३:७ ।

(२) द्वेष : घृणा । द्र० ३:१३:१६, ९:६:२६ । गण० १३:१४५ ।

(३) वैर : शत्रुता, अपकार के कारण विरोध करना । गण० ३:१४५ ।

(४) कलह : झगड़ा । द्र० ७:१:३४, ४.१:२१ गण० ३:१४५ ।

(५) क्रमाभिनीत : जो क्रमशः विश्वास करने के लिये उद्यत कर लिया जाता है ।

(६) विजल्पति : अनापसनाप बकना ।

पादटिप्पणी :

७. (१) वैहारिक : खेल, विनोद, विहार । द्र० ८:४:२०, २१ ।

(२) आचार्य व्यंजना : आचार्य वेशधारी व्यक्ति ।

(३) बाल : बालक, विद्यार्थी, शिष्य ।

पादटिप्पणी :

८. (१) वेश : वेश्या, चकलाखाना, वेश्यालय । गण० ३:१४५ ।

(२) शौण्डिक : मदशाला, मदिरालय ।

(३) कृत्यपक्षोपग्रह : बहकाने योग्य पक्ष । द्र० १:१२:२५, १:१४:६, ९:३:३८ । गण० ३:१४५, १९४ ।

पादटिप्पणी :

९. (१) छन्दिका : सुख, इच्छा, अभिलाषा, कामना, भोग । गण० ३:१४५ ।

विशिष्टानां चैकपात्रं विवाहं वा हीनेभ्यो वारयेयुः ।

१०. विशिष्ट जनों का हीन जनों के साथ एक पंक्ति में भोजन अथवा विवाह निवारित करें ।

हीनान् वा विशिष्टैरेकपात्रे विवाहे वा योजयेयुः ।

११. अथवा निकृष्टों को विशिष्ट जनों के साथ एक पंक्ति में भोजन अथवा विवाह हेतु प्रोत्साहित करें ।

अवहीनान् वा तुल्यभावोपगमने कुलतः पौरुषतः स्थानविपर्यासतो वा ।

१२. अथवा हीन जनों को कुल, पौरुष एवं स्थान परिवर्तन से विशिष्ट जनों के समान सम्मान भाव प्राप्त करने के लिये प्रेरित करें ।

व्यवहारमवस्थितं वाप्रतिलोमस्थापनेन निशामयेयुः ।

१३. अथवा (संघ द्वारा) निर्णीत व्यवहार को तत्सम्बद्ध व्यक्ति को विपरीत करके सुनायें ।

विवादपदेषु वा द्रव्यपशुमनुष्याभिघातेन रात्रौ तीक्ष्णाः कलहानुत्पादयेयुः

१४. तीक्ष्ण जन रात्रि में द्रव्य, पशु एवं मनुष्य का अभिघात करके विवाद स्थानों में परस्पर कलह उत्पन्न करायें !

सर्वेषु च कलहस्थानेषु हीनपक्षं राजा कोशदण्डाभ्यामुपगृह्य प्रतिपक्षवधे योजयेत् ।

१५. समस्त कलह स्थानों में राजा हीन पक्ष को कोश एवं दण्ड से अनुगृहीत करके, प्रतिपक्ष का वध करने के लिये नियुक्त करे ।

भिन्नानपवाहयेद्वा ।

१६. अथवा भिन्न जनों को संघ से अन्यत्र करे ।

पाठभेद :

'विशिष्टानां चैक' का तंजौर में 'विशिष्टा चैक' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'विशिष्टाश्चैक' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) एकपात्र : एक साथ भोजन करना, अन्तर्जातीय भोजन गण० । ३:१४६ ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) अवहीन : अति निम्न व्यक्ति । द्र० ४:१:११, २:१:१२, ३:७:३५, ४:१२:४, ८, गण० ३:१४६ ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) व्यवहार : कारबार या व्यापार या अनुष्ठान । द्र० ३:१:२, ३:१:३७, ३:२:१ । गण० १:१५३ ।

(२) स्थापना : खड़ा करना, स्थित या स्थिर करना ।

(३) निशामय : अकार्यक्षम, अकिञ्चितकर ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) कलह : झगड़ा । द्र० ७:१:३४, ९:२:६ । मनु० ३:१२१, गण० ३:१४५ ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) भिन्न : अलग किये गये । द्र० ७:२४:३ ।

(२) अपवाह्येत : ले जाना, स्थानान्तरण करना । द्र० ७:१६:१६, गण० ३:२१० ।

भूमौ चैषां पञ्चकुली[१] दशकुली[२] वा कृष्यायां निवेशयेत् ।

१७. इनकी भूमि पर पंचकुली अथवा दशकुली को कृषि कर्म हेतु बसाये ।

एकस्था[१] हि शस्त्रग्रहणसमर्थाः स्युः ।

१८.'एक स्थान पर स्थित वे शस्त्र ग्रहण करने में समर्थ होंगे ।

समवाये[१] चैषामत्ययं स्थापयेत् ।

१९. इनके समूह में दण्ड (सेना) स्थापित करे ।

राजशब्दिभिरवरुद्धमवक्षिप्तं वा कुल्यमभिजातं राजपुत्रत्वे स्थापयेत् ।

२०. राजशब्दधारी (लिच्छवि आदि) द्वारा अवरुद्ध अथवा अवक्षिप्त कुलीन एवं अभिजात (गुणी) जनको राजपुत्र के रूप स्थापित करे ।

कार्तान्तिकादिकश्चास्य वर्गो राजलक्षण्यतां संघेषु प्रकाशयेत् ।

२१. ज्योतिषी एवं सामुद्रिक शास्त्रज्ञ उसके राजलक्षण युक्तता को संघों में प्रकाशित करे ।

संघमुख्यांश्च धर्मिष्ठानुपजयेत् स्वधर्ममयुष्य राज्ञः पुत्रे भ्रातरि वा प्रतिपद्यध्वम्' इति ।

२२. संघ के प्रमुख धार्मिकों का उस प्रकार उपजाप करे 'आप इस राजा के पुत्र अथवा भ्राता के प्रति स्वधर्म का पालन करें 'अर्थात् उसके अवरोधादि कष्ट को दूर करने का उपाय करें।

पादटिप्पणी :

१७. (१) पञ्चकुली : पांच कुल का कुटुम्ब । गण० ३:१४६ ।

(२) दशकुली : दश कुल का कुटुम्ब । गण० ३:१४६, द्र० ४:१:३ ।

पाठभेद :

'कृस्यायां' का श्रीमूल में 'कृप्यां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) एकस्था : एक स्थान पर ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) समवाय : संयोग, मेल, समूह । द्र० ७:४:२०, ७:५:३८ ।

पाठभेद :

'कुल्यमभिजात' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तुल्यमभिजतं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२०. राजशब्द : राजापदवीधारी । गण० ३:१४७ :

पादटिप्पणी :

२१. कार्तान्तिक : ज्योतिषी या सामुद्रिक' । गण० १:६५, ३:११६, १४७ ।

पाठभेद :

'भ्रातरि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'श्रोतरि' पाठभेद मिलता है ।

प्रतिपन्नेषु कृत्यपक्षोपग्रहार्थमर्थं दण्डं च प्रेषयेत् ।

२३. उनके स्वीकार करने पर, कृत्य पक्ष को अनुकूल करने के लिये अर्थ और दण्ड (सेना) प्रेषित करे।

विक्रमकाले शौण्डिक[1]व्यञ्जना, पुत्रदारप्रेत[2]ापदेश[3]ेन 'नैषेचनिकम्' इति मदन[4]रसयुक्तान्मद्यकुम्भाञ्छतशः प्रयच्छेयुः ।

२४. युद्ध का अवसर आने पर, सुराविक्रयी वेशधारी गुप्तचर अपने स्त्री-पुत्र के मरने के ब्याज से यह "नैषेचनिक" है इस प्रकार कह कर, मदका विषयुक्त सैकड़ों मद्यकुम्भ प्रदान करें।

चैत्य[1]दैवत[2]द्वाररक्षास्थानेषु च सत्त्रिणः 'समयं[3] कर्मनिक्षेपं सहिरण्याभिज्ञानमुद्राणि हिरण्यभाजनानि च प्ररूप[4]येयुः ।

२५. चैत्य-दैवत द्वारों और रक्षा स्थानों पर सत्त्री समय कर्म हेतु निक्षेपध और हिरण्य एवं अभिज्ञान मुद्रा सहित हिरण्यपात्रों को प्रकाशित करें।

दृश्यमानेषु च संघेषु 'राजकीयाः' इत्यावेदयेयुः ।

२६. संघ के लोगों के देखने पर, (और उसके विषय में पूछने पर) ये सब "राजकीय" हैं इस प्रकार उन्हें बतायें।

पादटिप्पणी :

२४. (१) शौण्डिक : शराब बिक्रेता। गण० ३:१६९।

(२) प्रेत : मृत।

(३) अपदेश : बहाना या ब्याज।

(४) मदन रस : जड़ीकृत करना। द्र० १:१८ १९, ४:३:२८, ४:५:१६, १३:३:५४, ५६। गण० २:१३२।

पादटिप्पणी :

२५. (१) चैत्य : देवता का स्थान, पूजा का स्थान, पवित्र स्थान। द्र० १:२०:२, २:४:२०, २:३४:३, १३:२:२५, २९। गण० ३:१८, १८८, १९०।

(२) दैवत : देवता, देव प्रतिमा, देवताओं का समूह।

(३) समय कर्मनिक्षेप : जमा करना। द्र० २:३:३।

(४) प्ररूप : दिखाना, संकेत या लक्ष्य करना। द्र० ४:५:१८, ५:२:४१, ६६, ९:६:३, १३:२:२१।

पाठभेद :

'राजकीया' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'विक्रीता' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२६. (१) राजकीया : राजा का।

अथावस्कन्दं[1] दद्यात् ।

२७. इसके अनन्तर आक्रमण करे ’

संघानां वा वाहनहिरण्ये कालिके गृहीत्वा संघमुख्याय प्रख्यातं[1] द्रव्यं प्रयच्छेत् ।

२८. अथवा संघों के वाहन और हिरण्य समय पर, अर्पित करने के व्याज से लेकर, संघ प्रमुख को प्रकट रूप से वह द्रव्यादि प्रदान करे ।

तदेषां याचिते ‘दत्तममुष्यै[1] मुख्याय’ इति ब्रूयात् ।

२९. उनके उसकी याचना करने पर ‘इस प्रमुख को दिया है’ इस प्रकार कहे ।

एतेन स्कन्धावाराटवीभेदो[1] व्याख्यातः ।

३०. इस प्रकार से स्कन्धावारस्थ-आटविक भेद की व्याख्या सम्पन्न हो गयी ।

संघमुख्यपुत्रमात्मसंभावितं[1] वा सत्त्री ग्राहयेत्[2] ‘अमुष्य[3] राज्ञः पुत्रस्त्वम्, शत्रुभयादिह न्यस्तो[4]ऽसि’ इति ।

३१. अहम्मन्य संघ प्रमुख पुत्र को सत्त्री इस प्रकार प्रबोधित करे ‘तुम इस राजा के पुत्र हो, शत्रु भय से यहाँ रखे गये हो’ ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) अवस्कन्द : आकस्मिक आक्रमण । द्र० ७:६:४०, ७:१:७२९, गण: २:१७७, ३:११४, १३५, १७०, १७७, १९४ ।

पाठभेद :

‘हिरण्येकालिके’ का तेलगू अनुप्रतिलिपि में हिरण्यकालिके’ पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) प्रख्यातम् : द्र० ९:३:३१ ।

पाठभेद :

‘याचिते’ का तंजोर में ‘यायिते’ तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में ‘यापिते’ पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) मुष्य : चोर ।

पादटिप्पणी :

३०. (१) स्कंधावार : सैनिक छावनी ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) आत्मसंभावित : अपने विषय में बहुत बड़ा या अहंकार या अभिमानी । द्र० ५:१:१५, १:१४:१, १८ ।

(२) ग्राहयेत : समझना, वध करना । द्र० १:२१:२१ ।

(३) अमुष्य : ऐसे का, अमुक का ।

(४) न्यस्त : रखा हुआ, धरा हुआ, त्यक्त छोड़ा हुआ । मध्य युग में राजपूत्रों को बन्धक रख देते थे ।

प्रतिपन्नं[1] राजा कोशदण्डाभ्यामुपगृह्य[2] संघेषु विक्रमयेत्[3] ।

३२. उसके स्वीकार करने पर, राजा कोश एवं सेना से उसे अनुकूल कर, संघों पर आक्रमण कराये ।

अवाप्तार्थस्तमपि प्रवासयेत्[1] ।

३३. अर्थ सिद्धि हो जाने पर, उसे भी प्रवासित करे ।

बन्धकीपोषकाः[1] प्लवक[2]नटनर्तकसौभिका[3] वा प्रणिहिता[4]: स्त्रीभिः परमरूपयौवनाभिः संघमुख्यानुन्मादयेयुः ।

३४. बन्धकी पोषक, प्लवक, नट, नर्तक अथवा सौभिक वेशधारी गुप्तचर रूप यौवन सम्पन्न स्त्रियों द्वारा संघ प्रमुखों को मोहित करें ।

जातकामानाम्[1]न्यतमस्य प्रत्ययं[2] कृत्वाऽन्यत्र गमनेन प्रसभहरणेन[3] वा कलहानुत्पादयेयुः ।

३५. उसके प्रति आसक्त संघ प्रमुखों में एक को विश्वास देकर, अन्य के समीप जाने अथवा बलात् हरण की मिथ्या कल्पना द्वारा कलह उत्पन्न कराये ।

कलहे तीक्ष्णा[1]: कर्म कुर्युः 'हतोऽयमित्थं कामुकः' इति ।

३६. कलह उप्पन्न हो जाने पर, तीक्ष्ण वध कर्म कर दें 'तदनन्तर यह कामुक इस प्रकार (अन्य द्वारा) मार डाला गया, यह प्रचारित करे ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) प्रतिपन्न : उपलब्ध, प्राप्त, क्रिया गया, अनुष्ठित, कार्यान्वित, निष्पन्न, हाथ में लिया हुआ, आरब्ध ।

(२) उपगृह्य : सहायता, अनुग्रह, प्रोत्साहन ।

(३) विक्रम : आक्रमण, बल, युद्ध । द्र० १:१७ २८, ५:६:२५, ७:३:११, १२:३:१५ ।

पादटिप्पणी :

३३. (१) प्रवासयेत : वध या मार डालना । द्र० १:१४:२, ४:१३:८९ ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) बन्धकीपोषक : वेश्यालय या चकलाघर, ब्राथेल का रखने वाला मालिक । द्र० ५;२;२१, २८, १२:३:११ । गण० ३:१४८ ।

(२) प्लवक : रज्जुनर्तक, डोरी पर नाचने वाला । द्र० ३:२७:२५, ७:१७:३४, गण० ३:१४८,

(३) सौभिक : बाजीगर, जादूगर, कठपुतली का खेल दिखाने वाला या तमाशा दिखाने वाला ।

(४) प्रणिहिता : गुप-चुप रखा हुआ ।

पादटिप्पणी :

३५. (१) जातकामा : जब कामोद्वेग का उद्दीपन हो जाय ।

(२) प्रत्यय : विश्वास ।

(३) प्रसभहरण : बलपूर्वक हरण ।

पादटिप्पणी :

३६. (१) तीक्ष्ण : घातक, बधिक । द्र० १:१४:५, ९:५:२५, ९:६:३५, ९:७:४९, १२:५:७; १:११:१, २:३०:३२, १:१२:२, ३:१२: १५, २४, २:१३:१७, ५८ ।

विसंवादितं[1] वा मर्षयमाणमभिसृज्य स्त्री ब्रूयात् 'असौ मां मुख्यस्त्वयि जातकामां बाधते, तस्मिञ्जीवति नेह स्थास्यामि' इति घातमस्य प्रयोजयेत् ।

३७, कलह स्थिति को सहन करने वाले के पास स्त्री जाकर कहे 'तुममें आसक्त मुझे वह संघ प्रमुख निवारित करता है, उसके जीवित रहते हुए, तुम्हारे साथ नहीं रह सकूँगी' इस प्रकार उसके वध के लिये प्रेरित करे ।

प्रसह्या[1]पहृता वा वनान्ते क्रीडागृहे वाऽपहर्तारं रात्रौ तीक्ष्णेन घातयेत्, स्वयं वा रसेन ।

३८. अथवा वलात् अपहृत स्त्री वन के समीप, अथवा क्रीडा गृह में रात्रिकाल में अपहर्त्ता का तीक्ष्ण द्वारा वध करा दे अथवा विष द्वारा स्वयं हत्या कर दे ।

ततः प्रकाशयेत् 'अमुना[1] मे प्रियो हतः' इति ।

३९. तदनन्तर यह प्रकट करे 'इस प्रतिकामुक ने मेरे प्रिय को मार डाला' ।

जातकामं वा सिद्धव्यञ्जनः सां[2]वदनिकीभिरौषधीभिः सं[3]वास्य [4]रसेनातिसं[5]धायापगच्छेत् ।

४०. अथवा स्त्री में आसक्त कामुक को सिद्ध वेशधारी गुप्तचर वशीकरण औषधि युक्त विष द्वारा हत्या कर, दूर चला जाय ।

तस्मिन्नपक्रान्ते सत्त्रिणः परप्रयोगमभिशंसेयुः ।

४१. उसके चले जाने पर, सत्त्री अन्य द्वारा किया कार्य प्रचारित करें ।

पादटिप्पणी :

३७. (१) विसंवादित : निष्कली कृत, अस्वीकृत, निराश ।

पाठभेद :

'प्रसह्यापहृता' का देवनागरी अनुलिपिमें 'प्रसह्यापसृता' तथा 'वा वनान्ते' का तंजोर में 'वा वनवनान्ते' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वोपवनान्ते' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३८. (१) प्रसह्य : बलात् ।

(२) रस : विष ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) अमुना : अमुक ।

पाठभेद :

'सांवदनिकीभिर' का तंजोर में 'सांवदनीकीभिर' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४०. (१) सिद्धि व्यंजन : सिद्ध बना । गण० १:२१ ।

(२) सांवदनिकी : वशीकरण करने वाला, किसी के प्रेम का इच्छुक । द्र० ४:४:१४, ५:१:१९, ११:१:४०, १२:२:१४, १६ ।

(३) संवास्य : साथ बसना, मिलना ।

(४) रस : विष ।

(५) अतिसंधाय : हत्या करना, धोखा, छल ।

आढ्यविधवा[१] गूढाजीवा[२] योग[३]स्त्रियो वा दायनिक्षेपार्थं विवदमानाः संघमुख्यानुन्मदयेयुः, अदिति[४]कौशिक[५]स्त्रियो नर्तकी गायना वा ।

४२. आढ्य विधवा, गूढाजीवा अथवा योग स्त्रियाँ (स्त्री वेशधारी पुरुष) दाय भाग और निक्षेप के लिये विवाद करती हुई, संघ प्रमुख के समीप जाकर, उन्हें प्रमादी बनाये अथवा अदिति स्त्रियाँ, कौशिक स्त्रियाँ एवं नर्तन-गायन करने वाली स्त्रियाँ, संघ प्रमुखों को उन्मादित करें ।

प्रतिपन्नान्[१] गूढवेश्मसु[२] रात्रिसमागम[३]प्रविष्टांस्तीक्ष्णां हन्युर्वद्ध्वा हरेयुर्वा ।

४३. समागम संकेत स्वीकार करने वाले, गूढवेश में रात्रि समागम के लिये प्रविष्ट संघ-प्रमुखों का तीक्ष्ण वध अथवा अपहरण करे ।

सत्त्री वा स्त्रीलोलुपं संघमुख्यं प्ररूपयेत्[१], 'अमुष्मिन् ग्रामे दरिद्रकुलमपसृतम्, तस्य स्त्री राजार्हा, गृहाणैनाम्' इति ।

४४. अथवा सत्त्री स्त्री लोलुप संघ प्रमुख से कहे 'अमुक ग्राम में दरिद्रकुल पुरुष जीविकार्थं अन्यत्र गया है, उसकी स्त्री राजा के योग्य है, उसे ग्रहण करो'

पाठभेद :

'आढ्यविधवा' का तेलगू अनुप्रति लिपिमें 'अस्यविधवा' पाठभेद मिलता है । तथा 'येयुः अदितिकौशिका' का तंजौरमें 'येयुः रितिकौशिक' तथा देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में येयुरिति कौशिक' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४२. (१) आढ्यविधवा : धनी विधवा स्त्री । गण० ३:१८९ ।

(२) गूढ़ाजीवा : गुप्त पेशा करने वाली स्त्री ।

(३) योगस्त्री : गुप्त सेवा में रत स्त्री । गण० ३:१५० ।

(४) अदिति : भिखारियों का एक धार्मिक सम्प्रदाय, जो किसी देवता के नाम पर, भिक्षा माँगते हैं तथा जिसको पताका लिये रहते हैं ।

(५) कौशिकीय : सर्प प्रदर्शन द्वारा भिक्षा माँगने वाली स्त्रियाँ । द्र० १:१७:१९ ।

पाठभेद :

'प्रविष्टांस्तीक्ष्णः' का 'प्रबिष्टास्तीक्ष्णाः' तेलगू-अनुप्रतिलिपि में पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४३. (१) प्रतिपन्न : स्वीकार या वादा किया हुआ ।

(२) गूढ़वेश्म : गुप्त मकान ।

(३) प्रविष्ट : गण० १:१३९ ।

४४. (१) प्ररूपयेत : पर स्त्री कामी, पर स्त्री के सौन्दर्य का लोलुप । द्र० ४:५:१८, ५:२:४१, ६६, ९ ६:२७, ११:१:२५, १३:२:२९ ।

(२) अपसृतम् : दूसरे जगह से बाहर आना या प्रवजन । गण० ३।१३५ । द्र० ७:६:२२, ७:८:-२३, ७:१६:५, ८:५:८ ।

गृहीतायामर्धमासान्तरं सिद्धव्यञ्जनो दूष्यसंघ[1]मुख्यमध्ये प्रक्रोशेत् 'असौ मे मुख्यो भार्यां[2] स्नुषां भगिनीं दुहितरं वाऽधिचरति' इति ।

४५. उसके उस स्त्री के ग्रहण करने पर अर्धमास, (१५) बाद सिद्धवेशधारी (गुप्तचर) दूष्य संघ प्रमुखों के बीच आक्रन्दन करे 'यह संघ प्रमुख मेरी भार्या, पुत्रभार्या, बहिन अथवा पुत्री का वलात् उपभोग करता है' ।

तं चेत्संघो निगृह्णीयात्, राजैनमुपगृह्य[1] विगुणेषु[2] विक्रमयेत्[3] ।

४६. यदि उसे संघ दण्डित करे, तो राजा उसे स्वानुकूल कर अपने प्रतिकूल जनों से युद्धरत करा दे ।

अनिगृहीते[1] सिद्धव्यंञ्जनं[2] रात्रौ तीक्ष्णः प्रवासयेयुः[3] ।

४७. उसके निगृहीत न किये जाने पर, उस सिद्धवेशधारी को तीक्ष्ण रात्रि में प्रवासित करें ।

ततस्तद्व्यञ्जनाः प्रक्रोशेयुः 'असौ ब्रह्महा[1] ब्राह्मणीजारश्च[2]' इति ।

४८. तदनन्तर अन्य सिद्धवेशी आक्रन्दन करे 'वह अनिगृहीत संघ प्रमुख ब्रह्महन्ता और ब्राह्मणी जार है' ।

पाठभेद :

'दूष्यसंघमुख्यमध्ये' का त्रिवेन्द्रम् में 'दूष्यः संघमुख्यमध्ये', तथा तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'दूष्यसंघमुख्यं मध्ये', न्यायचन्द्रिका में 'दूष्यः संघमुख्यमध्ये' तथा 'मुख्यो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मुख्यां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४५. (१) दूष्यसंघ : राजद्रोही संघ ।

(२) असौ : द्र० ५:१:४१ ।

पादटिप्पणी :

४६. (१) उपगृह्य : समर्थन करना ।

(२) विगुण : प्रतिकूल, विपक्षी, विरोधी ।

(३) विक्रम : युद्ध करना । द्र० १:१७:२८, १२:३:१४ ।

पाठभेद

'अनिगृहीते' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अनिशं हि ते' तथा 'सिद्धव्यञ्जनं' का 'व्यञ्जनं हि' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'सिद्धव्यञ्जना' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४७. (१) अनिगृहीत : अदण्डित । द्र० ४:५:८ ।

(२) सिद्ध व्यंजन : सिद्ध वेषधारी या सिद्ध बना ।

(३) प्रवासयेयु : मार डालना ।

पाठभेद :

'ततस्तद्व्यञ्जना' का तेलगू अनु प्रतिलिपिमें 'तत्तद्व्यञ्जनाः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४८. (१) ब्रह्महा : ब्राह्मण की हत्या करने वाला ।

(२) जार : उपपत्ति, आशना, पर स्त्री कामी ।

कार्तान्तिक[1]व्यंजनो वा कन्यामन्येन वृतामन्यस्य प्ररूपयेत् 'अमुष्य कन्या-राजपत्नी राजप्रसविनी च भविष्यति, सर्वस्वेन प्रसह्य[2] वैनां लभस्व' इति ।

४९. अथवा कार्तान्तिक वेशधारी गुप्तचर अन्य संघ प्रमुख द्वारा वरण की गयी कहे 'अमुक की कन्या राजपत्नी एवं राजपुत्र प्रसविनी होगी, सर्वस्व देकर अथवा बल पूर्वक उसे प्राप्त करो'' ।

अलभ्यमानायां पर[1]पक्षमुद्धर्ष[2]येत् ।

५०. उसे प्राप्त न करने पर, दूसरे पक्ष को उसके विरुद्ध प्रोत्साहित करे ।

लब्धायां सिद्धः कलहः ।

५१. प्राप्त कर लेने पर, कलह स्वयं सिद्ध हो जायेगा ।

भिक्षुकी[1] वा प्रियभार्यं मुख्यं ब्रूयात् 'असौ ते मुख्यो यौवनोत्सिक्तो भार्यायां मां प्राहिणोत्, तस्याहं भयाल्लेख्य[2]माभरणं गृहीत्वाऽऽगतास्मि, निर्दोषा ते भार्या, गूढमस्मि प्रतिकर्तव्यम् अहमपि तावत् प्रतिप[3]त्स्यामि' इति ।

५२. अथवा भिक्षु की भार्या प्रेमी संघ प्रमुख से कहे 'अमुक यौवनोन्मत्त संघ प्रमुख तुम्हारी स्त्री को स्वसमागमानुकूल करने के लिये मुझे भेजा है । मैं भय वश उसका लेख आभूषण लेकर आयी हूँ, तुम्हारी स्त्री निर्दोष है। गुप्तरूप से उसका प्रतीकार करो अर्थात् मार डालो, मैं भी तब तक पास रहूँगी'

एवमादिषु कलहस्थानेषु स्वयमुत्पन्ने वा कलहे तीक्ष्णैरुत्पादिते वा हीन-पक्षं राजा कोशदण्डाभ्यामुपगृह्य विक्रमयेदपवाहयेद्वा ।

५३. उस प्रकार के कलह स्थानों में स्वयं कलह उत्पन्न होने अथवा तीक्ष्णों द्वारा कलह उत्पन्न किये जाने पर, राजा हीन पक्ष को कोश-दण्ड द्वारा स्वानुकूल कर युद्ध संलग्न करे अथवा निर्वासित करे ।

पादटिप्पणी :

४९. (१) कार्तान्तिक । ज्योतिषी या दैवज्ञ । गण० ३:११६, १४७ । द्र० ११:१:२१ ।

(२) प्रसह्य : बलपूर्वक, बलात् ।

पादटिप्पणी :

५०. (१) उद्धर्ष : उत्तेजित, उत्साहित करना ।

(२) पर : दूसरों की ।

पाठभेद :

'प्रियभार्यमुख्यं' का देवनागरी अनुलिपिमें 'प्रिय-भार्यमुखं' तथा त्रिवेन्द्रम् 'प्रियभार्यमुख्यं' तथा यौवनोत्सिक्तो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि 'यौवनोद्रिक्तो' तथा 'आभरणं' का त्रिवेन्द्रम् तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में । 'आदरणं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५२. (१) भिक्षुकी : द्र० ५:१:५०, गण० १:५२ ।

(२) लेख्य : पत्र या लेख ।

(३) प्रतिपत् : स्वीकार या ग्रहण करना ।

पादटिप्पणी :

५३. (१) अपवाह : दूर ले जाना या स्थाना-न्तरित करना ।

संघेष्वेवमेकराजो वर्तेत ।

५४. इस प्रकार राजा संघों के प्रति व्यवहार (चेष्टा) करे ।

संघाश्चाप्येवमेकराजादेतेभ्योऽतिसंधानेभ्यो रक्षयेयुः ।

५५. उसी प्रकार संघ जन भी राजा से और उसके इन कपट प्रयोगों से अपनी रक्षा करे।

संघमुख्यश्च संघेषु न्याय[1]वृत्तिर्हितः प्रियः ।
[2]दान्तो युक्तं[3]जनस्तिष्ठेत्सर्वचित्तानुवर्तकः ॥

५६. संघमुख्य संघ के प्रति न्यायवृत्ति अधिकारी एवं प्रियकारी हो, सदैव अनुद्धत एवं जनयुक्त रहे तथा समस्त संघजनों के चित्तवृत्ति के अनुकूल कार्य करे।

इति संघवृत्ते एकादशेऽधिकरणे भेदोपादानानि उपांशुदण्डाश्च प्रथमोऽध्यायः । आदितः पञ्चत्रिंशच्छततमः ।

एतवता कौटिलीयस्यार्थशास्त्रस्य संघवृत्तम् एकादशमधिकरणं समाप्तम् ।

एकादश अधिकरण संघवृत्त में भेदोपादान और उपांशुदण्ड सम्बद्ध प्रथम अध्याय समाप्त। आदि से एक सौ पैंतीसवाँ अध्याय समाप्त। यहाँ कौटिल्य अर्थशास्त्र का संघवृत सम्बद्ध एकादश अधिकरण समाप्त।

पाठभेद :

'राजादेतेभ्यो' का तंजौर में 'राजातेभ्यो', तथा देवनागरी अनुलिपि में 'राजातमेतेभ्यो' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'राजास्तेभ्यो' तथा 'रक्षयेयु' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'रक्षयेन' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'न्यायवृत्तिर्हितः' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'न्यायवृत्तिहितः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५६. (१) न्यायवृत्ति : न्याय पूर्वक रहना । द्र० ७:२:१२३, ७:१५:२४ ।

(२) दान्त : वश में किया हुआ या दमन किया हुआ ।

(३) युक्त : उचित । द्र० १:१५:१६, २:६:३, २३, २:९:३३, ३४, ३:२०:१७, ५:३:१७ ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे संघवृत्ते एकादशाधिकरणे प्रथमोऽध्यायः भेदोपादानानि उपांशुदण्डश्च, आदितः पंचत्रिंशच्छततमः । एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य संघवृत्तमेकादशमधिकरणं समाप्तम् ।

मैसूर संस्करण में—

इति संघवृत्ते भेदोपादानानि उपांशुदण्डश्च प्रथमोऽध्यायः आदितः पंचत्रिंशच्छततमः एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य संघवृत्तं एकादशमधिकरणं समाप्तम् ।

वसाक संस्करणमें—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे संघवृत्ते एकादशाधिकरणे प्रथमोऽध्यायः भेदोपादानानि उपांशुदण्डश्च आदितः पंचत्रिंशच्छततमः । एतावता कौटिलीयस्यार्थशास्त्रस्य संघवृत्तमेकादशममधिकरणं समाप्तम् ।

उदयवीर शास्त्रीसंस्करणमें—

इति संघवृत्ते एकादशेऽधिकरणे भेदोपादानानि उपांशुदण्डश्च प्रथमोऽध्यायः । आदितः पंचत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३५ ॥

एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य संघवृत्तमेकादशममधिकरणं समाप्तम् ॥ ११ ॥

१२

आबलीयसम्—द्वादशमधिकरणम्

आबलीयस—१. बारहवां अधिकरण

अध्याय १

[द्विषष्टिशततमं प्रकरणम्—दूतकर्म]

एक सौ बासठवां प्रकरण—दूत कर्म

'बलीयसा[1]ऽभियुक्तो[2] दुर्बलः सर्वत्रानुप्रणतो वेतस[3]धर्मा तिष्ठेत् ।

१. अतिप्रबल द्वारा आक्रान्त दुर्बल सब प्रकार से प्रणत होकर वेतस (बेंत) तुल्य स्थित रहे ।

इन्द्रस्य हि स प्रणभति यो बलीयसो नमति[1]' इति भारद्वाजः ।

२. जो वलवान् के प्रति प्रणत होता है, वह इन्द्र के प्रति प्रणत है, ऐसा भारद्वाज का मत है ।

'सर्वसंदोहेन[1] बलानां युध्येत ।

३. 'सेना के सम्पूर्ण सामर्थ्य से युद्ध करना चाहिए ।

पराक्रमो हि व्यसन[1]मपहन्ति ।

४. पराक्रम विपत्ति को विनष्ट करता है ।

पाठभेद :

सर्वभातुप्रणतो' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'सपुत्रानुप्रणतो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) आबलीयस : शक्तिशाली, आक्रमण के प्रति दुर्बल रहना, व्यवहार में तथा उस सम्बन्ध में किया गया कर्म । द्र० ७:६:२८, ७:१४:२८, गण० ३:१५४ ।

(२) अभियुक्त : आक्रान्त, । द्र० ७:५:६, ८:१:५९,

(३) वेतस धर्म : बेत के समान । गण० ३:१५४ ।

पादटिप्पणी :

२. (१) नमति : झुकना, अधीनता स्वीकार करना । महाभारत १२:६७:११ ।

पादटिप्पणी :

३. (१) संदोह : सैन्य सज्जा सैन्य प्रचालन, युद्धार्थ संचालन, साथ लाना । द्र० ५:२:५०, ६:२:३८, ७:४:७, १२, १४, ७:१३:५, ९:६:५५, १२:१:७, १३:३:२३ ।

पादटिप्पणी :

४. (१) व्यसन : आपदा । द्र० ३:१४:२, गण० ३:२ ।

स्वधर्मश्चैष क्षत्रियस्य, युद्धे जयः पराजयो वा' इति विशालाक्षः ।

५. यह (पराक्रम) क्षत्रिय का स्वधर्म है, युद्ध में जय हो अथवा पराजय' यह विशालाक्ष का मत है ।

नेति कौटिल्यः ।

६. कौटिल्य का ऐसा मत नहीं है ।

सर्वत्रानुप्रणतः कुलैडक[1] इव निराशो जीविते वसति ।

७. सब प्रकार से विनत नृपति कुलैडक तुल्य जीवन के प्रति निराश रहता है

युध्यमानश्चाल्पसैन्यः समुद्रमिवाऽप्लवो[1]ऽवगाहमानः सीदति ।

८. युद्ध करता हुआ अल्प सैन्य वाला नृपति नौका साधन विहीन रहकर समुद्र में अवगाहन (प्रवेश) कर्ता पुरुष तुल्य दुःखभागी होता है ।

तद्[1]विशिष्टं तु राजानमाश्रितो दुर्ग[2]मविषह्यं[3] वा चेष्टेत ।

९. अतएव शत्रु की अपेक्षा विशेष बलवान् राजा का अथवा अविषह्य दुर्ग का आश्रय लेकर, शत्रु के प्रतीकार की चेष्टा करे ।

त्रयो[1]ऽभियोक्तारो धर्मलोभासुरविजयिन इति ।

१०. धर्म-विजयी, लोभ-विजयी एवं असुर विजयी ये तीन प्रकार के अभियोक्ता होते हैं ।

पादटिप्पणी :

५, (१) क्षत्रिय : चार वर्णोंमें द्वितीय वर्ण है । क्षत्रियोंका कर्म धर्म युद्ध करना है ।

पाठभेद :

'कुलैडक' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'कूलैडक' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

७. (१) कुलैडक : अपने गोल से अलग हुए या यूथ भ्रष्ट मेढ़ा या जो मेढ़ा घर में केवल मारने के लिए रखा जाता है । गण० ३:१५१ ।

पादटिप्पणी :

८ (१) प्लव : छोटी नाव । द्र० २:१:२५, १८:२:३१ ।

पादटिप्पणी :

९. (१) तद् : बलवान राजा से तात्पर्य है । ७:१५:१ ।

(२) दुर्ग : द्र० ७:१५:९, गण० १:१२७ ।

(३) अविषह्य : अनाक्रमणीय । द्र० ७:१२:२ १३:३:२० ।

पाठभेद :

'धर्मलोभासुर' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'धर्मासुरलोभ' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) त्रय : तीन प्रकारके आक्रमक राजा ।

(२) धर्म विजयी : धार्मिक राजा । द्र० ३:१:३८, ४०, ४३, ४४, ४५,

(३) लोभ विजय : लोभी राजा । १:६:१ ।

(४) असुर विजयी : असुर राजा ।

तेषामभ्य[1]वपत्त्या धर्मविजयी तुष्यति ।

११. उनमें धर्म विजयी आत्म समर्पण से सन्तुष्ट होता है।

तमभ्यवपद्येत, परेषाम[1]पि भयात् ।

१२. अन्य शत्रुओं का भय होने पर भी धर्म विजयी को आत्म समर्पण करे अर्थात् वह अन्य से भी दुर्बल की रक्षा करता है।

भूमिद्रव्यहरणेन लोभविजयी तुष्यति ।

१३. लोभ विजयी भूमि-द्रव्य के अर्पण से सन्तुष्ट होता है।

तमर्थेनाभ्यवपद्येत ।

१४. उसे अर्थ प्रदान द्वारा आवर्जित करे।

भूमिद्रव्यपुत्रदारप्राणहरणेनासु[1]रविजयी ।

१५. असुर विजयी भूमि, द्रव्य, पुत्र-दार (स्त्री पुत्र) एवं प्राण हरण से सन्तुष्ट होता है।

तं भूमिद्रव्याभ्यामुपगृह्य[1]ाग्राह्यै[2]ः प्रतिकुर्वीत ।

१६. भूमि-द्रव्य प्रदान कर, उसे अनुकूल तथा (उससे) दूर रहकर, प्रतीकार करे।

तेषामन्यतममुत्तिष्ठमानं संधिना मन्त्र[2]युद्धेन कूटयुद्धेन वा प्रतिव्यूहेत ।

१७. उनमें उत्तिष्ठमान किसी एक का सन्धि, मन्त्रयुद्ध अथवा कूट युद्ध से प्रतिव्यूहन (अपकार) करे।

पादटिप्पणी :

११ (१) अभ्यवपत्ति : समर्पण। द्र० १२:१:१३, १४।

पादटिप्पणी :

१२ (१) परेषामपि भयात् : दूसरे से भय होने पर।

पादटिप्पणो :

१५ (१) असुर : दैत्य, दानव। द्र० १२:१:१०।

१६. (१) उपगृह्य : देना।

पादटिप्पणो :

(२) अग्राह्य : पहुँचसे बाहर। द्र० २:३४:१०।

पाठभेद :

'संधिना' का तंजौर में 'संधेन' देवनागरी अनुलिपि में 'संधौ' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१७. (१) उत्तिष्ठमान : जब कूच करने के लिए तैयार हो। गण० ३:१३८, १४४।

(२) मन्त्रयुद्ध : नीतियुद्ध। द्र० ९:२:५, ७:१३:२९, १२:३:९, गण० ३:३२५, ३:१५८।

(३) प्रतिव्यूह : विरोधी मोर्चाबन्दी, प्रति व्यूह रचना।

पादटिप्पणी :

१८. (१) अस्य : बलीराजा।

शत्रुपक्षम[1]स्य सामदानाभ्याम्, स्व[2]पक्षं भेददण्डाभ्याम् ।

१८. उसके शत्रु पक्ष को साम-दान द्वारा तथा स्वपक्ष को भेद-दण्ड द्वारा अनुकूल करे ।

दुर्गं[1] राष्ट्रं[2] स्कन्धावारं[3] वाऽस्य गूढ़ा[4]ः शस्त्र[5]रसा[6]ग्नि[7]भिः साधयेयुः ।

१९. उसके दुर्गं, राष्ट्र अथवा स्कन्धावार को गूढ़ पुरुष शस्त्र, रस एवं अग्नि द्वारा विनष्ट करें ।

सर्वतः पार्ष्णि[1]मस्य ग्राहयेत् ।

२०. उस बली राजा के सब ओर से पार्ष्णिग्राह कराये अर्थात् सब ओर से आक्रमण कराये ।

अटवीभिर्वा राज्यं घातयेत्. तत्कुलीनापरुद्धाभ्यां वा हारयेत् ।

२१: अथवा आटविकों द्वारा इसका राज्य नष्ट कराये अथवा उस कुल के पुरुष या अपरुद्ध पुत्रादि द्वारा राज्य अपहृत कराये ।

अपका[1]रान्तेषु चास्य दूतं प्रेषयेत् ।

२२. अपकारोपरान्त उसके पास सन्धि के लिये दूत प्रेषित करे ।

अनपकृत्य वा संधा[1]नम् ।

२३. अथवा विना अपकार किये सन्धि की याचना करे ।

तथाप्यभिप्रयान्तं कोशदण्डयोः पा[1]दोत्तरमहोरा[2]त्रोत्तरं वा संधि याचेत ।

२४. तथापि अभियान कर्ता बलवान् शत्रु से कोश-दण्ड में चतुर्थांश वृद्धि अथवा दिन-रात के समय में वृद्धि कर सन्धि याचना करे ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) दुर्गं : किला ।

(२) राष्ट्र : देश । १:१२:२२, १:१३:१५ ।

(३) स्कन्धावार : शिविर, सैनिक छावनी । १०:१:१,९:६:४४ ।

(४) गूढ़ : गुप्तचर, जासूस, द्र० २:१६:२४, ३३, १:११:१ ।

(५) शस्त्र : हथियार ।

(६) रस : विष ।

(७) अग्नि : आग ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) पार्ष्णि : सेना का पृष्ठ भाग। द्र० ७: ५:८, ७:१३:१ ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) अवरूद्ध : राजकुमार जो अकृपा प्राप्त है । द्र० १:१३:१८, १:१८:१३, १:१०:३, ९:३:१४ ।

पादटिप्पणी :

२२. (१) अपकारान्तेषु : अपकार के अन्त या अहितकर कार्यों के अन्त में ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) संधानम् : सन्धि या शक्ति की याचना ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) पाद : एक पैर का ।

(२) अहोरात्र : दिन एवं रात्रि ।

स[1] चेद्दण्ड[2]संधिं याचेत, कुण्ठ[3]मस्मै हस्त्यश्वं दद्याद्, उत्साहितं वा गर[4]युक्तम्।

२५. यदि वह दण्ड सन्धि की याचना करे, तो उसे कुण्ठ (अकर्मशील) हाथी-घोड़ा दे अथवा विष प्रदान किये गये उत्साहित हाथो घोड़ा दे ।

पुरुषसंधिं[1] याचेत, दूष्यामित्राटवीबलमस्मै दद्याद्, योगपुरुष[2]ाधिष्ठितम् ।

२६. यदि पुरुष सन्धि की याचना करे तो उसे योग पुरुष युक्त दूष्यबल, अमित्रबल एवं अटवी बल प्रदान करे ।

तथा कुर्याद्यथोभय[1]विनाशः स्यात् ।

२७. ऐसी व्यवस्था करे, जिससे उभय बल विनष्ट हो जाय ।

तीक्ष्णबलं[1] वाऽस्मै दद्याद् यदवमानितं[2] विकुर्वीत, मौल[3]मनुरक्तं वा यदस्य व्यसनेऽपकुर्यात् ।

२८. अथवा उसे तीक्ष्ण बल प्रदान करे, जो अपमानित होने अपकार करे, अथवा स्वानुरक्त मौल बल प्रदान करे जो उसके विपत्तिकाल में पूर्ण अपकार करे ।

कोशसंधिं याचेत, सार[1]मस्मै दद्याद् यस्य क्रेतारं नाधिगच्छेत्, कुप्य[2]मयुद्धयोग्यं वा ।

२९. यदि कोश सन्धि की याचना करे, तो उसे वह सार द्रव्य प्रदान करे, जिसका क्रेता उपलब्ध न हो सके अथवा युद्ध के अयोग्य कुप्य प्रदान करे ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) स च : दुर्बल राजा से तात्पर्य है ।

(२) दण्ड : सेना ।

(३) कुण्ठ : मन्द बुद्धि, जड़, मूढ़, शक्ति हीन, असमर्थ, कायर । द्र० ७:१२:१, ८:४:४३, गण० ३: १५६ ।

(४) गर : विष जिसके खाने से पन्द्रह दिन या एक साल में मृत्यु हो जाती है । द्र० ७:१:३० १४: १:६, ७, गण० ३:२३८ ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) पुरुषसंधि : पैदल सेना को सन्धि के अनुसार लेना चाहिए । गण० ३:१५६ ।

(२) योगपुरुष : गुप्तचर प्रतिनिधि या विष आदि देनेवाला । द्र०१:२१:२९, ५:१:३२, ९:३:२६ ३०, गण० २:१२३ ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) उभय : शत्रु तथा दूष्य बल दोनों ।

पाठभेद :

'दद्याद्यदवमानितं' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'दद्यादवमानितं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) तीक्ष्णबल : तीक्ष्ण की सेना या उग्र वधिक सैनिकों की सेना । द्र० १:१४:५, ९:५:५०, ९:६:३५, ९:७:४९ ।

(२) अवमानित : तिरस्कृत ।

(३) मौलबल : वंशपरम्परा या वंशानुगत सेना । द्र० ९:२:१४, गण० ३:५१ ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) सार : मूल्यवान, बलसमृद्धि । द्र० ७:१२:१६ ।

(२) कुप्य : वन की उत्पत्ति, वन में उत्पन्न सामग्री वस्त्रादि । द्र० १:१६:९, २:१७:१, ७:१६:-१०, ९:३:१० ।

भूमिसंधि[1] याचेत, प्रत्यादेयां नित्या[2]मित्रामन[3]पाश्रयां महाक्षयव्ययनिवेशां वास्मै भूमिं दद्यात् ।

३०. यदि भूमि सन्धि की याचना करे, तो उसे प्रत्यादेय, नित्य अमित्रसान्निध्ययुक्त, आश्रय रहित (दुर्ग रहित) अथवा महाक्षय-व्ययसाध्य निवेश वाली भूमि प्रदान करे।

सर्वस्वेन वा राजधानीवर्जेन संधिं याचेत बलीयसः[1] ।

३१. अथवा राजधानी को छोड़कर सर्वस्व देकर भी बलवान् से सन्धि याचना करे।

यत्प्रसह्य हरेदन्यत्तत्प्रयच्छेदुपायतः ।
रक्षेत्स्वदेहं न धनं का ह्यनित्ये धने दया ॥

३२. अन्य बली शत्रु जिस धन का हरण करे, वह धन उपाय पूर्वक उसे अर्पित कर दे, अपने देह की रक्षा करे, धन की नहीं अनित्य धन पर क्या दया? अर्थात् शरीर रहने पर पुनः धनार्जन सम्भव है।

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे दूतकर्मप्रथमोऽध्यायः ।
आदितः षट्त्रिंशच्छततमः ।

बारहवें अधिकरण आबलीयस के अन्तर्गत दूतकर्म सम्बद्ध प्रथम अध्याय समाप्त। आदि से एक सो छत्तीसवा अध्याय समाप्त।

पादटिप्पणी :

३०. (१) भूमि संधि : द्र० ७:१४:१,

(२) नित्यामित्र : सदा या शाश्वत अमित्र या शत्रु। द्र० ७:७:२९, ७:१०:१२।

(३) अनपाश्रया : बिना आश्रय। दुर्गादि आश्रयरहित।

पादटिप्पणी :

३१. (१) बलीयस : शक्तिशाली, बलवान या बली राजा।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः, दूतकर्माणि सन्धियाचनम् आदितः षट्त्रिंशच्छततमः।

मैसूर संस्करणमें—

इत्याबलीयसे दूतकर्माणि सन्धियाचनं प्रथमोऽध्यायः आदितः षट्त्रिंशच्छततमः।

वसाक संस्करणमें—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः दूतकर्माणि सन्धियाचनम् आदितः षट्त्रिंशच्छततमः।

उदयवीरशास्त्री संस्करणमें—

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे दूतकर्माणि संधियाचनं प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥ आदितः
षट्त्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३६ ॥

अध्याय २

[त्रिषष्टिशततमं प्रकरणम्—मन्त्रयुद्धम्; चतुःषष्टिशततमं प्रकरणम्—सेनामुख्यवधः प्रथमो भागः]

एक सौ तिरसठवां प्रकरण–मन्त्र युद्ध
एक सौ चौसठवां प्रकरण–सेना मुख्यवध प्रथम भाग

स[1] चेत्संधौ नावतिष्ठेत, ब्रूयादेनम्––"इमे शत्रुषड्वर्ग[2]वशगा राजानो विनष्टाः, तेषामनात्मवतां नार्हसि मार्गमनुगन्तुम् ।

१. यदि वह सन्धि में स्थित न हो, तो उससे इस प्रकार कहे 'काम क्रोधादि षड्वर्ग के वशीभूत अमुक राजा नष्ट हो गये, उन अधम राजाओं के मार्ग का अनुसरण करना, तुम्हारे लिये उचित नहीं है ।

धर्म[1]मर्थं[2] चावेक्षस्व ।

२. धर्म और अर्थ देखो ।

मित्रमुखा[1] ह्यमित्रास्ते ये त्वा साहस[2]मधर्म[3]मर्थातिक्रमं[4] च ग्राहयन्ति ।

३. वे मित्र के रूप में तुम्हारे शत्रु हैं, जो तुम्हें साहस, अधर्म और अर्थातिक्रमण करने के लिये प्रेरित कर रहे हैं ।

पाठभेद :

'शत्रुषड्वर्ग' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'षड्वर्ग' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) स : शक्तिशाली राजा ।

(२) शत्रुषड्वर्ग : काम, क्रोध, लोभ, मान, मद एवं हर्ष । द्र०१:६:१ ।

पादटिप्पणी :

२. (१) धर्म : द्र० ३:१:३९, ४०, ३:१:३८, ४३, ४४, ४५ । गण: १:२९ ।

(२) अर्थ : द्र० १:७:६ गण० ३:८९ ।

पादटिप्पणी :

३. (१) मित्रमुख : मित्र का नकाब लगाये या मित्र बने ।

(२) साहस : उग्रता, प्रचण्डता, हिम्मत । द्र० १२:२:४ ।

(३) अधर्म : धर्म विरुद्ध कार्य या पाप । गण० १:१:२७ ।

(४) अर्थातिक्रम : हस्तगतया उत्तम वस्तु का त्याग । गण० ३:१५८ ।

शूरैस्त्यक्तात्मभिः सह योद्धुम्साहसम्[1] जनक्षयमुभयतः कर्तुमधर्मः, दृष्टमर्थं मित्रमदुष्टं च त्यक्तुमर्थातिक्रमः ।

४. स्वशरीर की चिन्ता न करने वाले शूरों के साथ युद्ध करना साहस, दोनों ओर से जनक्षय करना अधर्म तथा प्राप्त धन और सज्जन मित्र का परित्याग अर्थ का अतिक्रमण है ।

मित्रवांश्च स[1] राजा, भूयश्चैतेनार्थेन मित्राण्युद्योजयिष्यति यानि त्वा सर्वतोऽभियास्यन्ति ।

५. प्रचुर मित्र वाला वह राजा पुनः इस धन से मित्रों को संयुक्त करेगा, जो कि सब ओर से तुम्हारे ऊपर अभियान करेंगे ।

न च मध्यमो[1]दासीनयो[2]र्मण्डलस्य वा परित्यक्तः, भवांस्तु परित्यक्तः तत्त्वा समुद्युक्तमुपप्रेक्षन्ते 'भूयः क्षयव्ययाभ्यां युज्यंताम्, मित्राच्च भिद्यताम्, अथैनं परित्यक्तमूलं सुखेनोच्छेत्स्यामः' इति ।

६. अथवा उसे मध्यम अथवा उदासीन मण्डल ने उसका त्याग नहीं किया है और आपका परित्याग किया है, वे युद्धोद्यत तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं—'पुनः क्षय-व्यय से युक्त तथा मित्र से भिन्न हो जाय, तो मूल त्याग करने वाले, उसका सुखपूर्वक उच्छेद करेंगे'

स भवान्नार्हति मित्रमुखानाममित्राणां श्रोतुम्, मित्राण्युद्वेजयितुममित्रांश्च श्रेयसायोक्तुम्, प्राणसंशयमनर्थं चोपगन्तुम्'' इति यच्छेत् ।

७. मित्रमुख शत्रुओं की बात सुनना, मित्रों को उद्विग्न तथा शत्रुओं को श्रेय युक्त करना और स्वयं को प्राण संशय एवं अनर्थ में डालना, आप के लिये उचित नहीं है अर्थात् आप ऐसा न करें' इस प्रकार कहकर धनादि प्रदान करे ।

पाठभेद :

'कतुमधर्मः', का देवनागरी अनुलिपिमें 'कतुं धर्मः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणो :

४. (१) साहस : मनुः ७:४८, ८:६ ।

पादटिप्पणी :

५. (१) स राजा : दुर्बल राजा ।

पाठभेद :

'यत्वा' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'ये त्वा' पाठभेद मिलता है । तथा 'च्छेत्स्याय' का 'च्छेत्स्यामहे' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६. (१) मध्यम : द्र० ६:२:२१, गण० ३:१०८, २:३५९ ।

(२) उदासीन : अनिच्छुक, निरपेक्ष । द्र० ४:३३:३९, ६:२:२२ । गण० २:३५९, ३:२०८ ।

पाठभेद :

'यच्छेत्' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'गच्छेत्' पाठभेद मिलता है ।

तथापि प्रतिष्ठमानस्य प्रकृतिकोपमस्य कारयेद् यथासंघ[1]वृत्ते व्याख्यातं योग[2]वामने च ।

८. इस पर भी अभियानोद्यत होने पर इसके प्रकृति को संघ वृत्त एवं योग वामन की व्याप्ख्यानुसार कुपित करे ।

तीक्ष्ण[1]रस[2]दप्रयोगं च ।

९. तीक्ष्ण और रसद का प्रयोग करे ।

यदुक्तमात्म[1]रक्षितके रक्ष्यं तत्र तीक्ष्यान् रसदांश्च प्रयुञ्जीत ।

१०. आत्मरक्षितोक्त विधि के अनुसार वहाँ तीक्ष्णों एवं रसदों का प्रयोग करे ।

बन्ध[1]कीपोषकाः परमरूपयौवनाभिः स्त्रीभिः सेनामुख्यानुन्मादयेयुः ।

११. वन्धकी पोषक जन, परमरूप यौवन सम्पन्न स्त्रियों द्वारा सेना प्रमुखों को उन्मादित करें ।

बहूनामेकस्यां द्वयोर्वा मुख्ययोः कामे जाते तीक्ष्णाः कलहानुत्पादयेयुः ।

१२. एक स्त्री में अनेक अथवा दो सेना प्रमुखों के आसक्त होने पर, तीक्ष्ण कलह उत्पन्न कराये ।

पादटिप्पणी :

८. (१) संघवृत्त : द्र० अधिकरण ११ अध्याय १; १२:१:२९ ।

(२) योगवामन : किसी कपटी द्वारा शत्रु को बाध्य करना । द्र० १२:४:२९, १२:२:८ । गण० ३:१५९, १७२, १८५ ।

पादटिप्पणी :

९. (१) तीक्ष्ण : बधिक उग्र स्वभाव वाला । द्र० १:१४:५, ९:६:५३, ९:७:४९, १२:५:७, गण० १:५६ ।

(२) रसद : विष या जहर देने वाला । द्र० १:१३:१, १:१२:३ । गण० २:५७ ।

पादटिप्पणो :

१०. (१) आत्मरक्षित : द्र० अधिकरण १ अध्याय २१ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) बन्धकीपोषका : वेश्यालय या ब्राथल का रखने या चलाने वाला व्यक्ति । द्र० '१:२:२१, २८, ११:७:३४, गण० ३:१४८ ।

पाठभेद :

'एकस्यां' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'एकस्य' पाठभेद मिलता है ।

कलहे पराजितपक्षं परत्रापगमने[1] यात्रासाहाय्यदाने[2] वा भर्तुर्योजयेयुः[3] ।

१३. कलह हो जाने पर, पराजित पक्ष को विजिगीषु के पक्ष में जाने अथवा उसके अभियान में सहायता प्रदान करने के लिये प्रेरित करें।

कामवशान्वा[1] सिद्धव्यञ्जनाः[2] सांवदनिकीभिरोषधीभिरतिसंधानाय[3] मुख्येषु[4] रसं[5] दापयेयुः ।

१४. अथवा सेना प्रमुखों में कामवशीभूत मुख्यों को सिद्ध वेषधारी गुप्तचर औषधियों के साथ विष प्रदान करा दें।

वैदेहकव्यञ्जनो[1] वा राजमहिष्याः सुभगायाः[2] प्रेष्यामासन्नां[3] कामनिमित्तमर्थेनाभिवृष्य परित्यजेत् ।

१५. अथवा वैदेहक वेषधारी गुप्तचर परम सुन्दरी राजमहिषी की आसन्न अन्तरंग परिचारिका को कामनिमित्त अर्थ प्रदान द्वारा सन्तुष्ट कर, त्याग दे।

पाठभेद :

'परत्रापगमने' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'परत्रावगमने' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१३. (१) परत्र : दूसरे स्थान।

(२) यात्रा : चढ़ाई, युद्धयात्रा, अभियान।

(३) भर्तु : स्वामी या राजा।

पाठभेद

'कामवशान्वा' का देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कामवशाद्वा' तथा 'सांवदनिकीभिर' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सांवदनीकीभिर' तथा 'अतिसंधानाय' का 'अभिसंधानाय' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१४. (१) कामवश : कामासक्त। गण० १:३७।

(१) सिद्धव्यंजन : सिद्ध बना गुप्तचर या यक्ति।

(३) सांवदनिकी : किसी से प्रेम पाने का इच्छुक। द्र० ५:१:१९, ११:१:४०, १२:२:१६। गण० ३:१४।

(४) मुख्य : प्रमुख लोग।

(५) रस : विष। द्र० ५:१:७, ३१, ११:१:३८, गण० ३:७३, १९८, २२२।

पाठभेद :

'वैदेहकव्यञ्जनो' का तेलगू अनुप्रति लिपिमें 'वैदेहक व्यञ्जना' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१५. (१) वैदेहक व्यंजन : व्यापारी बना गुप्तचर या व्यक्ति।

(२) सुभगा : सुन्दरी, पति प्रिया। द्र० ८:४:२४, २६, १२:२:१५, १७ : गण० ३:३८।

(३) प्रेष्या : नौकरानी, भृत्या।

तस्यैव परिचारक[१]व्यंजनोपदिष्टः सिद्धव्यंजनः सांवदनिकीमोषधीं दद्यात् वैदेहकशरीरेऽवधात[२]व्या' इति ।

१६. उसी वैदेहक के परिचारक वेषधारी पुरुष द्वारा प्रेरित, सिद्ध व्यञ्जन पुरुष वशीकरण औषधि (परिचारिका को) यह कहकर प्रदान करे 'वैदेहक के शरीर पर डाल देना'

सिद्धे सुभगाया अप्येनं योगमुपदिशेत् 'राजशरीरेऽवधातव्या' इति ।

१७. उस प्रयोग के सिद्ध होने पर सुभगा राजमहिषी को भी इस योग का उपदेश दे 'राजा के शरीर पर (यह औषधि) डाल देना' ।

ततो रसेनातिसंदध्यात् ।

१८. तदनन्तर उसमें विष मिश्रण द्वारा राजा का घात करे ।

कार्तान्तिक[१]व्यंजनो वा महामात्रं 'राजलक्षणसंपन्नं' क्रमा[२]भिनीतं ब्रूयात् ।

१९. अथवा कार्तान्तिक वेषधारी गुप्तचर क्रमशः विश्वस्त महामात्र से कहे 'तुम राज लक्षण सम्पन्न हो' अर्थात् भविष्य में राजा बनोगे ।

भार्यामस्य भि[१]क्षुकी 'राजपत्नी राज[२]प्रसविनी वा भविष्यसि' इति ।

२०. अथवा भिक्षुकी उसकी स्त्री से कहे 'तुम राजपत्नी होगी अथवा भावी राजा उत्पन्न करोगी' ।

पाठभेद :

'नोपदिष्टः सिद्धव्यञ्जनः' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'नोपदिष्टव्यञ्जनः' तथा 'सांवदनिकीम्' का तंजौरमें 'सांवदनीतिम्' देवनागरी अनुलिपि में 'सांवदनीकोम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) परिचारक ब्यंजन : परिचारक या सेवक बना गुप्तचर या व्यक्ति ।

(२) अवधातव्या : फेंक देना या छिड़कना या रखना ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) कार्तान्तिक व्यंजन : ज्योतिषी बना व्यक्ति या गुप्तचर या भाग्य वक्ता या शरीर का लक्षण देखकर भविष्य बताने वाला ।

(२) क्रमाभिनीत : द्र० ११:१:६ ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) भिक्षुकी : मनु० ३:९४, ६:२१, गण० १:५२ ।

(२) राज प्रसविनी : राजा की माता । द्र० ११:१:४९ ।

भार्याव्यंजना[1] वा महामात्रं ब्रूयात् 'राजा किल[2] मामवरोधयिष्यति[3], तवान्तिकाय पत्रलेख्यमाभरणं चेदं परिव्राजिकया[4]ऽऽहृतम्' इति ।

२१. अथवा भार्या वेषधारिणी गुप्तचर स्त्री महामात्र से कहे 'राजा मुझे अपने अन्तः पुर में ले जायेगा तुम्हारे यहाँ (मेरे लिये) परिव्राजिका द्वारा यह पत्र लेख और आभूषण भेजा है ।

सूद[1]आरालिक[2]व्यंजनो वा रसप्रयोगार्थं राजवचनमर्थं चास्य लोभनीयमभिनयेत्[3] ।

२३. अथवा (महामात्र का) सूद और आरालिक वेषधारो गुप्तचर विष प्रयोग करने के लिये राजा का कथन और उसके द्वारा प्रलोभन द्रव्य दिया जाना प्रकट करे ।

तदस्य वैदेहकव्यंजनः प्रतिसंदध्यात्, कार्यसिद्धिं[1] च ब्रूयात् ।

२३. राजा के उस कथन को वैदेहक वेषधारी गुप्तचर प्रमाणित करे और कार्य सिद्धि (राजा के कथन से सूद-आरालिक को विष देना) कहे ।

एवमेकेन द्वाभ्यां त्रिभिरित्युपायैरेकैकमस्य महामात्रं विक्रमाय[1]अपगमनाय[2] वा योजयेत् । इति ।

२४. इस प्रकर एक, दो एवं तीन उपायों से राजा के एक-एक महामात्र को विक्रमार्थं अथवा अपगमनार्थं तैयार करे ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) भार्याव्यंजना : भार्या बनी स्त्री या गुप्तचरी । गण० २:३५५ ।

(२) किल : निश्चय ही, अवश्य ।

(३) विरोधयिष्यति : रोकना । यहाँ राजप्रासाद में रोकने से तात्पर्य है ।

(४) परिव्राजिका : भिक्षुणी या संन्यासिनी ।

पाठभेद :

'राजवचनमर्थं' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'राजवचनादर्थं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२२. (१) सूद : पाचक या रसोइया ।

(२) अरालिक : भोजन परोसने वाला । द्र० १:१३:९ । गण० १:५८, २:३५५ ।

(३) अभिनयेत : द्र० ५:२:३५ ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) कार्यसिद्धि : सफलता ।

पाठभेद :

'एकैकमस्य' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'एकैकस्य' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) विक्रम : युद्ध ।

(२) अपगमन : त्याग कर चला जाना ।

दुर्गेषु चास्य शून्यपालासन्नाः सत्त्रिणः पौरजानपदेषु [1]मैत्रीनिमित्तमावेदयेयुः–‘[2]शून्यपालेनोक्ता योधाश्चाधिकरणस्थाश्च “[3]कृच्छ्रगतो राजा जीवन्नागमिष्यति, न वा; प्रसह्य वित्तमार्जयध्वम्, अमित्रांश्च हत” इति ।

२५. राजा के दुर्गों में शून्यपाल के आसन्न सत्त्री पौर जानपदों में मैत्री के लिये निवेदन करें ‘शून्यपाल ने योधाओं और अधिकरणस्थ अधिकारियों से कहा है “राजा संकट में है जीवित आयेगा अथवा नहीं, बल पूर्वक धन अर्जित करो, शत्रुओं का वध करो” ।

[1]बहुलीभूते तीक्ष्णाः पौरान्निशास्वाहारयेयुः, मुख्यांश्चाभिहन्युः ‘एवं [2]क्रियन्ते ये शून्यपालस्य न शुश्रूषन्ते’ इति ।

२६. इसका प्रचार बाहुल्य हो जाने पर, तीक्ष्ण पुरुष रात्रि में पुरवासियों को लूटे और प्रमुख जनों की हत्या करें और कहे ‘जो शून्यपाल को सेवा नहीं करते उनकी यही दशा की जाती है’

शून्यपालस्थानेषु च [1]सशोणितानि शस्त्रवित्त[2]बन्धनान्युत्सृजेयुः ।

२७. और शून्यपाल के स्थानों पर शोणित युक्त शस्त्र धन एवं बन्धन छोड़ दें ।

ततः सत्त्रिणः ‘शून्यपालो [1]घातयति [2]विलोपयति च’ इत्यावेदयेयुः ।

२८. तदनन्तर सत्त्री कहें ‘शून्यपाल हत्या और लूट-पाट करता है’

एवं जानपदान् [1]समाहर्तृभेदयेयुः ।

२९. इस प्रकार जानपदों को समाहर्ता से भिन्न करें ।

पाठभेद

‘कृच्छ्रगतो’ का तंतौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में ‘कृच्छ्रागतो’ पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) मैत्रीनिमित्त : मिलन के लिए ।

(२) शून्यपाल : सूनो राजधानी का राजा या रक्षक

(३) कृच्छ्र : कष्ट प्रद या पीड़ाकर, कठिन, कष्ट साध्य, संकट, प्रायश्चित । द्र० ५:३:१, मनु ६:७८, स्कन्द० ६:५३:८३, भाग० ११:८:४८ ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) बहुलीभूत : अफवाह, जनरव । द्र० १२:३:२ ।

(२) एवं क्रियन्ते : इस प्रकार किया गया है ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) सशोणित : खून लगा ।

(२) बन्धन : बाँधने की डोरी ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) घातयति : मारना ।

(२) विलोपयति : लूटना । द्र० ३:१२:२, ७:४:२२, १०:३:१६ ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) समाहर्तु : गोप या स्थानिक, आय आदि का माल आयुक्त । द्र० २:६:१, २:३५:१ गण० १:५० ।

समाहर्तृ[1]पुरुषांस्तु ग्राममध्येषु रात्रौ तीक्ष्णा हत्वा ब्रूयुः 'एवंक्रियन्ते ये जनपदमधर्मेण[2] बाधन्ते' इति ।

३०. तीक्ष्ण पुरुष रात्रि में ग्राम के मध्य सामहर्ता के पुरुषों की हत्या करके कहें 'जो जनपद को अधर्म पूर्वक पोडित करते हैं, उनकी यही दशा की जाती है'

समुत्पन्ने दोषे शून्यपालं समाहर्तारं वा प्रकृति[1]कोपेन घातयेयुः ।

३१. इस प्रकार सर्वत्र दोष उत्पन्न हो जाने पर, शून्यपाल अथवा समाहर्ता का प्रकृतिकोप से वध करा दें ।

तत्कुलीनम संरुद्धं[1] वा प्रतिपादयेयुः[2] ।

३२. (शत्रु के) जाति (सम्बन्धी) अथवा अपरुद्ध पुत्रको राज्याधिष्ठित करें ।

अन्तः पुरपुरद्वारं[1] द्रव्यधान्यपरिग्रहान् ।
दहेयुस्तां च हन्युर्वा ब्रूयु[2]रस्यार्तवादिनः ॥

३३. (वे सत्री) अन्तःपुर पुरद्वार, द्रव्य परिग्रह एवं धान्य संग्रह स्थानों को जला दें और उनके पालकों की हत्या कर दे तथा स्वयं को दुःखी प्रदर्शित करते हुए, उक्त कर्म को पुरवासियों का कर्म कहें ।

पाठभेद :

'हत्वा' का तंजोर तथा तेलगू अनुप्रति लिपि में 'गत्वा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३०. (१) समाहर्तु : गोप या स्थानिक, आय आदि का माल आयुक्त । द्र० २:६:१, गण० १:५०

(२) धर्मेण बाधन्ते : धर्म में बाधा पहुँचाने वाला अर्थात् आततांई ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) प्रकृति कोप : जनविद्रोह ।

पाददिप्पणी :

३२. (१)अवरुद्ध : झूठा दावेदार, प्रिटेण्डर ।

द्र० १:१०:११, १:२:५, २७, ३:३:५, २:२७:
८:५:७, ८:५:२५, ४:१२:७ ।

(२) प्रतिवादयेयु : द्र० १:१:३, ३:१:
३:११:२०, ३:१:३७, ३:१८:१३. ७:१५:
३:१२:५०, ९:३:३८, ९:४:८ ।

पाठभेद :

'द्वारंद्रव्य' का तंजोर में 'द्वार द्रव्य' पाठ
मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३३. (१) पुरद्वार : नगर का फाटक ।

(२) ब्रूयु : उद्घोष ।

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे मन्त्रयुद्धं [सेनामुख्यवधः–प्रथमो भागः च] द्वितीयोऽध्यायः । आदितः सप्तत्रिंशच्छततमः ।

बारहवें अधिकरण में आबलीयस के अन्तर्गत मन्त्र युद्ध (सेना मुख्य वध और प्रथम भाग) सम्बद्ध दूसरा अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ सैतीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठभेद

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः दूतकर्मणि वाक्ययुद्धं दूतकर्मसमाप्तं मन्त्रयुद्धम् आदितः सप्तत्रिंशच्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इत्याबलीयसे दूतकर्मणि वाक्ययुद्धं मन्त्रयुद्धं द्वितीयोऽध्यायः आदितस्सप्तत्रिंशच्छततमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः दूतकर्माणि वाक्ययुद्धं दूतकर्म समाप्तं मन्त्रंयुद्धं आदितस्सप्तत्रिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे दूतकर्माणि वाक्ययुद्धं मन्त्रयुद्धं द्वितीयोऽध्याय ॥ २ ॥

आदितः सप्तत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३७ ॥

अध्याय ३

[चतुषष्टिशततमं प्रकरणम्—सेनामुख्यवधः (द्वितीयो भागः); पञ्चषष्टिशततमं प्रकरणम्—मण्डलप्रोत्साहनम्]

एक सौ चौसठवां प्रकरण–सेना मुख्य वध (द्वितीय भाग)

एक सौ पैंसठवां प्रकरण–मण्डल प्रोत्साहन

राज्ञो राजवल्लभानां चासन्नाः सत्रिणः पत्त्यश्वरथद्विपमुख्यानां 'राजा क्रुद्धः' इति सुहृद्विश्वासेन मित्रस्थानीयेषु कथयेयुः :

१. राजा और राजप्रिय जनों के समीपवर्ती सत्त्री पदाति, अश्व रथ एवं गज सेना के प्रमुखों के मित्रस्थानों (मित्रों) से मित्रवद् विश्वासभाव से कहें–पदाति आदि के प्रमुखों के प्रति 'राजा क्रुद्ध' हैं।

बहुलीभूते तीक्ष्णाः कृतरात्रिचारप्रतीकारागृहेषु 'स्वामिवचनेनागम्यताम्' इति ब्रूयुः।

२. उक्त प्रवाद फैल जाने पर, तीक्ष्ण रात्रिसञ्चरण का प्रतीकार करके, गृहों में जाकर कहें, 'स्वामी की आज्ञा से (स्वामी के समीप) आइए'।

तान् निर्गच्छत एवाभिहन्युः, 'स्वामिसंदेशः' इति चासन्नान् ब्रूयुः।

३. निकलते हुए उनकी हत्या कर दें और आसन्न जनों (मित्रवेषधारी सत्रियों) से कहें 'ऐसा स्वामी का आदेश था'।

प्रकरण १६४—सूत्र १६-२१।

प्रकरण १६५—सूत्र १६-२१, यह प्रकरण पूर्व प्रकरण १६३ का अविच्छेद है।

पादटिप्पणी

१. (१) राजवल्लभ : राजा का प्रिय।
(२) अश्व : अश्वारोही सेना।
(३) रथ : रथ की सेना।
(४) द्विप : हाथी की सेना।
(५) सुहृद : सुन्दर या स्नेहयुक्त हृदय वाला।
(६) मित्रस्थानी : स्थानीय का अर्थ ८०० विषों का केन्द्र अथवा तहसील भी होता है।

पादटिप्पणी

२. (१) बहुलीभूत : अफवाह या जनरव।
(२) कृत रात्रि चर : रात्रि में घूमना :
(३) वचन : आदेश।

पाठभेद :

'चासन्नान्' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'चासन्ना' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३. (१) स्वामिसंदेश : राजा का आदेश या संवाद या आज्ञा। द्र० ३:३१:५०।

ये चाप्रवासितास्तान्[1] सत्त्रिणो ब्रूयुः 'एतत्तद् यदस्माभिः कथितम्, जीवितुकामेनापक्रान्तव्यम्[2]' इति ।

४. अप्रवासित मनुष्यों से सत्त्री कहें 'यह वही है जो मैंने कहा था, जीवित रहने की इच्छा वाले को अपक्रान्त हो जाना चाहिए' ।

येभ्यश्च राजा याचितो न ददाति तान् सत्त्रिणो ब्रूयुः–'उक्तः शून्यपालो राज्ञा "अयाच्यमर्थमसौ चासौ च मां याचते, मया प्रत्याख्याताः शत्रुसंहिताः[1]; तेषामुद्धरणे[2] प्रयतस्व[3]" इति' ।

५. याचना करने पर राजा जिन्हें न दिया हो उनसे सत्त्री कहें 'राजा ने शून्यपाल से कहा अमुक अमुक व्यक्ति अयाच्य वस्तु मुझसे माँगता है, मैंने उन्हें नहीं दिया, वे शत्रु से मिल गये हैं, उनके उन्मूलन के लिये प्रयत्न करो,

ततः पूर्ववदाचरेत् ।

६. तदनन्तर पूर्ववत् आचरण करे ।

येभ्यश्च राजा याचितो ददाति तान् सत्त्रिणो ब्रूयुः–'उक्तः शून्यपालो राज्ञा 'अयाच्यमर्थमसौ चासौ च मां याचते, तेभ्यो मया सोऽर्थो विश्वासार्थं दत्तः, शत्रुसंहिताः तेषामुद्धरणे प्रयतस्व'' इति ।

७. याचना करने पर, राजा जिन्हें देता है 'अमुक-अमुक व्यक्ति मुझसे अयाच्य वस्तु मांगते हैं, मैंने विश्वासार्थ वह वस्तु उन्हें दिया है 'वे शत्रु से मिल गये हैं, उनके उन्मूलन के लिये प्रयत्न करो' ।

ततः पूर्ववदाचरेत् ।

८. तदनन्तर पूर्ववत् आचरण करे ।

पाठभेद :

'ये चाप्रवा' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'ये च प्रवा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) अप्रवासित : न मारे गये । द्र० १:१४:२, ४:१३:८, ९ ।

(२) अपक्रान्त : चले जाना चाहिए ।

पादटिप्पणी :

५. (१) शत्रुसंहिता : शत्रु से मिलना या साथी होना ।

(२) उद्धरण : विनाश, शत्रु से मिल गये हैं या साथी बन गये हैं ।

(३) प्रयत : प्रयत्न या उद्यम करना ।

ये चैनं याच्यमर्थं न याचन्ते तान् सत्त्रिणो ब्रूयुः 'उक्तः शून्यपालो राज्ञा "याच्यमर्थमसौ चासौ च मा न याचते, किमन्यत् स्वदोषशङ्कितत्वात्, तेषामुद्धरणे प्रयतस्व" इति' ।

९. और जो राजा से याचनीय वस्तु नहीं माँगते हैं उनसे सत्त्री कहें 'राजा ने शून्यपाल से कहा है 'अमुक-अमुक व्यक्ति मुझसे याचनीय वस्तु नहीं माँगते हैं, स्वदोष से शङ्कित होने के अतिरिक्त अन्य क्या कारण हो सकता है ? इनके उन्मूलन के लिये प्रयत्न करो' ।

ततः पूर्ववदाचरेत् ।

१०. तदनन्तर पूर्ववत् आचरण करे ।

एतेन सर्वः कृत्यपक्षो व्याख्यातः ।

११. इस प्रकार समस्त कृत्य पक्ष व्याख्यायित हो गया ।

प्रत्यासन्नो वा राजानं सत्री ग्राहयेत, 'असौ चासौ च ते महामात्रः शत्रुपुरुषैः संभाषते' इति ।

१२. अथवा राजा का समीपवर्ती सत्त्री इससे (राजा से) कहे 'आपका अमुक-अमुक महामात्र शत्रु पुरुषों से बात करता है' ।

प्रतिपन्ने दूष्यानस्य शासनहरान् दर्शयेत् 'एतत्तत्' इति ।

१३. उसके मान लेने पर (सत्त्री) राजा के दूष्य पुरुषों को महामात्र का सन्देशवाहक के रूप में दिखाये और कहे 'यह वही है' जो मैंने कहा था ।

पाठ भेद :

'उक्तः' का तंजोर में 'उदकः' पाभेभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

११. कृत्य पक्ष : क्रुद्ध, लुब्ध, भीत वर्ग । द्र० १:१४:१, ९:३:३८ गण० ३:१६५, २०९ ।

पाठभेद :

'संभाषते' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'संभाष्यते' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) संभाषते : वार्तालाप या बातचीत करना ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) दूष्य : विद्रोही, षडयन्त्रकारी । द्र० १:११:१७, ३:१४:२७, ९:६:८ । गण० ३:१२५, १७० ।

(२) अस्य : दुर्बल राजा ।

(३) शासनहर : संदेश वाहक । द्र० १:१६:४, २:२८:१८ । गण० १:७९ ।

सेनामुख्यप्रकृतिपुरुषान् वा भूम्या हिरण्येन वा लोभयित्वा स्वेषु विक्रमयेदपवाहयेद्वा ।

१४. अथवा सेना प्रमुख, प्रकृतिजन एवं सेवक पुरुषों को भूमि अथवा हिरण्य का लोभ देकर, उनके स्वजनों में कलह करा दे अथवा वहाँ से उन्हें हटा दे ।

योऽस्य पुत्रः समीपे दुर्गे[1] वा प्रतिवसति तं सत्त्रिणोपजापयेत्[2] 'आत्मसंपन्न[3]तरस्त्वं पुत्रः, तथाप्यन्तर्हितः, तत्किमुपेक्षसे विक्रम्य गृहाण, पुरा[4] त्व युवराजो विनाशयति' इति ।

१५. राजा का जो पुत्र समीप अथवा दुर्ग में रहता है, उसे सत्त्री द्वारा इस प्रकार कहकर-भिन्न करे (फोड़े) 'तुम युवराज की अपेक्षा अधिक आत्म सम्पद् युक्त पुत्र हो तथापि नियन्त्रित किये गये हो, तो तुम क्यों उपेक्षा कर रहे हो, पराक्रम करके राज्य भाग प्राप्त करो अन्यथा युवराज तुम्हारा पहले ही नाश करेगा' ।

तत्कुलीन[1]मपरुद्धं वा हिरण्येन प्रतिलोभ्य ब्रूयात् 'अन्तर्बलं[2] प्रत्यन्त[3]स्कन्ध[4]मन्तं[5] वाऽस्य प्रमृद्नीहि[6]' इति ।

१६. अथवा राजवंशीय या अपरुद्ध राजपुत्र को हिरण्य द्वारा प्रतिलुब्ध कर कहे 'अन्तर्वल सीमा बल अथवा अन्तबल (अन्य बल) को नष्ट करो' ।

आटविकानर्थमानाभ्यामुपगृह्य राज्यमस्य घातयेत् ।

१७. आटविकों को धन-मान द्वारा स्वानुकूल कर, शत्रु का राज्य नष्ट कराये ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) दुर्ग : सबल राजा की राजधानी या किला । गण: १:१२७ ।

(२) उपजाप : गुप्त रूप से प्रोत्साहित करना या प्रोत्साहन ।

(३) आत्मसम्पन्न : व्यक्तिगत गुण: । द्र० ६: ६:६ ।

(४) पुरा : अल्पकाल या शीघ्र ।

पाठभेद :

'अन्तं वाऽस्य' का श्रीमूल में 'अन्यं वाऽस्य' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) तत्कुलीन : द्र० १:१०:३, १:१३: १८, १:२४:३ ।

(२) अन्तर्बल : सेना जो राज्य की रक्षा के लिये भीतर छोड़ दी जाती है ।

(३) प्रत्यन्त : सीमा । गण: ३:१६६ ।

(४) स्कन्ध : शिविर या सेना का एक भाग या डिवीजन । द्र० ७:३२:११ ।

(५) अन्त : सीमावर्ती किला या अन्त का स्थान ।

(६) प्रमृदनी : नाश या नष्ट करना ।

पार्ष्णिग्राहं वाऽस्य ब्रूयात् 'एष खलु[1] राजा मामुच्छिद्य त्वामुच्छेत्स्यति, पार्ष्णिमस्य गृहाण, त्वयि निवृत्तस्याहं[2] पार्ष्णिं ग्रहीष्यामि' इति ।

१८. अथवा उसके (शत्रु के) पार्ष्णिग्राह से कहे 'यह राजा मेरा उच्छेद कर तुम्हें उच्छिन्न करेगा इसलिये तुम उस पर पीछे से आक्रमण करो, तुम्हारे ऊपर आक्रमण करने पर, मैं इस पर पीछे से आक्रमण करूँगा' ।

मित्राणि वाऽस्य ब्रूयात् 'अहं वः सेतुः[1], मयि विभिन्ने सर्वानेष वो राजाप्लावयिष्यति, संभूय वाऽस्य यात्रां विहनाम' इति ।

१९. अथवा इसके मित्रों से कहे 'मैं तुम्हारा सेतु हूँ मेरे भिन्न होने पर यह राजा तुम सब लोगों को नष्ट कर देगा, अथवा हम लोग सामूहिक रूप इसका अभियान नष्ट करें' ।

तत्संहतानामसंहतानां च प्रेषयेत् 'एष खलु राजा मामुत्पाट्य भवत्सु कर्मकरिष्यति, बुध्यध्वम्, अहं वः श्रेयानभ्युपपत्तुम्[1]' इति ।

२० शत्रु से संहत और असंहत राजाओं को यह सन्देश भेजे 'यह राजा मुझे उत्पाटित कर, आप लोगों को उत्पाटित करेगा, उसे जान लो मैं आप लोगों द्वारा रक्षणीय हूँ' ।

मध्यमस्य[1] प्रहिणुयादुदासीनस्य[2] वा पुनः ।
यथा सन्नस्य मोक्षार्थं सर्वस्वेन तदर्पणम् ॥

२१. (दुर्बलविजिगोषु राजा) मध्यम, उदासीन और अपने आसन्न राजा को सबल से अपने मोक्ष (त्राण) के लिये सर्वस्व समर्पण पूर्वक सन्देश भेजे ।

पादटिप्पणी

१८. (१) खलु : निश्चय ।

(२) निवृत्त : लौटा हुआ ।

पाठभेद :

'एष वो राजा प्लावयिष्यति' का देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'एसप्लवो राजा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) सेतु : बांध । शत्रु के आक्रमण का निरोधन । द्र० २:१:२०, २४, २:४:५, ३:८:३ । गण: १:१३६ ।

(२) विहनाम : निष्फल, असफल करना या प्रतिरोध करना ।

पाठभेद :

'नभ्युपपत्तुम्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'नभ्यनपत्तुम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) अभ्युपयत्तुः सहायता । द्र० १०:२: ३५, १२:१:११ ।

पादटिप्पणी

२१. (१) मध्यम : द्र० १२:२:६: । गण० २: ३५९,

(२) उदासीन : द्र० ४:१३:१७ । गण० २: ५९, ३:१०८ ।

(३) अर्पण : आत्मसमर्पण ।

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे सेनामुख्यवधः मण्डलप्रोत्साहनं च तृतीयोऽध्यायः ।

आदितः अष्ठत्रिंशच्छततमः ।

बारहवें अधिकरण में आबलीयस के अन्तर्गत सेनामुख्य वध और मण्डल प्रोत्साहन सम्बद्ध तीसरा अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ अड़तीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

गणपतिशास्त्री संस्करणमें—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे आवलीयसे द्वादशेऽधिकरणे तृतीयोऽध्यायः सेनामुख्यवधः मण्डप्रोत्साहनं च आदितोऽष्टात्रिशच्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इत्याबलीयसे सेनामुख्यवधः मण्डलप्रोत्साहनं च तृतीयोध्यायः आदितोऽष्टात्रिशच्छततमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे तृतीयोध्यायः सेनामुख्यवधः मण्डल प्रोत्साहनं च आदितोऽष्टत्रिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे सेनामुख्यवधः मण्डल प्रोत्सहनं च तृतीयोऽध्यायः ।। ३ ।। आदितोऽष्टत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ।। १३८ ।।

अध्याय ४

[षट्षष्टिशततमं प्रकरणम्—शस्त्राग्निरसप्रणिधयः सप्तषष्टितमं प्रकरणम्—वीवधासारप्रसारवधः]

एक सौ साठवाँ प्रकरण—शस्त्र, अग्नि एवं रस का गुप्त प्रयोग

एक सो सड़सठवाँ प्रकरण—वीवधासार प्रसार वध

ये चास्य दुर्गेषु वैदेहकव्यञ्जनाः[1], ग्रामेषु गृहपतिकव्यञ्जनाः[2], जनपद[3]संधिषु गोरक्ष[4]कतापस[5]व्यञ्जनाः, ते सामन्ताटविकतत्कुलीनापरुद्धानां पण्या[6]गारपूर्वं प्रेषयेयुः 'अयं देशो हार्यः[7], इति ।

१. शत्रु के दुर्गों में जो वैंदैहक वेषधारी गुप्तचर, ग्रामों में गृहस्थ वेषवाले गुप्तचर एवं जनपद सन्धि स्थानों पर, जो गोरक्षक और तापस वेषवाले गुप्तचर हों, वे (शत्रु के) सामन्तों, आटविन्कों, उसके सम्बन्धियों एवं अपरुद्ध राजपुत्रों को उपहार (भेंट) पूर्वक सन्देश भेजें—

'यह देश (प्रदेश) हरण करने योग्य है ।'

आगतांश्चैषां दुर्गे गूढपुरुषानर्थ[1]माना[2]भ्यामभिसत्कृ[3]त्य प्रकृतिच्छि[4]द्राणि प्रदर्शयेयुः ।

२. उनके आगत गूढ़ पुरुषों का दुर्ग में अर्थ-मान से सत्कार करके शत्रु के प्रकृति सम्बन्धी दुर्बल स्थानों को प्रदर्शित करें ।

तेषु तैः सह प्रहरेयुः ।

३. उनपर उनके साथ प्रहार करें ।

पादटिप्पणी :

१. (१) वैदेहक व्यंजन : व्यापारी बना गुप्तचर ।

(२) गृहपति व्यंजन : गृहस्थ बना गुप्तचर ।

(३) जनपद सन्धि : सीमावर्ती नगर या दुर्ग । द्र० ३:१:१ ।

(४) गोरक्षक : गोरक्षक बना गुप्तचर ।

(५) तापस व्यंजन : तपस्वी बना गुप्तचर ।

(६) पण्यागार : सामान, भेट स्वरूप दिया जाय, मालगोदाम भी अर्थ किया गया है । द्र० ३:३५:१२, ७:१५:२०, ८:४:२३, २४, ९:६:२३, २९ ।

(७) हार्य : हरण करने योग्य ।

पादटिप्पणी :

२. (१) अर्थ : धन । द्र० १:७:६ ।

(२) मानः प्रतिष्ठा, इज्जत । द्र० १:६:१ ।

(३) सत्कृत्य : सत्कार, आदर ।

(४) छिद्र : दुर्बल स्थान । द्र० २:३:६, ७:४:१३, ७:६:२८ ।

स्कन्धावारे[१] वाऽस्य शौण्डिक[२]व्यञ्जनः पुत्रमभि[३]त्यक्तं स्थापयित्वाऽवस्क[४]न्दकाले रसेन प्र[५]वासयित्वा 'नैषे[६]चनिकम्' इति मदनरसयुक्तान् मद्यकुम्भाञ्छतशः प्रयच्छेत् ।

४. अथवा शत्रु के स्कन्धावार में शौण्डिक वेषधारी गुप्तचर किसी वध्य पुरुष को पुत्र रूप में स्थित कर, रात्रि के अन्तकाल में उसे विष से मारकर 'यह नेषेचनिक है' यह कहकर मादक विषयुक्त सैकड़ों मद्यकुम्भ प्रदान करे।

शुद्धं वा मद्यं पाद्यं[१] वा मद्यं दद्यादेकमहः, उत्तरं रससिद्धं प्रयच्छेत् ।

५. अथवा शुद्ध मद्य दे अथवा एक दिन चतुर्थांश विषयुक्त मद्य दे तदनन्तर प्रचुर विषयुक्त मद्य दे।

शुद्धं वा मद्यं दण्डमुख्येभ्यः प्रदाय मदकाले रससिद्धं प्रयच्छेत् ।

६. अथवा सेना प्रमुखों को शुद्ध मद्य प्रदान कर, मद उत्पन्न होने पर, रससिद्ध मद्य दे।

दण्ड[१]मुख्यव्यञ्जनो वा पुत्रमभित्यक्तमिति समानम् ।

७. अथवा सेना प्रमुख वेषधारी गुप्तचर वध्य को पुत्र रूप में रखकर (तदनन्तर विष से मार कर नैषेचिक रूप में पूर्ववत् विषयुक्त मद्य कुम्भ प्रदान करे) पूर्ववत् करे।

पादटिप्पणी :

४. (१) स्कन्धावार : शिविर या सैनिक छावनी।

(२) शौण्डिक व्यंजन : मद्य विक्रेता बना व्यक्ति।

(३) अभित्यक्त : वध की सजा पाया अपराधी।

(४) अवस्कन्द : आकस्मिक या अचानक आक्रमण।

(५) रसेन प्रवासयित्वा : विष से मारकर।

(६) नैषेचनिक : मृत व्यक्ति के श्राद्ध में दिये जाने वाला।

भेदपाठ :

'पाद्यं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'माद्यं' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

५. (१) पाद्यं : एक चौथाई।

पादटिप्पणी :

६. (१) दण्डमुख्य व्यंजन : सेना का मुखिया बना गुप्तचर।

पाक्व[१]मांसिकौ[२]दनिकशौण्डि[३]कापूपि[४]कव्यञ्जना वा पण्यविशेषमवघोषयित्वा परस्परसंघर्षेण कालि[५]कं समर्घ[६]तरमिति, वा प[७]रानाहूय रसेन स्वपण्यान्यपचार[८]येयुः ।

८. अथवा पाक्वमांसिक, औदनिक एवं शौण्डिक वेषधारी गुप्तचर अपने पण्य का वैशिष्ट्य प्रसिद्ध कर, परस्पर स्पर्धापूर्वक कालान्तर देय मूल्य से अथवा अल्पमूल्य से शत्रु के पुरुषों को आहूत कर, विषयुक्त स्वपण्य उन्हें प्रदान करें ।

सुराक्षीरदधिसर्पि[१]स्तैलानि वा तद्व्यवहर्तृहस्तेषु गृहीत्वा स्त्रियो बालाश्च रसयुक्तेषु स्वभा[२]जनेषु परिकिरेयुः ।

९. अथवा सुरा, क्षीर, दधि, सर्षिस् एवं तैल इनके विक्रेताओं से लेकर, स्त्रियां और बालक विषयुक्त स्वपात्रों में गिरा लें ।

'अनेना[१]र्घेण, विशि[२]ष्टं वा भूयो दीयताम्', इति तत्रैवावाकिरेयुः ।

१०. 'इस मूल्य से अथवा अधिक दीजिए' इस प्रकार कहकर, उसी के पात्र में डाल दें ।

एतान्येव वैदेहकव्यञ्जनाः, पण्यविक्रयेणाहर्तारो वा ।

११. वैदेहक वेषधारी गुप्तचर अथवा पण्यविक्रय के व्याज से लाने वाले व्यक्ति—

हस्त्यश्वानां वि[१]धाय[२]वसेषुरसमासन्ना दद्युः ।

१२. हाथी-घोड़ों के विधा (हाथी का छन्न) एवं घासों में विष डाल दें ।

'कालिकं समर्घं' का तेलगू अनुप्रतिलि में 'कालिक-समर्घं' तथा 'न्यपचण्र' का 'न्यवचार' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

८. (१) पाक्वमांसिक : पका मांस बेचने वाला । द्र० २:३६:८, १४, १२:४:८ ।

(२) औदनिक : पका चावल या भात बेचने वाला । द्र० २:१५:६१, २:३६:८, १४ ।

(३) शौण्डिक : मद्य बेचने वाला ।

(४) आपूपिक : पुआ बेचने वाला । द्र० २:१५:६, १२:४:८ ।

(५) कालिकं : निश्चित समय के लिये उधार लेना । द्र० २:१५:७, ११:१:२८ ।

(६) समर्घ : द्र० १२:४:८ ।

(७) पर : शत्रु ।

(८) अपचार : धोखा । द्र० ४:२:२ ।

पाठभेद :

'तद्व्यवहतृहस्तेषु' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तद्व्यवहर्तृषु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

९. (१) सर्पिष : घृत ।

(२) भाजन : वर्तन या पात्र ।

पाठभेद :

'तत्रैवावाकिरेयुः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तत्रैवाविकिरेयुः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) अनेनार्घेण : मूल्य । द्र० ३:९:३, ३:१२:२६, ७:१२:१४ ।

(२) विशिष्ट : विशेष :

पादटिप्पणी :

१२. (१) विधा : हाथी आदि का चारा । द्र० २:३:२५, २६, २:३१:५, १२ ।

(२) यवस : घास । द्र० २:३१:१, ९:१:३७, १०:२:१८।

कर्मकरव्यञ्जना वा रसाक्तं यवंसमुदकं वा विक्रीणीरन् ।

१३. अथवा कर्मचारी वेषधारी गुप्तचर विषमिश्रित घास अथवा जल का विक्रय करें।

चिरसंसृष्टा[1] वा गोवाणिजका गवामजा[2]वी[3]नां वा यूथान्यवस्कन्दकालेषु-परेषां मोह[4]स्थानेषु प्रमुञ्चेयुः, अश्वखरोस्ट्रमहिषादीनां दुष्टांश्च ।

१४. अथवा चिरकालिक मित्र बने गोव्यापारी वेषवाले गुप्तचर शत्रुओं के कर्तव्य के निश्चयानिश्चय के अवसरों पर, गाय, बकरी एवं भेंड़ के झुण्ड छोड़ दें और अश्व, खर, ऊंट, महिष आदि पशुओं में दुष्ट पशुओं को—

तद्व्यञ्जना वा चुच्छुन्द[1]रीशोणिताक्ताक्षान् ।

१५. अश्वादि के व्यापारी वेषवाले गुप्तचर चुच्छुन्दरी का रुधिर उनकी आँखों में लगाकर छोड़ दें।

लुब्ध[1]कव्यञ्जना वा व्या[2]लमृगान् पञ्जरेभ्यः प्रमुञ्चेयुः, सर्पग्राहा वा सर्पानुग्रविषान्, हस्तिजीविनो वा हस्तिनः ।

१६. अथवा लुब्धक वेषधारी गुप्तचर व्याल मृगों (हिंसक जंगली जीवों) को पिजड़ों से छोड़ दें, अथवा सर्पग्राह उग्र विष वाले सर्पों को अथवा हस्तिजीवी हस्तियों को छोड़ दें।

अग्निजीविनो वाऽग्निमवसृजेयुः ।

१७. अथवा अग्निजीवी अग्नि छोड़ दें।

गूढपुरुषा वा वि[1]मुखान् पत्त्यश्वरथद्विपमुख्यानभिहन्युः, आदी[2]पयेयुर्वा-मुख्यावासान् ।

१८. अथवा गूढ़ पुरुष विमुख पत्ति, अश्व, रथ एवं द्विपों के प्रमुखों को मार डाले अथवा प्रमुखों के आवासों को जला दें।

पादटिप्पणी :

१४. (१) संसृष्ट : सम्बन्ध ।

(२) अज : बकरा ।

(३) अवी : भेड़ा ।

(४) मोहस्थान : अस्त-व्यस्त, हड़बड़ी ।

पाठभेद :

'चुच्छुन्दरी' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'चुचुन्दरी' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१५. (१) चुच्छुन्दर : छछुन्दर । द्र० १४:१:२९ ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) लुब्धक : बहेलिया । द्र० १:१४:४ ।

(२) व्याल : दुष्ट हाथी या जंगली जानवर । द्र० २:१५:४२, २:३१:४, २:३२:१, १:२१:२२, २:१:३७ ।

पाठभेद :

'मुख्यावासान्' का देवनागरी अनुलिपि में 'मुख्यावासां' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१८. (१) विमुख : विरत, पलायित, या हताग्र ।

(२) आदीप : आग लगाना ।

दूष्यामित्राटविकव्यञ्जनाः प्रणिहिताः[1] पृष्ठाभिघातमवस्कन्दप्रतिगृहं[2] वा कुर्युः।

१९. अथवा दूष्य अमित्र एवं आटविक वेषवाले नियुक्त गुप्तचर शत्रु सेनापर पीछे से आक्रमण करे या सुप्तकाल में उनका वध करे या सामना करें।

वनगूढा[1] वा प्रत्यन्त[2]स्कन्ध[3]मुपनिष्क्रष्य[4]भिहन्युः, एकायने[5] वीवधा[6]सार[7]प्रसारान्[8] वा।

१०. अथवा वनगूढ (वन में छिपे) गुप्तचर सेना को प्रत्यन्तस्कन्ध (देश सीमा) के समीप लाकर नष्ट करें अथवा एकायन पर (संकुचित मार्ग पर) वीवध, आसार एवं प्रसार का विनाश करे।

ससंकेतं वा रात्रियुद्धे भूरितूर्यमाहत्य ब्रूयुः 'अनुप्रविष्टाः स्मो, लब्धं राज्यम्', इति।

२१. अथवा रात्रियुद्ध में संकेतपूर्वक प्रचुर तूर्यनाद करके कहें 'हम अन्दर प्रविष्ट हो गये हैं, राज्य प्राप्त कर लिये'।

राजावासमनुप्रविष्टा वा संकुलेषु[1] राजानं हन्युः।

२२. अथवा राजा के निवास में प्रवेश कर भीड़-भाड़ में राजा को मार डालें।

पादटिप्पणी :

१९. (१) प्रणिहिता : रखा हुआ, स्थापित। द्र० ९:३:२।

(२) प्रतिग्रह : स्वीकार या ग्रहण करना या समर्थन देना। द्र० ३:१४:३८, ३:१:३८, ३:१७:३, ५, १२, १२:४:१९, १३:३:४६।

पादटिप्पणी :

२०. (१) वनगूढा : वन में छिपकर रहने वाले या गुप्तचर। द्र० १:११:१, १:१६:२४, ३३।

(२) प्रत्यन्त : सीमा के सैनिक। द्र० १२:३:१६।

(३) स्कन्ध : सेना का एक डिवीजन।

(४) उपनिष्कृष्य : बाहर निकालना या बाहर आने के लिये प्रोत्साहित करना।

(५) एकायन : एक ही व्यक्ति के जाने योग्य मार्ग। द्र० १०:२:९, १८, १२:४:२४, १३:२:४०।

(६) बीवध : पूर्ति या धान्य आदि की प्राप्ति। द्र० ७:६:८, ७:२:२०, ८:५:१४, ९:६:४४, १०:२:६।

(७) आसार : मित्र सेना की प्राप्ति को आसार कहते हैं। द्र० १:१६:२९, ६:२:१८, ८:१:५४, ९:६:४४, ८:२:३८।

(८) प्रसारण : अग्रगामीदस्ता, चारा आदि प्राप्ति के लिये हमला या आक्रमण करना। द्र० ९:२:३८, १०:२:५ १०:२:७।

पाठभेद :

'लब्धं राज्यम्' का तंजीर में 'लुब्धं राज्यम्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२२. (१) संकुल : कोलाहल-संक्षोभ।

सर्वतो वा प्रयातमेन म्लेच्छाटविकदण्डचारिणः सत्त्रो[1]पाश्रयाः स्तम्भ[2]वाटापाश्रया वा हन्युः ।

२३. अथवा जिस किसी ओर प्रयात राजा को सत्त्राश्रयी एवं स्तम्भवाटाश्रयी म्लेच्छ, धारविक एवं दण्डचारी (गुप्तचर) मार डालें ।

लुब्धकव्यंजना वाऽवस्कन्दसं[1]कुलेषु गूढ[2]युद्धहेतुभिरभिहन्युः ।

२४. अथवा लुब्धक वेषधारी गुप्तचर अवस्कन्द कालिक तुमुल (कोलाहल) के अवसर पर, गूढयुद्ध की प्रक्रिया से (शत्रु को) मार डालें ।

एकायने वा शैलस्तम्भ[1]वाटखञ्ज[2]नान्तरुदके वा स्वभूमिवलेनाभिहन्युः ।

२५. अथवा एकायन मार्ग में शैल वहुल, स्तम्भवाट वहुल खञ्जनोदक या अन्तरुदक प्रदेश में स्वानुकूल भूमिबल से शत्रुबल का नाश करें ।

नदीसरस्तटाकसेतुबन्धभेदवेगेन वा प्लावयेयुः ।

२६. नदी, सर एवं तटाक का सेतुबन्ध भङ्ग कर, जल के वेग में शत्रुबल प्लावित करें ।

धान्व[1]नवनदुर्गनिम्न[2]दुर्गस्थं वा योगा[3]ग्निधूमाभ्या नाशयेयुः ।

२७. धान्वन दुर्ग, वन दुर्ग अथवा निम्न दुर्ग में स्थित शत्रु को योगाग्नि एवं योगधूम से नष्ट करें ।

पाठभेद :

'पाश्रयाःस्तम्भवाटा' का तेलगू अनुप्रलिलिपि में 'पाश्रयस्तम्भवाटा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) सत्र : छिपने का स्थान या आश्रय स्थान । द्र० ७:१७:५६, १०:२:१५, १८, २४, ८:४:४१ ।

(२) स्तम्भबाट : पेड़ के तने या लट्ठे का घेरा । द्र० ३१:३:४३, ५०, ७:५:४६, ३:३३:२ ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) अवस्कन्द संकुल : कोलाहल के समय आकस्मिक या अचानक हमला ।

(२) गूढ युद्ध : गुप्त या छिपा युद्ध ।

पाठभेद :

'स्तम्भवाट' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'स्तम्भपट' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'स्तम्भ वना' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) स्तम्भवाट : लकड़ी के तने के लट्ठे का घेरा । द्र० १२।४:२३ ।

(२) खञ्जन : दलदल या अनूप या कच्छ या जलीय या पंकिल भूमि । द्र० १०:४:८ ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) सेतुबन्ध : सिंचाई के लिये बनाया गया वन्धा या बांध । द्र० २:३:२२, ३९, ३:९:३२ ।

पाठभेद

'धान्वनवनदुर्ग निम्न' का श्रमूल में 'धान्वन वननिम्न' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) धान्वन : बालू या रेगिस्तानी स्थान

(२) निम्नदुर्ग : जल दुर्ग ।

(३) योगाग्नि : विषैली आग ।

धान्वनगतं धूमेन, निधानेगतं रसेन, तोयवगाढं दुष्टग्रा[2]हैरुदकच[3]रणैर्वातीक्ष्णाः साधयेयुः, आदीप्तावासान्निष्पतन्तं वा ।

२८. तीक्ष्ण गुप्तचर धान्वन स्थित शत्रु को धूम से, निधानस्थ को रस (विष) से, जल में अवगाढ की दुष्टग्राहों या जल तरण साधनों से सिद्ध करें अथवा आदीप्त आवास से निर्गत होते हुए, पकड़ लें ।

योगेवामनयोगाभ्यां योगेनान्यतमेन वा ।
अमित्रमतिसंदध्यात्सक्त-मुक्ता[2]सु भूमिषु ॥

२९. उक्त भूमियों में स्थित शत्रु को योग वामन और योग द्वारा अथवा अन्य किसी एक योग द्वारा शत्रु को वश में करे ।

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे शस्त्राग्निरसप्रणिधयः वीवधासारप्रसारवधश्च चतुर्थोऽध्यायः । आदित एकोनचत्वारिंशच्छततमः ।

बारहवें अधिकरण में आबलीयस के अन्तर्गत शस्त्र-अग्नि-रस प्रणिधि एवं वीवधसार-प्रसारवध सम्बद्ध चतुर्थ अध्याय समाप्त ।

आदि से एक सौ उन्तालीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) निधान : रहने का घर, निवास स्थान ।

(२) ग्राह : घड़ियाल या मगर ।

(३) उदक चरणै : पानी पर तैरना या जाना । द्र० १३:३:५ ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) योगवामन : कपट से शत्रु को बलात बाहर निकालना । द्र० १२:२:८, १२:४:२९ ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे द्वादशेऽधिकरणे चतुर्थोऽध्यायः शस्त्राग्निरसप्रणिधयः, वीवधासारप्रसारवधश्च, आदित एकोनचत्वारिंशच्छततम ॥

मैसूर संस्करण में—

इत्याबलीयसे शस्त्राग्निरस प्रणिधयः वीवधासार प्रसारबधश्च चतुर्थोऽध्यायः आदित एकोनचत्वारिंशच्छततमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशाधिकरणे चतुर्थोऽध्यायः शस्त्राग्निरसप्रणिधयः वीवधासार प्रसारवधश्च, आदित एकोनचत्वारिंशच्छतः ।

उदयवीर शास्त्रीसंस्करणमें—

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे शस्त्राग्निरस प्रणिधयः ॥ ४ ॥ आदित एकोनचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३९ ॥

अध्याय ५

[अष्टषष्टिशततमं प्रकरणम्—योगातिसंधानम्; एकोनसप्ततिशततमं प्रकरणम्—दण्डातिसंधानम्; सप्ततिशततमं प्रकरणम्—एकविजयः]

एक सौ अड़सठवाँ प्रकरण—योगातिसंधान
एक सौ उनहत्तरवाँ प्रकरण—दण्डातिसंधान
एक सौ सत्तरवाँ प्रकरण—एक विजय

दैवतेज्यायां[1] यात्रायाम[2]मित्रस्य बहूनि पूजागमस्थानानि भक्तितः ।

१. देव पूजा और देवयात्रोत्सव के अवसर पर-भक्ति के अनुसार शत्रु-वेद पूजा हेतु आने-जाने के अनेक प्रसंग होते हैं ।

तत्रास्य योगमुपजंयेत्[2] ।

२. उसमें शत्रु को लक्ष्य कर योग (उपाय) का प्रयोग करे ।

देवतागृहप्रविष्टस्योपरियन्त्र[1]मोक्षणेन[2] गूढ[3]भित्तिं शिलां वा पातयेत् ।

३. देवगृह में प्रविष्ट होने पर शत्रु के ऊपर यन्त्रमोक्षता करके, गूढ़भित्ति अथवा शिला को गिरवा दे ।

पाठभेद :

'पूजागम्' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पूज्यामगम्' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'पूज्या-गम' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) योग : गुप्त छल, कपट, उपाय: द्र० १: १६: ३-४; द्र० ७:६:४:५:६:४८, गण० ७२ ।

(२) यात्रा : मेला, अभियान । द्र० १:१६:२९; ९:१:३४ ।

पादटिप्पणी :

२. (१) योग : कपट, उपाय । द्र० १:१६; ३४, ५:१:५४:५, ६:४८: ७, ९:१:१४, १२:४:२९, १२:५:१५ ।

(२) उपवंजयेत् : रखना, अभ्यास करना, प्रसार करना, कूटनीति का प्रयोग भी अर्थ किया गया है ।

पादटिप्पणी :

३. (१) यन्त्र : द्र० १:२०:२, २:३:३४, २: ४:२, २:१५:६३, २:१८:३, १०:८:४८ । गण० १: २५० ।

(२) मोक्ष: खोलना, गिराना ।

(३) गूढ़ : छिपी दिवाल ।

शिलाशस्त्रवर्षमुत्तमागारात्[1], कपाटमवपातितं वा भित्तिप्रणिहित[2]मेकदेशबद्धं वा परिघं[3] मोक्षयेत् ।

४. उत्तमागार से शिला एवं शस्त्रवृष्टि कराये, उखड़े कपाट को अथवा भित्ति में रखे गये तथा एक ओर बँधे परिघ (अर्गला) को गिरवा दे ।

देवतादेह[1]ध्वज[2]प्रहरणानि वाऽस्योपरिष्टात्पातयेत् ।

५. अथवा देवता के देह के ध्वज एवं प्रहरण, शत्रु पर गिरा दे ।

स्थानासनगमनभूमिषु वाऽस्यगोमय[1]प्रदेहेन गन्धोदक[2]प्रसेकेन[3] वा रसमतिचारयेत्, पुष्प[4]चूर्णोपहारेण वा ।

६. शत्रु के स्थान, आसन अथवा गमन भूमियों पर गोमयप्रलेप अथवा गन्धोदक प्रसेक में अथवा पुष्पचूर्णोपहार में विष प्रयोग कराये ।

गन्धप्रतिच्छन्नं वाऽस्य तीक्ष्णं[1] धूम[2]मतिनयेत् ।

७. अथवा इसे उत्तमगन्ध से प्रच्छन्न तीक्ष्णधूम, अधिक मात्रा में सेवन कराये ।

पाठभेद :

'कपाटम्' का 'कवाटम्' तथा 'एकदेशबद्धं' का 'एकदेशबन्धं' पाठभेद तेलगू अनुप्रतिलिपि में मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) उत्तमागार : मकान का ऊपरी कक्ष या कोठा ।

(२) प्रणिहित : रखा हुआ । द्र० ९, ३:३ ।

(३) परिघं : अर्गला, छड़, बर्छी, लौह गदा । गण० १:१३७, ३:१७३ ।

पाठभेद :

'देह ध्वजप्रहर' का तंजौर में 'देहध्वप्रहर' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'देहस्थप्रहर' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५. (१) देह : मूर्ति, प्रतिमा ।

(२) ध्वज : झण्डा, पताका, वैजन्ती, वह बांस या डण्डा जिसमें ध्वज फहराता है । द्र० १:१७:१८ २:२१:१ । गण० ३:१२५ ।

पाठभेद :

'गन्धोदक' का तंजौर में 'शन्धोदक' तेलगू अनु प्रतिलिपि में 'शुद्धोदक', देवनागरी अनुलिपि 'पुष्पचूर्णोय' का पुष्पगूर्णोप' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६. (१) गोमय : गोबरः ।

(२) गन्धोदक : सुगन्धित जल ।

(३) प्रसेक : सींचना, छिड़कना ।

(४) पूष्प चूर्ण : प्रसाद रूप शत्रु को भें करना ।

पादटिप्पणी :

७. (१) गन्धप्रतिच्छन्नं : गन्ध में छिपा हुआ ।

(२) तीक्ष्णं धूम : जहरीला या मारक धूआं द्र० १४:१:४, ९-१४, गण० ३:१४२ ।

शूलकूप[1]मवपातनं वा शयनासनस्याधस्ताद्यन्त्र[2]बद्धतलमेनं कीलमोक्षणेन प्रवेशयेत् ।

८. अथवा शयन-आसन के नीचे यन्त्रबद्धतल वाले इसे (शत्रु को) कीलयुक्त कर शूलकूपगर्त पातित करे ।

प्रत्यासन्ने[1] वाऽमित्रे जनपदाज्जनमवरोध[2]क्षममतिनयेत् ।

९. अथवा शत्रु के समोप होने पर, उसके जनपद से अवरोध समर्थजन को (अवरुद्ध करने के लिये) ले आये ।

दुर्गाच्चानवरोध[1]क्षममपनयेत्, प्रत्यादेय[2]मरि[3]विषये वा प्रेषयेत् ।

१०. अथवा अवरोध करने में असमर्थजन को दुर्ग से निकाल दे, प्रत्यादेय जन को शत्रुदेश में प्रेषित करे ।

जनपदं चैकस्थं शैलवननदीदुर्गेष्वटवीव्यवहितेषु[1] वा पुत्रभ्रातृपरिगृहीतं स्थापयेत् ।

११. शत्रु के एक छत्र जनपद के शैलदुर्ग, वनदुर्ग, नदी दुर्ग अथवा अटवी व्यवहित प्रदेशों पर, पुत्र और भ्रातृ का अधिकार करा दें ।

उपरोध[1]हेतवो[2] दण्डोपनत[3]वृत्ते व्याख्याता ।

१२. उपरोध हेतुओं की व्याख्या दण्डोपनतवृत्त में की गयी है ।

पादटिप्पणी :

८. (१) शूलकूप : नुकीला लोहे का काँटा, त्रिशूल, शूली, शलाका । द्र० २:३५:१६; ४:१:६३ ।

(२) यन्त्र : कमरे के फर्श के नीचे फाँसी के तख्ते की तरह लगाना या बांधना । द्र० २:१५:६२, २:१८:१, १०:६:४८, १:२०:२३४, २:३:३४, २:५:२ ।

(३) कील : खटका, कँटिया । द्र० १४:३:७०।

पाठभेद :

'वाऽमित्रे' का तंजौर में 'वाटमित्रे' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वाटव्यमित्रे' तथा 'जनपदाज्जनभव' का 'जनपदाच्चानव' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणो :

९. (१) प्रत्यासन्न : समीप । द्र० ७:१०:१७ ।

(२) अवरोध : रोकने में समर्थ ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) अवरोध : द्र० १२:९:२ ।

(२) प्रत्यादेय : लौटाना या वापस करना । द्र० १:३:५३ ।

(३) विषय : जिला या भूमि का क्षेत्र । द्र० ४:३:१९ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) व्यवहित : अलग या पृथक् ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) उपरोध : रोक, बाधा ।

(२) हेतवः : कारण । द्र० ७:१५:१२ ।

(३) दण्डोपनत : जो अपनी सेना का समर्पण कर देता है । द्र० ५:१:५३, ७:२:९, ७:३:६, ७:१४:३०, ७:१:२९ । गण० २:३६४ ।

तृणकाष्ठमायोजन[1]नाद्दाहयेत् ।

१३. शत्रुशिविर के एक योजन तक तृण-काष्ठ जलवा दे ।

उदकानि च दूषयेत्, अवस्रा[1]वयेच्च ।

१४. जल को दूषित और स्रवित करा दे ।

कूप[1]कूटा[2]वपातकण्टकि[3]नीश्च बहिरुब्ज[4]येत् ।

१५. बाहर (शत्रु मार्ग में) कूप, कूटावपात एवं कण्टकिनी का निर्माण कराये ।

सुरुङ्गा[1]ममित्रस्थाने बहुमुखीं कृत्वा निचय[2]मुख्यानभिहारयेत्, अमित्रं वा ।

१६. शत्रु स्थान पर, बहुमुखी सुरंग निर्मित करा कर, उसमें प्रमुख व्यक्ति या शत्रु को प्रविष्ट करा दे ।

परप्रयुक्तायां वा सुरुङ्गायां परिखा[1]मुद[2]कान्तिकीं खानयेत्, कूपशा[3]लामनुशा[4]लं वा ।

१७. अथवा शत्रु द्वारा सुरंग का निर्माण कराये जाने की स्थिति में उदकान्तिकी परिख अथवा प्राकार के अनुसार कूपशाला का निर्माण कराये ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) योजन : आठ मील, चार कोस । द्र० ९:१:१८, १०:२:१२ ।

पादटिप्पणी :

१४. (१) अवस्राव : जल बाहर निकाल देना ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) कूप : कूआँ या गड्ढा । द्र० ३:३:१५, १०:१०:१२ । गण० ३:१०५ ।

(२) कूटावपात : छिपा गड्ढा । द्र० ४:१०:३, ४:१३:१३ ।

(३) कण्टकोनि : कांटेदार, झाड़ी ।

(४) उब्ज : रखना । द्र० १२:५:२ ।

पाठभेद :

'नियममुख्यान' का श्री मूल में 'विचय-मुख्यान' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) सुरुंगा : सुरंग । द्र० १:२०:२, ५:३:४२, ७:१७:३३ । गण० ३:२० ।

२. निचय : संग्रह स्टोर । द्र० ७:१५:२० । गण० २:३३७, ३:४ ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) परिखा : खाई, किले के चारों तरफ खुदी हुई खाई ।

(२) उदकान्तिकी : पानी तक पहुँचना ।

(३) कूपशाला : कूप का ओसारा, बरामदा, उसके समीप बना विश्रामस्थल ।

(४) अनुशाला : संलग्न घेरा । द्र० २:४:१६ ।

तोयकुम्भान् कांस्यभाण्डानि वा शङ्कास्थानेषु स्थापयेत् खाताभिज्ञानार्थम् ।

१८. खाताभिज्ञान के लिये तौय कुम्भ अथवा कांस्यभाण्ड शंका स्थानों पर, स्थापित कराये ।

ज्ञाते सुरुङ्गापथे प्रतिसुरुङ्गां कारयेत् ।

१९. सुरंगपथ ज्ञात होने पर, प्रतिसुरंग निर्मित कराये ।

मध्ये भित्त्वा धूममुदकं वा प्रयच्छेत् ।

२०. सुरंग पथ के मध्य भेद करके (सविष) धूम अथवा (सविष) जल डलवाये ।

प्रतिविहितदुर्गो वामूले[1] दायादं कृत्वा प्रतिलोमामस्य दिशं गच्छेत्, यतो वामित्रैर्बन्धुभिराटवीकैर्वा संसृज्येत परस्यामित्रैर्दूष्यैर्वा महद्भिः, यतो वा गतोऽस्य मित्रैर्वियोगं कुर्यात् पार्ष्णि वा गृह्णीयात् राज्यं वाऽस्य हारयेत् वीवधा[2]सार[3]प्रसारान्[4] वा वारयेत्, यतो वा शक्नुयादाक्षिक[5]वदपक्षेपेणास्य प्रहर्तुम्, यतो वा स्वं राज्यं त्रायेत, मूलस्योपचयं वा कुर्यात् ।

२१. अथवा दुर्ग की रक्षा व्यवस्था करके, दुर्बल नृपति मूल (दुर्ग) में दायाद को रखकर शत्रु की प्रतिकूल दिशा में चला जाय, अथवा जहाँ जाकर, अपने मित्रों बन्धुओं और आटविकों से मिल सके अथवा शत्रु के शत्रुओं और बड़े दूष्यों से मिलकर, उसका अनिष्ट कर सके, अथवा जहाँ पहुँचकर, शत्रु के मित्रों को उससे भिन्न करे अथवा उसका पार्ष्णि ग्रहण करे अथवा शत्रु का राज्य हरण करा सके, अथवा उसका वीवधासार-प्रसार निर्धारित कर सके अथवा जहाँ जाकर, अपक्षेप द्वारा आक्षिक तुल्य शत्रु पर, प्रहार कर सके, जहाँ से अपने राज्य की रक्षा कर सके और मूल का उपचय (वृद्धि) करने में समर्थ हो सके, वहाँ चला जायं ।

पाठभेद :

'तोयकुम्भान्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अतोयकुम्भान्' तथा 'खाताभि' का 'वाताभि' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'प्रतिलोमामस्य' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रतिलोमस्य' तथा 'आक्षिक वदपक्षेपेण' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'आक्षिक पादपक्षेपेण' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) मूल : अधोभाग का तल । द्र० ७: २:४, ७:३:३३, ७:८:५ ।

(२) वीवध : पूर्ति । द्र० ९:६:४, १०:२:६ ।

(३) सार : मूल्यवान वस्तु । द्र० १०:५:४३, ४६, ४९ ।

(४) प्रसार : चारा तथा घास आदि के लिये हमला करना । द्र० १०:२:५ ।

(५) अक्षिकवद : कपटी जुआड़ी की तरह पासा फेंकना ।

यतः संधिमभिप्रेतं लभेत ततो वा गच्छेत् ।

२२. जिस ओर से अभीष्ट सन्धि कर सके, उधर चला जाय ।

सहप्रस्थायिनो वाऽस्य प्रेषयेयुः 'अयं ते शत्रुरस्माकं हस्तगतः, पण्यं[1] विप्रकारं[2] वाऽपदिस्य हिरण्यं[3]मन्तः सारबलं[4] च प्रेषय यस्यैनमर्पयेम बद्धं[5] प्रवासितम्[6] वा' इति ।

२३. अथवा उसके सहगामी गूढपुरुष शत्रु को सन्देह प्रेषित करें, 'तुम्हारा वह शत्रु हमारे हाथ में है, पण्य अथवा अपकार के व्याज से हिरण्य और अन्तःसार बल भेजो, जिससे (तुम्हारे उस) शत्रु को बन्दी कर अथवा मार कर तुम्हें अर्पित करें ।'

प्रतिपन्ने हिरण्यं सारबलं चाददीत ।

२४. शत्रु के उक्त कार्य करने पर हिरण्य और सारबल स्वयं ग्रहण कर ले ।

अन्तपालो[1] वा दुर्गसंप्रदानेन[2] बलैकदेश[3]मतिनीय विश्वस्तं घातयेत् ।

२५. अथवा अन्तपाल दुर्ग प्रदान करके, सेना का कुछ भाग अन्यत्र (दुर्गम स्थान पर) ले जाकर, विश्वास उत्पन्न कर, उन्हें मार डाले ।

जनपदमेकस्थं वा घातयितुममित्रानीकमावाहयेत्[1] ।

२६. अथवा सामूहिक रूप से एकत्रित जनपद को निग्रहीत करने के लिये शत्रु की सेना को आहूत करे ।

पाठभेद :

'ततो वा गच्छेत्' का तंजौर एवं तेलगू अनुप्रतिलिपि में कुतो वा गच्छेत्' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'प्रेषयेयुः' का देवनागरी अनुलिपि में 'प्रेषयस्व' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) पण्यं : भोग्य या विक्रय वस्तु । द्र० ७:१:१७:४२, ७:६:३७; ८:२:८, ८:४.३४, ९:१:२७ ।

(२) विप्रकार : अपकार या अनाचर या अपमान । द्र० ३:३:१६, ४३:३:४१ ।

(३) हिरण्य : मुद्रा या नगद ।

(४) सारबल : शक्तिशाली सेना ।

(५) बध : बांधना, पकड़ना ।

(६) प्रवासितम् : मार डालना ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) अंतपाल : सीमावर्ती दुर्ग का नायक या अधिकारी ।

(२) सम्प्रदान : हस्तान्तरण या समर्पण करना ।

(३) एक देश : एक स्थान, एक सीमा । द्र० ५:४:१७ ।

पादटिप्पणी :

२६ (१) आवाहयेत् : आमंत्रित करना, बुलाना ।

तदवरुद्ध[1]देशमतिनीय विश्वस्तं घातयेत् ।

२७. अवरुद्ध प्रदेश में ले जाकर, विश्वास उत्पन्न कर, उसे मार डाले ।

मित्रव्यं[1]ञ्जनो वा बाह्यं[2]स्य प्रेषयेत् 'क्षीणमस्मिन् दुर्गे धान्यं स्नेहाः क्षारो[3] लवणं वा, तदमुष्मिन् देशे काले च प्रवेक्ष्यति, तदुपगृह्णाण इति ।

२८. मित्रवेष धारी गुप्तचर शत्रु को सन्देश प्रेषित करे 'उस दुर्ग में धान्य, स्नेह (तैल), क्षार एवं लवण समाप्त हो गया है, अमुक समय और स्थान पर वह सब आयेगा उसे ग्रहण कर लो' ।

ततो रसं[1]विद्धं धान्यं स्नेहं क्षारं लवणं वा दूष्यामित्राटविकाः प्रवेशयेयुः, अन्ये वाऽभित्यं[2]क्ताः ।

२९. दूष्य, एवं आटविक जन अथवा अन्य वध्यजन तदनन्तर, विषयुक्त धान्य, स्नेह, क्षार एवं लवण ले जायं ।

तेन सर्वभाण्डवीवधग्रहणं व्याख्यातम् ।

३०. उक्त विधि से सब प्रकार का भाण्ड, वीवध ग्रहण व्याख्यायित हो गया ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) अवरुद्ध देश : घिरा हुआ क्षेत्र । द्र० २:३:५, १२:५:२७, गण० १:९०, ३:१७: २१० ।

पाठभेद :

'स्नेहाः क्षारो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'स्नेहाक्षारो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) मित्र व्यंजन : मित्र बना गुप्तचर या व्यक्ति ।

(२) बाह्य : घेरा डालने वाले राजा से तात्पर्य है ।

(३) क्षार : चीनी, शर्करा, खांड़, ईख द्वारा उत्पन्न पदार्थ । २:१५:१४, २:२९:४३, २:३०:१८, २:३१:१३ । गण० ३:२२२ ।

पाठभेद :

'रसविद्धं धान्यं स्नेहं' का तंजौर में 'रसविद्धान्यं स्नेहं तथा देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'रसविद्धान्यस्नेह' तथा 'वाऽभित्यक्ताः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वाऽभिव्यक्ताः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) संविद्ध : विष मिला हुआ । द्र० ७: २७:४९, ३:२७६ ।

(२) अभित्यक्त : अपराधी जिसे बध दण्ड दिया गया हो । द्र० २:५:४, ५:२:४४, ५५, ६५, १२:४, ७ ।

संधिं वा कृत्वाहिरण्यैकदेशमस्मै[1] दद्यात्, विलम्बमानः शेषम् ।

३१. अथवा सन्धि करके, कुछ भाग हिरण्य दे और शेष हिरण्य विलम्ब से दे ।

ततो रक्षाविधानान्यवस्रावयेत्[1][2] ।

३२. शत्रु कृत तदनन्तर रक्षा विधान दूर करा दें ।

अग्निरसशस्त्रैर्वा प्रहरेत् ।

३३. अग्नि, विष अथवा शस्त्र से प्रहार करे ।

हिरण्यप्रतिग्राहिणो[1] वाऽस्य वल्लभाननुगृह्णीयात्[2][3] ।

३४. अथवा शत्रु के प्रियजनों को हिरण्य ग्रहण कराकर, स्वानुकूल करे ।

परिक्षीणो[1] वाऽस्मै दुर्गं दत्त्वा निर्गच्छेत् ।

३५. अथवा परिक्षीण दुर्बल नृपति इसे दुर्ग अर्पित कर निकल जाय ।

सुरुङ्गया[1] कुक्षिप्रदरेण[2] वा प्राकारभेदेन निर्गच्छेत् ।

३६. सुरंग अथवा कुक्षिप्रदर से प्राकार भेदन कर, निकल जाय ।

रात्राववस्कन्दं[1] दत्त्वा सिद्धस्तिष्ठेत्, असिद्धः पार्श्वेनापगच्छेत्[2] ।

३७ रात्रि में अवस्कन्द करके सिद्ध होने पर (दुर्ग में) स्थित रहे, असिद्ध होने पर, पार्श्व से निर्गत हो जाय ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) हिरण्य : द्रव्य, नकद, रुपया । द्र० १:१३:६, १:१९:१२ ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) रक्षा विधान : किलेबन्दी । द्र० १:१९:९, ९:४:३, १३:४:१६ ।

(२) अवस्रावयेत् : कमजोर करना । द्र० ९:४:८ ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) हिरण्य प्रतिग्राहिण : मुद्रा लेने वाला ।

(२) वल्लभ : प्रिय साथी ।

(३) अनुग्रह : कृपा, प्रसाद । द्र० २:१:१४, २:३५:३, १३:४:३, २:१:२१, २:८:३, २:१६:११ गण० १:१११, ३:२०० ।

पादटिप्पणी :

३५. (१) परीक्षीण : अशक्त, पूरा थका हुआ, श्रान्त । द्र० १:१४:४ । गण० ३:३५, १७७ ।

३६. (१) सुरुंगा : सुरंग । द्र० १:२०:२, ५:२:४२, ७:१७:३, गण० ३:२०१ ।

(२) कुक्षि प्रदर : प्राकार या परकोटा की दीवार के एक तरफ तोड़कर विदीर्ण करना ।

३७. (१) अवस्कंद : आकस्मिक आक्रमण । द्र० ७:३:४०, ७:१०:२९, गण० ३:२७७, ३:११४, १३५, १४ ।

पाषण्ड[1]च्छद्मना मन्दपरिवारो निर्गच्छेत् ।

३८. पाषण्डवेष में अल्प परिवार के साथ निकल जाय ।

प्रेतव्यञ्जनो वा गूढै[2]र्निर्हियेत ।

३९. अथवा मृत वेष में वह गुप्तचरों द्वारा वहाँ से ले जाया जाय ।

स्त्रीवेषधारी वा प्रेतमनुगच्छेत् ।

४०. अथवा स्त्री वेष में मृतक का अनुसरण करते, निकल जाय ।

दैवतोपहार[1] श्राद्धप्रवहणेषु[2] वा रसविद्धमन्नपानमवसृज्य ।

४१. अथवा दैवतोपहार, श्राद्ध एवं प्रवहण के अवसर पर विष मिश्रित अन्न-पान देकर—

कृतोपजापो[1] दूष्य[2]व्यञ्जनैर्निष्पत्य गूढसैन्यो[3]ऽभिहन्यात् ।

४२. दूष्य वेषधारी गुप्तचरों द्वारा शत्रुपक्ष में प्रवेश कर, उपजाप करके, गूढ सैनिकों से युक्त होकर, शत्रु का नाश करे ।

एवं गृहीतदुर्गो वा प्राश्य[1]प्राशं[2] चैत्यमुपस्थाप्य दैवतप्रतिमाच्छिद्रं प्रविश्यासीत, गूढ[3]भित्तिं वा, दैवत[4]प्रतिमायुक्तं वा भूमिगृहम्[5] ।

४३. इस प्रकार दुर्ग शत्रु के हस्तगत हो जाने पर, दुर्बल विजिगीषु भोज्य अन्न युक्त चैत्य (देवालय) में पहुँच कर, देवप्रतिमा के छिद्र में प्रवेश कर अथवा गूढभिति में निवास करे अथवा देवप्रतिमा युक्त भूमिगृह में रहे ।

विस्मृते सुरङ्गया रात्रौ राजावासमनुप्रविश्य सुप्तममित्रं हन्यात् ।

४४. शत्रु के विस्मृत हो जाने पर, सुरंग मार्ग से रात्रि में राजा के निवास गृह में प्रवेश कर, सुप्त शत्रु को मार डाले ।

पादटिप्पणी :

३८. (१) पाखण्ड : नास्तिक साधु । द्र० १: १५:९:१:१९:२९, २:४, २३, गण० १:९२ ।

(२) मन्द : अल्प या थोड़े ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) प्रेतव्यञ्जन : शव बना व्यक्ति ।

(२) गूढ़ : गुप्तचर या गुप्त प्रतिनिधि ।

पादटिप्पणी :

४१. (१) देवतोपहार : प्रसाद । द्र० ७:१७: ४४ ।

(२) प्रवहण : उत्सव या मेला ।

पादटिप्पणी :

४२. (१) उपजाप : गुप्त प्रोत्साहन । द्र० १: ३:१६, १:१६:२६, २:८:३२ ।

(२) दूष्य : गण० ३:१५०:१७० ।

(३) गूढ़ सैन्य : छिपी सेना ।

पादटिप्पणी :

४३. (१) प्राश्य : आहार योग्य । मनु ११: १४३ ।

(२) प्रतिमा छिद्र : द्र० १३:१:३ ।

(३) गूढ़ भित्ति : खोखली दीवाल ।

(४) दैवत प्रतिमा : देवता मूर्ति ।

(५) भूमिगृह : तहखाना ।

यन्त्रै[1]र्विश्लेषणं[2] वा विश्लेष्याधस्तादवपातयेत् ।

४५. अथवा यन्त्रविश्लेषण को विमुक्त कर नीचे गिरा दे ।

रसाग्नियोगेनावलिप्तं[1]गृहं जतुगृहं[2] वाऽधिशयानममित्रमादीपयेत् ।

४६. रसाग्नियोग से अवलिप्त गृह में अथवा जतुगृह में शयन करते, शत्रु को जला दे ।

प्रमद[1]वनविहाराणामन्यतमे वा विहारस्थाने प्रमत्तं भूमिगृहसुरुङ्गागूढभित्तिप्रविष्टास्तीक्ष्णा हन्युः, गूढप्रणिहिता वा रसेन ।

४७. प्रमद वन, वन एवं विहार स्थान में अथवा विहार स्थान में प्रमत्त शत्रु को भूमिगृह, सुरंग या गूढभिति में प्रविष्ट तीक्ष्ण मार डालें अथवा गूढ़ पुरुष (सूद-आरालिक आदि) विष द्वारा मार डालें ।

स्वपतो वा निरुद्धे[1] देशे गूढाः स्त्रियः सर्परसाग्निधूमानुपरि मुञ्चे[2]युः ।

४८. निरुद्ध स्थान पर, शयन करते, शत्रु के ऊपर, गूढस्त्रियाँ सर्प, विष, अग्नि, एवं विषधूम डालें ।

प्रत्युत्पन्ने वा कारणे यद्यदुपपद्येत तत्तदमित्रेऽन्तःपुरगते गूढसंचा[1]रः प्रयुञ्जीत।

४९. अथवा अनुकूल कारण उपस्थित होने पर, जो जो कारण उचित हो, उस-उस कारण का प्रयोग अन्तःपुर में प्रविष्ट शत्रु पर गुप्त रूप से करे ।

ततो गूढमेवापगच्छेत्, स्वजनसंज्ञां[1] च प्ररूपयेत् ।

५०. तदनन्तर वहाँ से गुप्त रूप से निकल जाय और स्वजनों को संकेत कर दे ।

पादटिप्पणी :

५०. (१) संज्ञा : संकेत ।

पादटिप्पणी :

४५. (१) यन्त्र । खटका या मशीन । द्र० १: २०:२, २:३:३४, २:५:२ २:१२:६२, १८:१, १०: ६:४८, १२:५८ गण० ३:१७८ ।

(२) विश्लेषण : पृथक् करना, यहाँ ढीला करने या गिराने से तात्पर्य है ।

४६. (१) रसाग्नियोग : अग्नि जलाने के अनुकूल रसायनिक योग ।

(२) जतुगृह : लाक्षागृह ।

पादटिप्पणी :

४७. (१) प्रमद वन : जहाँ राजा अपनी रानियों के साथ विहार करता है ।

पाठभेद भेद :

'स्वपतो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'स्सपातो' पाठभेद भी मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४८. (१) निसद्ध देश : अन्य जन्य प्रवेश रहित एकान्त स्थान ।

(२) मुञ्च : मोचन, छोड़ना, मिश्र देश के राजाओं को मारने या छोड़ने का उदाहरण मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४९. (१) गूढ़ संचार : गुप्त रूप से घूमना । द्र० १:१२:५, ११, १:२०:२, २:३:७१, २:९:२६, ४:९:२७ ।

द्वाःस्थान् वर्ष[1]धरांश्चान्यान्निगूढोपहितान्परे[2] ।
तूर्यसंज्ञाभिराहूय द्विषच्छेषाणि घातयेत् ॥

५१. विजिगीषु नृप द्वारपालों, वर्षधरों एवं गुप्त रूप से नियुक्त अन्यजनों को बाह्य संकेतों से आहूतकर, उन्हीं लोगों द्वारा शत्रु के शेष परिवारों का वध करा दे ।

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे योगातिसंधानं दण्डातिसंधानम् एकविजयश्च पञ्चमोऽध्यायः । आदितश्चत्वारिंशच्छततमः ।

द्वादश अधिकरण आबलीयस के अन्तर्गत योगाति संधान, दण्डातिसंधान एवं एक विजय सम्बद्ध पंचम अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ चालोसवांअयाय समाप्त ।

कौटिलीय अर्थशास्त्र का द्वादश अधिकरण आबलीयस समाप्त ।

पाठभेद :

'वर्षधरां' का त्रिवेन्द्रम में 'वर्षवरां' तेलगृ अनुप्रतिलिपि में 'वषंपरां' तथा 'पहितान्परे' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पहितामरैः' तथा 'घात' का 'कारयेत्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५१. (१) वर्ष : नपुंसक, खोजा, हिजड़ा । द्र० १:२०:२१, १:२१:१ । गण० ३:१७९ ।

(२) पर : शत्रु ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशस्त्रे आबलीयसे द्वादशाधिकरणे पंचमोऽध्यायः योगातिसन्धानं दण्डातिसन्धानम् एकविजयश्च आदितश्चत्वारिंशच्छततमः । एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य आबलीयसं द्वादशभधिकरणं समासम् ।

मैसूर संस्करणमें—

इत्यबालीयसे योगातिसन्धानं दण्डातिसन्धानं एकविजयश्च पंचमोध्यायः आदितश्चत्वारिंशच्छततमः । एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य आबलीयसं द्वादशमधिकरणं समाप्तम् ।

बसाल संस्करण में—

इति कौटिलीयस्यार्थशास्त्रे आबलीयसे द्वादशाधिकरणे पंचमोध्यायः ॥५॥ योगातिसन्धानं दण्डातिसन्धानं एकविजयश्च आदितश्चत्वारिंशच्छततमः । एतावता कौटिलीयस्यार्थशास्त्रस्य आबलीयसं द्वादश मधिकरणं समाप्तम् ।

उदयवीर शास्त्रीसंस्करण में—

इत्याबलीयसे द्वादशेऽधिकरणे योगातिसंधानं एकविजयश्च पंचमोऽध्याय ॥५॥ आदितश्चत्वारिंशद्रदधिकशततमोऽध्यायः ॥१४०॥ कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य आबलीयसं द्वादशमधिकरणं समाप्तम् ॥१२॥

१३

दुर्ग[1]लम्भोपायः—त्रयोदशमधिकरणम्

अध्याय १

[एकसप्ततिशततमं प्रकरणम्—उप[2]जापः]

दुर्गलम्भोपाय—तेरहवां अधिकरण

एक सौ एकहत्तरवां प्रकरण—उपजाप

विजिगीषुः पर[3]ग्राममवाप्तु[4]कामः सर्वज्ञ[5]दैवतसंयोग[6]ख्यापनाभ्यां स्वपक्षमुद्ध[7]र्षयेत्, परपक्षं चोद्वे[8]जयेत् ।

१. शत्रु ग्राम (नगर) को प्राप्त करने की इच्छा बाला विजिगीषु स्वयं को सर्वज्ञ एवं देव-साक्षात्कार कराने वाला प्रसिद्ध कर, स्वपक्ष को प्रसन्न एवं शत्रु पक्ष को उद्विग्न करे ।

सर्वज्ञ[1]ख्यापनं तु गृहगुह्य[2]प्रवृत्तिज्ञानेन प्र[3]त्यादेशो मुख्यानाम्, कण्टक-

२. प्रमुखों के घर का गोपनीय दुष्कर्म गूढपुरुषों से जानकर, उसे करने से रोकना, कण्टकशोधन अधिकरणोक्त अपसर्पोपदेश द्वारा राजद्वेषीजनों के दोष जानकर, प्रकट करना, अन्य लोगों

पादटिप्पणी :

१. (१) लम्भ : प्राप्ति, लाभ, विजय । द्र० ८:१५:१, १३:५:१, २ । १:१३:२६ ।

(२) उपजाप : गुप्त प्रोत्साहन ।

(३) ग्राम : यहाँ सुरक्षित नगर या राजधानी से तात्पर्य है ।

(४) आप्त काम : संतुष्ट । द्र० १:१८:१०, ३:२:१२, ४५:५:१:३ ।

(५) सर्वज्ञ : सर्वज्ञता, सब कुछ जानने वाला ।

(६) संयोग : साक्षात्कार, साथ ।

(७) उद्धर्ष : उमंग, उत्साह ।

(८) उद्वेज : चिन्तन ।

पाठभेद :

'प्रवृत्तिज्ञानेन' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रवृत्तिज्ञाने' तथा 'पसर्पापगमेन' का 'पसपगमेन' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'पसर्पामिगमेन' तथा 'विज्ञाप्योपायन' का तंजौर में 'विज्ञाप्योपानय' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'विज्ञाप्ये वा नय' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) सर्वज्ञ ख्यापन : सर्वज्ञता की प्रसिद्धि । द्र० १०:३:३३ ४:५:१४ ।

(२) गुह्य : गुप्त । द्र० १८:९ १:१५:६० ।

(३) प्रत्यादेश : चेतावनी, कथन, निर्देशन । द्र० ५:१०:१:१३ ४:५:१४ ।

शोधनापसर्पा[4]वगमेन् प्रकाशनं राजद्विष्ट[5]कारिणाम्, वि[7]ज्ञाप्योपा[7]यनख्यापनमदृष्टसंसर्गविद्यासंज्ञादिभिः, विदेशप्रवृत्तिज्ञानं तदहरेव गृ[9]हकपोतेन मुद्रासंयुक्तेन ।

द्वारा अज्ञात संसर्ग विद्या-संज्ञादि द्वारा जानकर, आगत उपायनों का प्रकट करना, विदेश के समाचार को मुद्रायुक्त गृह कपोत द्वारा जानकर, उसी दिन प्रकाशित करना—ये सर्वज्ञयापन के प्रकार दें।

दैवतसंयोगख्यापनं तु—सुरुङ्गामुखेनाग्निचैत्यदैवतप्रतिमाच्छिद्रानुप्रविष्टैरग्निचैत्य दैवतव्यञ्जनैः संभाषणं पूजनं च, उदकादुत्थितैर्वा नागवरुणव्यञ्जनैः संभाषणं पूजनं च रात्रावन्तरुदके समु[2]द्रवालुकाकोशं प्रणिधायाग्निमालादर्शनम्, शिलाशिक्यावगृहीतेप्ल[3]वके[1] स्थानम्, उदकबस्तिना ज[4]रायुणा वा शिरोऽ[5]वगूढनासः पृ[6]षतान्त्रकु[7]लीरन[8]क्रशि[9]शुमारोद्रवसाभिर्वा शतपाम्यं तैलं नस्तः प्रयोगः ।

३. दैवतसंयोगख्यापन निम्न प्रकार से करे—सुरंगमुख से अग्नि, चैत्य दैवतप्रतिमा छिद्र में प्रविष्ट अग्निचैत्य दैवतवेषधारी गुप्तचरों से सम्भाषण एवं पूजन, अथवा जल से निकले नाग-वरुण वेषधारी गूढपुरुषों से सम्भाषण और पूजन, रात्रि में जल के अन्दर मुद्रायुक्त बालुका कोश रखकर, अग्निमाला का प्रदर्शन, शिला युक्त छीका से गृहीत नाव में (धारामध्य) स्थित होना, उदकवस्ती अथवा जरायु से शिर एवं नासिका ढककर अथवा चितकवरा हरिण की आंत, कुलीर, नक्र, शिशुमार एवं उद्रकी वसा से एक सौ बार पकाया गया तैल नाक में प्रयोग करे।

---

(४) अपसर्प : शत्रु देश में जानेवाला गुप्तचर।

(५) अवगमन : जानना, जानकारी प्राप्त करना।

(६) द्विष्ट : जिससे द्वेष हो।

(७) विज्ञाप : अनुरोध, प्रार्थना, सूचित करने योग्य।

(७) उपायन : भेंट, उपहार।

(८) अदृष्ट : किसी को न दिखाई पड़ने वाला।

(९) कपोत : कबूतर, पालतू कबूतर, पूर्वार्ध बीसवीं शताब्दी तथा मध्य युग में कबूतर का प्रयोग समाचार भेजने के लिये किया जता था। कबूतर के पांव में लेख बांधकर उसे गन्तव्य स्थान पर जाने के लिये उड़ा दिया जाता था। इसके पूर्व वे इस कार्य हेतु प्रशिक्षित किये जाते थे।

पाठभेद :

'नाग वरुणव्यञ्जनैः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'नागहरिणव्यञ्जनैः' तथा 'बालुकाकोशं का देवनागरी अनुलिपि में 'कालुकाशोकं' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३. (१) अग्नि चैत्य : अग्नि का मंदिर, पारसियों की अगियारी। गण० ३:१८०।

(२) समुद्र बालुका : समुद्र का फेन तेल में डुबाकर होशम जल में तैरता, जलता है। द्र० १४:२:३६, गण० ३:१८०।

(३) प्लव : नाव या डोंगी। द्र० २:२:१४ १४:२:३६।

(४) जरायु : खेड़ी, गर्भाशय।

(५) अवरुद्ध नास : नाक जल से ढंकी।

(६) पृशन : चितकबरा हिरन।

(७) कुलीर : केकड़ा।

(८) नक्र : घड़ियाल, मगर।

(९) सुशुमार : सुइस, तिमि।

(१०) उद्र : जल मार्जार।

तेन रात्रिगणश्चरति ।

४. इस प्रकार पुरुष रात्रि में (अनेक रात्रि तक) जल संचरण करने में समर्थ होता है।

इत्युदकचरणानि ।

५ उदक चरण विधि समाप्त ।

तैर्वरुण[1]नागकन्या[2]वाक्य[3]क्रिया, संभाषणं च, कोपस्थानेषु मुखादग्निधूमोत्सर्गः ।

६. उनके द्वारा वरुण, नाग कन्याओं की वाक्यक्रिया, एवं परस्पर भाषण करे, कोप कारण उपस्थित होने पर, मुख से अग्नि एवं धूम निकाले ।

तदस्य स्वविषये कार्तान्तिक[1]नैमित्तिक[2]मौहूर्तिक[3]पौराणिके[4]क्षणिक[5]गूढपुरुषाः साचिव्य[7]करास्तद्दर्शिनश्च प्रकाशयेयुः ।

७. राजा के इस सर्वज्ञत्वादि को स्वदेश में कार्तान्तिक, नैमित्तिक, मौहूर्तिक, पौराणिक, ईक्षणिक, गूढपुरुष, सहायक एवं उसे देखने वाले (जानने वाले) प्रकाशित करें ।

पादटिप्पणी :

४. गण : समूह, झुण्ड, वर्ग। द्र० १:२१:१ ।

पादटिप्पणी :

५. (१) उदकचरणनि : पानी में घूमना, तैरना या चलना । द्र० १२:४:२८, गण ३:१७२ ।

६. वरुण : समुद्र के जल देवता, पश्चिम के दिक्पाल । द्र० १३:२:१६ ।

(२) नाग कन्या : पुराणों में नाग कन्याओं का बहुल वर्णन मिलता है । यह एक प्राचीन जाति थी । अफगानिस्तान के लोग अपने को नागवंशीय क्षत्रिय कहते हैं ।

(३) वाक्य क्रिया : शब्द उच्चारण करना ।

धूमोत्सर्ग : द्र० १४:२:३४ ।

पाठभेद :

'पौराणिकेक्ष' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पौराणिक' तथा 'पुरुषाः साचिव्य' का तंजोर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पुरुष साचिव्य' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

७. (१) कार्तान्तिक : भाग्य वक्ता या वैद्य। गण० १:६५:३:११६, ११७ ।

(२) नैमित्तिक : सगुन विचारक । द्र० १:१३:२३ गण० १६५ ।

(३) मौहूर्तिक : मुहूर्त्त वेत्ता द्र० १:१९:२३। गण० १६५—९५, ३:१०३:११७ ।

(४) पौराणिक : पुराण वाचक ।

(५) एक्षणिक : प्रश्न द्वारा शुभाशुभ या भविष् भाग्य वेत्ता ।

(७) साचिव्य : सहायता । गण० ३, १८४।

परस्य[1] विषये दैवत[2]दर्शन दिव्य[3]कोशदण्डो[4]त्पत्तिं चास्य ब्रूयुः ।

८. शत्रु देश में राजा के दैवत दर्शन और दिव्यकोश एवं सैन्योत्पत्ति के सामर्थ्य को कहें ।

दैवत[1]प्रश्ननिमि[2]त्तवाय[3]साङ्गविद्या[3]स्व[4]प्नमृग[5]पक्षि[6]व्याहारेषु चास्य विजयं ब्रूयुः, विपरीतममित्रस्य ।

९. दैवत-प्रश्न, निमित्त, वायस, अंगविद्या, स्वप्न, मृगों एवं पक्षियों के शब्द होने के समय इस राजा का विजय तथा शत्रु का पराजय कहें ।

सदुन्दुभि[1]मुल्कां[2] च परस्य[3] नक्षत्रे दर्शयेयुः ।

१०. शत्रु के सम्बन्ध में नक्षत्र में दुन्दुभि घोष युक्त, उल्का प्रदर्शित करें अर्थात् उसका भावी अनिष्ट सूचित करें ।

परस्य मुख्यान्मित्रत्वेनोपदिशन्तो दूत[1]व्यञ्जनाः स्वामि[2]सत्कारं ब्रूयुः, स्व[3]पक्षबलाधानं परपक्षंप्रतिघा तं च ।

११. शत्रु के प्रमुखजनों से उनके साथ मैत्र सम्बन्ध रखते हुए, दूत वेष धारी गुप्तचर अपने स्वामी के द्वारा कृत सत्कार को प्रशंसा करें तथा स्वपक्ष का सैन्योत्कर्ष और शत्रुपक्ष का ह्रास कहें।

पादटिप्पणी :

८. (१) परस्य विषय : दूसरे के देश, पुर, जिला या भूमि ।

(२) दैवत दर्शन : देवता का दर्शन या भेंट ।

(३) दिव्यकोश : दैवीय या अलौकिक-कोश ।

(४) दण्डोत्पत्ति : सेना का दैवी स्रोत ।

पाठभेद :

'निमित्तवायसाङ्गविद्यास्वप्न' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'निमित्ता वा साङ्गविद्याः स्वपन' पाठभेद मिलता है ।

पाददिप्पणी :

९. (१) देवत प्रश्न : शुभाशुभ कार्य सम्बन्धी प्रश्न । गण० ३:१८१ ।

(२) वायस : कौए की उड़ान । गण० ३:१६१ ।

(३) अंग विद्या : अंग स्पर्श कर शुभाशुभ का ज्ञान करना, शरीर विज्ञान, यह सामुद्रिक विद्या का एक अंग है । द्र० १:११:५, १:१२:१, गण० १:३६, ३:१६३ ।

(४) स्वप्न : सपना ।

(५) मृग : पशु ।

(६) पक्षी : चिड़िया ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) दुन्दुभी : डंका, नगाड़ा, धौंसा ।

(२) उल्का : द्र० १४:२:३, मनु० १:३८ याज्ञ० १:१४५ । गण० ३:१८२ ।

(३) परस्य नक्षत्र : चन्द्रमा शत्रु के जातक योग में होता है ।

पाठभेद :

'मुख्यान्मित्रत्वेनो' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मुख्यान्मित्रत्वेन' तथा 'बलाधान' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'बलाधारं' तथा 'परपक्ष' का 'प्रतिपक्ष' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

११. (१) दूत व्यञ्जना : दूत बना गुप्तचर ।

(२) सत्कार : किसी मुखिया के प्रति विजिगिषु का आदर सत्कार करना ।

(३) प्रपक्ष बलाधान : अपने पक्ष को शक्तिशाली बनाना ।

(४) प्रतिघात : शत्रु सेना का ह्रास ।

तुल्ययोगक्षेममात्यानामायु[1]धीयानां च कथयेयुः ।

१२. अमात्यों एवं आयुधीयजनों से समान योग क्षेम कहें।

तेषु[1] व्यसने[2]भ्यु[3]दयावेक्षणमप[4]त्यपूज[5]नं च प्रयुञ्जीत ।

१३. उनसे राजा द्वारा किये जाने वाले विपत्ति काल में साहाय्यदान, अभ्युदय काल में सम्मान, एवं पुत्र का सम्मान भी कहें।

तेन परपक्षमुत्साहयेद्यथोक्तं[1]पुरस्तात् ।

१४. जैसा पहले कहा गया है, इस प्रकार से शत्रु पक्ष को (विरोधभाव के लिए) उत्साहित करे।

भूयश्च वक्ष्यामः ।

१५. शत्रुभेद का पुनः कथन करेंगे।

साधार[1]णगर्दभेन दक्षान्, ल[2]कुटशाखाहननाभ्यां दण्डचारिणः, कुलै[3]डकेन चोद्विग्नान्, अश[4]निवर्षेण विमानितान्, विदु[5]लेनावकेशिना वाय[6]सपिण्डेन कैत[7]वजमेघेने-

१६. सामान्य गर्दभ से दक्षजनों की, लकुट एवं कुठार से दण्डचारियों की, कुलैडक से उद्विग्न लोगों की, अशनि वर्षा से अपमानितों की, निष्फल विदुल अथवा लोहयुक्त अन्नपिण्ड का जलरहि

पादटिप्पणी :

१२. (१) आयुधी : अस्त्र-शस्त्रधारी सैनिक। द्र० १:१९:१५, २:३५:१ ।

पाठभेद

'भ्युदयावेक्षणम्' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भ्युदयापेक्षणम्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१३. (१) तेषु : आमात्य तथा आयुध। द्र० ३:१४:२ ।

(२) व्यसन : आपत्ति, आपदा। गण० ३:२ ।

(३) अभ्युदय : उत्कर्ष।

(४) अपत्य : संतति। द्र० ७:७:१४ ।

(५) पूजन : सत्कार।

पादटिप्पणी :

१४. (१) पुरस्तात : पहले, पूर्व। द्र० १:१४:६, ७:९:३३ ।

पाठभेद :

'कूलेडकेन' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कूलैं केन' तथा डेषिणेति' का 'द्वेषिणेऽति' तथा 'व्याघ्र चर्मणा' का 'व्यालचर्मणा' तथा 'घ्रुवोपकारिणी' 'घ्रुवापकारिणः' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१६. (१) गदर्भ : गदहा।

(२) लकुट : वेत की लाठी।

(३) कुलैडक : भेड़ा या बनैला बकरा। १२:१:७ ।

(४) अशनि : बज्र या बिजली।

(५) विदुल : बेंत या जल बेंत।

(६) वायस पिण्ड : कौआ को दिया वाला पिण्ड।

तिविहताशान् [8]दुर्भगालंकारेण द्वेषिणेति पूजाफलान्, [9]व्याघ्रचर्मणा [10]मृत्युकूटेन चोपहि[11]तान्, [12]पीलुविखादनेन [13]करकयोष्ट्र्या[14] गर्द[15]भीक्षीराभिमन्थनेनेति [16]ध्रुवोपकारिण इति ।

बादल से भग्न आशावालों की, अनिष्टकारो अलंकार से पूजाफल (उपहार) प्राप्त करनेवालों को व्याघ्रचर्म और मृत्यु कूट से शत्रुद्वारा प्रतारितों की, पीलुभक्षण, करका एवं उष्ट्री के सेवन तथा गर्दभी क्षीर के मन्थन से नित्य उपकाररत जनों को तुलना कर उन लोगों को शत्रु से भिन्न करे ।

[1]प्रतिपन्नान[2]र्थ[3]मानाभ्यां योजयेत् ।

१७. सहमत होने वालों को अर्थ-मान से पूजित करे ।

[1]द्रव्य[2]भक्त[3]च्छिद्रेषु चैनान् द्रव्यभक्तदानैरनुगृह्णीयात् ।

१८. द्रव्य एवं अन्न का अभाव होने पर, द्रव्य-अन्न देकर, इन लोगों को अनुगृहीत करे ।

अप्रतिगृह्णतां स्त्रीकुमारालंकारानभिहरेयुः ।

१९. न ग्रहण करने वालों के स्त्रियों एवं कुमारों के अनुरूप अलंकार प्रदान करें ।

---

(८) दुर्भगा : जिस स्त्री का पति उसे नहीं चाहता, अभागिन ।

(९) व्याघ्रचर्मः । बाघम्बर ।

(१०) मृत्यु कूट : मृत्यु का जाल या फन्दा ।

(११) उपहित : अच्छा ।

(१२) पीलू : एक प्रकार का वृक्ष, एक प्रकार का फल ।

(१३) कर्का : ओला या पत्थर ।

(१४) उष्ट्र : ऊँटनी ।

(१५) गर्दभी : गदही ।

(१६) ध्रुवोपकारिणी : सर्वदा उपकार करना ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) प्रतिपन्न : उपलब्धि, प्राप्त । द्र० ७:८:३, ९:३:२३, १३:१:२१ ।

(२) अर्थ : धन । द्र० १:७:६ ।

(३) मान : प्रतिष्ठा, मान प्रदान । द्र० १:६:१, गण० १:३७ ।

पाठभेद

'चैनान्' का देवनागरी अनुलिपि में 'चैनां' तथा 'भक्तदानैर' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भक्तादानैर' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी

१८. द्रव्य : धन, मुद्रा । द्र० १:१७:३१, ७:४:१४, गण० १:५ ।

(२) भक्त : भोजन या अन्न । द्र० ७:१५:९ । गण० ३:१०७ ।

(३) छिद्र : संकट । द्र० २:३:६, गण० ३: १८३ ।

दुर्भिक्ष[1]स्तेना[2]टव्युपघातेषु च पौरजानपदानुत्साहयन्तः सत्त्रिणो ब्रूयुः 'राजान-मनुग्रहं याचामहे; निरनुग्रहाः परत्र गच्छामः' इति ।

२०. दुर्भिक्ष, चोर एवं आटविक जनों का उपद्रव उपस्थित होनेपर, पौर-जानपदों को प्रोत्साहित करते हुए, सत्त्री कहें—'हमलोग राजा से अनुग्रह को याचना कर रहे हैं, अनुग्रह मिलने पर, अन्यत्र जायेंगे' ।

तथेति प्रतिप[1]न्नेषु द्रव्यधान्यपरि[2]ग्रहैः ।
साचिव्यं कार्यमित्येतदुपजापाद्भुतंमहत् ॥

२१. पौरजानपदों के सत्त्री का कथन स्वीकार करने पर, द्रव्य-धान्य-निवासस्थान प्रदा कर, अनुग्रह (सहायता) करना चाहिए । यह अद्‌भुत उपजाप है ।

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे उपजापः प्रथमोऽध्यायः । आदित एकचत्वारिंशच्छततमः ।

त्रयोदश अधिकरण के अन्तर्गत दुर्गलम्भोपाय में उपजाप सम्बद्ध प्रथम अध्याय समाप्त ।
आदि से एक सौ एकतालीसवां अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

'उत्साहयन्तः' का देवनागरी अनुलिपि में 'उत्सादयन्तः' तथा सत्त्रिणो' का 'सत्त्रिणे' तथा 'गच्छामः' का तंजौर में 'गच्छामहे' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) दुर्भिक्ष : अकाल । गण० ३:१०१ ।

(२) स्तेन : चोर, लुटेरा ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) प्रतिपन्न : स्वीकृत ।

(२) परिग्रह : लेना, ग्रहण करना । द्र० ३:९:१, १३:३:१७ ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयो ऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः उपजापः । आदित चत्वारिंशच्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे उपजा प्रथमोऽध्यायः आदित एक चत्वारिंशच्छततमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयो ऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः उपजापः आदित एकच रिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे उप प्रथमोऽध्यायः ॥१॥ आदित एकचत्वारिंशद शततमोऽध्यायः ॥१४१॥

अध्याय २

[द्विसप्ततिशततमं प्रकरणम्—योगवामनम्]

एक सौ बहत्तरवां प्रकरण—योगवामन

मुण्डो[2] जटिलो[3] वा पर्वतगुहावासी चतुर्वर्षशतायुर्ब्रुवाणः प्रभूतजटिलान्तेवासी नगराभ्याशे तिष्ठेत् ।

१. पर्वतगुहा निवासी, चार सौ वर्ष आयु बताने वाला, प्रचुर जटाधारी, शिष्यों वाला मुण्ड अथवा जटिल (वेषधारी गुप्तचर) नगर के समीप स्थित हो ।

शिष्याश्चास्य मूलफलोपगमनैरमात्यान् राजानां च भगवद्दर्शनाय योजयेयुः ।

२. इसके शिष्य मूल-फल उपहारों के साध अमात्यों और राजा को भगवद् दर्शन के लिये प्रेरित करें ।

समागतश्च राज्ञा पूर्वराजदेशाभिज्ञानानि[1] कथयेत्, 'शते शते च वर्षाणं-पूर्णेऽहमग्निं प्रविश्य पुनर्बालो भवामि, तदिह भवत्समीपे चतुर्थमग्निं प्रवेक्ष्यामि, अवश्यं मे भवान्मानयितव्यः, त्रीन् वरान् वृणीष्व' इति ।

३. राजा से मिलने पर वह पूर्व राजाओं एवं देशों के चिन्ह कहें 'सौ सौ वर्ष के पूर्ण होने पर मैं अग्नि में प्रवेश करके पुनः बालक हो जाता हूँ, यहाँ आप के समक्ष चतुर्थ वार अग्नि में प्रवेश करूँगा, आप मेरे द्वारा (वर प्रदानादि से) सम्मान्य हैं, तीन वर माँगो ।

पादटिप्पणी :

१. (१) **योगवामन** : कपटपूर्वक शत्रु को दुर्ग के बाहर निकलने के लिए दबाव डालना या दुर्ग खाली कराना । द्र० २:१:१; ३:९:३१; १२:२:८, १२:४:२९ ।

(२) **मुण्ड** : मुण्डित कपाल; सिद्ध या आजीवक, बौद्ध भिक्षुक या तपस्वी या परिव्राजक । द्र० १:११:१३; १:१२:५, १०:३:३९ ।

(३) **जटिल** : जटाधारी, तपस्वी; पाशुपत आदि सम्प्रदाय का अनुयायी । द्र० १:११:१३, १४, १:१३:१५ ।

(४) **अन्तेवासी** : शिष्य, सेवक, छात्र, परिचायक । द्र० ३:११:५, १५, १:१२:१०, १:१६:२४ २:३५:४ । गण० २५:३५, याज्ञ २:१८४ ।

पादटिप्पणी :

२. (१) **मूलफल** : कन्दमूल फल ।

(२) **भगवद्** : सिद्ध के वेष में रहने वाले स्वामी ।

पाठभेद :

'भवान्मानयितव्यः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भवानानयितव्यः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३. (१) **अभिज्ञान** : चिह्न, परिचय । द्र० ३:३१:३,२६ ।

प्रतिपन्नं ब्रूयात् 'सप्तरात्रमिह सपुत्रदारेण प्रेक्षा[1]प्रहवण[2]पूर्वं वस्तव्यम्' इति ।

४. उसके सहमत होने पर कहे 'सात रात्रि पर्यन्त यहाँ स्त्री पुत्र सहित प्रेक्षा-प्रवहण पूर्वक निवास करो ।'

वसन्तमवस्कंन्देत ।

५. निवास करते हुए उसे मार डाले ।

मुण्डो वा जटिलो वा स्था[1]निकव्यञ्जनः प्रभूतजटिलान्तेवासी वस्त[2]शोणितदिग्धां वेणुशलाकां सुवर्णचूर्णेनावलिप्य व[3]ल्मीके निदध्याद् उपजिह्विकानुसरणार्थम्, स्वर्णनालिकां वा ।

६. स्थानिक वेशधारी, प्रचुर शिष्यों वाला मुण्ड अथवा जटिल (गूढ़पुरुष) बकरे के रुधिर से लिप्त, सुवर्ण चूर्ण अवलिप्त वेणुशलाका अथवा स्वर्ण नालिका को वमी के अनुसरण के लिये वल्मीक पर रख दे ।

ततः सत्त्री राज्ञः कथयेत् 'असौ सिद्धः पुष्पितं निधिं जानाति' इति ।

७. तदनन्तर सत्त्री राजा से कहे । वह सिद्ध पुष्पित निधि जानता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) प्रेक्षा : नाटकादि, अभिनय । द्र० २:३:२६; ३:३:२१; ३:१०:३९, ५:१:४३; १३:२:४; ४५ । गण० ३:१८५; १९० ।

(२) प्रहवण : मेला, उत्सव आदि । द्र० १:१०:९; १:२१:२८, १०:६:४५; १०:१९:४६ । गण० ३:३५६, ३:१७७; १८५ ।

पादटिप्पणी

५. (१) अवस्कन्द : आकस्मिक या अचानक आक्रमण करना । मैसूर संस्करण में हन्यात् अर्थ किया गया है । द्र० ७:६:४०; ७:१०:२९ । गण० २:२७७; ३:११४, १३५; १४७, १७०, १७७; १९४ :

पाठभेद :

'वस्तशोणित' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वस्त्रशोणित' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६. (१) स्थानिक : इसका साधारण अर्थ माल का अधिकारी या नगर के किसी हल्के का अधिकारी होता है । परन्तु यहाँ उस व्यक्ति से तात्पर्य हैं, जो स्थान के अन्दर गाड़ी या भूमि गत धन को देखने वाला होता है या निधि या खजाना बताता है। द्र० २:३५:६; २:१:७; २:३६:४; १३:२:११। गण० १:११०; ३५० ।

(२) वस्त : अज, या बकरा ।

(३) वल्मीकी : वाबी या दिमकों का बनाया गया मिट्टी का ढूहा या विमोटा ।

(४) उपजिह्विका : चींटी, दीमक की बनाई हुई बिल या वर्मी ।

पादटिप्पणी :

७. (१) पुष्पितं निधिं : बड़ा खजाना जो खोला न गया हो ।

स राज्ञा पृष्टः 'तथा' इति ब्रूयात्, तच्चाभिज्ञानं दर्शयेत्, भूयो वा हिरण्यमन्तराधाय ।

८. राजा के पूछने पर वह 'तथा' (हाँ) कहे, और उसका चिन्ह दिखाये अथवा प्रचुर हिरण्य अन्दर रखकर—

ब्रूयाच्चैनम् 'नाग[1]रक्षितोऽयं निधिः प्रणिपात साध्यः' इति ।

९. राजा से कहे 'यह निधि नाग द्वारा सुरक्षित है, विनय पूर्वक साध्य है' ।

प्रतिपन्नं ब्रूयात् 'सप्तरात्रम्' इति समानम् ।

१०. सहमत होने पर उससे कटे 'सात रात्रि पर्यन्त स्त्री पुत्र सहित पूर्ववत् यहाँ निवास करो' इत्यादि पूर्ववत्,

स्थानिक[1]व्यञ्जनं वा रात्रौ तेजना[2]ग्नियुक्तमेकान्ते तिष्ठन्तं सत्त्रिणः क्रमा[3]भिनीतं राज्ञः कथयेयुः 'असौ सिद्धः सा[4]मेधिकः' इति ।

११. अथवा सत्री पुरुष रात्रि में तेजन अग्नि युक्त, एकान्त में स्थित, एवं पूर्व निश्चित स्थानिक व्यंजन गूढ़पुरुष के विषय में राजा से कहें 'यह सिद्ध भावी समृद्धि देखने वाला है' ।

तं राजा यमर्थं याचेत तमस्य करिष्यमाणः 'सप्तरात्रम्' इति समानम् ।

१२. उससे राजा, जिस अर्थ की याचना करे, उसे पूर्ण करेंगे, इस प्रकार कहकर, सिद्ध पुरुष राजा से कहे 'सात रात्रि पर्यन्त पूर्ववत् यहाँ निवास करो' शेष पूर्ववत् ।

सिद्धव्यञ्जनो वा राजानं जम्भक[1]विद्याभिः प्रलोभयेत् ।

१३. अथवा सिद्ध वेशधारी गूढ़ पुरुष जम्भक विद्याओं से राजा को प्रलोभित करे ।

तं राजेति समानम् ।

१४. उससे राजा जिस अर्थ को याचना करे शेष पूर्ववत् ।

पादटिप्पणी :

९. (१) **नागरक्षित :** सर्प द्वारा रक्षित । यह किम्बदन्ती प्रचलित हैं कि बड़े खजाने पर सांप बैठकर अगोरता है या रखवाली करता है ।

पादटिप्पणी :

११. (१) **स्थानिक :** राजस्व संग्राहक, स्थान विशेष का रक्षक या व्यवस्थापक । द्र० २:१:७; २: ३५:६, २:३६:४ ।

(२) **तेजाग्नि :** द्र० १:४:२ ।

(३) **क्रमाभिनीति :** जिसमें क्रमशः विश्वास उत्पन्न किया जाय । द्र० ११:१:६; १२:२:२९ ।

(४) **सामेधिक :** सम्पदा आदि का भविष्य वक्ता । द्र० १:११:१६ ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) **जम्भक विद्या :** जादू या ऐन्द्रजालिक, कपट विद्या, माया विद्या । द्र० १:१२:१; ५:३:५९ । गण० १:५६, ३:१८६ ।

सिद्धव्यञ्जनो वा देशदेवतामभ्यर्हितामाश्रित्य प्रहवणैरभीक्ष्णंप्रकृतिमुख्यानभिसंवास्य[2] क्रमेण[3] राजानमतिसंदध्यात् ।

१५. अथवा सिद्ध वेशधारी गूढ़ पुरुष परम पूजित देश देवता का आश्रय लेकर, सतत उत्सव भोजों से प्रमुख अमात्यों को स्ववश कर, क्रमशः राजा को प्रवञ्चित करे ।

जटिलव्यञ्जनमन्तरुदक[1]वासिनं वा सर्वश्वेतं[2] तटसुरुङ्गा भूमिगृहापसरणं वरुणं[3] नागराजं[4] वा सत्त्रिणः क्रमाभिनीतं राज्ञः कथयेयुः ।

१६. अथवा उदक चरण विद्या से जल के अन्दर निवासशील, सर्वश्वेत, तटवर्ती सुरंग अथवा भूमि गृह अपसरणशील, वरुण या नागराज का स्वरूप प्रख्यात करने वाले जटिल वेशधारी गूढ़ पुरुष के विषय में सत्त्री राजा से कहें ।

तं राजेति समानम् ।

१७. उससे राजा जिस अर्थ की याचना करे शेष पूर्ववत् ।

जनपदान्तेवासी सिद्धव्यञ्जनो वा राजानं शत्रुदर्शनाय योजयेत् ।

१८. अथवा जनपद के सीमा पर निवास करने वाला सिद्ध वेषधारी गूढ़ पुरुष राजा को शत्रु दर्शनार्थ प्रेरित करे ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) **अभ्यर्हिताम् :** पूजित, जिसकी अभ्यर्थना की गयी हो ।

(२) **संवास्य :** आत्मीयता पैदा करना, वश में करना, जीत लेना । द्र० ५:१:१९; ११:१:४० । गण० १:२५० ।

(३) **क्रमेण ।** क्रमशः, धीरे-धीरे ।

पाठभेद :

'सर्व श्वेतं तटसुरुङ्गा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सर्पसुरङ्गा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) **उदकवासिनः :** जल में रहने वाला । गण० ३:१७५ ।

(२) **सर्वश्वेत :** जिसके समस्त बाल पक गए हों ।

(३) **वरुण :** वैदिक साहित्य का देवता है। वैदिकोत्तर साहित्य में समुद्र का देवता माना गया है । वरुण के गुप्तचर संसार में भ्रमण करते हैं। द्र० १३:१:६ ।

(४) **नागराज :** प्राचीन समय में क्षत्रियों की एक जाति थी । अफगानिस्तान के मुसलमानों में एक वर्ग है, जो अपने को नागवंशी क्षत्रियों की संतान मानता है ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) **अन्तेवासी :** यहाँ सीमा पर के निवासी से तात्पर्य है ।

प्रतिपन्नं बिम्बं[1] कृत्वा शत्रुमावाहयित्वा[2] निरुद्धे[3] देशे घातयेत् ।

१९. सहमत होने पर, संकेत करके शत्रु आहूत कर, निरुद्ध स्थान पर, हत्या करा दे ।

अश्वपण्योपयाता[1] वैदेहकव्यञ्जनाः पण्योपायन[2]निमित्तमाहूय राजानं पण्यपरीक्षायामासक्तमश्वव्यतिकीर्णं वा हन्युः अश्वैश्च[3] प्रहरेयुः ।

२०. अश्व पण्य के साथ आये हुए वैदेहक वेशधारी गूढ़ पुरुष राजाओं को अश्व रूप पण्योपायनों को देखने के लिए आहूत कर, पण्य परीक्षा में तल्लीन अथवा अश्बों में घिरे राजा को मार डालें और अश्वों द्वारा मूल स्थान पर प्रहार करें ।

नगराभ्याशे[1] वा चैत्यमारुह्य[2] रात्रौ तीक्ष्णाः कुम्भेषु नालीन्[3] वा विदुलानि[4] धमन्तः[5] 'स्वामिनो मुख्यानां वा मांसानि भक्षयिष्यामः, पूजा नो वर्तताम्,' इत्यव्यक्तं ब्रूयुः ।

२१. अथवा तीक्ष्ण पुरुष नगर के समीप रात्रि में चैत्य पर चढ़कर, कुम्भों में नाली अथवा विदुल को धौकते (या फूँकते) हुए अस्पष्ट रूप से बोले—'स्वामी अथवा प्रमुखों के मांस का भक्षण करूँगा, मेरी पूजा की जाय' ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) **विम्ब :** शत्रु की प्रतिमा या प्रतिमूर्ति । द्र० ४:४:२०, ४:१०:५; गण० ३:१८७ ।

(२) **आवाहयित्वा :** आवाहन कर, बुलाकर, आमन्त्रित कर । द्र० ७:५:२२; ९:६:७०:९:७:१० । गण० २:३४१ ।

(३) **निरुद्ध :** एकान्त स्थान । द्र० १५:५:४८ ।

पाठभेद :

'पण्योपायननिमित्तम्' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पण्योपायनिमित्तम्' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'पण्योपयाननिमित्तम्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) **अश्वपण्योपयाता :** अश्व या घोड़ा लेकर बेचने के लिए आया व्यापारी ।

(२) **पायन :** भेंट देना ।

(३) **प्रहरेयुः :** अश्वों द्वारा आक्रमण करे ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) **नगराभ्यासे :** नगर के समीप ।

(२) **चैत्य :** मन्दिर, आयतन, मन्दिर के बृक्ष से भी अर्थ लगाया गया है । द्र० १:२०:२, २:४:२०, २:३५:२; १३:२:२१, २५, २९ । गण० ३:१८७; १८८; १९० ।

(३) **नालीन :** धान्य काण्ड, नडुल, ध्वनि नलिका, कमल का दण्ड ।

(४) **विदुल :** बेंत एक प्रकार का नरकट, जल वेंत । द्र० १३:१:१६ । गण० ३:१८२ ।

(५) **धमन्त :** धोंकना या हवा फूकना । गण० ३:१८७ ।

तदेषां नैमित्तिक[१]मौहूर्तिक[२]व्यञ्जनाः ख्यापयेयुः[३] ।

२२. उनके उस बात की प्रसिद्धि नैमित्तिक एवं मौहूर्तिक वेषधारो गूढ़ पुरुष करें।

मङ्गल्ये[१] वा ह्रदे तटाकमध्ये वा रात्रौ तेजन[२]तैलाभ्यक्ता नागरूपिणः शक्ति[३]-मुसला[४]न्ययोमयानि निष्पेषयन्तस्तथैव ब्रूयुः ।

२३. अथवा मांगलिक अगाध जलाशय में रात्रि के समय तेजन एवं तैलयुक्त नागरूपी गूढ़ पुरुष लौहमय शक्ति तथा मुसल पीसते हुए पूर्ववत् बोलें।

ऋक्षचर्म[१]कञ्चुकिनो वाऽग्नि[२]धूमोत्सर्गयुक्ता रक्षोरूपं वहन्तस्त्रिरप[३]सव्यं नगरं कुर्वाणाः श्व[४]सृगाल[५]वाशितान्तरेषु तथैव ब्रूयुः ।

२४. अथवा ऋक्ष चर्म का कंचुक धारण किये, अग्नि एवं धूम त्याग करते हुए, राक्षस रूपधारी गूढ़ पुरुष नगर की तीन बार विपरीत (बायें से) परिक्रमा करते हुए श्वान एवं सृगाल शब्दों मध्य पूर्ववत् बोलें।

चैत्यदैवतप्रतिमां वा तेजनतैलेना[१]भ्र[२]पटलच्छन्नेनाग्निना वा रात्रौ प्रज्वाल्य तथैव ब्रूयुः ।

२५. अथवा चैत्य दैवत प्रतिमा को तेजन तैल अथवा अभ्रपटल में प्रच्छन्न अग्नि से रात्रि में प्रज्वलित कर पूर्ववत् बोलें।

पादटिप्पणी :

२२. (१) नैमित्तिक : द्र० १:१२:२३ ।

(२) मौहूर्तिक : द्र० १:१३:२३; १:१९:२३ ।

(३) ख्यापयेयुः : प्रसिद्ध या ज्ञापन करना । द्र० १३:२:३३, ३४ ।

पाठभेद :

'तटाकमध्ये' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में (तटाके मध्ये' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) मङ्गलह्रद : पवित्र सरोवर ।

(२) तेजनतैल : द्र० १२:२:२५; १४:२:२५ ।

(३) शक्ति : एक प्रकार का शस्त्र या लोह दण्ड ।

(४) मुशल : गदा, मूसर । मनुः ६:५६ ।

पाठभेद

'श्व सृगाल' का तंजौर में 'शिवासृगालं', देवनागरी अनुलिपि में 'शिवसृगाल', तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'शिवास्सृगाल' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) कञ्चुकी : खोल, केंचुल । द्र० १२:२:१ ।

(२) धूमोत्सर्ग : मुख से आग निकालते हुए । आज भी जलूसों तथा रामलीला में राक्षसों के बने स्वरूप वाले मुख से आग निकालते हैं । यह आजकल साधारण बात है । द्र० १४:२:३४ ।

(३) अपसव्य : बायीं तरफ । दाहिने का उल्टा । द्र० १:२०:५ ।

(४) श्व : कुत्ता । द्र० ९:१:२९, १३:२४,

(५) शृगाल : सियार या गीदड़ ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) तेजन तेल : द्र० १४:२:२५ ।

(२) अभ्र : अबरक । द्र० २:१४:३९ गण० ३:१८८ ।

तदन्ये ख्यापयेयुः ।

२६. उसे अन्य गूढ़ प्रसिद्ध करें ।

दैवतप्रतिमानामभ्यर्हितानां वा शोणितेन प्रस्रावमतिमात्रं कुर्युः ।

२७. अथवा पूजित दैवत प्रतिमाओं का अत्यधिक रुधिर स्राव करें अर्थात् उनसे मेष आदि का रुधिर निकालें ।

तदन्ये देवरुधिरसंस्रावे संग्रामे पराजयं ब्रूयुः ।

२८. अन्य गूढ़ पुरुष उस देव रुधिर स्राव के विषय में प्रसिद्धि करें, संग्राम में राजा का पराजय होगा ।

संधि[1]रात्रिषु श्मशानप्रमुखे वा चैत्यमूर्ध्व[2]भक्षितैर्मनुष्यैः प्ररूपयेयुः ।

२९. अथवा गूढ़ पुरुष संधि रात्रियों में श्मशान पर, ऊर्ध्वभक्षित मनुष्यों से युक्त चेत्य (चिता) दिखायें ।

ततो रक्षोरूपी मनुष्यकं याचेत ।

३०. तदनन्तर राक्षस रूपधारी गूढ़ पुरुष मनुष्य की याचना करें ।

यश्चात्र शूर[1]वादिकोऽन्यतमो वा द्रष्टुमागच्छेत्तमन्ये लोहमुसलैर्हन्युः, यथा रक्षोभिर्हत इति ज्ञायेत ।

३१. वीर बनने वाला अथवा अन्य जन देखने के लिए आये, उसे अन्य गूढ़ पुरुष लौह मूसल से मार डालें, जिससे ऐसा लगे राक्षसों द्वारा मार डाला गया ।

तदद्भुतं राज्ञस्तद्दर्शिनः सत्त्रिणश्च कथयेयुः ।

३२. उस अद्भुत घटना को उसे देखने वाले और सत्त्री पुरुष राजा से कहें ।

ततो नैमित्तिकमौहूर्तिकव्यञ्जनाः शान्तिं प्रायश्चित्तं ब्रूयुः 'अन्यथा-महदकुशलं राज्ञो देशस्य च' इति ।

३३. तदनन्तर नैमित्तिक एवं मौहूर्तिक वेषधारी गूढ़ पुरुष शान्ति एवं प्रायश्चित्त को बात राजा से कहें 'अन्यथा प्रायश्चित्त न करने पर, राजा और देश का महान् अनिष्ट होने की बात कह दें' ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) सन्धि रात्रि : पूर्णमासी तथा प्रतिपक्ष की रात्रि ।

(२) ऊर्ध्वभक्षित : मनुष्य को खड़े-खड़े खा जाना । गण० ३:१८८ ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) शूरवादिक : अपने को शौर्यशाली या वीर कहने वाला या बीरता की डींग हांकनेवाला ।

पाठभेद :

'महदकुशलं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में (महदकुलं' पाठभेद मिलता है ।

प्रतिपन्नम् 'एतेषु सप्तरात्रमेकैकेमन्त्रबलि[2]होमं[3] स्वयं राज्ञा कर्तव्यम्' इति ब्रूयुः ।

३४. राजा के स्वीकार करने पर 'उन दुर्निमित्तों के विषय में राजा सात रात्रि पर्यन्त प्रत्ये दुर्निमित्त के लिये मन्त्र जप, बलि उपहार एवं होम करे' इस प्रकार कहें ।

ततः समानम् ।

३५. तदनन्तर पूर्ववत् कार्य करे ।

एतान् वा योगानात्मनि दर्शयित्वा प्रतिकुर्वीत परेषामुपदेशार्थम् ।

३६. अथवा राजा अन्य सहायकों के उपदेशार्थ उन योगों को दिखाकर, शिक्षित करे औरस्व प्रतीकार करें ।

ततः प्रयोजयेद्योगान् ।

३७. तदनन्तर योगों का प्रयोग करे ।

योगदर्शनप्रतीकारेण वा कोशाभिसंहरणं कुर्यात् ।

३८. अथवा योगदर्शन प्रतीकार द्वारा कोश संग्रह करे ।

हस्तिकामं वा नागवनपाला हस्तिना लक्षण्येन प्रलोभयेयुः ।

३९. अथवा हाथी के इच्छुक शत्रु राजा के नाग, वनपाल पुरुष शुभ लक्षण युक्त हाथ द्वारा प्रलोभित करे ।

प्रतिपन्नं[1] गहनमेकायनं[2] वाऽतिनीय घातयेयुः, बद्ध्वा वा ऽपहरेयुः ।

४०. स्वीकृति प्रदान करने पर उसे गहन अथवा एक मार्ग वाले वन में ले जाकर मरव डालें अथवा बांध कर अपहृत कर लें ।

तेन मृगयाकामो व्याख्यातः ।

४१. उस प्रकार मृगया के इच्छुक शत्रु राजा की व्याख्या सम्पन्न हो गयी ।

पादटिप्पणो :

३४. (१) एकैक : प्रतिदिन ।

(२) बलि : आहूति, भेंट । मनु० ७:८० रघु० १:१८ ।

(३) होम : यज्ञ ।

३६. (१) परेषाम् : शत्रु ।

पादटिप्पणी :

३८. (१) संहरण : वृद्धि, संग्रह करना, या बटोरना, या पूर्ण करना । द्र० ५:२:४५ ।

पाठभेद :

'पाला हस्तिना ।' का तेलगू अनुप्रतिलिपि 'पलहस्तिना' पाठभेद मिलता है ।

पार्दटिप्पणी :

४०. (१) प्रतिपन्न : स्वीकृत या स्वी करना ।

(२) एकायन : अकेले जाने योग्य मार्ग रास्ता या जिस मार्ग से केवल एक पंक्ति सेना सकती हो । द्र० १०:२:९, १८, १३:४:२०, २५

द्रव्यस्त्रीलोलुपमा[1]ढ्यविधवाभिर्वा परमरूपयौवनाभिः स्त्रीभिर्दाय[2]नि[3]क्षेपार्थमुपनीताभिः सत्त्रिणः प्रलोभयेयुः ।

४२. अथवा सत्री पुरुष द्रव्य एवं स्त्री लोभी शत्रु राजा को दाय भाग तथा निक्षेप के लिये लायी गयी, सुन्दर रूप यौवन सम्पन्न, धनो विधवा स्त्रियों द्वारा प्रलोभित करे।

प्रतिपन्नं रात्रौ स[1]त्त्रच्छन्नाः समागमे शस्त्ररसा[2]भ्यां घातयेयुः ।

४३. राजा के सहमत होने पर सत्री से सम्बन्धित गूढ़ पुरुष रात्रि में समागम के समय शास्त्र एवं विष द्वारा शत्रु राजा की हत्या करा दे ।

सिद्धप्रव्रजितचैत्यस्तूपदैवतप्रतिमानामभीक्ष्णाभिगमनेषु वा भूमिगृहसुरुङ्गागूढभित्तिप्रविष्टास्तीक्ष्णाः परमभिहन्युः ।

४४. अथवा सिद्ध पुरुष, प्रव्रजित, चैत्य, एवं स्तूप दैवत प्रतिमाओं के दर्शनार्थ बार-बार जाने के समय भूमि गृह सुरंग ग़ढ़ भित्तियों में प्रविष्ट तोक्ष्ण पुरुष शत्रु की हत्या कर दें ।

येषु देशेषु याः प्रेक्षा[1] प्रेक्षते पार्थिवः स्वयम् ।
या[2]त्रावि[3]हारे रमते यत्र क्रीडति वा ऽम्भ[4]सि ।।

४५. जिन देशों में राजा स्वयं जिन प्रेक्षाओं को देखता है, यात्रा विहार में रमण करता है अथवा जहाँ जल में क्रीड़ा करता है—

पाठभेद :

'आढचविधवा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'आध्यविधवा' तथा 'यौवनाभिः' का तंजौर तथा तेलगू अनु प्रतिलिपि में 'यौवनामिः' पाठभेद मिलता है। तथा 'दायनिक्षेप' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'दायादनिक्षेपा' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

४२. (१) आढ्य : सम्पन्न, धनी । द्र० ३:९:५ ८, ६३ ।

(२) दाय : उत्तराधिकारित्व ।

(३) निक्षेप : अमानत, धरोहर । द्र०४:३:१७, २:२:४७, ५५, २:१४:५ ।

पाठभेद :

'सत्त्रच्छन्नाः' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सत्त्रिच्छन्नाः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४३. (१) सत्रच्छन्न : द्र० १०:३:१५, १८, २४, ८:४४:४१; ७:५:११, १३:२:५० ।

(२) रस : विष । द्र० ५:१:७, ३१, ९:५:१५, ११:१:२८, २:१२:२ ।

पाठभेद :

'यत्र क्रीडति' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'यत्राक्रीडति' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'यात्राक्रीडति' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४५. (१) प्रेक्षा : नाटक, अभिनय, तमाशा । द्र० २:२७:२६, ३:३:२२, ३:१०:३६ ५:१:१७, १३:२:४, गण० ३:१८५, १९० ।

(२) यात्रा : द्र० १:९:३८, ७:५:२२, १२:५:१ ।

(३) विहार : मनोरंजन, खेल, क्रीड़ा । द्र० १:१०:१३, २:३:३ ।

(४) अम्भि : जल ।

धिगुक्त्योदिषु सर्वेषु यज्ञप्रह्वणेषु[2] वा ।
सूतिकाप्रेतरोगेषु प्रीतिशोकभयेषु वा ॥

४६. सब प्रकार की धिगुक्तियों अथवा यज्ञ प्रह्वणों में अथवा सूतिका, मृत एवं रोगों से सम्बन्धित प्रीति, शोक एवं भय में प्रसक्त होता है—

प्रमादं याति यस्मिन् वा विश्वासात्स्वजनोत्सवे ।
यत्रास्यारक्षिसंचारो दुर्दिने संकुलेषु वा ॥

४७. अथवा विश्वास वश जिस स्वजनोत्सव प्रमाद युक्त होता है, जहाँ रक्षा पुरुष रहित होकर जाता है, अथवा दुर्दिन, जन संकुल,

विप्रस्थाने प्रदीप्ते[2] वा प्रविष्टे निर्जनेऽपि वा ।
वस्त्राभरणमाल्यानां फेलाभिः शयनासनैः ॥

४८. विप्रस्थान, प्रदीप्त (आग लगने पर) या निर्जन में प्रवेश करने पर, वस्त्र, आभरण एवं माल्य के युक्त अवशेषों से, शयन-आसनों से—

मद्यभोजनफेलाभिस्तूर्यौर्वाऽभिगता: सह ।
प्रहरेयुररितीक्ष्णाः पूर्वप्रणिहितैः सह ॥

४९. मद्य-भोजनों के अवशेषों से प्रसन्न संज्ञातूर्य वादकों एवं पूर्व युक्त गूढ़ पुरुषों के साथ तीक्ष्ण पुरुष शत्रु पर प्रहार करें।

पाठभेद

'धिगुक्त्यादिषु सर्वेषु' का श्रीमूल में 'चाटूक्त्यादिषु कृत्येषु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४६. (१) धिगुक्त्या : धिक्कारोक्ति, उपालम्भ ।
(२) प्रवहण : उत्सव या मेला । द्र० १:१०:९, १:२१:२८, गण० २:३५६, ३:१७७, १८५ ।

पादटिप्पणी :

४७. (१) विप्रस्थाने : गलत रास्ता से जाना या मार्ग भूल जाना । गण० ३:१९० ।
(२) प्रदीप्त : आग ।

पाठभेद :

'मद्यभोजन' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में मध्य भोजन' तथा 'ऽभिगताः सह' का 'भिहृतैः सह' तथा 'अरि तीक्ष्णः' का तंजौर में 'अरिस्तीक्ष्णाः" तथा देवनागरी तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अरींस्तीक्ष्णा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४९. (१) फेला : टोकरी, बक्सा, मंजूषा । द्र० ७:१७:३९, ४०, १३:२:४७, ४९ । गण० २:३५५, ३:१९० ।

यथैव प्रविशेयुश्च द्विषतः सत्त्रहेतुभिः ।
तथैव चापगच्छेयुरित्युक्तं योगवामनम् ॥

५०. सत्त्री जिस प्रकार शत्रुओं में छलकपट पूर्वक प्रवेश करें, उसी प्रकार उनसे निकल आयें, इस प्रकार योग वामन का कथन किया गया ।

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे योगवामनम् द्वितीयोऽध्यायः ।
आदितो द्विचत्वारिंशच्छततमः ।

तेरहवें अधिकरण में दुर्गलम्भोपाय के अन्तर्गत योग वामन सम्बद्ध द्वितीय अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ बयालीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पादटिप्पणी :

५०. (१) योग वामन : द्र० १२:२:८, १२:४:२९ । गण० ३:१५९, १७२:१८५ ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशाधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः योगवामनम् आदितो द्विचत्वारिंशच्छततमः ॥

मैसूर संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपायेयोगवामनं द्वितीयोऽध्यायः आदितो द्विचत्वारिंशच्छततमः ।

वसाकसंस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशाधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः योगवामनं आदितो द्विचत्वारिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे योगवामनं द्वितीयोऽध्यायः ॥२॥ आदितो द्विचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥१४२॥

अध्याय ३

[त्रिसप्ततिशततमं प्रकरणम्—अपसर्पप्रणिधिः]

एक सौ तिहत्तरवाँ प्रकरण—अपसर्पप्रणिधि

श्रेणी[1]मुख्यमाप्तं[2] निष्पातयेत[3] ।

१. विश्वस्त श्रेणी प्रमुखको निष्कासित करे ।

स परमाश्रित्य पक्षापदेशेन[1] स्वविषयात्[2]साचिव्य[3]करसहायोपादानं कुर्वीत ।

२. वह शत्रु का आश्रय प्राप्त कर, उसके कार्य के ब्याज से अपने देश से सहायक सामग्रियों का संग्रह करे ।

कृतापसर्पो[1]पचयो[2] वा परमनुमान्य स्वामिनो दूष्यग्रामं वीत[3]हस्त्यश्वं दूष्यामात्यं दण्डमाक्रन्दं[4] वा हत्वा परस्य प्रेषयेत् ।

३. गूढपुरुष का संग्रह करके, शत्रु की अनुमति पूर्वक स्वामी के दूष्य वर्ग, हाथी-घोड़ा रहित, दूष्यअमात्ययुक्त दण्ड एवं आक्रन्द को जीतकर शत्रु के पास भेजे ।

पादटिप्पणी :

१. (१) श्रेणी : द्र० २:४:२६, ४:१:२:३, ८:४:२७, ६:१:८, ५:३:९, ७:१४:२७, १०:१:८ गण० १:१२९ ।

(२) आप्त : विश्वसनीय । द्र० १:२१:१८, ९:६:४० ।

(३) निष्पातयेत् : ३:१:३३, ३७, ३:३:७, ९:६:३५ ।

पाठभेद :

'साचिव्यकर' का श्रीमूल में 'साचिव्यकरण' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) पक्षापदेशेन : अपने पक्ष के ब्याज से ।

(२) स्वविषय : विजीगीषु का विषय या देश या जिला ।

(३) साचिव्य : सहायक, सहायता देने वाला या मंत्री । द्र० १३:१:९, गण० ३:१८४ ।

पाठभेद :

'कृतापसर्पो' का तंजीर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कृतोपसर्पों' तथा 'हस्त्यश्वं इष्या' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'हस्त्यश्वइष्या' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३. (१) अपसर्प : गुप्तचर, गूढ़पुरुष । द्र० १:१२:१७, २५, गण० १:२३, ३:१०२ ।

(२) उपचय : एकत्रित चयन करना या बढ़ाना ।

(३) वीत : रहित या शून्य । द्र० १०:४:४९ ।

(४) आक्रन्द : पृष्ठ भाग का मित्र, आमन्त्रित करना या बुलाना । द्र० ६:२:१८: १:१६:२९, गण० १:८१, २:३२, ३:१९२ ।

जनपदैकदेशं[1] श्रेणीमटवीं वा सहायोपादानार्थं° संश्रयेत्[2] ।

४. जनपद के एक देश श्रेणी अथवा आटविक का आश्रय (सम्बन्ध) सहायक सामग्री के लिये प्राप्त करे ।

विश्वासमुपगतः स्वामिनः[1] प्रेषयेत्[2] ।

५. विश्वास प्राप्त कर लेने पर, उन्हें स्वामी के पास प्रेषित करे ।

ततः स्वामी हस्तिबन्धनमटवीघातं वाऽपदिश्य गूढमेव प्रहरेत्[1] ।

६. तत्पश्चात् स्वामी हस्तिबन्धन अथवा आटविक आघात के ब्याज से गुप्त रूप से शत्रु पर प्रहार करे ।

एतेनामात्याटविका व्याख्याताः ।

७. उस प्रकार अमात्य एवं आटविक के गूढ़पुरुष के रूप में शत्रु देश में प्रेषण की व्याख्या सम्पन्न हो गयी ।

शत्रुणा मैत्रीं कृत्वाऽमात्यानवक्षिपेत्[1] ।

८. शत्रु से मित्रता करके, अमात्यों का धिक्कृत करे ।

ते तच्छत्रोः प्रेषयेयुः 'भर्तारं नः प्रसादय[1] इति ।

९. वे उसके शत्रु को सन्देश दें 'मेरे स्वामी को प्रसन्न कर दें' ।

पाठभेद :

'सहायोपादानार्थं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सहायोपदानार्थं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) एकदेश : देश का एक भाग । द्र० ५:४:१६, ५:५:३४, ८:४:७ ।

पादटिप्पणी :

(२) संश्रय : आश्रय । द्र० ७:१:१०, ७:१:१७ ९:३:३०, गण० २:२३७ ।

पादटिप्पणी :

५. (१) स्वामी : विजीगिषु ।

(२) प्रेषयेत् : भेजना । द्र० १२:५:२३, ९:१०:१७ ।

पादटिप्पणी :

६. (१) प्रहरेत् : आक्रमण या प्रहार करे ।

पादटिप्पणी :

८. (१) अवक्षिपेत् : तिरस्कृत या धिक्कारा या कर्मच्युत, फेकना, त्यागना, विसर्जित अपदस्थ करना । द्र० १:१:२ । गण० ३:१४७ ।

पादटिप्पणी :

९. (१) प्रसादय : प्रसन्न या सन्तुष्ट करना ।

स यं दूतं प्रेषयेत्, तमुपालंभेत 'भर्ता ते माममात्यैर्भेदयति, न च पुनरिहागन्तव्यम्' इति ।

१०. वह शत्रु जिस दूत को भेजे, उस दूत की विजिगीषु निन्दा करे 'तुम्हारा स्वामी (मेरे) मन्त्रियों से मेरा मत भेद कर रहा है, पुनः तुम यहाँ न आना' ।

अथैकममात्यं निष्पातयेत् ।

११. उसके पश्चात् एक अमात्य को निकाल दे ।

स परमाश्रित्य योगा[1]पसर्पा[2]परक्त[3]दूष्यानशक्तिमत[4]ः स्तेनाटविकानुभयोपघातकान् वा परस्योपहरेत् ।

१२. वह शत्रु का आश्रय प्राप्त कर, कपट गूढ पुरुषों, अपरक्त पुरुषों, दूष्यपुरुषों, शक्ति रहित चोर-आटविकों अथवा उभयपक्षघातकों को शत्रु के समीप ले जाय ।

आप्त[1]भावोपगतः प्रवीर[2]पुरुषोपघातमस्योपहरेद् अन्त[3]पालमाटविकं दण्ड[4]चारिणं वा 'हठसौ चासौ च ते शत्रुणा संधत्ते' इति ।

१३. वह शत्रु का विश्वासपात्र बनकर, उसके वीर पुरुषों का निम्न प्रकार से घात करे । अन्तपाल, आटविक अथवा दण्डचारी पर दोष लगाये 'वह तथा वह तुम्हारे शत्रु से सन्धियुक्त है'

पाठभेद :

'दू यं इतं' तथा 'उपालभेत' का तंजौर एवं तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'स्वयं दू इतं' तथा 'उपालभेत' का तंजौर एवं तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'उपालम्भेत' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी

१०. (१) उपालम्भ : उलहना । द्र० २:१०: २३, ३१ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) अथैकममात्य : द्र० ९:६:२५, ४१ ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) योग : १:१८:९, १३:३:५४, ५६, १:५:१६, १:१६:३४, ५:१:५४, ५:६:४८, ७:६:४१ ९:१:१५, १२:४:२९, गण० १:१३ २:२३०, ३:१७२, १८२ ।

(२) अपसर्प : गुप्तचर, गुप्त प्रतिनिधि, गूढ़ पुरुष । द्र० १:१२:१७,२५, गण० १:२३, ३:१०५।

(३) अपरक्त : असन्तुष्ट । गण० ३:१९३ ।

(४) अशक्तिमतः : शक्ति शून्य, शक्ति हीन।

पाठभेद :

'आटविकंदण्ड' का तंजौर में 'आटविकदण्ड' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) आप्त : विश्वास । द्र० १:२१:१८।

(२) प्रवोर : उत्तम, श्रेष्ठ, शौर्य सम्पन्न। गण० ३:१९३ ।

(३) अन्तपाल : सीमान्त अधिकारी । द्र० ९:३:२२, गण० १:५७, ३:३० ।

(४) दण्डचारिण : सेना का नेता या अधिकारी । गण० ३:१९३ ।

अथ पश्चादभित्यक्तशासनैरेनान् घातयेत् ।

१४. उसके अनन्तर विजिगीषु के बध्य पुरुषों द्वारा उपलब्ध कराये गये, मैत्री प्रकाशक कूट लेखों के व्याज से इन्हें मरवा डाले ।

दण्डबलव्यवहारेण वा शत्रुमुद्योज्यं घातयेत् ।

१५. अथवा दण्ड बल सहायता का वचन देकर, शत्रु को उसके शत्रु से भिड़ा दे और सहायता न देकर, उसका नाश करा दे ।

कृत्यपक्षोपग्रहेण वा परस्यामित्रं राजानमात्मन्यपकारयित्वाऽभियुञ्जीत ।

१६. अथवा कृत्य पक्ष को अनुकूल करके, शत्रु के शत्रु राजा द्वारा अपना अपकार करा कर, युद्धोद्योग करे ।

ततः परस्य प्रेषयेत् 'असौ ते वैरी ममापकरोति, तमेहि संभूय हनिष्यावः, भूमौ हिरण्ये वा ते परिग्रहः' इति ।

१७. तदनन्तर शत्रु को सन्देश प्रेषित करे 'वह तुम्हारा शत्रु मेरा अपकार करता है, आओ हम दोनों मिलकर, उसे मार डालें, भूमि अथवा हिरण्य में तुम्हारा भाग होगा' ।

प्रतिपन्नमभिसत्कृत्यागतमवस्कन्देन प्रकाशयुद्धेन वा शत्रुणा घातयेत् ।

१८ उसके सहमत होने पर, आने पर, सत्कार करके, शयन काल में मरवा दे अथवा प्रकाश युद्ध में शत्रु द्वारा वध करा दे ।

अभिविश्वासनार्थं भूमिदानपुत्राभिषेकरक्षापदेशेन वा ग्राहयेत् ।

१९. विश्वास के लिये भूमिदान, पुत्र के अभिषेक अथवा रक्षा के व्याज से शत्रु को ग्रहण करा दे ।

पाठभेद :

'अभित्यक्त' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अभिव्यक्त' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१४. शासन : आज्ञापालन । द्र० १:१६:२२, २:१०:१, २:२:९, ३७, २:२८:२० । गण० ३:१९३ ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) दण्डबल व्यवहार : सैनिक शक्ति का प्रयोग । द्र० ८:१:३४,३८ ९:२:४, गण० ३:५२ ।

(२) उद्योज्य : उद्वेजित करना या उभाड़ना । द्र० १:४:८ ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) कृत्यपक्ष : क्रुद्ध, लुब्ध तथा भीत वर्ग । द्र० १:१२:२५, १:१४:६, गण० ३:१६५, २०९ ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) परिग्रह : भाग या हिस्सा, लेना; स्वीकार करना । द्र० २:६:६, २:२६:१, २:३६:२२, २८, ३७, १२:२:३३: ३:९:१, ५:६:४६ ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) प्रकाशयुद्ध : खुला युद्ध । द्र० ७:६:१७, ४०, गण० २:११६ ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) अपदेश : बहाना, छल, ब्याज । द्र० ४:८:२, ५:६:१० ।

अविषह्यमुपांशुदण्डेन वा घातयेत् ।

२०. अथवा अविषह्य (ग्रहण करने योग्य न होने पर) शत्रु का उपांशुदण्ड द्वारा घात करा दे ।

स चेद्दण्डं दद्यान्न स्वयमागच्छेत्तमस्य वैरिणा घातयेत् ।

२१. यदि वह दण्ड (सेना) दे और स्वयं न आये, तो उसकी सेना को शत्रु द्वारा नष्ट करा दे।

दण्डेन वा प्रयातुमिच्छेन्न विजिगीषुणा तथाप्येनमुभयतः संपीडनेन घातयेत् ।

२२. यदि वह अपने बल के साथ जाना चाहता हो और विजिगीषु के साथ न जाना चाहे तो दोनों ओर से पीडित कर, उसका नाश करे ।

अविश्वस्तो वा प्रत्येकशोयातुमिच्छेद्राज्यैकदेशं वा यातव्यस्यादातुकामः तथाऽप्येनं वैरिणा सर्वसंदोहेन वा घातयेत् ।

२३. अथवा यदि अविश्वास के कारण शत्रु एकाकी स्वबल के साथ इस इच्छा से आक्रम करने की इच्छा करे कि वह यातव्य के राज्य का एक भाग स्वयं ग्रहण कर लेगा, तो भी उसे द्वारा अथवा अपने समग्रबल द्वारा नष्ट करा दे ।

वैरिणा वा शक्तस्य दण्डोपनयेन मूलमन्यतो हारयेत् ।

२४. अथवा वैरी के साथ युद्धरत शत्रु के मूल स्थान पर, सैन्य प्रेषित कर, हरण करा दे अर्था वहाँ विनाश कर दे ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) अविषह्य : अनाक्रमणीय, अनाक्रम्य, किसी प्रकार काबू में न आने वाला । द्र० ७:७:२, ७:१२:२, १२:१:९, ३:१०:८, ३:१५, १:४:९ । गण० ३:१९१ ।

(२) उपांशुदण्ड : चुपचाप गुप्त दण्ड देना । द्र० २:१३:२०, १:१७:६ । गण० ३:१३३, १४४, १९४ ।

भेदपाठ :

'चेद्दण्डं दद्यान्न' का तंजौर में 'चेद्यान्न' पाठभेद मिलता है । तथा 'वैरिणा' का त्रिवैन्द्रम् में 'वैरि' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२२. (१) उभयत : दोनों तरफ से। ग ३:१९४ ।

पाठभेद :

'द्राज्यैकदेशं' का देवनागरी अनुलिपि में ' ज्यैकदेषं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२३. संदोह : सैन्य सज्जा या मोबिलाइ या सैन्य परिचालन । द्र० ६:३:८, ७:४:७, १ ४, ७:१३:५, ९:७:५५, १२:१:३, १३:३:२३।

शत्रुभूम्या वा मित्रंपणेत, मित्रभूम्या वा शत्रुम् ।

५. अथवा शत्रु भूमि प्रदान करने की शर्त पर, मित्र से अथवा मित्र भूमि प्रदान करने की शर्त पर, शत्रु से सन्धि करे ।

ततः शत्रुभूमिलिप्सायां मित्रेणात्मन्यपकारयित्वाऽभियुञ्जीत—इति समानाः पूर्वेण सर्व एव योगाः ।

२६. तदनन्तर शत्रु की भूमि लेने की इच्छा होने पर, मित्र द्वारा अपने ऊपर अपकार कराकर, उस पर आक्रमण करे, तत्पश्चात् पूर्ववत् सब कार्य करे ।

शत्रुं वा मित्रभूमिलिप्सायां प्रतिपन्नं दण्डेनानुगृह्णीयात् ।

२७. मित्र भूमि ग्रहण के लिये शत्रु के इच्छुक होने पर, सैन्य प्रदान द्वारा अनुगृहीत करे ।

ततो मित्रगतमतिसंदध्यात् ।

२८. तदनन्तर मित्र पर, आक्रमण करने पर, मित्र के साथ होकर, उसका घात करे ।

कृतप्रतिविधानो वा व्यसनमात्मनो दर्शयित्वा मित्रेणामित्रमुत्साहयित्वा आत्मानमभियोजयेत् ।

२९. अथवा समुचित रक्षा विधान करके, अपना संकट दिखाकर, मित्र द्वारा शत्रुको प्रोत्साहित करके, अपने ऊपर आक्रमण कराये ।

ततः संपीडनेन घातयेत्, जीवग्राहेण वा राज्यविनिमयं कारयेत् ।

३०. तत्पश्चात् दोनों घोर से पीडित कर, मरवा डाले अथवा जीवित ग्रहण कर, राज्य विनिमय कराये ।

पादटिप्पणी :

२५. पणेत : सौदा या मोल भाव ।

पादटिप्पणी :

२६. योग : कपटोपाय, कौशल, प्रयोग या न्याय-काम में लगाना । द्र० १:१८:९, १३:३:५४ २६, १:५:१६, १:६:३४, ५:१:५४, ५:४:४८, ५:६:४१, ९:१:१५ ।

पाठभेद :

'मित्रगतमतिं' का तंजौर में 'मित्रं तमति' तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मित्रमति' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'कृतप्रतिविधानो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'ततः प्रतिविधानेन' पाठभेद मिलच है ।

पादटिप्पणी :

३०. (१) संपीडन : अपने तथा अपने मित्र के बीच दबाव या क्षुब्ध करना ।

(२) विनिमय : अदला बदली या प्रतिदान ।

मित्रेणाश्रित[1]श्चेच्छत्रुरग्राह्यो[2] स्थातुमिच्छेत् सामन्ता[3]दिभिर्मूल[4]मस्य हारयेत् ।

३१. यदि मित्र द्वारा शरण प्राप्त शत्रु अग्राह्य होकर, स्थित रहना चाहे, तो सामन्त आदि द्वारा इसके मूल का हरण करा दे ।

दण्डेन वा त्रातु[1]मिच्छेत् तमस्य घातयेत् ।

३२. अथवा दण्ड (सेना) से रक्षा करना चाहे, तो वह उस सेना को नष्ट करा दे ।

तौ[1] चेन्न भिद्येयातां प्रकाशमेवान्योन्य[2]भूम्या पणेत[3] ।

३३. यदि दोनों (शत्रु, मित्र) भेद युक्त न हों, तो प्रकट रूप से एक दूसरे की भूमि से एक-दूसरे के साथ सन्धि करे ।

ततः परस्परं मित्र[1]व्यञ्जना वा उभयवेतना[2] वा दूतान् प्रेषयेयुः 'अयं ते राजा भूमिं लिप्सते शत्रुसंहितः[3]' इति ।

३४. तदनन्तर मित्र और शत्रु के पास मित्र वेषवाले अथवा उभय पक्ष से वेतन प्राप्त करने वाले गूढपुरुष निम्न सन्देश के साथ दूत प्रेषित करें, 'यह राजा शत्रु से मिलकर तुम्हारी भूमि ग्रहण करना चाहता है ।'

पाठभेद :

'मित्रेणाश्रित' का श्रीमूल में 'मित्रेणाहूत' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) आश्रित : मित्र द्वारा शरण दिला कर ।

(२) अग्राह्य : ग्रहण के अयोग्य । द्र० २:३:१४, ३:११:२२, १२:१:१६ ।

(३) सामन्त : पड़ोसी राजा ।

(४) मूल : राजधानी केन्द्र । द्र० ७:२:१४, ७:३:३३, ७:८:५, २:९:२०, ८:३:६६, ८:५:१०, ९:७:५५ ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) त्रातुम् : रक्षा करना ।

पाठभेद :

'अन्योन्य' का 'अन्योन्यस्य' तथा 'भूम्या' का 'भूम्या' पाठभेद तेलगू अनुप्रतिलिपि में मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) तौ : शत्रु तथा उसके मित्र से तात्पर्य है ।

(२) अन्योन्य : परस्पर एक दूसरे से ।

(३) पणेत : सौदा करना या लेन देन करना । द्र० ७:७:८, ७:७:१२ ।

पाठभेद :

'मित्रव्यञ्जना वा उभय' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मित्रध्यञ्जनोभय' तथा 'वेतना वा' का 'वेतनान्वा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) मित्रव्यञ्जन : मित्र बना । द्र० ९:५:३१, ३७ ।

(२) उभयवेतन : दोनों तरफ से वेतन लेने वाला । द्र० १:१२:१८, १:१६:३४, ७:१४:६, ८ ।

(३) शत्रु संहितः : शत्रु से मिला । गण० १:६० ।

तयोरन्यतरो जाताशङ्कारोषः, पूर्ववच्चेष्टेत ।

३५. उन दोनों में जब कोई एक शंका-रोषयुक्त हो और पूर्ववत् चेष्टा करे, तो पूर्ववत् उससे आक्रमण करा कर, उसे नष्ट करा दे ।

दुर्गराष्ट्रदण्डमुख्यान् वा कृत्यपक्षहेतुभिरभिविख्याप्य प्रव्राजयेत् ।

३६. अथवा दुर्ग प्रमुख, राष्ट्र प्रमुख एवं दण्ड प्रमुखों को कृत्यपक्ष को साहाय्यदान करना प्रख्यात कर, देश से निर्गत करा दे ।

ते युद्धावस्कन्दावरोधव्यसनेषु शत्रुमतिसंदध्युः ।

३७. वे शत्रु के आश्रित रहकर युद्ध अवस्कन्द, अवरोध सम्बन्धी आपदा के समय शत्रु का नाश कर दें ।

भेदं वाऽस्य स्ववर्गेभ्यः कुर्युः ।

३८. अथवा शत्रु का अपने वर्ग से भेद करा दें ।

अभित्यक्तशासनैः प्रतिसमानयेयुः ।

३९. वध्यजनों द्वारा आनीत कपट लेखों से अपने मिथ्या कथन को प्रमाणित करे ।

पाठभेद :

'जाताशङ्कारोषः' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'जातशङ्कारोषः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३५. (१) जाताशंकारोष : शंकितचित्त तथा रोषयुक्त ।

पादटिप्पणी :

३६. (१) कृत्यपक्ष : क्रुद्ध, लुब्ध तथा भीत वर्ग ।

(२) प्रव्राजयेत् : बाहर निकालना ।

पादटिप्पणी :

३७. (१) अवरोध : घेरा डालना । द्र० १२:५:१ ।

(२) व्यसन : आपदा । द्र० ३:१४:३ । गण० ३:२ ।

पाठभेद :

'अभित्यक्त' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अभिव्यक्त' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) अभित्यक्त : अपराधी जिसे वध का दण्ड दिया गया हो । द्र० २:५:४, ५:२:४४, ५५, ६५, १२:४:७, गण० ३:१९६ ।

(२) शासन : मन्त्र, सन्देश ।

लुब्धक[1]व्यञ्जना वा मांसविक्रयेण द्वाःस्था दौवारिकापाश्रयाश्चोराभ्यागमं परस्य द्विस्त्रिरिति निवेद्य लब्धप्रत्यया भर्तुरनीकं[2] द्विधा निवेश्य ग्रामवधे[3]ऽवस्कन्दे च द्विषतो ब्रूयुः 'आसन्नश्चोरगणः, महांश्चाक्रन्दः, प्रभूतसैन्यमागच्छतु' इति ।

४०. अथवा लुब्धक वेष धारी गूढ पुरुष मांस विक्रय के व्याज से द्वार पर, स्थित होकर, द्वारपालों का आश्रय प्राप्त कर, चोरों के आने की बात शत्रु से दो-तीन बार निवेदित करें, विश्वास प्राप्त होने पर, स्वामी की सेना को ग्रामवध और अवस्कन्द के लिये दो भागों में विभक्त कर, शत्रु से कहें—'चोर गण आसन्न हैं, महान् आक्रन्द उपस्थित है, प्रचुर सेना (हमारे साथ) आये' ।

तद[1]र्पयित्वा ग्रामघात[3]दण्डस्य, सैन्यमितर[2]दादाय रात्रौ दुर्गद्वारेषु ब्रूयुः 'हतश्चोरगणः, सिद्धयात्रमिदं सैन्यमागतम्, द्वारमपाव्रियताम्' इति ।

४१. वह सेना ग्रामघात रक्षार्थ नियुक्त सेना को समर्पित कर, दूसरी सेना साथ लेकर, रात्रि में दुर्गद्वार पर, इस प्रकार कहे—'चोरगण मारे गये, यात्रा सफल कर, यह सेना आ गयी है, द्वार खोला जाय' ।

पूर्वप्रणिहिता[1] वा द्वाराणि दद्युः ।

४२. अथवा पूर्वनियुक्त गूढ पुरुष द्वार खोल दें ।

तैः सह प्रहरेयुः ।

४३. उनके साथ दुर्ग पर, आक्रमण करें ।

कारुशिल्पिपाषण्डकुशीलववैदेहकव्यञ्जनानायुधीयान् वा परदुर्गे प्रणिदध्यात् ।

४४. (अथवा) कारु, शिल्पी, पाषण्ड, कुशीलव, वैदेहक अथवा आयुधीय वेष धारण करने वाले गूढ पुरुषों को शत्रु के दुर्ग पर नियुक्त करे ।

पादटिप्पणी :

४०. (१) लुब्धक : व्याध, बहेलिया, शिकारी । द्र० ३:४:२२, गण० ३:१९६ ।

(२) अनीक : सेना ।

(३) ग्रामवध : ग्राम या नगर को नष्ट करना ।

पादटिप्पणी :

४१. (१) तद : शत्रु की बड़ी सेना या बल ।

(२) इतरद : अवस्कन्द के लिए प्रयोग हुआ है ।

(३) ग्रामघात : ग्राम, गांव या नगर का नाश करना ।

पाठभेद :

'पूर्वप्रणिहिता' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रणिहिता' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४२. (१) प्रणिहिता : गुप्त रूप से नियुक्त या सेवा में रखा हुआ । द्र० ९:३:३ ।

पाठभेद :

'व्यञ्जनानायुधीयान्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'व्यञ्जननायुधीयान्' पाठभेद मिलता है ।

तेषां गृहपतिकव्यञ्जनाः काष्ठतृणधान्यपण्यशकटैः प्रहरणा[१]वरणा[२]न्यभिहरेयुः, देवध्वज[३]प्रतिमाभिर्वा ।

४५. उनमें गृहपति वेषी गूढपुरुष काष्ठ, तृण, धान्य एवं पण्य वाहनों द्वारा प्रहरण, आवरण (कारु आदि) को उपलब्ध कराये अथवा देवध्वज प्रतिमाओं के साथ प्रहरणादि उपलब्ध करायें ।

ततस्तद्व्यञ्जनाः प्रमत्तवधमवस्कन्दप्रतिग्रहमभिप्रहरणं पृष्ठतः शङ्खदुन्दुभिशब्देन वा 'प्रविष्टम्' इत्यावेदयेयुः ।

४६. तदनन्तर तत् तद् वेषधारी गूढ पुरुष प्रमादियों का वध, हठात् आक्रमण एवं सब ओर से प्रहार पीछे के ओर उपस्थित होने का समाचार शंख एवं दुन्दुभिशब्द से निवेदित करें ।

प्राकारद्वाराट्टालक[१]दानमनीक[२]भेदं घातं वा कुर्युः ।

४७. तदनन्तर (गूढपुरुष) प्राकार, द्वार एवं अट्टालकखण्डन अनीकभेद अथवा धात करें ।

सार्थ[१]गणवासिभिरातिवाहिकैः[२] कन्या[३]वाहिकैरश्वपण्यव्यवहारिभिरुपकरणहारकैर्धान्यक्रेतृविक्रेतृभिर्वा प्रव्रजितलिङ्गि[४]भिर्दूतैश्च दण्डातिनयनं[५]; संधिकर्म विश्वासनार्थम् ।

४८. सार्थगण के मध्य रहने वाले आतिवाहिक, कन्या वाहिक, अश्वपण्यव्यापारी, उपकरण हारक, धान्य क्रय-विक्रय कारी, अथवा प्रव्रजित वेषधारी दूतों द्वारा शत्रु सैन्य का दूरनयन तथा विश्वासार्थ सन्धिकर्म का पालन किया जाय ।

पाठभेद :

'प्रहरणावरणनि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रहरणवारणानि' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४५ (१) प्रहरण : अस्त्र-शस्त्र । गण० ३:५७, गण० ३:१२५, १४२ ।

(२) आवरण : कवच । द्र० ७:१५:८ । गण० ३:५७, १२५, २०० ।

(३) देवध्वज : झण्डा या पताका ।

पाठभेद :

'घातं वा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पातं वा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४७. (१) आट्टलक : बुर्ज ।

(२) अनीक : सेना या सैन्य पंक्ति । द्र० १३:७:४० । भाग०

पाठभेद

'धान्यकेतृ' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'धान्यक्रेतृभि' तथा 'दूतैश्च' का 'द्यूतैश्च' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४८. (१) सार्थ : कारवां । द्र० ४:५:१५, १३:३:५१ । म० भा० ३:६४, ११, रघु० ७:६४ । गण० ३:११३, ३:१७८ ।

(२) अतिवाहक : व्यापारियों के रक्षक वर्ग या रक्षक । द्र० ३:१६:१८, २:२८:२५ ।

(३) कन्या : कन्यावाहिक, दुलहन के साथ आने वाले लोग ।

(४) लिङ्ग : चिन्ह । ३:२:१०,१७, २:२९:३६; ३:१३:१४ ।

(५) अतिनयनम् : गुप्त रूप से लाकर । द्र० ७:१४:२४, १३:३:४० ।

इति राजापसर्पाः[1] ।

४९. राज—अपसर्प प्रसंग समाप्त ।

एत एवाटवीनामसर्पाः कण्टकशोधनोक्ताश्च ।

५०. यहाँ तथा कण्टकशोधन में कहे गये, गूढ पुरुष आटविकों के विषय में भी ज्ञातव्य हैं ।

व्रज[1]मटव्यासन्न[2]मपसर्पाः[3] सार्थं[4] वा चोरैर्घातयेयुः ।

५१. अपसर्प (गूढपुरुष) अटवीके समीपवर्ती व्रज अथवा सार्थ को चोरों के साथ मिलकर नष्ट करें ।

कृतसंकेतमन्नपानं चात्र मदनरसबिद्धं वा कृत्वाऽपगच्छेयुः ।

५२. पूर्वनिश्चित संकेतानुसार अन्नपान मदकारी द्रव्ययुक्त कर, पलायित हो जांय ।

गोपालकवैदेहकाश्च ततश्चोरान्[1] गृहीतलोप्त्र[2]भारान्[3] मदनरसविकारकालेऽवस्कन्दयेयुः ।

५३. तदनन्तर गोपालक और वैदेहक चोरी का माल लिये, चोरों को मदनरसविकार के समय पकड़ ले ।

संकर्षण[1]दैवतीयो वा मुण्डजटिलव्यञ्जनः प्रहवणकर्मणा मदन[2]रसयोगेन[3]ातिसंदध्यात् ।

५४. अथवा संकर्षण को देव मानने वाला मुण्ड एवं जटिल वेषधारी गुप्तचर भोजन-पान काल में मदन रस का योग कर उन्हें छले ।

पादटिप्पणी :

४९. (१) अपसर्प : गुप्तचर या गुप्त प्रतिनिधि या एजेन्ट । द्र० १:१२:१७, २५ ।

पादटिप्पणी :

५१. (१) व्रज : पशुओं का समूह । द्र० ७:१४:२५, ७:१६:५, गण० ३:१३३ ।

(२) आसन्न : निकटवर्त्ती ।

(३) अपसर्प : गुप्तचर । द्र० १:१२:१७ ।

(४) सार्थ : कारवां । ४:५:१५, १३:३:४८, गण० ३:११३, १९८ ।

पादटिप्पणी :

५३. (१) चोरान् : चोरों, लुटेरों ।

(२) तलोप्त्र : चुराई गयी वस्तु । द्र० ४:५:१७, १३:३:५३ । गण० ३:१९९ ।

(३) भार : बोझ । द्र० २:१९:१९: ।

पाठभेद :

'संकर्षणदैवतीयो वा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में संकर्षणदैवतीयोगा वा' तथा 'व्यञ्जनः' का व्यञ्जनाः' तथा 'योगेगातिसंदध्यात्' का 'योगामतिसंदध्यात्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५४ (१) संकर्षण : बलभद्र या बलराम ।

(२) मदनरस : कामोत्तेजक । १:१८:१९, ४:३:२८, ४:५:१६, ११:१:२४, १३:३:५६ ।

(३)योग : द्र० १:१८:९, १:२:१६, १:१६:३४, १:१:५४, ५:६-४८, ८:६:४४, ९:१:१५, १३:४:२९, १३:३:५६ । गण० १:१३, ६:१७२, १८२ ।

अथावस्कन्दं[1] दद्यात् ।

५५. इसके अनन्तर आक्रमण करे ।

शौण्डिकव्यञ्जनो वा दैवतप्रेत[1]कार्योत्सवसमाजेष्वाटविकान् सुराविक्रयोपायन[2]निमित्तं मदनरसयोगेनातिसंदध्यात् ।

५६. अथवा सुरा विक्रेता के वेषवाला गूढ पुरुष देवकार्य, प्रेतकार्य, उत्सव एवं अन्य सामाजिक अवसरों पर आटविकों को सुरा विक्रयोपायन को निमित्त बनाकर, मदनरस प्रयोग से उन्हें छले ।

अथावस्कन्दं दद्यात् ।

५७. अनन्तर आक्रमण करे ।

ग्राम[1]घातप्रविष्टां वा विक्षिप्य बहुधाटवीम् ।
घातयेदिति चोराणामपसर्पाः[2] प्रकीर्तिताः[3] ॥

५८. ग्राम घात के लिये प्रविष्ट आटविकों को अनेक प्रकार से विकृत चित्त कर, उनका नाश कराये। चोरों में अपसर्प प्रयोग का वर्णन समाप्त ।

पादटिप्पणी :

५५. (१) अवस्कन्द : अचानक आक्रमण या हमला । द्र० ७:६:४०, ७:१०:२९, १०:५:५४। गण० २:२७७, २:११४, १३५, १४७, १६०, १७७, १९४।

पाठभेद :

'योगेनात' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'योगाभ्यामिति' तथा 'संदध्यात्' का 'ध्यात्' पाठभेद मिलता है।

कौ–१८

पादटिप्पणी :

५६. (१) प्रेतकार्य : श्राद्ध । द्र० ३:१३:८ ।
(२) उपायन : भेंट, उपहार ।

पादटिप्पणी :

५८. (१) ग्रामघात : द्र० १३:२:४१ ।

(२) अपसर्प : गुप्तचर, गुप्त प्रतिनिधि या एजेण्ट । प्र० १:१२:१७, २५, १३:३ । गण० १: २३, ३:१०५ ।

(३) प्रकीर्तिता : वर्णन किया गया या प्रशंसित ।

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे अपसर्पप्रणिधिः तृतीयोऽध्यायः। आदितस्त्रिचत्वारिंशच्छततमः ।

तेरहवें अधिकरण के अन्तर्गत दुर्गलम्भोपाय में अपसर्पप्रणिधि सम्बद्ध तृतीय अध्याय समाप्त। आदि से एक सौ तिरालीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशाधिकरणे तृतीयोऽध्यायः अपसर्पप्रणिधिः आदितस्त्रिचत्वारिंशच्छततमः ॥

मैसूर संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये अपसर्पप्रणिधिस्तृतीयोऽध्यायः आदितस्त्रिचत्वारिंशच्छततमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयस्यार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशाधिकरणे तृतीयोऽध्यायः अपसर्पप्रणिधि आदितस्त्रिचत्वारिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे अपसर्पप्रणिधि स्तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥ आदितस्त्रिचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १४३ ॥

अध्याय ४

[चतुःसप्ततिशततमं प्रकरणम्—पर्युपासनकर्म[1]; पञ्चसप्ततिशततमं प्रकरणम्—अवमर्दः[2]]

एक सौ चौहत्तरवाँ प्रकरण—पर्युपासन कर्म

एक सौ पचहत्तरवाँ प्रकरण—अवमर्द

कर्शन[1]पूर्वं पर्युपसन[2]कर्म ।

१. कोश-दण्ड का कर्शन पूर्वक पर्युपासन कर्म करना चाहिए ।

जनपदं यथानिविष्ट[1]मभये[2] स्थापयेत् ।

२. जनपद को यथानिविष्ट अभय रखना चाहिए ।

उत्थित[1]मनुग्रह[2]परिहाराभ्यां[3] निवेशयेत्, अन्यत्रापसरतः[4] ।

३. विरोधार्थ उत्थित जनपद को अनुग्रह एवं कर मुक्ति द्वारा बसाये किन्तु अन्यत्र गमन करने वाले जनपद की सहायता न करे अर्थात् इसे अन्यत्र जाने दे ।

पाठभेद :

'पर्युपासनकर्म' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पर्युपानं कर्म' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) कर्शन : कमजोर बनाना । द्र० ४:३:-१८, ७:३:१६, ७:४:१०, ७:१०:४, ७:८:८, गण० ३:२०० ।

(२) पर्युपासन : घेरा डालना । गण० ३:२०

पाठभेद :

'मभये' का तंजोर में 'मदुभये' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'मुदये', तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मभयं' पाठभेद मिलता है ।

पाददिप्पणी :

२. (१) निविष्ट : निर्धारित, निर्दिष्ट, स्थित, प्रतिष्ठित, निश्चित, नियन्त्रित, व्यवस्थित । द्र० ७:४:२०, ३:२:२३ ।

(२) अभय : भय से रक्षण या रक्षा करना । द्र० ७:१६:६ ।

पादटिप्पणी :

३. (१) उत्थित : उठा हुआ । द्र० १:१९:५, १:७:२, १:९:१ । गण० ३:२०० ।

(२) अनुग्रह : अर्थादि दान । द्र० २:१:१५, २:२५:३, ३:१:२१, २:८:३, २:१६:११ । गण० १:१२१, ३:२०० ।

(३) परिहार : करादि में छूट । द्र० २:७:२, २:८:३, २:१६:१५ । गण० १:१२१, ३:३४७, २००, २१० ।

(४) अपसरत : पलायन, भगाना, प्रस्थान, चले जाना ।

संग्रामा[1]दन्यस्यां भूमौ निवेशयेत् एकस्यां वा वासयेत् ।

४ संग्रामोचित भूमि के अतिरिक्त अन्य भूमि पर पृथक् पृथक् अथवा एक ही भूमि पर, अधिक लोगों को बसाये ।

न ह्यजनो जनपदो राज्यमजनपदं वा भवतीति कौटिल्यः ।

५. जन रहित जनपद नहीं होता अथवा जनपद रहित राज्य नहीं होता—ऐसा कौटिल्य का मत है ।

विष[1]मस्थस्य मु[2]ष्टिं सस्यं वा हन्याद्, वीव[3]धप्र[4]सारौ च ।

६. विषय परिस्थिति में पड़े शत्रु की मुष्टि अथवा सस्य नष्ट करे और वीवध-प्रसार भी विनष्ट करे ।

प्रसारवीवधच्छेदान्मु[1]ष्टिसस्यवधादपि ।
व[2]मनाद्गूढघाताच्च जायते प्रकृ[3]तिक्षयः ॥

७. प्रसार-वीवध का उत्छेद मुष्टि-सस्य का नाश, वमन एवं गूढघात से प्रकृतिक्षय होता है ।

पाठभेद :

'संग्रामादन्यस्यां' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'संग्राममन्यस्यां' तथा श्रीमूल में 'समग्रमन्यस्थां' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) संग्राम : युद्ध भूमि ।

पाठभेद :

'राज्यमंजनपदं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'राज्यं जनपदं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६. (१) विषम : अगम्य, दुर्जय दुर्ग । द्र० २:८:२१ । गण० २:११४ ।

(२) मुष्टि : अन्न बोना । द्र० ९:१:३४, १३:४:७ ।

(३) वीवध : पूर्ति । द्र० ७:६:८, ७:७:२, ८:५:१४, ९:६:४४, १०:२:६ । गण० २:१०७, १३३, १६१, २०० ।

(४) प्रसार : चारे या यवस के लिए भ्रमण या आक्रमण ।

पादटिप्पणी :

७. (१) मुष्टि : अन्न या अनाज बोना । द्र० ९:१:३४, १३:४:६ ।

(२) वमन : एक स्थान से दूसरे स्थान पर आपत्ति में चले जाना । द्र० २:१:१, ४:३:१८ । गण० ३:३०० ।

(३) प्रकृति : स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोश, दण्ड तथा मित्र राज्य की सात प्रकृतियां हैं ।

'प्रभूतगुणबद्धोन्यकुप्य[2]यन्त्र[3]शस्त्रा[4]वरण[5]विष्टि[6]रश्मि[7]समग्रं मे सैन्यम्, ऋतुश्च पुरस्तात्, अपतुः परस्य, व्याधि[8]दुर्भिक्ष[9]निचय[10]रक्षा[11]क्षयः[12] क्रीतबल[13]निर्वेदो[14] मित्रबलनिर्वेदश्च' इति पर्युपासीत ।

८. 'मेरी सेना प्रभूतगुणयुक्त, धान्य, कुप्य, यन्त्र, शस्त्र, आवरण, विष्टि एवं रश्मि से सम्पन्न है और ऋतु अनुकूल है तथा ऋतु शत्रु के प्रतिकूल है तथा व्याधि एवं दुर्भिक्ष से उसके निचय और रक्षकों का नाश हुआ है, उसका क्रीतबल और मित्रबल खिन्न है' उस अवस्था में पर्युपासन कर्म (घेरा डालना) करे ।

कृत्वा स्कन्धावारस्य रक्षां वीवधा[1]सारयोः[2] पथश्च, परिक्षिप्य दुर्गं खातसालाभ्यां, दूषयित्वोदकम्, अवस्राव्य[3] परिखाः संपूरयित्वा वा, सुरुङ्गाबलकुटिकाभ्यां वप्र[4]प्राकारौ[5] हारयेत्, दारं[6] च गुडेन[7] ।

९. अपने स्कन्धावार, वीवध, आसार एवं पथ की सुरक्षा का शत्रु के दुर्ग को खाई और सालों के अनुसार परिणत कर, सुरंग और बल कुटिकों (टेढी खाइयों) से वप्र और प्राकार पर आक्रमण करे, दार को गुड से—

पादटिप्पणी :

८. (१) धान्य : अनाज ।

(२) कुप्य : वन द्रव्य तथा सम्पत्ति । द्र० १:-१६:२९, २:१७:१ ।

(३) यन्त्र : मशीन द्र० २:१५:६२, २:१८:१, १०:६:४८, २:२०:२, २:३:३४, २:५:२ ।

(४) शस्त्र : हथियार ।

(५) आवरण : कवच । द्र० ७:५:८, गण० ३:५७, १२५ ।

(६) विष्टि : श्रमिक । द्र० २:१:२५, १:४:१, २:१५:६३, २:१:२०, ९:२:९, १०:१९:१ १०:४:१७ ।

(७) रश्मि : डोरी । द्र० २:२८:१३ ।

(८) व्याधि : बीमारी । द्र० ३:५:१३, ८:३:१३ ।

(९) दुर्भिक्ष : अकाल । द्र० ८:४:१ ।

(१०) निचय : संग्रह, स्टोर, गोदाम । द्र० ७:१५:१० ।

(११) रक्षा : रक्षात्मक उपाय ।

(१२) क्षय : नाश । द्र० ७:२:२ ।

(१३) क्रीतबल : धन देवर खड़ी की गयी सेना ।

(१४) निर्वेद : थकान ।

पाठभेद

'च गुडेन' का तंजौर में 'चहुलेन', देवनागरी अनुलिपि में 'चगुलेन' तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'बहुलेन' पाठभेद मिलता है ।

पादटिपण्णी :

९, (१) वीवध : पूर्ति । द्र० ७:६:८, ७:७:२, ८:५:१४, ९:६:४४, १०:२:६ । गण० ३:१०७, १२३, १७२, २०० ।

(२) आसार : मित्रबल । द्र० ८:१:३८, १०:२:७, ७:६:८, ७:७:२ । गण० १:२३, ३:२०४ ।

(३) अवस्राव्य : खांई से पानी निकाल देना । द्र० ७:१०:३२ ।

(४) वप्र : परिखा । द्र० २:३:५, १२:१:११ । गण० ३:१०३ ।

(५) प्राकार : परकोटा ।

(६) दार : दरार । मनु० १:११३, २:२१७ ।

(७) गुड : हाथी का कवच या चमड़ा । द्र० १३:४:९, गण० १:२०१ ।

निम्नं वा पांसु[2]मालयाऽऽच्छादयेत् ।

१०. अथवा निम्न भाग को पांसुराशि से आच्छादित करे ।

बहुलारक्षं यन्त्रैर्घातयेत् ।

११. अत्यधिक रक्षायुक्त भाग को यन्त्रों से नष्ट करे ।

निष्किरा[1]दुपनिष्कृष्याश्वैश्च[2] प्रहरेयुः ।

१२. (रक्षापुरुषों को) कपटपूर्वक निकालकर, अश्वों से उनपर प्रहार करें ।

विक्र[1]मान्तरेषु च नियोग[2]विकल्प[3]समुच्चयै[4]श्चोपा[5]यानां सिद्धिं[6] लिप्सेत ।

१३. शत्रु द्वारा विशेष विक्रम प्रदर्शित करने पर, उपायों में नियोग, विकल्प एवं समुच्चय का प्रयोग कर, सिद्धि प्राप्त करे ।

दुर्गवासिनः श्येनकाक[2]नप्तृ[3]भास[4]शुक[5]सारि[6]कोलूक[7]कपोतान् ग्राहयित्वा पुच्छेष्वग्नियोगयुक्तान् परदुर्गे विसृजेत ।

१४ श्येन, काक, नप्तृ, भास, शुक, सारिका, उलूक एवं कपोत को पकड़वाकर, उनके पूछों को अग्नि प्रदीपकयोग युक्त करके, शत्रु दुर्ग में छोड़ दे ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) निम्न : खोखला, गहरा, ढाल, दरार । द्र० २:३:१, २:३३:८, ९:१५:२७ । गण० ३:१०३ ।

(२) पांसु : मिट्टी ।

पाठ भेद :

'निष्किराद्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'निष्कुराद्' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) निष्किर : बाहर जाने या निकलने का मार्ग । द्र० २:३:१४ । गण० ३:२०१ ।

(२) अश्वैश्च प्रहरेयु : द्र० ३:२:२ ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) विक्रमान्तरेषु : युद्ध के विरामकाल या अन्तराल में ।

(२) नियोग : द्र० ९:७:७३, ८६, १५:१:६३ मनु० ९:५९, गण० २:३४४, ३:१००, २०१ ।

(३) विकल्प : एक या दूसरे उपाय से काम लेना या कई में एक को ग्रहण करना । द्र० ७:१६:४, १५:१:६५ । गण० २:३४८, ३:२०० ।

(४) समुच्चय : समूह, राशि, सम्मिलित। द्र० १५:१:६, गण० २:३४४, ३:२०० ।

(५) उपायानाम् : चारों उपाय—अर्थात् साम, दाम, दण्ड, भेद । द्र० २:१०:४७, ९:६:२, गण० ३:६४, ९३ ।

(६) सिद्धि : सफलता ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) श्येन : बाज । द्र० १०:५:१२, गण० २:१३८, १४० ।

(२) काक : कौआ । द्र० ९:१:३१, १४:२:४३ १४:३:१७ ।

(३) नप्तृ : चकोर, या मोर के आकार का पक्षी । द्र० १४:३:१ । गण० ३:२०२, २२९ ।

(४) भास : गृद्ध । द्र० १४:१:२५, १४:२:४१ गण० ३:२१७ ।

(५) शुक : तोता । द्र० १:१५:४ ।

(६) सारिका : मैना । द्र० १:१५:४ ।

(७) उलूक : उल्लू, पेचक । द्र० १४:३:१, ६।

(८) कपोत : कबूतर ।

अपकृष्ट[1]स्कन्धावारादुच्छ्रित[2]ध्वजधन्वारक्षो वा मानुषेणा[3]ग्निना परदुर्गमादीपयेत्[4] ।

१५. अधःस्थित स्कन्धावार से ध्वज एवं धनुष उठाये, पुरुष अथवा रक्षा पुरुष, मानुषाग्नि से शत्रु दुर्ग में आग लगाये ।

गूढपुरुषाश्चान्तदुर्गपा[1]लका नकु[2]लवानरविड़ालशुनां पुच्छेष्वग्नियोगमाधाय का[3]ण्डनिचयरक्षाविधानवेश्मसु विसृजेयुः ।

१६. अन्तपाल एवं दुर्गपाल के वेषवाले गूढपुरुष नकुल, वानर, विडाल एवं श्वान के पूछों को अग्नि दीपक योग से युक्त कर, इन्हें काण्डनिचय एवं रक्षा विधान वाले गृहों में छोड़ दे ।

शुष्कमत्स्यानामुदरेष्वग्निमाधाय वल्लू[1]रे वा वाय[2]सोपहारेण वयोभिर्हारयेयुः ।

१७. शुष्कमत्स्यों के उदर अथवा वल्लूर में अग्नि दीपकयोग रखकर, वायस-उपहार (पक्षि-खाद्य) के रूप में पक्षियों द्वारा उसे अपहृत करा दे अर्थात् पक्षियों द्वारा दुर्ग में पहुँचा दे, जिससे वहाँ आग लग जाय ।

पाठभेद :

'धन्वारक्षो' का तेलगू अनुलिपि में 'धन्वारक्षा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) अपकृष्ट : हटाया या गिराया हुआ ।

(२) उच्छ्रितध्वज : झण्डा ऊँचा किए ।

(३) मानुषाग्नि : द्र० १:२०:४, १४:२:३८ । गण० २:९९, ३:२०२ ।

(४) दीपयेत् : आग लगाना ।

पाठभेद :

'चान्तर्दुर्ग' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'चान्त्वदुर्ग' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) दुर्गपाल : दुर्ग रक्षक ।

(२) नकुल : नेवला । द्र० १४:३:७८, १४:४:३ ।

(३) काण्ड : सरकण्डा, सरई, डंठल, बेंत, नरकुल या नरकट । गण० ३:२२९ ।

पाठभेद :

'वल्लूरेवा' का तंजौर में 'पल्लूकरेबा' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भल्लूकरेवा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) वल्लूर : सुखाया मांस, जंगली सूअर का मांस । गण० २:१९४ ।

(२) वायस : कौआ । द्र० १३:१:९, गण० ३:१८१ ।

सरल[1]देवदा[2]रुपूतितृ[3]णगुग्गुलश्रीवेष्ट[4]कस[5]र्जरसलाक्षागुलिकाः खरोष्ट्राजावीनां[6][7] लेण्डं[8] चाग्निधारणम् ।

१८ सरल, देवदारु, पूतितृण, गुग्गुल, श्रोवेष्टक, सर्जरस, एवं लाक्षा की गोलियाँ और खर, ऊँट, अज, भेड़ के लेण्ड (लेड़ी) अग्नि धारक होते हैं ।

प्रि[1]यालचूर्णमव[2]ल्गुजम[3]षीमधूच्छि[4]ष्टमश्वखरोष्ट्रगोलेण्डमित्येष क्षेप्योऽग्नियोगः ।

१९. प्रियालचूर्ण, अवल्गुज, मषी, मधूच्छिष्ट, खर, उष्ट्र एवं बैल का लेण्ड—उनका क्षेप्य अग्नियोग होता है ।

सर्वलोहचूर्णमग्निवर्णं वा कु[1]म्भीसीसत्रपुचूर्णं वा पारिभ[2]द्रकपलाशपुष्पकेश[3]म[4]षीतैलमधूच्छिष्टकश्रीवेष्ट[5]कयुक्तोऽग्नियोगो विश्वा[6]सघाती वा ।

२०. अग्निवर्ण सर्वलोह चूर्ण अथवा कुम्भी, सीस, एवं त्रपुचूर्ण, पारिभद्रक, पलाशपुष्प, केश, मषीतैल, मधूच्छिष्ट एवं श्रोवेष्टक से युक्त होने पर, अवश्य अग्नियोग होता है अर्थात् इनसे अवश्य आग लगती है ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) सरल : चीड़वृक्ष । गण० ३:३०२ ।

(२) देवदारु : देवदार का पेड़ । गण० ३:२०२ ।

(३) पूतितृण : एक प्रकार की घास या गुलबन सफा । गण० ३:२३९ ।

(४) श्रीवेष्टक : सभी वृक्ष का गोंद, ताड़पीन या रजन । गण० २:२०२, २०३ ।

(५) सर्ज : साल वृक्ष, असनवृक्ष, सर्जरस, धूना, सलई का पेड़ । साल का चूने वाला रस । गण० ३:२२४ ।

(६) अज : बकरी ।

(७) अवी : भेंड़ा या बकरा ।

(८ लेण्ड : लेड़ी । गण० २:२१० ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) प्रियाल : चिरौंजी । गण० ३:२०३, २२३ ।

(२) अवलगुज : सोमराजी नामक पौधा, वकुची । गण० ३:२२२, ३०३ ।

(३) मषी : सेफालिका का एक प्रकार का फूल । द्र० १४:२:३० ।

(४) मधूच्छिष्ट : मोम ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) कुम्भी : कायफल । द्र० १४:३:६२ ।

(२) पारिभद्रक : देवदारु या नीम का पेड़ ।

(३) केश : ह्रीवेर ।

(४) मशी : द्र० १३:४:१९,२०, १४:२:२० ।

(५) श्री वेष्टक : ताड़पीन या रजन । द्र० १४:४:१८ ।

(६) विश्वासघाती : एक प्रकार का परिघ । द्र० २:१८:५ ।

तेनावलिप्तः शण[1]त्रपुस[2]वल्कवेष्टितो बाण इत्यग्नियोगः ।

२१. उक्त योग से अवलिप्त शण एवं त्रपुसवल्क वेष्टित बाण अग्नियोग होता है ।

न त्वेव विद्यमाने पराक्रमेऽग्निमवसृजेत् ।

२२. पराक्रम काल होने पर अग्नियोग का प्रयोग न करे ।

अविश्वास्यो ह्यग्निर्दैवपीडनं च, अप्रतिसंख्यात[1]प्राणिधान्यपशुहिरण्यकुप्यद्रव्य क्षयकरः ।

२३. अग्नि विश्वास योग्य नहीं होता तथा वह दैवपीडन है और असंख्य प्राणी, धान्य, पशु, हिरण्य एवं कुप्य द्रव्य का नाशकारी होता है ।

क्षीणनिचयं चावाप्तमपि राज्यं क्षयायैव भवति ।

२४. क्षीण निचयवाला राज्य प्राप्त होनेपर भी, क्षयकारी होता है ।

इति पर्युपासन[1]कर्म ।

'सर्वारम्भोपकरणविष्टिसंपन्नोऽस्मि, व्याधितः पर उपधा[2]विरुद्धप्रकृति[3]रकृतदुर्गकर्मनिचयो वा, निरासारः सासारो[4] वा पुरामित्रैः[5] संधत्ते' इत्यवमर्दकालः ।

२५. पर्युपासन कर्म समाप्त ।

मैं समस्त आरम्भोपकरण एवं विष्टि से युक्त हूं, तथा शत्रु व्याधित, विरुद्धप्रकृति युक्त, दुर्ग कर्म एवं निचयकर्म रहित, आसार रहित अथवा आसार युक्त होने पर भी, पूर्व मित्रों से सन्धियुक्त हो रहा है' इस प्रकार की स्थिति अवमर्द काल है ।

पाठभेद :

'त्रपुसवल्क' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'त्रपुसीप्रवल्क' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) शण : सन ।

(२) त्रपुस : एक प्रकार का पौधा या कंकड़ी या खीरे की छाल । गण० ३:२०३ ।

पाठभेद :

'अप्रतिसंख्यात' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अप्रतिसंघात' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) अप्रतिसंख्यात् : बहुत, अगणित ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) क्षीण निचय : कम हुआ संग्रह, गोदाम या स्टोर । द्र० ७:१५:१० ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) पर्युपासन : घेरा डालना । द्र० १३:४:१ ।

(२) उपधा : निष्ठा की गुप्त जांच । द्र० १: १०:१, गण० १:४८ ।

(३) प्रकृति : राज प्रकृति के घटक । द्र० ६: ३:१ ।

(४) आसार : मित्रों की सेना, सेना की सहायता पुनः बलीकरण बलवृद्धि । द्र० १:१६:२९, ६:२:१८, ७:६:८, ७:७:२, ८:१:३८, १४, ९:६: ४४, १०:३:७ ।

(५) पुरामित्र : द्र० ९:६:६९, १२:३:१५ ।

(६) अवमर्द : रौंदना । द्र० ७:१०:२९ ।

स्वयमग्नौ जाते समुत्थापिते वा प्रहवणे प्रेक्षानी[1]कदर्शन सङ्गसौरिक[2]कलहेषु नित्ययुद्धश्रान्तबले बहुलयुद्धप्रतिविद्धप्रेतपुरुषे जागरणक्लान्त सुप्तजने दुर्दिने नदीवेगे वा नीहार[3]संप्लवे[4] वाऽवमृद्नीयात्[5] ।

२६. स्वयं अग्नि लगने, उत्सव प्रचलित रहने, प्रेक्षा दर्शन एवं अनीक दर्शन में आसक्त रहने, सौरिक कलह होने, नित्ययुद्धरत बल के श्रान्त होने, युद्ध में अधिक सैन्य पुरुषों के घायल होने तथा मरने पर, जागरण से खिन्न लोगों के सो जाने पर, दुर्दिन होने पर, नदी वेग पार करने पर, अथवा नीहार जन्य उपद्रव होनेपर, शत्रुका मर्दन करे ।

स्कन्धावारमृत्सृज्य वा वनगूढः शत्रुं निष्क्रान्तं घातयेत् ।

२७. अथवा स्कन्धावार छोड़कर, वन में छिपकर, निकलते शत्रुका नाश करे ।

मित्रासार[1]मुख्यव्यञ्जनो[2] वा संरुद्धेन मैत्रीं कृत्वा दूतमभित्यक्तं प्रेषयेत्—'इदं ते छिद्रम्[3] इमे दूष्याः'; 'संरोद्धुर्वा छिद्रम्, अयं ते कृत्यपक्षः' इति ।

२८. मित्र वेशधारी अथवा मित्रबल के प्रमुख का वेश धारण करने वाला गूढ पुरुष संरुद्ध शत्रु से मैत्री करके, अभित्यक्त दूत इस सन्देश के साथ प्रेषित करे—'यह तुम्हारा छिद्र (कमजोरी) है, ये तुम्हारे दूष्यपुरुष हैं', अथवा 'संरोद्धा का यह छिद्र है, यह तुम्हारा कृत्यपक्ष है' ।

तं प्रतिदूतमादाय निर्गच्छन्तं विजिगीषुर्गृहीत्वा दोषमभिविख्याय प्रवास्यापगच्छेत् ।

२९. प्रति सन्देश लेकर, निकलकर, आते हुए, उस दूत को विजिगीषु पकड़कर, (उसका) दोष प्रख्यात कर, और उसे मार कर, चला जाय ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) अनीक : सेना, सैन्य पंक्ति या सैनिक दल । गण० ३:२०४ ।

(२) सौरिक : मदिरा सम्बन्धित । द्र० १०:१:१५ ।

(३) नीहार : कुहरा ।

(४) संप्लव : बाढ़ या प्लावन ।

(५) मद : द्र० १३:४:३२ ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) निष्क्रान्त : निष्क्रमण, निकलते हुए ।

पाठभेद :

'व्यञ्जनो वासंरुद्धेन' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'व्यञ्जनोवसंरुद्धेन' तथा 'अभित्यक्तं' का 'अभिव्यक्तं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) आसार : द्र० १०:१६:२९, ६:२:१८, ८:१:५६, ९:६:४४, ७:१:३८, १०:२:७, ७:६:८, ७:७:२ । गण० १:२२, ३:२०४ ।

(२) व्यञ्जन : छद्मवेषः । द्र० १:२१:७, २:२:१२ ।

(३) छिद्रम् : दुर्बल या कमजोर स्थान ।

(४) दूष्या : विश्वासघाती ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) प्रवास्य : मार डालना या देश निकाल देने योग्य ।

ततो मित्रासारव्यञ्जनो वा संरुद्धं ब्रूयात् 'मां त्रातुमुपनिर्गच्छ, मया वा सह संरोद्धारं जहि' इति ।

३०. अथवा मित्र-आसार वेशधारी गूढ पुरुष संरुद्ध से कहे—'मेरी रक्षा के लिये आओ, चलो अथवा मेरे साथ चलकर संरोद्ध, का वध करो' ।

प्रतिपन्नमुभयतः संपीडनेन घातयेत्, जीवग्राहेण वा राज्यविनिमयं कारयेत् ।

३१. उसके स्वीकार करने पर, दोनों ओर से संपीडित कर, घातित करे, अथवा जोवित पकड़कर, राज्य विनिमय कराये ।

नगरं वाऽस्य प्रमृद्नीयात् ।

३२. अथवा उसके नगर का मर्दन करे ।

सारबलं वाऽस्य वमयित्वाऽभिहन्यात् ।

३३. अथवा उसका सार बल दुर्ग से निकाल कर, मार डाले ।

तेन दण्डोपनताटविका व्याख्याताः ।

३४. उस प्रकार से दण्डोपनत एवं आटविकों की व्याख्या सम्पन्न हो गयी ।

पादटिप्पणी :

३०. (१) संरुद्ध : घिरा हुआ या रोका हुआ । द्र० २:९:२५, १३:४:२८ ।

पादटिपप्णी :

३१. (१) उभयत : दोनों तरफ । द्र० १३:३:२२,३० । गण० ३:१९४ ।

(२) विनिमय : अदला-बदली, प्रतिदान, परिवर्तन ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) नगरं : राजधानी से तात्पर्य है ।

(२) प्रमृद्नीयात् : बरबाद करना । द्र० १३:४:२६ ।

पादटिप्पणी :

३३. (१) सारबल : श्रेष्ठबल या सेना । द्र० ५:६:४६, १०:५:४३, ४६, ४९, २:५:८, २:७:२, २:१२:१, गण० १:२०, ३:१३२ ।

(२) वमयित्वा : बाहरकर । द्र० २;१:११, १३:४:७ ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) दण्डोपनत : आत्मसमर्पण करना । द्र० २:१:५३; ७:२:९, ७:३:६, ७:१५:३०, ७:१६:२९ । गण० ३:२६४ ।

दण्डोपनताटविकयोरन्यतरो वा संरुद्धस्य प्रेषयेत्—'अयं संरोद्धा व्याधितः, पार्ष्णिग्राहेणाभियुक्तः, छिद्रमन्यदुत्थितम्, अन्यस्यां भूमावपयातुकामः, इति।

३५. अथवा दण्डोपनत एवं आटविक में कोई एक संरुद्ध के पास सन्देश भेजे—'यह संरोद्ध व्याधित है, पार्ष्णि ग्राह से आक्रान्त है, इसकी अन्य दुर्बलता भी उपस्थित है, अन्य भूमि पर पलायित होना चाहता है, ।

प्रतिपन्ने संरोद्धा स्कन्धावारमादीप्यापयायात् ।

३६. उसके स्वीकार करने पर, संरोद्धा स्कन्धावार में आग लगाकर, चला जाय।

ततः पूर्ववदाचरेत् ।

३७. तदनन्तर पूर्ववत् आचरण करे।

पण्यसंपातं वा कृत्वा पण्येनैनं रसविद्धेनातिसंदध्यात् ।

३८. अथवा पण्यसंपात (व्यापारी संघ का आगमन दिखाकर) करके, विष मिश्रित पण्य वस्तुओं द्वारा शत्रु का नाश करे।

आसारव्यञ्जनो वा संरुद्धस्य दूतं प्रेषयेत् 'मया बाह्यमभिहतमुपनिर्गच्छाभिहन्तुम्' इति ।

३९. अथवा आसार वेशधारी गूढपुरुष संरुद्ध के पास दूत प्रेषित करे—'मेरे द्वारा अभिहत बाह्य शत्रु का सर्वथा हनन करने के लिये निकल आओ'।

प्रतिपन्नं पूर्ववदाचरेत् ।

४०. स्वीकार करने पर, पूर्ववत् आचरण करे।

पाठभेद :

'व्याधितः' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'व्याधितं' तथा 'अभियुक्तः छिद्रम्' का 'भियुक्तच्छिद्रम्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

६५. (१) संरुद्ध : स्थिर हुआ।

(२) व्याधित : बीमार। द्र० ३:४:१३, ४:२:१३। गण० ३:३५।

पादटिप्पणी :

३७. (१) पूर्ववद् : पहले जैसा।

पादटिप्पणी :

३८. (१) पण्यसंपात् : सामान को एकत्रित करना। द्र० १:१७:४२, ७:६:३६, ८:४:३४, ९:३:२७। गण० ३:३०:३०५।

पाठभेद :

'मया वाह्यमभि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मया वा ह्यभि' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३९. (१) बाह्यम् : बाहर। द्र० १२:५:२८।

मित्रबन्धुं वाऽपदिश्य[1] योगपुरुषाः [2]शासनमुद्राहस्ताः प्रविश्य दुर्गं ग्राहयेयुः ।

४१. शासन एवं मुद्रा हाथ में लिये हुए योग पुरुष, मित्र अथवा बन्धु के व्याज से दुर्ग में प्रवेश करके, दुर्ग विजिगीषु को ग्रहण करा दें ।

आसारव्यञ्जनो वा संरुद्धस्य प्रेषयेत्—'अमुष्मिन् देशे काले च स्कन्धावारमभिहनिष्यामि, युष्माभिरपि योद्धव्यम्' इति ।

४२. अथवा आसार वेशधारी गूढपुरुष संरुद्ध को सन्देश भेजे—'अमुक देश और समय में स्कन्धावार का अभिहनन करूँगा, आप भी उस समय युद्ध करें ।

प्रतिपन्नं यथोक्तमभ्याघातसंकुलं दर्शयित्वा रात्रौ दुर्गान्निष्क्रान्तं घातयेत् ।

४३. स्वीकार करने पर, पूर्व कथनानुसार अभ्याघात बाहुल्य दिखाकर, रात्रि में निकलते हुए, शत्रु को मार डाले ।

यद्वा मित्रमावाहयेद् आटविकं वा, तमुत्साहयेत् 'विक्रम्यो संरुद्धे भूमिमस्य प्रतिपद्यस्व' इति ।

४४. अथवा मित्र या आटविक को आवाहित करे और उसे इस प्रकार उत्साहित करे 'संरुद्ध शत्रुपर आक्रमण कर उसकी भूमि प्राप्त करो' ।

विक्रान्तं प्रकृतिभि[1]र्दूष्य[2]मुख्योपग्रहेण वा घातयेत्, स्वयं वा रसेन 'मित्र घातकोऽयम्' इत्यवाप्तार्थः ।

४५. आक्रान्त होने पर, अमात्यादि प्रकृतियों द्वारा या दूष्य प्रमुखों को अनुकूल कर, उनके द्वारा शत्रु मरवा दे, अथवा विष द्वारा मार डाले और प्रसिद्ध करें; यह मित्र घातक है, इस प्रकार स्वकार्य सिद्ध करे ।

पादटिप्पणी :

४१. (१) शासन मुद्रा हस्तां : हाथ में सील मुहर युक्त प्रवेश करे । गण० ३:३०५ ।

पाठभेद :

'आघातसंकुल' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अभ्याघातसंकुल' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद

'मुख्योपग्रहेण' का श्रीमूल में 'मुख्यावग्रहेण' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४५. (१) प्रकृतिभिः : जनता या प्रजा । द्र० ६:१:१ ।

(२) दूष्यमुख्य : प्रमुख विश्वासघाती ।

विक्रमितुकामं[1] वा मित्रव्यञ्जनः परस्याभिशंसेत्[2] ।

४६. अथवा मित्र वेशधारी गूढपुरुष शत्रु से कहे—'विजिगीषु आप पर आक्रमण करने की इच्छा कर रहा है ।

आप्तभावोपगतः प्रवीरपुरुषानस्योपघातयेत् ।

४७. अत्यन्त विश्वस्त हो कर, वह उसके वीर पुरुषों की हत्या करा दे ।

संधिं वा कृत्वा जनपदमेनं निवेशयेत् ।

४८. अथवा सन्धि करके, उसे जनपद में निविष्ट करे ।

निविष्टमस्य जनपदमविज्ञातो हन्यात् ।

४९. उसके निविष्ट जनपद को अज्ञात रूप से नष्ट करे ।

अपकारयित्वादूष्याटविकेषु वा बलैकदेशमति[1][2]नीय दुर्गमवस्कन्देन हारयेत् ।

५०. अथवा दूष्याटविकोंका अपकार करा कर, सेना का कुछ भाग दूर ले जाकर, आक्रमण कर, दुर्ग को हस्तगत करे ।

दूष्यामित्राटविकद्वेष्यप्रत्यपसृताश्च[1] कृतार्थमानसंज्ञा[2]चिह्नैः[3] परदुर्गमवस्कन्देयुः ।

५१. दूष्य, अमित्र, आटविक, द्वेष्य, प्रत्यपसृत और धनमान, सम्मानित एवं आक्रमण-कालादि से सूचित जन शत्रुदुर्ग को अवस्कन्दित करें ।

पादटिप्पणी :

४६. (१) विक्रम : आक्रमण । द्र० १:१७:२८, १:१९:५, १२:३:१५, ५:६:२५, ७:३:१०, ९:१:५ ।

(२) अभिशंसेत् : आक्रमण करना या झूठा दोष लगाना ।

पाठभेद :

'निविष्टमस्य' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'निविष्टमन्य' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५०. (१) बलैकदेश : द्र० १२:५: २५ ।

(२) अतिनीय : गुप्तरूप से सेना लाना । द्र० ७:१:४:२४; १३:३:४८ ।

पाठभेद :

'प्रत्यपसृताश्च' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्रत्यवसृताश्च' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५१. (१) प्रत्यपसृता : शत्रु को सेना का भगोड़ा । द्र० ७:१६:१६, गण० २:३४६, ३:२०६ ।

(२) संज्ञा : संकेत; सिगनल । द्र० १:२:११ ।

(३) चिन्ह : लक्षण, पहचान; निशान । द्र० १:१२:११ ।

परदुर्गमवस्कन्द्य स्कन्धावारं वा पतितपराङ्मुखाभिपन्न[1]मुक्त[2]केशशस्त्र[3]भय-विरूपे[4]भ्यश्चाभयमयुद्ध[5]मानेभ्यश्च दद्युः ।

५२. शत्रु दुर्ग अथवा स्कन्धावार हस्तगतकर, पतित, पराङ्मुख, विपन्न, मुक्तकेश, शस्त्र-भय से विरूप हुए और युद्ध न करने वालों को अभयदान दें ।

परदुर्गमवाप्य विशुद्धशत्रुपक्षकृतोपां[1]शुदण्डप्रतीकारमन्तर्बहिश्च प्रविशेत् ।

५३. शत्रुदुर्ग प्राप्तकर, शत्रुपक्ष का शोधन कर, उपांशु दण्ड द्वारा विरुद्धजनों का प्रतीकार कर, (दुर्ग के) अन्दर और बाहर प्रवेश करे ।

एवं विजिगीषुरमित्रभूमिं लब्ध्वामध्यमं[1] लिप्सेत्, तत्सिद्धावुदासीनं[2] ।

५४. इस प्रकार विजिगीषु अमित्र भूमि प्राप्तकर, मध्यम को स्वाधीनस्थ करने की इच्छा करे, उसके सिद्ध होने पर, उदासीन को स्ववश में करे ।

एष प्रथमो मार्गः पृथिवीं जेतुम् ।

५५. पृथिवी को जीतने का यह प्रथम मार्ग है ।

मध्यमोदासीनयोरभावे गुणा[1]तिशयेनारिप्रकृती[2]: साधयेत्, तत् उत्तरा[3] प्रकृतीः

५६. मध्यम एवं उदासीन के अभाव में गुणाधिक्य से शत्रु प्रकृति को स्वानुरक्त करे, तदनन्तर उत्तर प्रकृति (कोश-दण्डादि) को स्वानुकूल करे ।

पादटिप्पणी

५२. (१) अभिपन्न : पलायित, पराभूत, आत्मसमर्पण ।

(२) मुक्तकेश : खुला बाल ।

(३) मुक्तशस्त्र : बिना हथियार के ।

(४) भय विरूप : विकृत हो जाना ।

(५) अयुद्ध : युद्ध न करने वाले ।

पाठभेद

'शत्रुपक्षं' का श्रीमूल में 'शत्रुपक्षः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

५३ (१) उपांशुदण्ड : चुपचाप दण्ड देना । द्र० १:१३:२०, १:१७:६, गण० ३:१३६, १४४, १९४ ।

पादटिप्पणी :

५४. (१) मध्यम : मध्यवर्ती राजा । द्र० ६: १:२१, १२:२:६ ।

(२) उदासीन : निरपेक्ष या इच्छा रहित राजा । द्र० ४:१३:१७, ६:२:२२ ।

पादटिप्पणी :

५६. (१) गुण : द्र० २:१३, २७, ३९, २३: ४:४४, ७:१:१२, १९, ८:१:३, गण० १:२१५ ।

(२) अरिप्रकृति : शत्रु की प्रकृति । द्र० ६: २:१४ ।

(३) उत्तरा : अन्य प्रकृति या घटक ।

एष द्वितीयो मार्गः ।

५७. यह (पृथिवी विजय का) द्वितीय मार्ग है।

मण्डलस्याभावे शत्रुणा मित्रं मित्रेण वा शत्रुमुभयतः संपीडनेन साधयेत् ।

५८. मण्डल के अभाव में शत्रु द्वारा मित्र को अथवा मित्र द्वारा शत्रु को दोनों ओर से संपीडित कर, सिद्ध (अनुकूल) करे।

एष तृतीयो मार्गः ।

५९. यह तृतीय मार्ग है।

शक्यमेकं[1][2] वा सामन्तं[3] साधयेत्, तेन द्विगुणो द्वितीयम्, त्रिगुणस्तृतीयम् ।

६०. अथवा जीतने योग्य एक सामन्तको अपने अनुकूल करे, उससे दो गुना शक्तिवाला होकर, द्वितीय सामन्त को वश में करे, तदनन्तर त्रिगुण शक्तिसम्पन्न होकर, तृतीय सामन्त को अपने अधीन करे।

एष चतुर्थो मार्गः पृथिवीं जेतुम् ।

६१. पृथिवी जीतने का यह चतुर्थ मार्ग है।

जित्वा च पृथिवीं विभक्तवर्णाश्रमां[1] स्वधर्मेण[2] भुञ्जीत ।

६२. राजा पृथिवी का विजय कर, वर्णाश्रम का समुचित विभाजन कर, स्वधर्मानुसार (पृथिवी का) भोग करे।

पाठभेद :

'शक्यम' का तंजौर में 'कशक्यम्' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अशक्यम्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

६०. (१) शक्यम् : द्र० ६:१:३, ८:८:९।

(२) एकम् : अकेला, विना मित्र के।

(३) सामन्त : पड़ोसी राजा। द्र० ७:१८:२९।

पादटिप्पणी :

६२ (१) वर्ग : ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शुद्र।

(२) स्वधर्म : राजा के कर्तव्य।

उपजा[1]पोऽपस[2]र्पश्च वाम[3]नं पर्यु[4]पासनम् ।
अवम[5]र्दश्च पञ्चैते दुर्गलम्भ[6]स्य हेत[7]वः ॥

६३. उपजाप, अवसर्प, वामन, पर्युपासन एवं अवमर्द ये पाँच दुर्गप्राप्त करने के हेतु (साधन) हैं।

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे पर्युपासनकर्म अवमर्दश्च चतुर्थोऽध्यायः ।

आदितश्चतुश्चत्वारिंशच्छततमः ।

तेरहवें अधिकरण दुर्गलम्भोपाय के अन्तर्गत पर्युपासन कर्म एवं अवमर्द सम्बद्ध चतुर्थ अध्याय समाप्त। आदि से एक सौ चौवालीसवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

'उपजापोऽपसर्पश्च' का तंजौर में 'उपजापापसर्पौं च' तथा देवनागरी अनुलिपि एवं तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'उपजापोपसर्पौंच' तथा श्रीमूल में 'उपजापोअसर्पौ वा' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

६३. (१) हेतव : साधन ।
(२) उपजाप : गुप्तप्रोत्साहन ।
(३) अपसर्प : गुप्तचर। द्र० १:१२:१७; २५।
(४) वामन : खाली करने के लिए बात करना या दुर्ग के बाहर निकालना। ३:९:३१;
(५) पर्युपासन : घेरा डालना। १३:४:१ ।
(६) अवमर्द : आक्रमण करना या रौंद डालना ।
(७) लम्भ : विजय करना ।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपा त्रयोदशाधिकरणे चतुर्थोऽध्यायः पर्युपासनकर्म अवमर्दश्च आदितश्चतुचत्वारिंशच्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये पर्युपासन कर्म अमर्दश्च चतुर्थोऽध्यायः आदितश्चतुश्चत्वारिंशच्छततमा ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयस्यार्थशास्त्रे चतुर्थोऽध्यायः दुर्गलम्भोपाये पर्युपासनकर्म अवमर्दश्च त्रयोदशाधिकरणे आदितश्चत्वारिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे पर्युपासनकर्म अवमर्दश्च चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥ आदितश्चतुश्चत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १४४ ॥

अध्याय ५

[षट्सप्ततिशततमं प्रकरणम्—लब्धप्रशमनम्]

एक सौ छिहत्तरवां प्रकरण—लब्धप्रशमन

द्विविधं विजिगीषोः समुत्थानम्[1]—अटव्यादिकम्, एकग्रामादिकं[2] च ।

१. विजिगीषु का समुत्थान दो प्रकार का होता है—अटवी आदि और एक ग्राम आदि ।

त्रिविधश्चास्य[1] लम्भः—नवो[2], भूतपूर्वः[3], पित्र्यं[4] इति ।

२. विजिगीषु का लाभ तीन प्रकार का होता है—नवीन, भूतपूर्व एवं पित्र्य ।

नवम[1]वप्य[2] लाभं परदोषान्[3] स्वगुणैश्छादयेत्[4], गुणान् गुणद्वैगुण्येन ।

३. विजिगीषु नवीन लाभ प्राप्तकर, शत्रु के दोषों को अपने गुणों से तथा उसके गुणों को अपने दूने गुणों से आच्छन्न कर दे ।

पादटिप्पणी :

१. (१) समुत्थान : सैनिक उद्योग या कार्यवाही । द्र० ३:९:१५, ४:११:२ । गण० ३:२०९ ।

(२) एकग्राम : केवल एक ग्राम या नगर ।

पादटिप्पणी :

२. (१) त्रिविधश्च लम्भ : तीन प्रकार का लाभ या विजय या अवाप्ति । द्र० ८:१:५१ ।

(२) नवो : नवीन, नया । गण० ३:२०९ ।

(३) भूतपूर्व : पहले से अधिकार में ख्याति प्राप्त । द्र० १३:५:२२ । गण० ३:२०९ ।

(४) पित्र्य : उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त या दाय । गण० ३:२०९ ।

पाठभेद :

'लाभं' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'लम्भं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी

३. (१) नवम् : नवीन राज्य या प्रदेश या भूमि ।

(२) अवाप्य : प्राप्य ।

(३) परदोष : शत्रु का दोष ।

(४) गुणैश्छादयेत् : गुणों से जनता पर छा जाना ।

स्व[1]धर्मकर्मानु[2]ग्रहपरिहा[3]रदा[4]नमा[5]नकर्मभिश्च प्रकृति[6]प्रियहितान्यनुवर्तेत ।

४. वह स्वधर्म, कर्म, अनुग्रह, परिहार, दान एवं मान कार्यों से प्रकृतिप्रिय एवं हितकर कार्यों को करे ।

यथा[1]संभाषितं च कृत्य[2]पक्षमुपग्रा[3]हयेत्, भूयश्च कृतप्रयासम् ।

५. पूर्व कथनानुसार कृत्यपक्षपर, अनुग्रह करे, और अधिक परिश्रमकारी पर, विशेष अनुग्रह करे ।

अविश्वास्यो हि विसंवा[1]दकः स्वेषां परेषां च भवन्ति, प्रकृतिविरुद्धाचारश्च ।

६. स्वकथन का पालन न करने वाला तथा प्रकृति के विरुद्ध आचरणशील नृप अपने लोगों तथा अन्य लोगों का विश्वसनीय नहीं होता है ।

तस्मात्समानशीलवेषभाषाचारतामुपगच्छेत् ।

७. अतएव राजा (प्रजा के) समान शील, वेष, भाषा एवं आचार स्वीकार करे ।

देशदै[1]वतसमा[2]जोत्सवविहा[3]रेषु च भक्तिमनुवर्तेत ।

८. देश दैवत, समाजोत्सव एवं विहारों में भक्तिभाव का अनुसरण करे ।

पादटिप्पणी :

४. (१) स्वधर्म : बिहित कर्म करना या अपने धर्म पर रहना । द्र० १:४:१६; १:१४:२, १:३:१२ । गण० १:१११, ३:२०० ।

(२) अनुग्रह : लोगों पर कृपा करना । द्र० २:१:१५, २:२५:३ ।

(३) परिहार : छूट । द्र० २:१:१५, २:७:२, २:१६:१२, २.३५:३, ३:९:३३, १३:४:३ । गण० ३:३२१, ३:७४, २००, २१० ।

(४) दान : मनु० ३:१५८ । याज्ञ० ३:२:४, ९:५:२६ ।

(५) मानः सम्मान, सत्कार, प्रतिष्ठा । गण० १:३७ ।

(६) प्रकृतिप्रिय : जनप्रिय ।

पादटिप्पणी :

५. (१) यथा संभाषित : जैसा बातचीत से निश्चित किया गया हो ।

(२) कृत्यपक्ष : क्रुद्ध, लुब्ध, भीत वर्ग । द्र० १:१४:६, १०:१२:२५, ९:२:३८ । गण० ३:१६५, १९४ ।

(३) उपग्राहयेत् : उपहार देना । द्र० ७:५:२२, ७:७:१, ५:१:११, ७:१:३२, १२:१:१६, ४:३:७, १:१८:१५ । गण० ३:२६३ ।

पादटिप्पणी :

६. (१) विसंवादक : अपनी बात का निर्वाह न करने या बात देकर मुकर जाने वाला । द्र० १:१८:६, १५, ३:११:४६, १३:५:६ ।

पादटिप्पणो :

८. (१) देशदैवत : देश के देवता ।

(२) समाज : उत्सव या मिलन । द्र० १:२१:२८, ३:२५:३६, ५:९:३९, ५०, १०:१:१५, १३:३:३६ । गण० ३:१०५ ।

(३) विहार : क्रीड़ा, प्रमोद, मनोरंजन, आमोद प्रमोद, खेलकूद । द्र० १:१०:१३, २:२:३, ८:४:२०, २१ ।

देश[1]ग्रामजातिसंघ[2]मुख्येषु चाभीक्ष्णं सत्त्रिणः परस्याप[3]चारं दर्शयेयुः, महा[4]भाग्यं भक्तिं च तेषु स्वामिनः, स्वामिसत्कारं च विद्यमानम् ।

९. सत्री पुरुष देश, ग्राम, जाति एवं संघ प्रमुखों के प्रति किये गये, शत्रु का दुष्कर्म बार-बार दिखायें और उनके प्रति स्वामी की भक्ति और महाभाग्य तथा वर्तमान में स्वामी का सत्कार भाव दिखायें ।

उचितैश्चैनान् भोग[1]परिहार[2]रक्षा[3]वेक्षणैर्भुञ्जीत ।

१०. उचित भोग, परिहार, एवं रक्षावेक्षणों से उनका उपभोग करे ।

सर्वदेवताश्रमपूजनं च विद्या[1]वाक्य[2]धर्म[3]शूरपुरुषाणां च भूमिद्रव्यदानपरिहारान् कारयेत्, सर्वबन्ध[4]नमोक्षणमनुग्र[illegible]दीनानाथव्याधितानां च ।

११. विजिगीषु समस्त देवों एवं आश्रमों की पूजा करे, विद्याशूर, वाक्यशूर एवं धर्मशूर पुरुषों को भूमि, द्रव्य एवं करमुक्ति प्रदान करे, सबको बन्धनमुक्ति दे, दीनों, अनाथों एवं व्याधितों पर अनुग्रह करे ।

पादटिप्पणी :

९. (१) देशग्रामजाति : देशनगरजाति । द्र० ३:१:१५, १९, ४:९:१५, ३:१६:२९, ४:६:९, ३:१०:४५ । गण० ३:४५ ।

(२) संघ : द्र० ३:१:२२, ३:७:४०, ३:१० ४५; ९:६:७२ । गण० १:३३, ३:११७ ।

(३) अपचार : दुष्टाचरण, अहितकर आचरण, धोखा । द्र० ४:२:२ ।

(४) महाभाग्य : भाग्यवान, सुविख्यात, पुण्यवान ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) भोग : लाभ, प्राप्ति उत्पत्ति, सेवा, फल । पञ्च भाग को देना अर्थ किया गया है । द्र० १:१४:५, ३:२७:१०, ३:१०:१५, ७:७:१३, २६ । ण० ३:१३७, १३९, २१० ।

(२) परिहार : छूट, कर से छूट या कर मुक्ति या कर मोक्ष । द्र० ७:१६:१३, १४, १५, ३:७:२ २:१६:२ । गण० १:११२, ३:७४, २००, २१० ।

(३) रक्षा : रक्षण, पालन । द्र० १:१६:३५, ११:१:५५ । गण० ३:३०१ ।

पाठभेद :

'सर्वदेवताश्रम' का तंजौर में 'सर्वताश्रम' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सर्वत्राश्रम' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

११. (१) विद्या : विद्वान् । द्र० १:५:११ ।

(२) वाक्य : वाग्मी ।

(३) धर्म : धर्मात्मा । द्र० ३:१:३९, ४०, ३:१:३८, ४३, ४४, ४७ ।

(४) सर्वबन्धन : सब कैदी । द्र० ३:३:४, ४:९:३०, ३:११:७, ४२, ३:१२:६:१६ ।

चातुर्मास्येष्वर्धमासिक[1]घातम्, पौर्णमासीषु च चातूरात्रिकम्, राज[2]देश-नक्ष[3]त्रेष्वैकरात्रिकम् ।

१२. चार मासों में पन्द्रह दिन, पूर्णमासियों में चार रात्रि तथा राजप्राप्ति एवं देश प्राप्ति के नक्षत्रों में एकरात्रि तक प्राणदण्ड न दिया जाय ।

योनि[1]बाल[2]वधं [3]पुंस्त्वोप[4]घातं च प्रतिषेधयेत् ।

१३. स्त्रीबध, बालवध और पुंस्त्वोपघात निषिद्ध किया जाय ।

यच्च कोश[1]दण्डोप[2]घातकधर्मिष्ठं वा चरित्रं मन्येत तदपनीय ध[3]र्म्यव्य[4]वहारं स्थापयेत ।

१४. विजिगीषु राजा जिस चरित्र को कोश, दण्ड का घातक अथवा अधार्मिक माने, उसे हटाकर, धर्मयुक्त व्यवहार की स्थापना करे ।

चोर[1]प्रकृतीनां म्लेच्छ[2]जातीनां च स्थान[3]विपर्यासमनेकस्थं कारयेत्, दुर्ग-राष्ट्रदण्डमुख्यानां च ।

१५. चोर जातियों और म्लेच्छ जातियों एवं दुर्ग, राष्ट्र और दण्ड प्रमुखों, स्थान विपर्यास अनेकत्र करे ।

पाठभेद :

'चातूरात्रि' का देवनागरी अनुलिपि में 'चातुरात्रि' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'एकरात्रि' पाठ भेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) घात : हत्या ।

(२) राजनक्षत्र : राज्याभिषेक ।

(३) देशनक्षत्र : देश विजय ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) योनि : मादा, स्त्री प्राणी । द्र० ३:१०:५० । गण० ३:२१० ।

(२) बाल : छोटे बच्चे । गण० ३:२१० ।

(३) पुंस्त्व : प्रजनन शक्ति । द्र० ४:३:४ ।

(४) उपघात : नाश, क्षति पहुँचाना । द्र० २:१६:६, ४:२:३२, ७:१६:१७ ।

पाठ भेद

'घातक' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'घातिकम्' तथा 'चरित्रं' का देवनागरी अनुलिपि में 'चारित्रं' तथा 'धर्म्यव्यव' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'धर्मव्यय' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी

१४. (१) कोश : खजाना । द्र० ८:१:५, ९:४:८, ९:७:२४ ।

(२) दण्डोपघात : सेना के लिए विनाशक या हानिकारक ।

(३) धर्म्य : न्याय । द्र० ३:१:३८:३९, ४०, ४७ ।

(४) व्यवहार : आचरण, रीति, विवाद, मुकदमा । द्र० ३:१:३९, ३:१:२, ३:२:१ । गण० १:१३५ ।

पादटिप्पणी

१५. (१) चोरप्रकृति : जरायम पेशा ।

(२) म्लेच्छजाति : असभ्य, अनार्य । द्र० १:१२:२१, ३:१३:३, ७:१०:१६, ७:१४:२७ । मनु० २:२३ ।

(३) स्थान विपर्यास : स्थान परिवर्तन ।

परोप[1]गृहीतानां च मन्त्रिपुरोहितानां परस्य[2] प्रत्यन्तेष्वनेकस्थं वासं कारयेत् ।

१६. शत्रु द्वारा उपकृत मन्त्री एवं पुरोहितों को शत्रु के सोमान्त में विभिन्न स्थानों पर, कियुक्त करे।

अपका[1]रसमर्थाननु[2]क्षियतो वा भर्तृविनाशमुपांशुदण्डेन प्रशमयेत् ।

१७. उपकार करने में समर्थ अथवा स्वामी का नाश सोच कर, निवास करते हुए, लोगों को उपांशु दण्ड देकर, शान्त करे।

स्वदेशीयान् वा परेण वाऽप[1]रुद्धानपवाहितस्थानेषु स्थापयेत् ।

१८. स्वदेशीय जनों अथवा शत्रु द्वारा अवरुद्ध लोगों को अपने अपने अधिकार से च्युत किये गये, शत्रुपदीयजनों के पदों पर नियुक्त करे।

यश्च तत्कुलीनः प्रत्यादेयमादातुं शक्तः, प्रत्यन्ताटवीस्थो वा प्रबाधितुमभिजातः, तस्यै विगुणां भूमिं प्रयच्छेत्, गुणवत्याश्चतुर्भागं वा कोशदण्डदानमवस्थाप्य, यदुपकुर्वाणः पौरजानपदान् कोपयेत् ।

१९. शत्रुकुल का जो व्यक्ति प्रत्यादेयभूमि पुनः प्राप्त करने में समर्थ हो अथवा प्रत्यन्त स्थिति एवं अटवोस्थित जो पुरुष बाधा करने में सक्षम हो, उसे गुणहोन भूमि प्रदान करे, अथवा कोश-दण्ड देने की उस शर्त पर गुणवत भूमि का चतुर्थ भाग दे, जो कि पौर जानपदों को कुपित करे।

कुपितैरेनं घातयेत् ।

२०. कुपित पौर जानपदों द्वारा उसे घातित करे।

पादटिप्पणी :

१६ (१) परोपगृहीता : शत्रु द्वारा उपकृत, स्वीकृत या अनुकूल या प्रसाद। द्र० १:२१:२।

(२) प्रत्यन्त : सीमावर्ती देश, सीमा प्रान्त का क्षेत्र। द्र० १:१७:४२, ९:१:३४। गण० ३:१६६।

पाठभेद :

'अनुक्षियतो' का देवनागरी अनुलिपि में 'अनुक्षीयतो' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१७. (१) अपकार समर्थ : ऊपकार करने में सक्षम। द्र० ७:३:७।

(२) अनुक्षीयत : मन ही मन चिन्तन। द्र० ५:१:५५।

पादटिप्पणी :

१८. अपरुद्ध : शत्रु का अप्रिय। द्र० १:१८ १३, १०:१०:३, १:१३:१८, ९:३:२४।

प्रकृतिभिरुपकृष्टमपनयेत्, औपघातिके वा देशे निवेशयेत् । इति ।

२१. प्रकृतियों द्वारा निन्दित को हटा दे अथवा नाशकारी स्थान पर, उसे नियुक्त करे।

भूतपूर्वे येन दोषेणापवृत्तस्तं प्रकृतिदोषं छादयेत्, येन च गुणेनोपावृत्तस्तं तीव्रीकुर्यात् । इति ।

२२. पूर्वकाल में जिस दोष से राज्य शत्रु के हाथ में गया हो, उस प्रकृतिदोष को प्रच्छादित करे, जिस गुण से राज्य स्वहस्तगत हुआ हो, उसे सुदृढ करे।

पित्र्ये पितुर्दोषांश्छादयेत्, गुणांश्च प्रकाशयेत् इति ।

२३. पिता से सम्बन्धित राज्य के विषय में पितृ दोषों को आच्छन्न करे, और गुणों को प्रकाशित करे।

चारित्रमकृतं धर्म्यं कृतं चान्यैः प्रवर्तयेत् ।
प्रवर्तयेन्न चाधर्म्यं कृतं चान्यैर्निवर्तयेत् ।।

२४. अप्रचलित धर्मयुक्त आचरण को तथा अन्यों द्वारा प्रवर्तित धर्माचरण को प्रवर्तित करे, प्रचलित अधर्माचरण को तथा अन्यों द्वारा प्रचलित अधर्माचरण को निषिद्ध करे।

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे लब्धप्रशमनंपञ्चमोऽध्यायः ।

तेरहवें अधिकरण के अन्तर्गत दुर्गलम्भोपाय में लब्ध प्रशमन सम्बद्ध पञ्चम अध्याय समाप्त।

पादटिप्पणी :

२१. (१) उपकृष्ट : अवज्ञापित निबन्ध, अवज्ञापित। गण० ३:२११।

पादटिप्पणी :

२३. (१) पित्र्य : पैत्रिक; पित्रों से सम्बन्धित। मनु० २:५, गण० ३:२०९।

पादटिप्पणी :

२४. (१) प्रवर्तयेत : उपक्रम या चलाना।

पाठभेद :

गणपति शास्त्री संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशाधिकरणे पंचमोऽध्याय लब्धप्रशमनम् । आदित पंचचत्वारिंशच्छततमः एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य दुर्गलम्भोपायस्त्रयोदशमधिकरणं समाप्तम् ।

मैसूर संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे लब्धप्रशमनं पंचमोऽध्यायः आदितः पंचचत्वारिंशच्छतः । एतावता दुर्गलम्भोपायस्त्रयोदशमधिकरणं समाप्तम् ।

आदितः पञ्चचत्वारिंशच्छततमः। एतावता कौटिलीयार्थशास्त्रस्य दुर्गलम्भोपायः त्रयोदशमधिकरणं समाप्तम्।

आदि से एक सौ पैंतालीसवां अध्याय समाप्त। कौटिलीय अर्थ शास्त्र का दुर्गलम्भोपाय एवं तेरहवां अधिकरण समाप्त।

वसाक संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेघिकरणे पंचमोऽध्यायः लब्धप्रशमनम्। आदितः पंचचत्वारिंशच्छततमः। एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य दुर्गलम्भोपायस्त्रयोदशाधिकरणं समाप्तम्॥

उदयवीर शास्त्री संस्करण में—

इति दुर्गलम्भोपाये त्रयोदशेऽधिकरणे लब्धप्रशमनं पंचमोऽध्यायः॥ ५॥ आदितपंचचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः॥ १४५॥ एतावता कौटलीयस्यार्थशास्त्रस्य दुर्गलम्भोपायस्त्रयोदशाधिकरणं समाप्तम्॥ १३॥

१४

औपनिषदिकम्[1]—चतुर्दशमधिकरणम्

औपनिषदिक १ चौदहवा अधिकरण

[सप्तसप्ततिशततमं प्रकरणम्—परबलाघात[2]प्रयोगः]

एक सौ सतहत्तरवाँ प्रकरण—परबलाघात प्रयोग

चातुर्वर्ण्य[3]रक्षार्थमौपनिषदिमधर्मिष्ठेषु[4] प्रयुञ्जीत ।

१. चातुर्वर्ण्य के रक्षार्थ अधर्मिष्ठों में औपनिषदिक का प्रयोग करे ।

कालकूटा[1]दिर्विष[2]वर्गः श्रद्धेय[3]देशवेषशिल्पभाषाभिजनापदेशैः कुब्ज[4]वामन[5]-

२. विश्वसनीय देश, वेष, शिल्प, भाषा एवं सुपात्रता प्रकट करने वाले कुब्ज, वामन,

---

पादटिप्पणी :

१. (१) औपनिषदिक : शत्रु पर विजय प्राप्त हेतु रहस्यमय युक्तियाँ । द्र० ४:३:१३, ३:१२:१९, ७:१५:१२ । गण० ३:३१३ ।

(२) परबलाघात : शत्रु सेना के नाश हेतु ।

(३) चातुर्वर्ण्य : द्र० ६:१३, गण० १०:६३ ।

(४) अधर्मिष्ठ : धर्म विरुद्ध या शास्त्र विरुद्ध कर्म या आचरण । औषधि एवं मन्त्रों के रहस्यों को उपनिषद कहते हैं । गुप्त उपाय तथा अलौकिक अभ्यास, जिनके कारण शत्रु का नाश होता है जिनका पहले अधिकरण में वर्णन किया गया है । इस प्रकरण में मारने, अंगभंग, हीनांग करने का कल्प तथा उपाय का वर्णन किया गया है ।

पाठभेद :

'शिल्पभाषाभिजना' का तंजौर में 'शिल्पभाभिजना' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'शिल्पभाजना' तथा 'ष्वघातव्यः' का तंजौर में 'ष्वघातव्यं', तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में ष्वाघातव्यः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) कालकूट : हलाहल विष, समुद्र मन्थन से प्राप्त तथा शंकर द्वारा पान किया गया विष । इस विषपान के पश्चात् शंकर का नाम नीलकण्ठ पड़ा । महाभारत—१:१८:४१, उत्तराखण्ड में कालकूट एक पर्वत हैं ।

(२) विषवर्ग : द्र० २:१७:१२ ।

(३) श्रद्धेय : द्र० १:१२:६, ३:१:२५, ४:१:२१, १४:१:२ ।

(४) कुब्ज : कुबड़ा । द्र० १:१२:९ । गण० १०५:८, ३:२:३ ।

(५) वामन : बौना । बलि के साथ छल करने के लिए विष्णु के एक अवतार का नाम है । विष्णु के दश अवतारों में एक वामन अवतार है । विकलांग, बौना, ठिगना, छोटा । द्र० १:१२:९, १:२३:५, १:२९:३, ९, २२, महा० ३:८३, १०३, २०२ ।

किरात[6]मूक[7]बधिर[8]जडा[9]न्ध[10]च्छद्मभिर्म्लेच्छ[11]जातीयैरभिप्रेतैः[12] स्त्रीभिः पुंभिश्च [13]शरीरोपभोगेष्ववधातव्यः ।

किरात, मूक, बधिरजड तथा अन्ध वेष धारी जनों और म्लेच्छ जातीयों के प्रिय स्त्रियों एवं पुरुषों द्वारा शत्रु शरीर के उपभोग्य वस्त्रादि में कालकूट आदि विष वर्ग लिप्त कराया जाय।

राजक्रीडा[1]भाण्डनि[2]धानद्रव्योपभोगेषु गूढाः शं[3]स्त्रनिधानं कुर्युः, सत्त्रा[4]जीविनश्च रात्रिचा[5]रिणोऽग्नि[6]जीविनश्चाग्निनिधानम् ।

३. गूढ पुरुष राजा के क्रीडा सामग्री एवं आभूषण रखने के स्थानों में और उपभोग्य सामग्री के स्थानों में शस्त्र रख दें अथवा क्रीडा भूषणादि के प्रयोग काल में शस्त्र प्रयोग करें। रात्रिचारी सत्त्री और अग्निजीवी पुरुष शत्रु के स्थानों पर अग्नि रख दें।

चित्र[1]भेक[2]कौण्डिन्यक[3]कृक[4]णपञ्चकु[5]ष्ठशतप[6]दीचूर्णमुच्चि[7]दिङ्गकम्ब[8]ली-

४. चित्रभेक, कौण्डिन्यक, कृकण, पंचकुष्ठ शतपदी का चूर्ण तथा उच्चिदिङ्ग, कम्बली, शत-

---

(६) किरात : द्र० १:१२:९, १:२१:१, गण० १:५८।

(७) मूक : गूंगा। द्र० ३:२:१३। मनु० ७:२४७, ३:१२९ गण० ३:२१६।

(८) बधिर : बहरा। मनु० ७:१४७।

(९) जड़ : मूर्ख। द्र० १:१२:१०; याज्ञ० २:२५। मनु० २:११०।

(१०) अन्ध : अन्धा। द्र० १:१२:१०। गण० ३:३५।

(११) म्लेच्छ : द्र० १:१२:२१, ३:१३:३, ७:१०:१६।

(१२) अभिप्रेत : प्रिय, अर्थभूमि।

(१३) परशरीरोपभोगेषु : शत्रु जो प्रयोग या भोग करता है।

पादटिप्पणी :

३. (१) क्रीडा : खेल का सामान।

(२) निधानद्रव्य : कोशागार का सामान। द्र० १:११:१३, २:११:११६।

(३) शस्त्रनिधान : शस्त्र रखना या जमा करना या शस्त्र कोष।

(४) सत्त्रा : मिलकर या सत्त्रों का कार्य करने वाले।

(५) रात्रिचर : रात्रि में घूमने वाला।

(६) अग्निजीविन : अग्नि द्वारा जीविका उपार्जन करने वाले लोग।

पाठभेद :

'क्रकण्टक' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'क्रकण्टक' तथा श्रीमूल में 'कृकणक' तथा 'भल्लातकावल्गुजरस' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भल्लातकावल्गुकारस' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी

४. (१) चित्र : चितकवरा, चित्रवर्ण। द्र० २:५:३०, ४:९:३, ४:११:१ गण० ३:२१४।

(२) भेक : मेढ़क।

(३) कौडिन्यक : एक प्रकार का कीड़ा, इसके मलमूत्र में विष होता है।

(४) कृकण : जंगली तीतर, वन तीतर, मतान्तर से कुछ लेखक कीट भेद मानते हैं।

(५) कुष्ठ : कुट, कुड़ा एक प्रकार का विष। पंच कुष्ठ में कुष्ठ के पत्ते फल फूल छाल एवं जड़ आते हैं।

(६) शतपदी : कनखजूरा, कनजलूका। गण० ३:२१४।

(७) उच्चदिङ् : एक प्रकार का कीड़ा होता है जिसमें अल्प विष होता है। गण० ३:२१४।

(८) कम्बली : कीट विशेष। कम्बली; कमला, छोटी उगली की तरह गोल कीट।

शतक[9][10]न्देध्म[11]कृक[12]लासचूर्णगृह[13]गोलिका[14]न्धाहिकक्क[15]कण्टकपू[16]तिकीटगोमा[17]रिकाचूर्णं भल्ल[18]ातकाव[19]ल्गुजरसयुक्तं सद्यः प्राणहरम्, एतेषां वा धूमः।

मूली, कन्द, इध्म एवं कृकलास का चूर्ण और गृहगोलिका, अन्धाहिक, क्रकण्टक, पूति कीट एवं गोमारिका का चूर्ण भल्लातक और अवलगुज के रस से युक्त होकर सद्यः प्राण हरण करने वाला होता हैं अथवा इनका धूम प्राणहारो होता है।

कीटो वाऽन्यतमस्तप्तः कृष्णसर्पप्रियङ्गुभिः।
शोषयेदेष संयोगः सद्यः प्राणहरो मतः॥

५. अथवा उक्त कीटों में कोई एक कीट (आग में) तपाकर आघ्राण करने पर प्राण हर होता है, कृष्ण सर्प और प्रियंगु के साथ योग करने पर उक्त तप्त कीट सद्यः प्राण हारी होता है।

धामार्गवयातुधानमूलं भल्लातकपुष्पचूर्णयुक्तम् आर्धमासिकः।

६. धामार्गव एवं यातुधान का मूल भल्लातकपुष्प के चूर्ण से संयुक्त होने पर (बना हुआ योग) आधे महीने में प्राणहरण करता है।

---

(९) शतकन्ध : इसके पुष्प श्वेत एवं सुगन्धित होते हैं। मूल स्तम्भ से कन्द सदृश लम्बा गोल दोनों सिरों पर पतले और श्वेत गुच्छा निकला होता है। इसके क्षुप कांटेदार होते हैं। सफेद मुसली के नाम से भी इसका प्रयोग होता है।

(१०) कन्द : सूरन, जिमिकन्द।

(११) इध्य : पलाश की जलौनी या इंधन।

(१२) कृकलाश : गिरगिट इसे कृकलाश भी कहते हैं।

(१३) गृहगोलिका : पतली छिपकली।

(१४) अन्धाहिक : एक बिषहीन सर्प, एक प्रकार की मछली।

(१५) क्रकण्टक : कूकर पक्षी या जंगली तीतर।

(१६) पूतिकीट : एक प्रकार की क्रिमी।

(१७) गोमारिका : औषधि विशेष।

(१८) भल्लातक : भिलावा।

(१९) अवल्गुज : आयुर्वेद में अवल्गुज को वाकुची का पर्याय माना जाता है। किन्तु अर्थशास्त्र के इन सन्दर्भों से इसके वाकुची की अभिधेयता स्पस्ट नहीं है। इसे बंगला में सोमराजी नामक वृक्ष विशेष कहते है।

पादटिप्पणी :

५. (१) कृष्ण सर्प : काला साँप।

(२) प्रियङ्गु : इसको फलनी, श्यामा, गन्धफला, गोवन्दिनी, कृष्ण पुष्पी, फूलफेन, दहिगन या दहिगना या मथुरा माला कहते है। गण० ३:२३९।

इसको कागनी, बड़ी पीपल, कटुकी भी कहते हैं। यह एक प्रकार की लता होती है, जो स्त्री के स्पर्श से खिल उठती है।

प्रियङ्गु के फूल छोटे एवं हल्के गुलाबी रंग के होते हैं।

यह जलप्राय: स्थानों में कालसी, हिमालय के नीचे नालों में पाया जाता है। जलप्राय स्थानो में भी पाया जाता है।

पादटिप्पणी :

६. (१) धामार्गव : चिचिड़ा या पोशातकी कहते हैं। गण० ३:२१४।

(२) यातुधान : राक्षस शब्दवाचक औषधि का एक भेद है। यातुधान तथा यातुधानी इनका उल्लेख ऋग्वेद तथा वैदिक साहित्य में मिलता है। इसे उतरन नामक लता जो जंगलों में पाई जाती है कुछ लेखकों ने अर्थ किया है। भूत प्रेत पिशाच अर्थ होता है।

(३) भल्लातक : भिलावा। गण० ३:२१४।

व्याघातक[१]मूलं भल्लातकपुष्पचूर्णयुक्तम् कीट[२]योगो मासिकः ।

७. व्याघातक मूल एवं भल्लातक पुष्प चूर्णयुक्त कीट योग एक मास में प्राण हरण करता है।

कला[१]मात्रं पुरुषाणां, द्वि[२]गुणं खराश्वानां, चतुर्गुणं हस्त्युष्ट्राणाम् ।

८. (कीट योग) कलामात्र पुरुषों को, दो कला (दूना) गर्दभ एवं अश्वों को, चार कला हाथी एवं ऊँटों को दिया जाय।

शत[१]कर्द[२]मोच्चि[३]दिङ्गककरवीरकटुतु[४]म्बीमत्स्यधूमो मद[५]नकोद्र[६]वपला[७]लेन हस्ति[८]कर्णपलाशपलालेन वा प्र[९]वातानुवाते [१०]प्रणीतो यावच्चरति तावन्यारयति ।

९. शतावरी, कर्दम, उच्चिदिङ्ग, करवीर, कटुतुम्बी एवं मत्स्य का धूम मदन, कोद्रव पलाल अथवा हस्ति कर्ण, पलाश एवं पलाल के साथ सामने की तेज हवा में रखे जाने पर, जहाँ तक (धूम) जाता है, वहाँ तक (प्राणियों) को मारता है।

पादटिप्पणी :

७. (१) व्याघातक : अभिलतास सोनालू, किरमाला, वृक्ष में चैत्र के अन्त से फूल ने आरम्भ होते हैं। जेठ तक इसमें पीले फूल लग जाते हैं। फूल में पाँच पंखुडिया होती है। जेठ में फलियां लगती हैं। हेमन्त में कलियां काला रंग पकड़ लेती हैं।

(२) कीटयोग : कीड़ों का मिश्रण।

पाठभेद :

'द्विगुण' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'द्विगुण' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

८. (१) कला : अल्पमात्रा (अत्यल्प)।

(२) द्विगुण : दो कला मात्र।

चतुर्गुण : चार कला मात्र।

पाठभेद :

'कटुतुम्बी' का तंजौर में 'कुन्धतुम्बी' देवनागरी अनुलिपि में 'कूटघतुम्बी' तथा 'मदन' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'दन' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

९. (१) शत : शतावरी।

(२) कर्दम : यक्ष कर्दम, कपूर, अगर, कस्तूरी और कंकोल इन चारों चीजों के पीसे लेप को यक्ष कर्दम या कर्दम कहते हैं।

(३) उच्चिदिङ्ग : द्र० १४:१:४, आ० ३:२१४।

(४) कटुतुम्बी : तितलौकी, तुम्बी, तिक्तलौकी, इक्ष्वाकु।

(५) मदन : धतूरा, तुवर। गण० ३:२१४।

(६) कोद्रव : कोदो। द्र० ४:२:२८।

(७) पलाल : काण्ड। धान या गेहूं के काटने पर नीचे का हिस्सा या पुआल या सस्य शून्य धान को पलाल कहते हैं।

(८) हस्तिकर्ण : एरण्ड या रेंण का पत्ता हाथी के कान की तरह होता है इसलिए हस्तिकर्ण रेंण का नाम किया गया है। गण० ३:२१५।

(९) प्रवतानुवात : जबकी हवा सामने की तरफ से शत्रु की तरफ बढ़ती हो। गण० ३:२०३:२१५।

(१०) प्रणीता : बनाया हुआ, रचा हुआ, निबद्ध निर्मित,। द्र० ५:४:११, १२, १३।

पूतिकीट[1]मत्स्यकटुतुम्बीशतकर्दमेध्येन्द्र[2]गोपचूर्णं पूतिकीटक्षु[3]द्राराल[4]हेम[5]विदारीचूर्णं वा वस्तशुङ्गखुरचूर्णयुक्तमन्धीकरो धूमः ।

१०. पूति कीट, मत्स्य, कटुतुम्बी, शतावरी, कर्दम, इध्म, एवं इन्द्रगोप चूर्ण अथवा पूति कीट क्षुद्रा, अराल, एवं विदारी चूर्ण बकरे के शृंग एवं खुर के चूर्ण के साथ संयुक्त योग का धूआं अन्धा करने वाला होता है ।

शतिक[1]रञ्जपत्रहरिता[2]लमन[3]:शिलागुञ्जा[4]रक्तका[5]र्पासपला[6]लान्या[7]स्फोटका[8]चगोशकृद्रसपिष्टमन्धीकरो धूमः ।

११. पूति करञ्ज, पत्र, हरिताल, मनः शिला, गुंजा, रक्तकार्पास एवं पलाल को आस्फोट, काच एवं गोबर के रस के साथ पीसने पर उसका धूआं अन्धा करता है ।

पाठभेद :

'तुम्बी' का देवनागरी अनुलिपि में 'तुम्ब' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) पूतिकीट : दुर्गन्धित कीटाणु । इसका अर्थ उस कीटाणु का अर्थ किया गया है उसके पीठ पर कुछ काटा होते हैं ।

(२) इध्म : पलाश की जलौनी लकड़ी । द्र० १४:१:४ । गण० ३:११४ ।

(३) इन्द्रगोप : वीरबहूटी, एक प्रकार का कीड़ा जो सफेद या लाल रंग का होता है ।

(४) क्षुद्रा : भटकटैया, कण्टकारी । गण० ३:२१५ ।

(५) अराल : देवधूप विशेष । गण० ३:२१५ ।

(६) हेम : धतूरा । द्र० ७:१२:१४ । गण० ३:२१५ ।

(७) विदारी : वृष्यकन्दा, क्षीर शुक्ला, इक्षुगन्धा, पाताल प्रभा, भुइ कुष्माण्ड ।

(८) विदारीकन्द : विदारीकन्द की वेल अनूप के जंगलों में होती है ।

दक्षिण में कोकण के पर्वतों, कनौज पश्चिम हिमालय, कुमाऊँ; नेपाल, विन्ध्याचल । इसे भूमि कुष्माण्ड भी कहते हैं ।

पादटिप्पणी :

११. (१) पूति करञ्ज : कटीला करञ्ज, कांटेदार करंजुआ । समस्त भारत में मिलता है । इसकी लताएं कटीली होती हैं । बगीचों के मेंढ़ पर इसकी झाड़ लगायी जाती है । करञ्ज को करञ्ज वा कट करञ्जा आदि कहते हैं । भारतवर्ष के सभी प्रान्तों में पाई जाती है । अत्यन्त काटेदार लता होती है । कुछ लेखक चिरवल्व को पूति करञ्ज कहते हैं ।

(२) हरिताल : गन्धक और संखिया के योग से बना पीला खनिज द्रव्य ।

(३) मन:शिला : मैनसिल । गण० ३:२१५ ।

(४) गुञ्जा : घुघुची, चोटली, गुञ्जा की लता होती हैं । इसके पत्ते बारीक और कुछ लम्बे इमली के पत्ते के समान होते हैं । सेम के फलियों के से गुच्छे होते हैं । इसके फूल कुछ सफेद रंग के होते हैं । इसके सफेद लाल दो भेद होते हैं किन्तु दोनों की वेलिया लता समान होती हैं । लाल रंग के गुञ्जा पर काला दाग होता है । सफेद रंग की गुञ्जा पूर्ण श्वेत होती है ।

(५) रक्त कार्पास : लाल रुई ।

[६) पलाल : पुआल ।

(७) स्फोटक : लाल मदार या आक ।

आयुर्वेद साहित्य एवं संस्कृत कोषों में आस्फोत (आस्फोट) आस्फोटा (आस्फोटा) संज्ञा अनेक वनस्पतिनों का बाचक है । टीकाकारों ने भी इसका अर्थ सारिका तथा गिरिकर्णिका आदि अनेक वनस्पतियों से किया है ।

(८) काच : एक प्रकार का नमक, लवण भेद । गण० ३:२१५

स[1]र्पनिर्मोकं [2]गोऽश्व[3]पुरीषमन्ध[4]ाहिकशिरश्चान्धीकरो धूमः ।

१२. सर्पनिर्मोक, गोपुरोष, अश्व पुरीष एवं अन्धाहिक का शिर—इनका धूआँ भी अन्धा करता है ।

पारा[1]वतप्ल[2]वकक्र[3]व्यादानां [4]हस्तिन[5]रवरा[6]हाणां च मूत्रपुरीषं का[7]सीस[8]हिङ्गुय-[10]वतुषक[11]णतण्डुलाः[12] [13]कार्पासकुटज[14]कोश[15]ातकीनां च बीजानि [16]गोमूत्रिका[17]भाण्डीमूलं [18]निम्बाशिग्रु[19] [20]फणिर्जका[21]क्षीवपीलु[22]भङ्गः[23] [24]सर्पशफरीचर्म[25] [26]हस्तिनथशुङ्गचूर्णमित्ये

१३. पारावत, प्लवक, क्रव्याद, हाथी, मनुष्य एवं वराह का मूत्र एवं पुरीष अथवा कासीस, हिंगु, यव तुष, तन्दुलकण, तन्दुल एवं कार्पास, कुटज तथा कोशातकी के बीज अथवा गोमूत्रिका एवं भाण्डीर का मूल, निम्ब, शिग्रु, फणिज, काक्षीब एवं पीलु का छाल अथवा सर्प और मत्स्य को

पादटिप्पणी :

१२. (१) निर्मोक : केंचुल ।

(२) गोपुरीष : गोबर ।

(३) अश्वपुरीष : घोड़े की लीद ।

(४) अन्धाहिक : दो मुहा सांप या अन्धा सांप या मत्स्य विशेष । द्र० १४:१:४ । गण० ३:२१४ ।

पाठभेद :

'फणिर्जका' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'फणर्जका', श्रीमूल में 'फणिज्जका' तथा 'पीलुकभङ्ग' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पीलकभाङ्ग' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) पारावत : कबूतर । गण० ३:२१५ ।

(२) प्लवक : मेढ़क । द्र० १:३:२७:; ३५ ।

(३) क्रव्याद : मांसभक्षक जन्तु ।

(४) हस्ति : हाथी ।

(५) नर : पुरुष ।

(६) वराह : सूअर ।

(७) कासीस : द्र० सिद्धमन्त्रः श्लोक ८६; १०० । हृदय दीपकनिघण्टु : श्लो० ५७ ।

(८) कौसीस : गण० ३:२१५ ।

(९) हिङ्गु : हींग ।

(१०) यवतुष : यव की भूसी ।

(११) कण : चावल की खुद्दी ।

(१२) तन्दुल : चावल ।

(१३) कार्पासिक : रूई की बीया ।

(१४) कुटज : कुटकी ।

(१५) कोशातकी : तरोई; चाँदनी रात ।

(१६) गोमूत्रिका : एक प्रकार की घास ।

(१७) भाण्डी : मजीठ की जड़, इसे योग वल्ली की जड़ भी कहते हैं ।

(१८) निम्ब : नीम ।

(१९) शिग्रु : शहजन ।

(२०) फणिज : जम्बीर का एक भेद एक म के अनुसार मरुवक अर्थ किया गया है । गण० ३:२१५ ।

(२१) आक्षीव : सहजन विशेप । द्र० १२५। गण ३:२४० ।

(२२) पीलूक : पंजाब; राजस्थान; सिन्धु; गुजरात, विहार, उत्तरप्रदेश के इटावा जिले में कोंकण, कर्णाक आदि प्रदेशों से मिलते हैं । पीलु तिक्त किंचिर स्निग्ध होता है । चरक संहिता में शिरो विरोचन ज्वरहर आदि इसके गुण कहे गये हैं । शुश्रुत विरेचन द्रव्यों में पुष्प का पाठ है ।

(२३) भङ्ग : छिलका ।

(२४) सर्प : केंचुर ।

(२५) शफरी : क्षुद्र मछली ।

(२६) शृङ्ग चूर्ण : हाथी के दांत का चूरा ।

धूमो[२७]मदनकोद्र[२८]वप[२९]लालेन [३०]हस्तिकर्णप[३१]लाशपलालेन वा प्रणीतः प्रत्येकशो यावच्चरति तावन्मारयति ।

बाल, हाथी के नख और दांत का चूर्ण इनका धूआँ मदन, कोद्रव, पलाल अथवा हस्तिकर्ण एवं पलाश, पलाल के साथ किये जाने पर जहाँ तक जाता है, वहाँ तक प्राणियों को मारता है ।

काली[१]कुष्ठ[२]नड[३]शताव[४]रीमूलं सर्प[५]प्रच[६]लाक[७]कृकणप[८]ञ्चकुष्टचूर्णं वा धूमः पूर्वकल्पेनार्द्रशुष्कपलालेन वा प्रणीतः संग्रामावरणावस्कन्दनसंकुलेषु कृतनेज[९]नोदकाक्षिप्रतीकारैः प्रणीतः सर्वप्राणिनां नेत्रघ्नः ।

१४. काली, कुष्ठ, नड एवं शतावरी का मूल अथवा सर्प, प्रचलाक, कृकण एवं पञ्च कुष्ठ का चूर्ण पूर्ण कल्प (मदन कोद्रव पलाल) के साथ या आर्द्र शुष्क पलाल के साथ करके संग्रामावतरण एवं आक्रमण की भीड़ में नेजनोदकानुसार अक्षि प्रतीकार युक्त पुरुषों द्वारा किया जाने वाला धूआँ समस्त प्राणियों के नेत्र नष्ट करता है ।

---

(२७) मदन : मैनफल :

(२८) कोद्रव : कोदो ।

(२९) पलाल : पुआल ।

(३०) हस्ति कर्ण : एरण्ड वृक्ष, पलाश का चूर्ण।

(३१) पलाश : ढाक ।

पाठभेद

'कृकण' का देवनागरी अनुलिपि में 'कृकणक' तथा 'पूर्वकल्केन' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पूर्वकल्केन' पा पाठभेद मिलता है । तथा 'आर्द्र शुष्कपलालेन वा' का श्रीमूल में आर्द्रे शुष्कपलाले वा' तथा 'स्कन्दनसंकुलेषु' का तंजौर में 'स्कन्दनं कुलेषु' तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'स्कन्दनाकालेषु' तथा 'कृतनेजनो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कृततेञ्जनो' तथा श्रीमूलमें 'कृततेजनो' पाठभेद मिलता है ।

पाददटिप्पणी :

१४. (१) काली : चकोतरा नीबू । गण० ३: २०९ ।

(२) कुष्ठ : कूट । गण० ३:२१६ ।

(३) नड : नरकट ।

(४) शतावरी : सतावर ।

(५) सर्प : साँप ।

(६) प्रचलाक : मोर की कलगी या पूँछ ।

(७) कृकण : द्र० १४:१:४ । गण० ३:२१४ ।

(८) पञ्चकुष्ठ : द्र० १४:१:४; गण० ३: २१४ ।

(९) नेजनोदक : द्र० १४:४:२ २ ।

शारिका[1]कपोत[2]बक[3]बलाका[4]लेण्ड[5]मर्क[6]अक्षि[7]पीलुक[8] स्नुहि[9]क्षीरपिष्टमन्धीकरणमञ्जनम् उदकदूषणं च ।

१५. शारिका, कपोत, वक एवं वलाका का पुरीष अर्क, अक्षि, पीलु एवं स्नुही क्षीर के साथ पीसे जाने पर, तैयार अञ्जन अन्धा करने वाला और जल प्रदूषित करने वाला होता है ।

यवक[1]शालि[2]मूलमदन[3]फलजाती[4]पत्रनरमूत्र योगः प्लक्ष[5]विदारी[6]मूल[7]युक्तो

१६. यवक एवं शालि का मूल मदनफल, जातीपत्र और नर मूत्र को योग प्लक्ष और

पाठभेद :

'मर्काक्षि' का तंजौर तथा तेलगू अनु प्रतिलिपि में 'मङ्काक्षी' तथा 'पीलुक' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पीलक' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणो :

१५. (१) शारिका : मैना ।

(२) कपोत : कबूतर ।

(३) वक : वकुला ।

(४) वलाका : वकुली या वक पंक्ति ।

(५) लेण्ड : लेंड़ी या मल ।

(६) अर्क : मदार या आक ।

(७) अक्षि : बहेड़ा । यह हरीतकी कुल की औषधि है । यह समस्त भारत में ३००० फुट तक के ऊँचाई तक प्राप्त होता है । इसका छिलका प्राय: काम में आता है । यह रुक्ष, लघु कसाय, उष्ण; स्वाश, काश एवं स्वर भेद नाशक हैं । चरक के अनुसार विरेचनोपग तथा ज्वरहर; महाकषाय एवं सुश्रुतोक्त त्रिफला की औषधि में या बेहड़ा भी है । इसका प्रयोग अन्धीकरण; अंजन योग; जल दूषणयोग, मदनयोग विसूचिकायोग हिमदंशयोग में होता है । उपर्युक्त प्रयोगों को देखने से (आक्षि) अक्षीष कोई उग्रस्वभाव की वनस्पति लक्षित होती है तथा जिसमें आक्षीर भी निकलता है । वनस्पतिवाची संज्ञा के रूप में (अक्षि) के साक्ष्य यत्र तत्र आयुर्वेदीय साहित्य में (अक्षिपीड़) अक्षिपीड़क; अक्षीष—च० सू० धन्वन्तरि निघण्टु में आक्षि पीड़ा को यवतिला का पर्यायवाची माना गया है । यवतिला का उल्लेख आयुर्वेदीय रस ग्रन्थों में बहुश: मिलता है । प्रोफेसर आ० एस० सिंह ने इसका वनस्पतिक विनिश्चय जौ गेहूँ की खेतों में उगने वाली तिरछी नामक वनस्पति से किया है ।

(८) पीलुक : द्र० १४:१:१३ ।

(९) स्नुहि : थूहर या सेहुण । इसका समन्त-दुग्धा भी अर्थ किया गया है ।

पाठभेद :

'शालिमूल' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'शालमूल' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) यवक : जौ है । यवक मदन योग में प्रथमोल्लिखित घटक द्रव्य है । योग के प्रयोग संदर्भ को देखते हुए यवक (मूल) भी योग के अन्य निर्दिष्ट द्रव्यों की भाँति मादक गुण वाला प्रतीत होते हैं। यद्यपि यवक का उल्लेख आयुर्वेदीय साहित्य में भी मिलता है । किन्तु कहाँ इसका परिणाम खाद्योपयोगी धान्य वर्ग में हुआ है । अतः अर्थशास्त्रोक्त यह 'यवक' धान्य वर्गीय यवक से सर्वथा भिन्न प्रतीत होता है । इसका अर्थ यूनानी औषधि शैलस से भी किया गया है ।

(२) शालि : जड़हन धान, जो रोपा जाता है। गण० ३:२१६ ।

(३) मदनफल : धतूरा ।

(४) जातीटत्र : चमेली की पत्ती, मालती या जावित्री । गण० ३:२१६ ।

(५) प्लक्ष : पाकड़, पिलखन या लाख निकलने वाला पीपल । पंचक्षीरी वृक्षों में प्लक्ष का नाम आता है । पंचक्षीरीवृक्ष—वट, उदुम्बर, पीपल और पाकड़ एवं मधूक ।

(६) बिदारी : भूमि काटना ।

(७) मूल : जड़ ।

मूकोदुम्बरमदनकोद्र[10]वक्वाथयुक्तो ह[11]स्तिकर्णप[12]लाशक्वाथयुक्तो वा मद[13]नयोगः ।

विदारी के मूल से युक्त अथवा मूक, उदुम्बर, मदन एवं को द्रवके क्वाथ से युक्त अथवा हस्ति कर्ण एवं पलाश के क्वाथ से युक्त होने पर, मदन योग बनता है, वह चिन्ता विभ्रम, उत्पन्न करता है ।

शृङ्गिगौत[2]मवृक्ष[3]कण्टकारमयू[4]रपदीयोगो गुञ्जा[5]लाङ्ग[6]लीविष[7]मूलिके[8]ङ्गुदी-योगः करवीर[10]ाक्षिपीलु[11]क[12]र्कमृगम[13]ारणीयो गोमद[14]नकोद्र[15]क्वाथयुक्तो ह[16]स्तिकर्णपलाश-क्वाथयुक्तो वा मदनयोगः ।

१७. शृङ्गी, गौतम, वृक्ष (लोध), कण्टकार एवं मयूरपदी का योग, गुञ्जा, लाङ्गलो, विषमूलिका एवं इङ्गुदी का योग, करवीर, अक्षि, पीलुक, अर्क एवं मृगमारणी का योग मदन एवं कोद्रव क्वाथ से अथवा हस्ति कर्ण एवं पलाश क्वाथ से युक्त होने पर, मदन योग बनता है, अर्थात् उन्मादक योग बनता है ।

---

(८) मूक : मत्स्य विशेष । गण० ३:२१६ ।

(९) उदुम्बुर : गूलर । गण० ३:२१५, २२१ ।

(१०) मदन : धतूरा ।

(११) कोद्रव : कोदो ।

(१२) हस्तिकर्ण : द्र० १४:१:१३ । गण० ३:२१५ ।

(१३) पलाश : द्र० २:१४:१:१३ । गण० ३:२१५ ।

पाठभेद :

'गौतमवृक्ष' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'गोमेवृक्ष' तथा 'पीलुकार्क' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पीलकार्क' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) शृङ्गि : मछली या शृङ्गी मछली । गण० ३:२१६ ।

(२) गौतम : एक विशेष वृक्ष ।

(३) कण्टकार : भटकटैया । इसका नाम कटाई भटकटाई, भटकटैया, फहेरी, कंडियारी मिलता है । प्रायः समस्त भारत में इसके स्वयं जात क्षुप पाये जाते हैं । इसके अतिरिक्त लंका-पाकिस्तान दक्षिण पूर्वी एशिया एवं आस्ट्रेलिया में भी यह पाई जाती है । अरब में भी छोटी भटकटाई होती है । सर्वत्र सुलभ होने से यह आवश्यकता पड़ने पर प्राप्त की जा सकती है । सुखाया पंचाङ्ग बजारों में पंसारियों के यहाँ मिलता है । चरक के अनुसार (सू० अ० ४) कण्ठ्य हिक्कानिग्रहण, कासहर, शोथहर, शीतप्रशमन, एवं अङ्गमर्दप्रशमन महाकवियों के द्रव्यों में तथा सुश्रुतोक्त (सू० अ० ३८) वृहत्यादि गुण वरुणादि गण एवं लघु पंच मूल में कण्टकारी की भी गड़ना है।

आयुर्वेदीय निघण्टुओं में 'लक्ष्मण' के नाम से 'श्वेतपुष्पी कण्टकारी' का भी उल्लेख मिलता है । और गर्भ संस्थापक गुणों के लिए इसकी प्रशंसा की गयी है । किन्तु श्वेत पुष्प की भटकटैया दुर्लभ है । और उपलब्ध नहीं होती है । इसका अर्थ शाल्मली वृक्ष भी किया गया है ।

(४) मयूरपदी : अजमोदा । द्र० २:१९:२५ । गण० ३:२१६ ।

(५) गुंजा : घुंघुची । द्र० १४:१:११ । गण० ३:२१५, २३६ ।

(६) लाङ्गली : जल पीपल, पृथक्पर्णी तथा नारिकेल भी कहते हैं ।

(७) बिषमूली : कालकूट विष । गण० ३:२१६ ।

(८) इङ्गुदी : हिङ्गोट, मालकाग्नि । गण० ३:२१६ ।

(९) करबीर : कनेर । गण० ३:२१४ ।

(१०) अक्षि : बहेरा ।

(११) पीलुक : एक वृक्ष, पीलुक फल, स्वाद तीखा और मधुर ।

(१२) अर्क : मदार ।

(१३) मृगमारणी : औषधि भेद । गण० ३:२१६ ।

(१४) मदन : धतूरा ।

समस्ता वा यवसे[1]न्धनो[2]दक[3]दूषणाः ।

१८. अथवा उक्त समस्त योग यवस, इन्धन एवं उदक को दूषित करने वाले होते हैं।

कृतकण्डल[1]कृकलास[2]गृह[3]गोलिकान्धाहिक[4]धूमो नेत्रवधमुन्मादं च करोति।

१९. पकाये गये स्नायु समूह वाले कृकलास, गृहगोलिका एवं अन्धाहिक का धूआं नेत्र नाशक और उन्मादक होता है।

कृकलास[1]गृह[2]गोलिकायोगः कुष्ठकरः ।

२०. कृकलास एवं गृह गोलिका का योग कुष्ठ कर होता है।

स एव चित्रभेका[1]न्त्र[2]मधुयुक्तःप्रमेह[3]मापादयति, मनुष्यलोहितयुक्तः शोषम्[4]।

२१. उक्त योग ही चित्र भेक के अन्त्र और मधु से युक्त होने पर, प्रमेह तथा मनुष्य के रुधिर से युक्त होने पर, शोष उत्पन्न करता है।

दूषीविषं[1] मदनकोद्रवचूर्णमपजिह्विका[2]योगः ।

२२. दूषीविष मदन एवं को द्रव चूर्ण और अपजिह्विका का योग।

पादटिप्पणी :

१८. (१) यवस : चारा। द्र० २:३१:१, ९:३:१७। गण० ३: १७०।

(२) इन्धन : जलौनी।

(३) उदक : जल।

पाठभेद :

'कृत कण्डल' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कृतषण्डक' पाठभेद मिलता है।

१९. (१) कृतकण्डल : पकाया गया स्नायु-समूह।

(२) कृकलाश : गिरगिट। द्र० १४.१:४। गण० ३: २१४।

(३) गृहगोलिका : छिपकली या पल्ली।

(४) अन्धाहिक : अन्धा, सर्प। द्र० १४:१:४।

पादटिप्पणी :

२०. (१) कृकलास : गिरगिट। द्र० ४:१:४, गण० ३:२१४।

(२) गृहगोलिका : छिपकली। द्र० १४:१:१९; गण० ३:२१४।

पाठभेद :

'प्रमेहम' का देवनागरी अनुलिपि में 'प्रमोहम्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२१. (१) चित्रभेक : चितकबरा मेढ़क। गण० ३:२१४।

(२) अन्त्र : आंत।

(३) प्रमेह : मूत्ररोग या मूत्रस्राव होना।

(४) शोषम् : क्षय या सुखण्डी। द्र० ४:२:७१; १५:४:७।

पाठभेद :

'अपजिह्विका' का श्रीमूल में 'उपजिह्विका' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२२. (१) दूषीविष : स्थावर, जंगम या कृत्रिम का वह अंश, जो शरीर में रह जाने के कारण शरीर में विष उत्पन्न कर देता है जो मारक नहीं होता। गण० ३:२१७:२३८।

(२) अपजिह्विका : कीट विशेष या दीमक या चींटी। गण० ३:२१७।

मातृ[1]वाहकाञ्जलिका[2]रप्रचला[3]कभेका[4]क्षि[5]पीलुक[6]योगो विषूचिकाकरः ।

२३. मातृ वाहक, अञ्जलिकार, प्रचलाक, भेक, अक्षि एवं पीलुक का योग विषूचिका (हैजा) उत्पन्न करता है ।

पञ्चकुष्ठ[1]ककौण्डिन्य[2]कराजवृक्ष[3]पुष्पमधुयोगो ज्वरकरः ।

२४. पञ्चकुष्ठ, कौण्डिन्यक, राजवृक्ष एवं पुष्प मधु का योग ज्वरकारी होता है ।

भास[1]नकुल[2]जि[3]ह्वाग्रन्थिक[4]योगः खरीक्षीरपिष्टो मूकबधिरकरो मासार्ध-ासिकः ।

२५. भास, नकुल, जिह्वा एवं ग्रन्थिका का योग गर्दभीर के साथ पीसे जाने पर एकमास या ाधे मास में मूक-बधिर (गूंजा-बहरा) करने वाला होता है ।

कला[1]मात्रं पुरुषणामिति समानं पूर्वेण ।

२६. पुरुषों को एक कला की मात्रा दी जाय, शेष पूर्वोक्तवत् ।

ादटिप्पणी :

२३. (१) मातृवाहक : पक्षिभेद । गण० ३:२१७ ।

(२) अञ्जलिकार : औषधि विशेष या औषधि ेद। गण० ३:२१७ ।

(३) प्रचलाक : मोर की कलंमी या पूंछ । ण० ३:२१५ ।

(४) भेक : मेढ़क ।

(५) अक्षि : कूट. सहिजन या बेहड़े के किस्म ा एक वृक्ष । गण० ३:२१६ ।

(६) पीलुक : चींटी । द्र० १४:१:१३, गण० ३:२१५ ।

ाठभेद :

'वृक्षपुष्पमधु' का तंजोर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि े 'वृक्षमधुपुष्पमधु' पाठभेद मिलता है ।

ादटिप्पणी :

२४. (१) पञ्चकुष्ठ : कुष्ठ एक वृक्ष का नाम है। इसको कूठ भी कहते हैं । पत्ता, फल, फूल, छाल जड़ पंचकुष्ठ कहा जाता है । द्र० १४:१:१४, गण० ३:२१४ ।

(२) कौण्डिन्यक : द्र० १४:१:४ । गण० ३:२१४ ।

(३) राजवृक्ष : अमिलताश, पियालवृक्ष, भद्र-चूड़ । गण० ३:२१७ ।

(४) पुष्पमधु : महुआ (मधूक) ।

भेदपाठ :

'भासनकुल' का तंजोर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भाजनकुल' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) भास : गृद्ध । गण० ३।२१७ ।

(२) नकुल : नेवला ।

(३) जिह्वा : मजीठ । द्र० ४:११:२१ । गण० ३:२१७ ।

(४) ग्रन्थिका : पिप्पलीमूल । गण० ३:२१७ ।

२६. (१) कला : एक मिनट, ४८ सेकण्ड । द्र० १७:१:८ ।

भङ्क्त्वाथोपनयनमौषधानाम्, चूर्णं प्राणभृताम् सर्वेषां वा क्वाथोपनयनम् एवं वीर्यवत्तरं भवति ।

२७. उक्त योगों में औषधियों का उपयोग कूट कर एवं क्वाथ कर तथा प्राणियों (के लिये) चूर्ण कर किया जाय अथवा सबका क्वाथ बनाकर प्रयोग किया जाय, उस प्रकार अधिक प्रभावकारी होता है।

इति योगसंपत् ।

२८. योग संपत् समाप्त ।

शाल्मली[1]विदारि[2]धान्य[3]सिद्धोमूलै[4]र्वत्सना[5]भसंयुक्तश्चुच्छुन्दरी[6]शोणितप्रलेपेन दिग्धो वाणो यं विद्ध्यति स विद्धोऽन्यान् दशपुरुषान् दशति, ते दष्टादशान्यान् दशन्तिपुरुषान् ।

२९. शाल्मली, विदारी एवं धान्य में सिद्ध, पिप्पली मूल एवं वत्सनाभ से युक्त और चुच्छुन्दरी के रुधिर से प्रलिप्त बाण, जिसे वेधता है, वह व्यक्ति अन्य दस पुरुषों को काटता है और वे अन्य दस व्यक्तियों को काटते हैं (उस प्रकार विष प्रसार से सेना नष्ट हो जाती है) ।

पाठभेद :

दिग्धो बाणो' का तंजोर 'निद्धो बाणो' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सिद्धो वाणो' तथा 'दष्टादशान्यान् का तंजोर में 'दष्टाशान्यान्', तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'हृष्टाश्चान्यान्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

२९. (१) शाल्मली : सेमर का वृक्ष । गण० ८:२४६ ।

(२) विदारी : भूमिकुष्माण्ड । द्र० १४:१: १० ।

(३) धान्य : धनिय या अनाज ।

(४) मूल : पिप्पलीमूल या बीज । द्र० ७:२: १४, ७:३:३३, ७:८:५, २:९:२, ८:३:६६, ८:५:१ ९४,४५ ।

(५) वत्सनाभ : एक प्रकार का विष ।

(६) चच्छुन्दर : छछून्दर ।

भल्लातक[1]यातुधाना[2]वानु[3]धामार्गव[4]बाणानां[5] पुष्पैरेलक[6]ाक्षि[7]गुग्गुलु[8]र्हालाहला[9]नां व कषायं [10]वस्तनर[11]शोणितयुक्तं दंशयोगः ।

३०. भल्लातक, यातुधान, अवानु, धामार्गव एवं बाण के पुष्पों से सिद्ध एलक, अक्षि, गुग्गुल एवं हालाहल का कषाय (काढ़ा) बकरे और नर के रुधिर युक्त करने पर दंश योग बनता है।

ततोऽर्ध[1]धरणिको योगः सक्तु[2]पिण्याका[3]भ्यामुदके प्रणीतो धनुः[4]शतायामुदकाशयं दूषयति ।

३१. उस कषाय का आधा धरणि योग सक्तु एवं पिण्याक के साथ संयुक्त कर जल में डालने पर, सौ धनुष पर्यन्त बड़े जलाशय को दूषित करता है।

पाठभेद :

'धामार्गववाणानां' का तंजौर में 'धामार्गबाणा' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'धायामार्गवबांणा' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३०. (१) भल्लातक : भिलावा। द्र० १४:१:१६।

(२) यातुधान : द्र० १४:१:६। गण० ३:२१४।

(३) आवानु : इसका अर्थ विचारणीय है।

(४) धामार्गव : चिचिड़ा। गण० ३:२१४।

(५) बाण : अर्जुनवृक्ष। गण० ३:२०३।

(६) एलक : इलायची। भारतीय साहित्य एव परम्परा में एलेक (ऐलेयक) का प्रयोग दो परस्पर भिन्न (वर्गों) द्रव्यों के लिए होता है। (१) फल वर्गीय वनस्पति तथा (२) घृतकुमारीघनसार। किन्तु फलवाची ऐलेयक का उल्लेख तो शास्त्रों में प्राचीन काल से मिलता है। किन्तु घृतकुमारीसार के अर्थ में ११वीं-१२वीं शताब्दी से ही मिलता है। प्रोफेसर आर० एस० सिंह एवं ए० एन० सिंह ने अर्थशास्त्र के सन्दर्भ में एलक से घृतकुमारी सार की अभिधेयता का ही अनुमोदन किया है। गुजरात, राजस्थान महाराष्ट्र आदि पश्चिमी क्षेत्रों में मिलता है। इसकी संज्ञा गन्ध वाले वृक्ष से दी गयी है।

(७) अक्षि : वृक्ष विशेष।

(८) गुग्गुल : गुगुल

(९) तालाहल : विष।

(१०) वस्त : बकरा।

(११) नर : पुरुष।

पाठभेद :

'उदके प्रणीतो' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'उदक प्रणीतो' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

३१. (१) धरण : सोलह रूप्य मासक या २० सेम के दाने का एक धरण होता है। द्र० २:१९:६।

(२) सक्तु : सत्तू-जौ चना या केवल जौ का बनता है।

(३) पिण्याक : खली। द्र० २:१५:५२, २:१९:२९, ४३। गण० ३:२१८।

(४) धनु : चार हाथ लम्बा। याज्ञ० २:१६७, मनु० ८:२३७। गण० १:२५२, ३ २३७, १२८।

मत्स्यपरम्परा ह्येतेन दंष्टा[1]ऽभिमृष्टा[2] वा विषीभवति, यश्चैतदुदकं पिबति स्पृशति वा ।

३२. इससे खाने अथवा स्पर्श करने से मछलियाँ विषाक्त हो जाती हैं और जो यह जल पीता और स्पर्श करता है, वह भी विषयुक्त हो जाता है ।

रक्तश्वेत[1]सर्षतैपैर्गोधा[2] त्रिपक्ष[4]मुष्ट्रिका[5]यां भूमौ निखातायां निहिता वध्येनोद्धृता यावतः पश्यति तावन्मारयति, कृष्ण[6]सर्पो वा ।

३३. रक्त-श्वेत सरसों के साथ गोधा को उष्ट्रिका बाँधने की भूमि में तीन पक्ष तक गाड़ दी जाय तदनन्तर वध्य पुरुष द्वारा निकाली जाने पर, जैसे ही देखती है मार डालती है, इसी प्रकार किये जाने पर, कृष्ण सर्प भी मार डालता है ।

विद्युत्प्रदग्धोऽङ्गारो ज्वालो वा विद्युत्प्रदग्धैः काष्ठैर्गृहीतश्चानुवासितः कृतिकासु भरणीषु[3] वा रौद्रेण[4] कर्मणाऽभिहुतोऽग्निः प्रणीत[5]श्च निष्प्रतीकारो दहति ।

३४. बिजली से जला अंगारा अथवा ज्वाला बिजली से जले काष्ठों द्वारा अभिवर्धित कर तैयार की गयी, अग्नि में कृतिका अथवा भरणी नक्षत्र में रौद्र कर्म द्वारा हवन करके, सम्पन्न अग्नि प्रतीकार रहित होती है अर्थात् अतिदाहक होती है ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) दष्टा : काटना ।

(२) अभिमृष्टा : स्पर्श किया हुआ ।

पाठभेद :

'गोधात्रिपक्ष' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'गोधात्रीपक्ष' तथा 'मुष्ट्रिकाया' का तंजौर में 'मुष्टिकायां' तथा 'कृष्णसर्पो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कृष्णो सर्पो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३३. (१) रक्त : लाल ।

(२) श्वेत : सादा या सफेद ।

(३) गोधा : गोह । द्र० १०:६:३५ ।

(४) पितृपक्ष : आश्विन मास का कृष्ण पक्ष ।

(५) उष्ट्रिका : ऊँटनी । द्र० १४:२:४४ ।

(६) कृष्ण सर्प : काला सांप :

पाठभेद :

'दग्धोऽङ्गारो ज्वालो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'दग्धोद्वारोज्जवलो' तथा श्रीमूल में 'दग्धोऽङ्गारोऽज्वालो' तथा 'कर्मणाऽभिहुतो का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कर्मणाऽभिहतो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) अनुवासित : कुछ दिन तक रखने पर या बसाया हुआ ।

(२) कृत्तिका : सत्ताईस नक्षत्रों में तीसरा नक्षत्र, तारों का पुञ्ज ।

(३) भरणी : तीन तारों का पुञ्ज जो दूसरा नक्षत्र है ।

(४) रौद्र : रुद्र देवता के लिए है ।

(५) प्रणीत : अनुष्ठित या बनाया हुआ ।

कर्मा[1]रादग्निमाहृत्य क्षौद्रेण[2] जुहुयात्पृथक् ।
सुरया शौण्डि[3]कादग्निं मा[4]र्गतोऽग्निं घृतेन च ॥

३५. कर्मार से अग्नि लाकर क्षौद्र से हवन करे, शौण्डिक से अग्नि लाकर, सुरा से तथा मार्ग से अग्नि लाकर, घृत से हवन करे ।

माल्येन चैक[1]पत्न्यग्निं पुंश्च[2]ल्यग्निं च सर्षपैः ।
दध्ना[3] च सूतिका[4]स्वाग्निमा[5]हिताग्निं च तण्डुलैः ॥

३६. पतिव्रता की अग्नि में माला से, पुंश्चली की अग्नि में सर्षपों से, सूतिका गृह की अग्नि में दधि से तथा अग्निहो त्री की अग्नि में तण्डुलों (चावलों) से हवन करे ।

चाण्डा[1]ग्निं च मांसेन चिता[2]ग्निं मानुषेण च ।
समस्तान् बस्तवसया मानु[3]षेण ध्रुवे[4]ण च ॥

३७. चाण्डाल की अग्नि में मांस से, चिताग्नि में मनुष्य मांस से, हवन करे और पुनः समस्त अग्नियों में बकरे की वसा, मनुष्य मांस से, अश्वत्थ में (हवन) करे ।

पाठभेद :

'मार्गतोऽग्नि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'भागः वोऽसि', श्रीमूल में 'भार्ग्यायोऽग्नि' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३५. (१) कर्मार : लोहार । याज्ञ० १:१६३ । मनु० ४:२१५ । गण० ३:२१९ ।

(२) क्षौद्र : शहद ।

(३) शौण्डिक : मदिरा बेचनेवाला । द्र० ४: १:२ ।

(४) मार्ग : रास्ता ।

पादटिप्पणी :

३६. (१) एकपत्न्य : सती स्त्री ।

(२) पुंश्चली : व्यभिचारिणो या आचार ९ ।

(३) दध्ना : दही ।

(४) सूतिका : जच्चा घर ।

(५) आहिताग्नि : ब्राह्मण या अग्निहोत्री के घर की पवित्र अग्नि ।

पादटिप्पणी :

३७. (१) चाण्डालाग्निं : डोम के घर की अग्नि । द्र० १:१४:३३, १:१४:३, ६२ ।

(२) चिताग्नि : चिता से लाई गयी अग्नि ।

(३) वस्तबसया : बकरे की चर्बी । गण० ३: २२० ।

(४) मानुष : मनुष्य का मांस । द्र० १:२०:४, गण० १:९९, ३:२०२ ।

(५) ध्रुव : सूखी लकड़ी या अस्वत्थ की लकड़ी ।

जुहु[1]यादग्निमन्त्रेण राजवृ[2]क्षस्य दारुभिः ।
एष निष्प्रतीकारोऽग्निर्द्विषतां नेत्रमोहनः ।।

३८. राजवृक्ष की लकड़ियों से अग्नि मन्त्र द्वारा हवन करे । यह अग्नि प्रतीकार रहित होता है और उससे शत्रुओं की दर्शन शक्ति मूढ हो जाती है ।

अदिते[1] नमस्ते, अनुमते[2] नमस्ते, सरस्वति[3] नमस्ते, देवसवितर्[4]नमस्ते ।

३९. अदिते नमस्ते इत्यादि मन्त्र से हवन किया जाय ।

अग्नये[1] स्वाहा, सोमाय[2] स्वाहा, [3]भूः स्वाहा, भुवः[4] स्वाहा ।

४०. अग्नये स्वाहा इत्यादि मन्त्र हवन में प्रयोगार्ह है ।

इत्यौपनिषदिके चतुर्दशेऽधिकरणे परबलघातप्रयोगः प्रथमोऽध्यायः ।

चौदहवें अधिकरण औपनिषदिक के अन्तर्गत परबलघातप्रयोग सम्बद्ध प्रथम अध्याय

पाठभेद :

'वृक्षस्य दारुभिः' का तंजौर में 'वृक्षदारुभिः', तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'वृक्षकदारुभिः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३८. (१) जुहुयात् : यज्ञ की हवि देना ।

(२) राजबृक्ष : अमिलतास या पियाल । द्र० ४:१:२३ । गण० ३:२१७ ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) अदिति : ऋग्वैदिक देवी । देवताओं की माता । ऋ० ८:१०:१४, १:१९:१०, १:१५३:३ ८:९:१५ ।

(२) अनुमति : वैदिक देवी अथर्वेद । गण० १:१८:२ । ऋ० १०:५६:९७, १०:१६:३ ।

(३) सरस्वति : वैदिक देवी । ऋ० १:३:१०, ११, १२, १:१३:९, १:८९:३ ।

(४) सवितु : वैदिक देवी । ऋ० १:३४:१०, १:२३, ३, १:२४:२६ ।

पादटिप्पणी :

४०. (१) अग्नि : वैदिक देवता । ऋ० १:६६: ८, १:१४३, ५, ५:४:३, ३:१:१८, २:३, १६:९, २:१९:१५, २:३५, १:३:८, २:३६:३ ।

(२) सोम : वैदिक देवता, एक लता, चन्द्रमा, सुभृत कपूर ।

(३) भू : पृथ्वी, भूलोक । द्र० ७:४:२, ७ ।

(४) भुव : अन्तरिक्षलोक ।

पाठभेद

गणपतिशास्त्री संस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे औपनिषदिके चतुर्दशाधिकरणे प्रथमोऽध्यायः परघातप्रयोगः, आदितः षट्चत्वारिंशदुत्तरशततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इत्यौपनिषदिके परघातप्रयोगः प्रथमोऽध्यायः आदितः षट्चत्वारिंशदुत्तरशततमः ।

१४:१

आदितः षट्चत्वारिंशच्छततमः ।

समाप्त। आदि से एक सौ छियालीसवां अध्याय समाप्त।

क संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे उपनिषदिके चतुर्दशेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः परघातप्रयोगः, आदितः षट्चत्वारिंशदुत्तरशततमः ।

उदयवीरशास्त्री संस्करण में—

इत्यौपनिषदिके चतुर्दशेऽधिकरणे परघातप्रयोगः प्रथमोऽध्यायः ।:१।। आदितः षट्चत्वारिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ।।१४६।।

अध्याय २

[अष्टसप्ततिशततमं प्रकरणम्—प्रलम्भनम्[1], तत्र अद्भुतोत्पादनम्]

एक सौ अठहत्तरवाँ प्रकरण—प्रलम्भन और उसमें अद्भुतोत्पादन

शिरीषो[2]दुम्बर[3]शमी[4]चूर्णं सर्पिषा[5] संहृत्यार्धमासिकः क्षुद्योगः[6] ।

१. शिरीष, उदुम्बर एवं शमी का चूर्ण सर्पिष के साथ मिलाकर खाने से आधे मास तक भूख नहीं लगती । यह क्षुद्योग है ।

कशेरु[1]कोत्पल[2]कन्देक्षु[3]मूलविस[4]दूर्वा[5]क्षीर[6]घृत[7]मण्ड[8]सिद्धो मासिकः ।

२. कसेरुक, उत्पल कन्द, इक्षुमूल, विस, दूर्वा, क्षीर, घृत एवं मण्ड में सिद्ध योग एक मास तक क्षुधाशान्त करता है ।

पाठभेद :

'सर्पिषा संहृत्या' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सपिषां हृत्या' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१. (१) प्रलम्भन : धोखा देना, वञ्चना, भ्रान्त करना, प्रलोभन देना, छलना, मोहित करना ।

(२) शिरीष : सिरिस वृक्ष या शुकतरु । श्वेत शिरिष और कृष्ण । तीसरी प्रकार की शिरीष की छाल श्वेत-पीत या हरित पीत होती है । करहार या किनही कहते हैं । किणही का अपभ्रंश किनही है । यह एक विषघ्न द्रव्य है । एक प्रकार का और शिरीष पाया जाता है, जिसे भण्डीर कहते हैं ।

(३) उदुम्बर : गूलर ।

(४) शमी : शिम्बा, वागुजी, छिकुर, छेकरा । मनु० ८:२४, याज्ञ० १:३०२ ।

(५) सर्पिषा : घृत ।

(६) क्षुधा : भूख । मनु० ७:१३४, ४:१८७ ।

पाठभेद :

'कोत्पल' का तंजौर में 'कोल्पल' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२. (१) कशेरुक : इसे रोमराजलकन्द कहते हैं । वृष्यकन्द, राजकसेरुक, कसेरु, गुण्डकन्द, सूकरेष्ट नाम मिलता है । यह सारे भारत में प्राप्त है । शृंगाहक के साथ इसका उल्लेख तथा श्राद्ध में देने का विधान है । शंखलिखित धर्म सूत्र तथा पातञ्जलि महाभाष्य ।

(२) उत्पल : नील कमल ।

(३) इक्षमूल : गन्ना या ईख की जड़ ।

(४) विस : मृणाल या कमलनाल ।

(५) दूर्वा : दूब ।

(६) क्षीर : दूध ।

(७) घृत : घी ।

(८) मण्ड : मलाई या माड़ ।

१४:२:३-५]

माष[1]यव[2]कुलत्थ[3]दर्भमूल[4]चूर्णं वा क्षीरघृताभ्याम्, वल्ली[5]क्षीरघृतं वा सम[6]सिद्धं, साल[7]पृश्नि[8]पर्णीमूलकल्कं पयसा पीत्वा, पयो वा तत्सिद्धं मधुघृताभ्यामशित्वा मासमुपवसति ।

३. माष, यव, कुलत्थ एवं दर्भमूल का चूर्ण क्षीर एवं घृत से पीकर अथवा वल्ली, क्षीर एवं घृत समान प्रमाण में सिद्ध करके, पीकर अथवा साल एवं पृश्निपर्णी के मूल का कल्क दूध से पीकर अथवा उक्त कल्क के साथ सिद्ध दूध मधु-घृत के साथ पीकर एक मास तक उपवास करने में मनुष्य समर्थ होता है ।

श्वेतबस्तमूत्रे सप्तरात्रोषितैः सिद्धार्थकैः सिद्धं तैलं कटुका[2]लाबौ[3] मासार्धमासस्थितं चतुष्पद[4]द्विपदानां[5] विरूप[6]करणम् ।

४. श्वेत बकरे के मूत्र में सात रात तक रखे गये, सिद्धार्थक का तैल कडुवे तुम्बी में एक महीना या पन्द्रह दिन रहने पर, चतुष्पदों एवं द्विपदों के ऊपर लगाये जाने पर, विरूप करता है ।

तक्र[1]यव[2]भक्षस्य सप्तरात्रादूर्ध्वं श्वेतगर्दभस्य लेण्ड[3]यवैः सिद्धं गौर[4]सर्षपतैलं विरूपकरणम् ।

५. सात रात्रि तक तक्र-यव खाने वाले पुरुष को बाद में श्वेत गर्दभ की लीद एवं यव से सिद्ध गौरसर्षप का तैल प्रयोग करने से विरूप करता है ।

पाठभेद

'तत्सिद्धं मधु' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'तत्सिद्धमधु' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी ।

३. (१) माष : उर्द ।

(२) यव : जौ ।

(३) कुलत्थ : कुलथी, देव यज्ञ में यह निषिद्ध माना गया है ।

(४) दर्भमूल : कुश की जड़ ।

(५) वल्ली : अजमोदा, अजवायन, देशी अजवायन की लता होती है ।

(६) सम : बराबर ।

(७) साल : साल वृक्ष ।

(८) पृश्नि : परर्णी ।

(९) जलकुम्भी : जलपिप्पली, गज पीपल मिट वन ।

पादटिप्पणी :

४. (१) सिद्धार्थक : सरसो ।

(२) कटुक : तीक्ष्ण, तीता, कडुआ, तीती ।

(३) अलावु : तुम्बी, लौकी, विष्णु धर्मसूत्र के अनुसार निषिद्ध आहारों में कटु तुम्बी भी है, इसका विषघ्न प्रयोग है । विशेषतः सर्प दंश में ।

(४) चतुष्पद : चौपाया ।

(५) द्विपद : दो पैरवाले ।

(६) विरूप : रंगरूप बदल जाना ।

पादटिप्पणी :

५. (१) तक्र : मट्ठा, घोल या छाछ ।

(२) यव : जव ।

(३) लेण्ड : लीद, विष्टा ।

(४) गौरसर्षप : सफेद सरसो ।

एतयो[1]रन्यतरस्य मूत्रलेण्डरससिद्धं सिद्धार्थकतैलमर्क[2]तूल[3]पतङ्ग[4]चूर्णप्रतीवापं[5] श्वेतीकरणम् ।

६. श्वेत बकरे या श्वेत गर्दभ के मूत्र और लीद के रस में सिद्ध सरसों का तैल अर्क, तूल एवं पतङ्ग का चूर्ण का एक साथ मिश्रण श्वेतोकरण योग होता है। अर्थात् इसका प्रयोग श्वेत कर देता है।

श्वेतकुक्कुटा[1]जगर[2]लेण्डयोगः श्वेतीकरणम् ।

७. श्वेत कुक्कुट एवं अजगर के पुरीष (लीद) से सम्पन्न योग श्वेत करने वाला होता है।

श्वेतबस्त[1]मूत्रे श्वेतसर्षपाः सप्तरात्रोषितास्तक्रमर्कक्षीर[2]लवणं धान्यं[3] च पक्षस्थितो योगः श्वेतीकरणम् ।

८. श्वेत बकरे के मूत्र में सात रात्रि पर्यन्त रखे गये श्वेत सरसों और तक्र, अर्कक्षीर, लवण एवं धान्य पन्द्रह दिन स्थित रहे, यह योग श्वेतोकरण है।

कटुकालाबौ[1] वल्लीगते[2] गतमर्धमासस्थितं गौरसर्षपपिष्टं रोम्णां[3] श्वेतीकरणम् ।

९. लता में लगे कटुक अलाबु (तुम्बी) में पन्द्रह दिन रखा गया श्वेत सरसो पीसने के पश्चात् उपयोग करने पर रोम को श्वेत करता है।

पाठभेद :

'सिद्धार्थक तैल' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सिद्धार्थ तैल' तथा 'पतङ्गचूर्ण' का तंजौर एवं तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पतङ्गपूर्ण' पाठभेद मिलता।

पादटिप्पणो :

६. (१) एतयोश्वेत : बकरी या गधे से तात्पर्य है।

(२) अर्क : मदार।

(३) तूल : रुई, कपास।

(४) पतङ्ग : पारस पीपल, शाली भी अर्थ किया गया है। पतंग का उल्लेख सुश्रुत संहिता तथा अष्टांग हृदय में मिलता है। इसको पत्रांग पट्ट रंजन पट्टराग, सपन, बकम कहते हैं। बकम का बूकम नाम प्रसिद्ध है। दक्षिण भारत तथा बंगाल में इसके स्वयं जात वृक्ष होते है। एक मत के अनुसार पट्टरङ्गम् भी अर्थ किया गया है।

(५) प्रतीवाप : द्र० २:२५:२२, २:१२:५, ८:९:१२। गण० ३:२२३।

पादटिप्पणी :

७. (१)कुक्कुट : मुर्गा या जंगल का मुर्गा।

(२) अजगर : अजगर।

पादटिप्पणी :

८. (१) बस्त : बकरा।

(२) अर्कक्षीर : मदार का दूध।

(३) धान्य : अनाज। द्र० १४:१:३३; गण० ३:२१८।

पाठभेद :

'गतम्' का श्रीमूलमें 'नगरम्' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

९. (१) कन्दुकालावु : तीती तुम्बी या लौकी या कुट्टतुम्बी। गण० ३:२२१।

(२) वल्लीगते : लता में लगा रहना। द्र० १४:२:३। गण० ३:२२१।

(३) रोम्ण : बाल। द्र० ५:२:१४।

अलोजुनेति[1] यः कीटः श्वेता[2] च गृह[3]गोलिका ।
एतेन पिष्टेनाभ्यक्ताः केशाः स्युः शङ्खपाण्डराः ॥

१०. अलोजुन कीट, श्वेत गृहगोलिका इन्हें पीसकर लगाने से केश शंखवत् श्वेत हो जाते हैं ।

गोमयेन[1] तिन्दुका[2]रिष्ट[3]कल्केन वा मर्दिताङ्गस्य भल्लातकरसानुलिप्तस्य मासिकः कुष्ठयोगः ।

११. गोमय अथवा तिन्दुक एवं अरिष्ट के कल्क से मर्दन किये गये अंग में भल्लातकरस का लेप करने से एक मास में कुष्ठ हो जाता है ।

कृष्णसर्पमुखे गृहगोलिकामुखे वा सप्तरात्रोषिता गुञ्जा[1]ः कुष्ठयोगः ।

१२. कृष्णसर्प अथवा गृहगोलिका के मुख में सात रात्रि तक स्थित गुञ्जा कुष्ठ उत्पन्न करता है ।

शुकपित्ता[1]ण्ड[2]रसाभ्यङ्ग[3]ः कुष्ठयोगः ।

१३. शुक के पित्त एवं अण्डा के रस का लेप कुष्ठोत्पादक होता है ।

पाठभेद :

'अलोजुनेति यः कीटः' का श्रीमूल में 'अर्कतूलोऽर्जुने कीटः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) अलेजुन : एक प्रकार का कीट या कीड़ा ।

(२) श्वेत : सफेद, श्वेत कौड़ी, श्वेत कन्टकारी श्वेत दूर्वा ।

(३) गृहगोलिका : छिपकली । गण० ३:२१४ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) गोमय : गोवर ।

(२) तिन्दुक : तिन्द का वृक्ष । इसका दन्तधावन निषिद्ध है । यह सहारनपुर और शिवालिक के पश्चिम भाग में होते हैं । इसके दो प्रकार होते हैं । एक को विष तेन्दू दूसरे को पित्रा कहते है । इसका फल कड़वा या दुर्गन्ध युक्त होता है ।

(३) अरिष्ट : रीठा, चर्म वैलूण्यकर योग में काम आता है, आयुर्वेद साहित्य, निघण्टु एवं संस्कृत कोषों में 'अरिष्ट' संज्ञा बह्वर्थक है । इस प्रसङ्ग में इससे 'रीठा' समझने हैं । इसका प्रयोग नीम के वृक्ष के रूप में भी मिलता है । मादक शराब के लिए भी इस शब्द का प्रयोग किया जाता है । इसके बीज काले चिकने होते हैं । कमायूँ के जंगलों में बहुत मिलते हैं । गण० ३:२३, ३:२३३ ।

पादटिप्पणी :

१२. (१) गुञ्जा : घुमची, चोडली, रत्ती । द्र० १४:१:११, ११:३:१ । गण० ३:२१५, २३६ ।

पादटिप्पणी :

१३. (१) पित्त : पित्त ।

(२) अण्ड : अण्डा ।

(३) अभ्यङ्ग : मालिस या मर्दन ।

कुष्ठस्य प्रियाल[1]कल्क[2]कषाय[3]: प्रतीकारः ।

१४. प्रियाल कल्क का कषाय, कुष्ठ का प्रतीकार है अर्थात् कुष्ठ दूर करता है।

कुक्कुट[1]कोशातकी[2]शतावरी[3]मूलयुक्तमाहारयमाणो मासेन गौरो भवति ।

१५. कुक्कुट, कोशतकी एवं शतावरी मूल का आहार कर्ता एक मास में गौर हो जाता है।

वट[1]कषाय[2]स्नातः सहचर[3]कल्कदिग्धः कृष्णो भवति ।

१६. वट कषाय में स्नात तथा सहचर के क्वाथ से लिप्त पुरुष कृष्ण वर्ण हो जाता है।

शकुन[1]कङ्गु[2]तैलयुक्ता हरिताल[3]मनःशिला[4]ः श्यामीकरणम् ।

१७. शकुन एवं कङ्गु तैल से युक्त हरिताल और मनः शिल श्यामवर्ण करता है।

खद्योत[1]चूर्णं सर्षपतैलयुक्तं रात्रौ ज्वलति ।

१८. सर्षप तैल युक्त खद्योत चूर्ण रात्रि में प्रज्वलित होता है।

पादटिप्पणी :

१४. (१) प्रियाल : चिरौंजी । द्र० १३:४:१९ । गण० ३:२०३, २२३ ।

(२) कल्क : काढ़ा या मिट्टी । यज्ञ० १:२७१ । गण० ३:२२३ ।

(३) कषाय : एक तरह का क्वाथ जिसका चतुर्थांश शेष रहता है ।

पाठभेद :

'कुक्कुट' का श्रीमूल में 'कुक्कुटो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१५. (१) कुक्कुट : १४:२:७ ।

(२) कोशातकी : पटोली, तरोई या धामार्गव या चिचड़ा ।

(३) शतावरी : संतावर ।

पादटिप्पणी :

१६. (१) वट : बरगद । गण० ३:२२३ ।

(२) कषाय : क्वाथ । द्र० १४:२:१४ ।

(३) सहचर : पियावासा या कटसरैया। गण० ३:२२३ ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) शकुन : गृद्ध । याज्ञ० १:१६८। गण० ३:२२३ ।

(२) कंगु : कांगनी या प्रियङ्गु ।

(३) हरिताल : गन्धक संखिया से बना एक खनिज द्रव्य ।

(४) मनःशिला : मैनशिल, कुनटी ।

पादटिप्पणी :

१८. (१) खद्योत : जुगनू या सनकिरवा । द्र० १४:३:३ ।

खद्योतग[1]ण्डूपदचूर्णं समुद्रज[2]न्तूनां भृ[3]ङ्गकपालानां ख[4]दिरक[5]र्णिकाराणां पुष्पचूर्णं वा शकुनकङ्गुतैलयुक्तं तेज[6]नचूर्णम् ।

१९. खद्योत एवं गण्डूपद चूर्ण, समुद्र जन्तुओं का चूर्ण, भृंग कपालों का चूर्ण अथवा खदिर एवं कर्णिकार के पुष्प का चूर्णं शकुन एवं कङ्गुतैल से युक्त तेजन चूर्ण या—

परि[1]भद्रकत्वङ्[2]मषी [3]मण्डूकवसया युक्ता गात्रप्रज्वालनमग्निना ।

२०. मण्डूकवसा से युक्त नोम की छाल से वनी स्याही शरीर को अग्नि से बिना पीडा के प्रज्वलित करती है ।

पारिभद्रकत्वक्तिलकल्कप्रदिग्धं शरीरमग्नि ना ज्वलति ।

२१. पारिभद्र की छाल एव तिलकल्क से लिप्त शरीर (विना पीड़ा के) अग्नि से प्रज्वलित होता है ।

पीलुत्व[1]ङ्मषीमयः पिण्डो हस्ते ज्वलति ।

२२. पीलुछाल की स्याही का पिण्ड (गोला) हाथ में प्रज्वलित होता है ।

मण्डूकवसादिग्धोऽग्निना ज्वलति ।

२३. मण्डूकवसा से लिप्त होने पर, अग्नि से प्रज्वलित होता है ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) गण्डूपद : केंचुआ छोटा, गेडुए ।

(२) समुद्रजन्तु : समुद्री जीव ।

(३) भृंग : भौंरा; मस्तकचूर या भुजंगा या कौंछग पक्षी ।

(४) खदिर : खैर । गण० ३:२२४ ।

(५) कर्णिकार : कनैल । गण० ३:२२४ ।

(६) तेजन चूर्णः : द्र० १३:२:२३ । गण० ३:३१६ ।

पादटिप्पणी :

२०. (१) पारभद्रक : नीव । द्र० १४:२:२७, गण० ३:२०३, २२४, २२५ ।

(२) मषी : कज्जल, स्याही । द्र० १४:४:१९ । गण० ३:२०३, २२४ ।

(३) मण्डूक : मेढ़क ।

पाठभेद :

'भद्रकत्वक्तिल' का श्रीमूल में 'भद्रकत्वग्वज्र-कदलीतिल' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२२. (१) पीलुत्वक् : पीलू की छाल । द्र० १४:१:१२, २३, १४:२:३४ । गण० ३:२२६, सिद्धमन्त्र० ९३, ९८, १३१ । हृदयदीपिका० ११४ ।

(२) मषी : स्याही ।

तेनप्रदिग्धमङ्गं कु[1]शाम्रफलतैलसिक्तं स[2]मुद्रमण्डूकीफे[3]नकस[4]र्जरसचूर्णयुक्तं वा ज्वलति ।

२४. उक्त पिण्ड से लिप्त अंग कुश एवं आम्रफल के तैल से सिक्त अथवा समुद्र की मण्डूकी, समुद्रफेन, एवं सर्जरस से युक्त होने पर (अग्नि से) प्रज्वलित होता है ।

मं[1]ण्डूकक[2]ुलीरादीनां वसया समभागं तैलं सिद्धमभ्यङ्गं गात्राणामग्निप्रज्वालनम् ।

२५. मण्डूक, कुलीर आदि की वसा के साथ समभाग सिद्ध तैल लगाने से शरीर अग्नि से प्रज्वलित होता है ।

बेणु[1]मूलशैव[2]ललिप्तमङ्गं मण्डूकवसादिग्धमग्निना ज्वलति ।

२६. वेणुमूल एवं शैवाल लिप्त तथा मण्डूकवसा परिलिप्त अंग अग्नि से प्रज्वलित होता है।

पारिभ[1]द्रकप्रतिबलो[2]वञ्जुल[3]वज्र[4]कद[5]लीमूलकल्केन मण्डूकवसासिद्धेन तैलेनाभ्यक्तपादोऽङ्[6]गारेषु गच्छति ।

२७. पारिभद्रक, प्रतिवला, वञ्जुल, वज्र एवं कदली के मूल के कल्क और मण्डूकवसा से सिद्ध तैल पैर में लगाकर पुरुष अंगारों पर चलने में समर्थ होता है ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) कुशाम्र : एक फल कुसुम । द्र० १४:२:३५ ।

(२) समुद्रमण्डूकी : समुद्र की मेढ़की । गण० ३:२२२ ।

(३) फेन : समुद्रफेन ।

(४) सर्ज : विरोजा, साल से चूने वाला रस या राल । द्र० १३:७:१८, गण० ३:२२४ ।

पाठभेद :

'मण्डूक कुलीरा' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मण्डूकवसाकुलीरा', श्रीमूलमें' 'मण्डूकवसासिद्धेन पयसा कुलीरा' तथा 'अभ्यङ्गं' का तेलगू अनुप्रति लिपि में 'अभ्यङ्गो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२५. (१) कुलीर : केकड़ा; चौथी राशि अर्थात् कर्क । द्र० १४:२:४०, गण० ३:२२५ ।

(२) मण्डूक : मेढ़क, कुछ पौधों के नाम यथा मण्डूकपर्णी ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) वेणुमूल : बांस की जड़ ।

(२) शैवल : शैवाल; सेवार, जलनीली ।

पाठभेद :

'वसासिद्धेन' का तेलगू अनुप्रतिलिपिमें 'वसादिग्धेन' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२७. (१) पारिभद्रक : नीबू द्र० २३:२:२० ।

(२) प्रतिबला : खरेठो औषधि विशेष ।

(३) वन्जुल : बेंत, नरकुल, तिनिस ।

(४) वज्र : थोहर । द्र० १०:६:३५ ।

(५) कदली : केला ।

(६) अंगार : जलता कोयला ।

उपोदका[1] प्रतिबला[2] वञ्जुलैः[3] पारिभद्रकः ।
एतेषां मूलकल्केन मण्डूकवसया सह ॥

२८. उपोदका, प्रतिबला, वञ्जुल एवं पारिभद्रक को मूल का कल्क मण्डूक वसा के साथ—

साधयेत्तैलमेतेन पादावभ्यज्य निर्मलौ ।
अङ्गारराशौ विचरेद्यथा कुसुमसंचये ॥

२९. सिद्ध करे, इस तैल को निर्मल पैरों में लगाकर, पुष्प राशि के समान अंगार राशि पर, पुरुष चलने में समर्थ होता है ।

हंसक्रौञ्च[1]मयूराणामन्येषां वा महा[2]शकुनीनामुदकप्लावानां[3] पुच्छेषु बद्धानल[4]दीपिका रात्रावुल्का[5]दर्शनम् ।

३०. हंस, क्रौंच, मयूर अथवा अन्य बड़े जल पक्षियों के पूँछों में बांधी गयी नलदीपिका रात्रि में उल्का सदृश दिखायी पड़ती है अर्थात् लोगों में भय उत्पन्न करती है ।

वैद्युतं भस्माग्निशमनम् ।

३१. विद्युत् से जली लकड़ो का भस्म अग्नि को शान्त करता है ।

स्त्रीपुष्प[1]पायिता माषा[2] व्रजकुली[3]मूलं मण्डूकवसामिश्रं चुल्ल्यां[4] दीप्तायामपाचनम् ।

३२. स्त्रीपुष्पपायिता माष एवं मण्डूकवसामिश्रित व्रजकुलीमूल चूल्हा के जलने पर भी नहीं पकते हैं ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) उपोदक : पुदीना ।

(२) प्रतिबला : खरेटी । द्र० १४:२:२७ ।

(३) वञ्जुल : वेत । द्र० १४:२:२७ ।

(४) पारिभद्रक : नीम । द्र० १४:२:२०, २७ ।

पादटिप्पणी :

३०. (१) क्रौञ्च : जलकुक्कुटी, कुररी । मनु० १२:६४ ।

(२) महाशकुनी : बड़ा पक्षी । द्र० १४:२:१७ । गण० ३:२२३ ।

(३) उदकप्लावानाम् : जल में तैरने वाले । गण० ३:१०९, १८१, २१५ ।

(४) नल : नरसल या बेंत ।

(५) उल्का : लूक । मनु० १:३८, याज्ञ० १:१४५, १३:१:१०, गण० ३:१८२ ।

पाठभेद :

'मूलं मण्डूक' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मूलमण्डूक' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) पुष्पपायिता : रजोधर्म का रक्त ।

(२) माषा : उड़द ।

(३) व्रजकुली : मूल, कटहल की जड़ गणपति शास्त्री के अनुसार । गण० ३:३२५ ।

(४) चुल्ल : चूल्हा ।

चुल्लीशोधनं प्रतीकारः ।

३३. चूल्हे से उतार कर उन्हें दूर करना ही उसका प्रतीकार है ।

पीलु[1]मयो मणि[2]रग्निगर्भः सुवर्चला[3]मूलग्रन्थिः सूत्रग्रन्थिर्वा पिचु[4]परिवेष्टितोमुखादग्निधूमोत्सर्गः ।

३४. पीलु का अग्निगर्भ कलश, सुवर्चलामूल की ग्रन्थि (गांठ) अथवा सुवर्चला की सूत्रग्रन्थि पिचु से परिवेष्टित होकर मुख से अग्नि-धूम निकालने का साधन होती है ।

कुशाम्र[1]फलतैलसिक्तोऽग्निर्वर्षप्रवातेषु ज्वलति ।

३५. कुश, आम्रफल, तैल से प्रज्वलित अग्नि वर्षा और वात (वायु) में भी जलती रहती है।

समुद्रफेनकस्तैलयुक्तोऽम्भसि प्लव[1]मानो ज्वलति ।

३६. तैल युक्त समुद्रफेन जल में तैरता हुआ, प्रज्वलित होता है ।

प्लव[1]मानानामस्थिषु कल्मा[2]षवेणुना निर्मथितोऽग्निर्नोदकेन शाम्यति, उदकेन ज्वलति ।

३७. प्लवमानों को हड्डियों में कल्माषवेणु से मथकर उत्पन्न की गयी अग्नि जल से शान्त नहीं होती अपितु जल से और प्रज्वलित होती है ।

पाठभेद

'पिचुपरिवेष्टितो' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'विचुपरिवेष्टितो' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३४. (१) पीलु : गुड़फल । द्र० १४:१:१३, २३, १४:२:२२, गण० ३:२२६ ।

(२) मणि : बड़ा कलश ।

(३) सुवर्चला : अलसी, हुरहुर सूर्यमुखी का फूल, आदित्यभक्ता, सिद्धमन्त्र ५९, हृ० दी० २० ।

(४) पिचु : रुई । गण० ३२६ :

पादटिप्पणी

३५. (१) कुशाम्र : द्र० १४:२:२४ ।

३६. (१) प्लवमान : तैरना । द्र० २:२:२४; १४:२:३० ।

पाठभेद :

'प्लवमानानाम्' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'प्लवङ्गमानाम्' पाठभेद मिलता है । तथा 'उदकेन ज्वलति' का श्रीमूल में 'उटकेन च ज्वलति' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३७. (१) प्लवमान : तैरने वाली पक्षियों की हड्डी ।

(२) कल्माष : चितकबरा । द्र० १:२०:४, गण० ३:२२६ ।

शस्त्रहतस्य शूलप्रोतस्य वा पुरुषस्य वामपार्श्वपर्शु[1]कास्थिषु कल्माषवेणुना-निर्मथितोऽग्नि, स्त्रियः पुरुषस्य वाऽस्थिषु मनुष्यपर्शुकया निर्मथितोऽग्निर्यत्र त्रिरपसव्यं गच्छति न चात्रान्योऽग्निर्ज्वलति ।

३८. शस्त्र द्वारा हत अथवा शूल निहत पुरुष के वामपार्श्व की पसलियों में कल्माषवेणु द्वारा मथकर उत्पन्न की गयी अग्नि अथवा स्त्री और पुरुष को पसली की हड्डियों में पुरुष की पसली (की हड्डी) से मथकर उत्पादित अग्नि जहाँ तीन वार अपसव्य (बायीं ओर से) घुमा दी जाय वहाँ अन्य अग्नि प्रज्वलित नहीं होती है ।

चुच्छुन्दरी[1] खञ्जरीटः[2] खारकीटश्च[3] पिष्यते ।
अश्वमूत्रेण संसृष्टा निगलानां[4] तु भञ्जनम् ॥

३९. चुच्छुन्दरी, खञ्जरीट एवं खारकीट पृथक्-पृथक् अश्वमूत्र के साथ पीसा जाय पुनः मिश्रित किया जाय । यह मिश्रण लौह तोड़ने वाला होता है ।

अयस्कान्तो[1] वा पाषाणः कुलीर[2]दर्दुर[3]खारकीट[4]वसाप्रदेहेन द्विगुणः ।

४०. अथवा कुलीर, दर्दुर एवं खारकीट की वसा से लिप्त अयस्कान्तपाषाण दूना प्रभावकारी होता है अर्थात् निगड भंजक होता है ।

नारकगर्भः[1] कङ्क[2]भास[3]पार्श्वो[4]त्पलो[5]दकपिष्टश्चतुष्पदद्विपदानां पादलेपः ।

४१. नारकगर्भ कंक एवं भास की पसली उत्पल और जल से पीसकर चतुष्पदों और द्विपदों का पादलेप बनता है । इसका लेप करके चलने से थकावट नहीं आती ।

पाठभेद :

'पर्शुकास्थिषु' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पशुकास्थिषु' तथा 'पशुर्कया' का 'पशुकया' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३८. (१) पर्शुला : पसली ।

पादटिप्पणी :

३९. (१) चुच्छुन्दरी : छँछ़दर । गण० ३: १३०, २१८ ।

(२) खञ्जरीट : खञ्जन । गण० ३:२२६ ।

(३) खारकीट : खारी भूमि से उत्पन्न कीड़ा या ऊसर भूमि से उत्पन्न कीड़ा ।

(४) निगल : सिक्कड़, जंजीर, शृंखला ।

पाठभेद :

'कुलीरद' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'कुलिन्द' तथा श्रीमूल में 'कुलीराण्ड' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४०. (१) अयस्कान्त : चुम्बक । अयसकरा अर्थ लोहा या फौलाद । गण० १:२२३, ३:२२६ ।

(२) कुलीर : केकड़ा, कर्कट । द्र० १४:२:२५, गण० ३:३२७ ।

(३) दर्दुर : मेंढ़क ।

(४) खारकीट : द्र० १४:२:३९ ।

पाठभेद :

'नारकगर्भः' का श्रीमूल में 'दारकगर्भः' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४१. (१) नारकगर्भ : बछड़े का गर्भ ।

(२) कङ्क : बगुला ।

(३) भास : गृद्ध ।

(४) पार्श्व : पसली ।

(५) उत्पल : नील कमल ।

उलूकगृध्रवसाभ्यामुष्ट्रचर्मोपानहावभ्यज्य वटपत्रैः प्रतिच्छाद्य पञ्चयोजनान्यश्रान्तो गच्छति ।

४२. उलूक और गृध की वसा से, ऊँट के चर्म से, बने जूते लिप्त कर तथा उन्हें वट पत्र से आच्छादित कर (और उन्हें पहनकर) पचास योजन बिना श्रम के मनुष्य चलने में समर्थ होता है।

श्येन[1]कङ्क[2]काक[3]गृध्र[4]हंस[5]क्रौञ्च[6]वीचीर[7]ल्लानां मज्जानो रेतांसि वा योजनशताय, सिंहव्याघ्रद्वीपिकाकोलूकानां मज्जानो रेतांसि वा ।

४३. श्येन, कंक, काक, गृद्ध, हंस, क्रौंच एवं वीचिरल्ल की मज्जा या रेतस अथवा सिंह, व्याघ्र, द्वीपि, काक और उलूक की मज्जा या रेतस् (का लेप) सौ योजन बिना श्रम गमन कराने वाला होता है।

सार्ववर्णिकानि गर्भपतनान्युष्ट्रिकायामभिषूय[2] श्मशाने प्रेतशिशून वा तत्समुत्थितं मेदो योजनशताय ।

४४. सभी वर्णों के गर्भपातों को मिट्टी के बर्तन में निचोड़कर अथवा मृत शिशुओं को श्मशान स्थल पर बर्तन से निचोड़ कर उन सब मज्जाओं का लेप सौ योजन (बिना श्रम) गमन कराने वाला होता है।

अनिष्टैरद्भुतोत्पातैः परस्योद्वेगमाचरेत् ।
आराज्यायेति निर्वादः समानः कोपे उच्यते ।।

४५. विजिगीषु राज्य के लिये अनिष्टकारी एवं अद्भुत उत्पातों से शत्रु में उद्वेग उत्पन्न करे, द्वेषभाव होने पर, यह कलङ्क दोनों पक्ष के लिये समान है।

पाठभेद :

'वीचीरल्लानां' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रति- में 'वीचिरल्लानां' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

४३. (१) श्येन : बाज ।
(२) कङ्क : बक, बगुला ।
(३) काक : कौआ । द्र० ९:१:३१, १४:३:७७ ।
(४) गृद्ध : गीध ।
(५) हँस : हंस ।
(६) कौञ्च : जल कुक्कुट ।
(७) बीचीरल्ल : एक जीव उसकी पीठ पर कम्बल की तरह रेखा होती है।
(८) रेतसि : वीर्यं ।
(९) द्विपिन् : चीता ।

पाठभेद

'सार्ववर्णि' का तंजौर में 'साप्तपर्णि' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सार्पपर्णि' तथा 'गर्भपतनानि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'गर्भं वानानि' तथा 'अभिषूय' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अभिष्ट्वा' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

४४. (१) वर्णं : द्र० १:२१:७ ।
(२) अभिषूय : निचोड़ या चुआकर ।
४५. (१) कोप : विद्रोह । द्र० १:१३:२०, १:१६:२९ ।

[४:२]

इत्यौपनिषदिके चतुर्दशेऽधिकरणे प्रलम्भने अद्भुतोत्पादनं द्वितीयोऽध्यायः। आदितः सप्तचत्वारिंशच्छततमः ।

चौदहवें अधिकरण औपनिषदिक के अन्तर्गत प्रलम्भन में अद्भुतोत्पादन सम्बद्ध 'द्वितीय अध्याय समाप्त । आदि से एक सौ चौहत्तरवाँ अध्याय समाप्त ।

पाठभेद :

गणपतिशास्त्रीसंस्करण में—

इति कौटलीयार्थशास्त्रे औपनिषदिके चतुर्दशाधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः प्रलम्भने अद्भुतोत्पादनम्, आदितः सप्तचत्वारिंशच्छततमः ।

मैसूर संस्करण में—

इत्यौपनिषदिके प्रलम्भने अद्भुतोत्पादनं द्वितीयोऽध्यायः आदितसप्तचत्वारिंशदुत्तरशततमः ।

वसाक संस्करण में—

इति कौटिलीयार्थशास्त्रे औषनिषदिके चतुर्दशेऽधिकरणे द्वितीयोध्यायः प्रलम्भने अद्भुतोत्पादनम् आदितस्सप्तचत्वारिंशच्छततमः ।

उदयवीर शास्त्रीसंस्करण में—

इत्यौपनिषदिके चतुर्दशेऽधिकरणे प्रलम्भने अद्भुतोत्पादनं द्वितीयोऽध्यायः ॥२॥ आदितः सप्तचत्वारिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥१४७॥

अध्याय ३

[अष्टप्ततिशततमं प्रकरणम्—प्रलम्भनम्, तत्र भैषज्यमन्त्रयोगः]

एक सौ अठहत्तरवाँ प्रकरण—प्रलम्भन और उससे भैषज्ययोग

मा[१]र्जारोष्ट्र[२]वृक[३]वरा[४]हश्वा[५]विद्वागु[६]लीन[७]प्तृर्का[८]कोलू[९]कानामन्येषां वा निश[१०]ाचराणां सत्त्वानामेकस्य द्वयोर्बहूनां वा दक्षिणानि वामानि चाक्षीणि गृहीत्वा द्विधा चूर्णं कारयेत्।

१. मार्जार, ऊँट, वृक, वराह श्वाविद्, वागुली, नप्ता, काक, उलूक अथवा अन्य रात्रिचर प्राणियों में से एक, दो या बहुतों की दाहिनी और बायीं आँखें लेकर पृथक्-पृथक् चूर्ण बना लें।

ततो दक्षिणं वामेन वामं दक्षिणेन समभ्यज्य रात्रौ तमसि च पश्यति।

२. तदनन्तर उनकी बायीं आँख का चूर्ण अपने दाहिनी आँख में तथा दाहिनी आँख का चूर्ण बायीं आँख में लगाकर (व्यक्ति) रात्रि में अन्धकार के समय देखने में समर्थ होता है।

एको[१]म्लकं वरा[२]हाशि ख[३]द्योतः काल[४]शारिवा ॥
एतेनाभ्यक्तनयनो रात्रौ रूपाणि पश्यति ॥

३. एक अम्लक, वराह की आँख, खद्योत एवं कालशारिवा उन्हें (इनका योग) आँख में लगाकर मनुष्य रात्रि में रूप देखने में समर्थ होता है।

पाठभेद :

'श्वाविद्वागुली' का तंजौर में 'श्वाविद्धगुली' तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'श्वाविद्धवागुली' तथा 'वामानि चाक्षीणि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि 'वामानि वाक्षीणि' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी :

१. (१) मार्जार : बिल्ली :
(२) उष्ट्र : ऊँट।
(३) वृक : भेड़िया।
(४) वराह : सूअर।
(५) श्वावित् : शाही या शल्यक्।
(६) वागुली : चमगादण।
(७) नप्तृ : तीतर।
(८) काक : कौआ।
(९) उलूक : उल्लू।
(१०) निशाचर : रात में चलने वाले।

पादटिप्पणी :

३. (१) अमलक : बड़हल, लकुच।
(२) वराह : सूअर। द्र० १४:३१।
(३) खद्योत : जुगनू, सनकिरवा। द्र० १४:
२:१८।
(४) कालशारिवा : भद्रा।

त्रिरात्रोपोषितः[१] पुष्येण[२] शस्त्रहतस्य शूलप्रोतस्य वा पुंसः[३], शिरःकपाले मृत्तिकायां यवानावास्याविक्षीरेण[४] सेचयेत् ।

४. तीन रात तक उपवास करने वाला पुरुष पुष्य नक्षत्र युक्त काल में शस्त्रहत अथवा शूल प्रोत पुरुष के शिर:कपाल में मिट्टी रखकर, उसमें जौ बोकर, उसे अविक्षोर से सींचे ।

ततो यवविरू[१]ढमालामाबध्य नष्टच्छायारूपश्चरति ।

५. उससे उत्पन्न जौ की माला पहनकर, रूप एवं छाया रहित होकर, मनुष्य विचरण करने में समर्थ होता है ।

त्रिरात्रोपोषितः पुष्येण श्व[१]मार्जा[२]रोलू[३]कवा[४]गुलीनां दक्षिणानि वामानि चाक्षीणि द्विधा चूर्णं कारयेत् ।

६. तीन रात्रि तक उपवास करने वाला पुरुष, पुष्य नक्षत्रयुक्त काल में, श्वान, मार्जार, उलूक एवं बागुली को दाहिनो एवं बायों आँखें लेकर उनका पृथक्-पृथक् चूर्ण करे ।

ततो यथास्वमभ्य[१]क्ताक्षो नष्टच्छायारूपश्चरति ।

७. तदनन्तर दाहिनो आँख का चूर्ण दाहिनी आँख और बायीं आँख का चूर्ण बायीं आँख में लगाकर, मनुष्य छाया-रूप रहित होकर, विचरण करता है ।

पाठभेद :

'पुष्येण शस्त्र' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'पुष्येशस्त्र' तथा 'यवानावास्यावि' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'यवानां वस्तावि' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

४. (१) पोषित : उपवास ।
(२) पुष्य : पुष्य नक्षत्र ।
(३) पुंस : पुरुष । द्र० १४:३:७९ ।
(४) अविक्षीर : भेड़ का दूध ।

पादटिप्पणी :

५. (१) विरुढ़ : अंकुरित ।

पादटिप्पणी :

६. (१) श्वश्वान : कुत्ता । द्र० ५:१:२९ ।
(२) मार्जार : बिल्ली । द्र० १४:३१,७७ ।
(३) उलूक : उल्लू । द्र० १४:२:४३, १४:१:१७, १७ ।
(४) वागुली : चमगादड़ ।

पादटिप्पणी :

७. (१) अभ्क्तय : प्रलिप्त । द्र० १४:३:१३ ।

त्रिरात्रोपोषितः पुष्येण पुरुषघातिनः कोण्डकस्य[1] शलाका[2]मञ्जनीं[3] च कारयेत् ।

८. तीन रात्रि तक उपवास करने वाला पुरुष, पुष्य नक्षत्र युक्त काल में पुरुषघाती बाण का शलाका और अञ्जनी निर्मित कराये ।

ततोऽन्यतमेनाक्षि[1]चूर्णेनाभ्यक्ताक्षो नष्टच्छाया रूपश्चरति ।

९. तदनन्तर उस शलाका से श्वमार्जारादि के किसी एक आँख का चूर्ण अपनी आँख में लगाकर, पुरुष छाया-रूप रहित होकर, विचरण करता है ।

त्रिरात्रोपोषितः पुण्येण, कालायसी[1]मञ्जनी[2] शलाकां[3] च कारयेत् ।

१०. तीन रात्रि तक उपवास करने वाला पुरुष, पुष्य नक्षत्र में कालायस से अञ्जनी और शलाका निर्मित कराये ।

ततो निशाचराणां[1] सत्वानामन्यतमस्य शिरःकपालमञ्जनेन पूरयित्वा मृतायाः स्त्रिया योनौ प्रवेश्य दाहयेत् ।

११. तत्पश्चात् निशाचर जीवों (मार्जारादि) में किसी एक के शिर:कपाल में अंजन भरकर मृतस्त्री की योनि में प्रविष्टकर जला दे ।

तदञ्जनं पुष्येणोद्धत्य तस्यामञ्जन्यां निदध्यात् ।

१२. वह अञ्जन पुष्य युक्त काल में निकाल कर उस लौह अंजनदानी में रखे ।

पाठभेद :

'शलाकामज्ज' का तंजौर में 'शलाकामञ्च' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

८. (१) काण्डक : उसकी हड्डी । गण० ३: २२९ ।

(२) शलाका : अंजन शलाका । द्र० ३:२:१०, ४:१०:९, २:१८:१०; १४:३:८, गण २:११२ ।

(३) अञ्जनी : शुरमादानी; अंजनदानी ।

पादटिप्पणी :

९. (१) अन्यतमेनाक्षि : किसी एक आँख की ।

पाठभेद :

'कालायसीमज्जनी; का देवनागरी अनुलिपि में 'कालायसीमञ्जरीं' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

१०. (१) कालायसी : लोहा या फौलाद । द्र० ३:१७:७१, ४:१:४१, १४:३:८५, गण ३:२३७ ।

(२) अञ्जनी : अञ्जनीदानी, सुरमादानी । द्र० १४:३:८; १२ ।

(३) शलाका : सलाई । द्र० १४:३:८ ।

पादटिप्पणी :

११. (१) निशाचर : द्र० १४: ३:१

तेनाभ्यक्ताक्षो[1] नष्टच्छायारूपश्चरति ।

१३. उसे आँख में लगाकर, पुरुष छाया-रूप रहित होकर, विचरण करने में समर्थ होता है।

यत्र ब्राह्मणमाहिताग्निं[1] दग्धं दध्यमानं वा पश्येत् तत्र त्रिरात्रोपोषितः पुण्येण स्वयंमृतस्य[2] वाससा[3] प्रसेवं[4] कृत्वा चिताभस्मना पूरयित्वा तमाबध्य नष्टच्छायारूपश्चरति ।

१४. जहाँ आहिताग्नि ब्राह्मण को जला हुआ अथवा जलता हुआ देखें, वहाँ तीन रात्रितक उपवास करने वाला पुरुष, पुष्य युक्त काल में स्वयं मृत पुरुष के वस्त्र से प्रसेव (थैला) बनाकर, उसमें वही चिताभस्म भरकर, उसे स्वशरोर में बांधकर, छाया रूप रहित होकर, विचरण करने में समर्थ होता है।

ब्राह्मणस्य प्रेतकार्ये[1] यो गौर्मार्यते तस्यास्थि[2]मज्ज[3]चूर्णपूर्णाऽहि[4]भस्त्रा[5] पशूनामन्तर्धानम् ।

१५. ब्राह्मण के प्रेतकार्य में जो गऊ मारी जाय, उसको अस्थि-मज्जा के चूर्ण से पूर्ण, सर्वचर्म की भाथी पशुओं का अन्तर्धान करती है।

सर्पदष्टस्य भस्मना पूर्णा प्रचेलाक[1]भस्त्रा[2] मृगाणामन्तर्धानम् ।

१६. सर्पदष्ट (जानवर) के भस्म से पूर्ण मयूर की माभी मृगों (जंगली जानवरों) का अन्तर्धान करने वाली होती है।

पादटिप्पणी :

१३. (१) अभ्यक्त : लगाना । द्र० १४:३:७ ।

पादटिप्पणी :

१४. (१) आहिताग्नि : अग्निहोत्र । द्र० १४:१:३६ ।

(२) स्वयंमृतस्य : द्र० २:२:९ ।

(३) वाससा : वस्त्र ।

(४) प्रसेव : चर्म का थैला । गण० ३:२:३० ।

पाठ भेद

'यो गौर' का तंजौर में 'यागौर' तथा 'मज्जचूर्ण' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'मज़्ज़ाचूर्ण' पाठभेद मिलता है।

पादटिप्पणी

१५. (१) प्रेतकार्य : श्राद्ध कर्म या कार्य ।

(२) अस्थि : हड्डी ।

(३) मज्ज : मज्जा, चर्वी ।

(४) अहि : साँप ।

(५) : भस्त्रा : भाथी । द्र० १४:३:१६, १७, ६८ ।

पादटिप्पणी

१६. (१) प्रचलाक : मोर की पूंछ या कलंगी । द्र० १४:१:१३, गण ३:२१६

(२) भस्त्रा : धोकनी, थैला या खोली । द्र० १४:३:१५, १४:३:१७ ।

उलूक[1]वागुली[2]पुच्छपुरीषजान्व[3]स्थिचूर्णपूर्णाऽहि[4] भस्त्रा[5] पक्षिणामन्तर्धानम् ।

१७. उलूक एवं बागुली की पूँछ, पुरीष, जानु एवं हड्डी के चूर्ण से पूर्ण सर्प की भाथी पक्षियों का अन्तर्धान करने वाली होती है ।

इत्यष्टावन्तर्धानयोगाः ।

१८. अन्तर्धान के आठ योग समाप्त ।

'वलिं[1] वैरोचनं[2] वन्दे शतमायं[3] च शम्बरम्[4] ।
भण्डीरपाकं[5] नरकं निकुम्भं कुम्भमेव च ।।

१९. वैरोचन बलि, शतमायाशाली शम्बर, भण्डोर पाक, नरक, निकुम्भ और कुम्भ की वन्दना करता हूँ ।

पादटिप्पणी :

१७. (१) उलूक : उल्लू । द्र० १४:२:४३, १४:३:१; ६, १७ ।

(२) वागुली : द्र० १४:३:१, ६:१७ ।

(३) जानु : घुटना ।

(४) अहि : सर्प ।

(५) भस्त्रा : चमड़ा की थैली या भाथी । द्र० १४:३:१४; १६, ६८ ।

पादटिप्पणी :

१९. (१) बलिवैरोचन : यह प्रहलाद का पौत्र एवं विरोचन का पुत्र था । इसकी माता का नाम देवी था । विरोचन का पुत्र होने के कारण वैरोचन अथवा वैरोचनि नामान्तर प्राप्त थे । इसकी राजधानी महावलिपुर में थी । सात चिरंजीवियों में एक है । अन्य शेष अश्वत्थामा, व्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य तथा परशुराम है । यह दैत्यों का राजा था । अत्यंन्त आदर्श सत्यशील एवं परम विष्णुभक्त सम्राट था । समुद्र मन्थन के समय राक्षसों को कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ । अतएव दैत्यों ने देवों पर आक्रमण कर दिया । इस युद्ध में बलि ने मयासुर द्वारा निर्मित वैहानस नामक विमान का प्रयोग किया । इन्द्र के व्रज द्वारा यह मारा गया । वलि की मृत्यु के पश्चात् नारद की आज्ञानुसार, इसका मृत सरीर अस्ताचल ले जाया गया, जहाँ पर शुक्राचार्य के स्पर्श एवं मन्त्र से यह जीवित हो उठा । उसके जीवित होने पर शुक्राचार्य ने विधि पूर्वक उसका ऐन्द्र महाभिषेक किया । इसने १०० अश्वमेधयज्ञ किये थे । इसके पिता प्रहलाद ने कभी न सूखने वाली माला तथा शुक्राचार्य ने एक दिव्य शंख तथा ब्रह्मदेव ने एक माला इसे दी थी ।

नर्वदा के उत्तरी तट, पर स्थित भृगुकच्छ नामक प्रदेश में इसका अन्तिम अश्वमेध यज्ञ चल रहा था, तब एक ब्राह्मण वेषधारी वालक के रूप में वामन भगवान् ने प्रवेश किया । वामन ने इससे तीन पग भूमि मांगी । शुक्राचार्य ने उसे बहुत समझाया कि वह वामन को कुछ न दे । किन्तु वली अपनी बात पर दृढ़ रहा, शुक्राचार्य ने क्रोधित होकर, उसे शाप दिया कि उसका ऐश्वर्य एवं राजपाट सब नष्ट हो जायेगा । वामन भगवान् ने प्रथम पग में पृथ्वी तथा द्वितीय में स्वर्ग लोक नापते हुए फिर पूछा कि तीसरा पग कहाँ रखूँ । शुक्राचार्य ने फिर उसे मना किया । शुक्राचार्य झारी के अन्दर बैठ गए, ताकि दान के लिए दिया जाने वाला जल बाहर न निकले । जल निकलता न देखकर पात्र की टोंटी

४:३:२०]

देवलं नारदं वन्दे वन्दे सार्वणिगालवम् ।
एतेषामनुयोगेन कृतं ते स्वापनं महत् ॥

२०. देवल, नारद सार्वणिगालव की वन्दना करता हूँ—उनके अनुयोग से तुम्हारा अतिस्वाप किया ।

में उसे साफ करने लगा। इससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। यह घटना कृतियुग के पूर्व काल की है। वह दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा का था। वलि ने रावण का गर्व हरण किया था।

(२) **विरोचन :** प्रह्लाद के तीन पुत्रों में एक पुत्र था। सप्तपातालों में से पाँचवें पाताल पर इसका अधिकार था। छान्दोग्य उपनिषद में इन्द्र एवं विरोचन की आत्मज्ञान के सम्बन्ध में एक कथा प्राप्त है। इन्द्र ने आत्मासम्बन्धी उसके प्रश्न के उत्तर में कहा था, पृथ्वी के निष्पाप, अजर अमर, अकाम एवं संकल्प रहित आद्य तत्व को आत्मा कहते हैं। ब्रह्मज्ञान प्राप्त के लिये इन्द्र एवं विरोचना प्रजापति के पास रहे। देह को ही आत्मा समझने वाले असुरों का आसुरी सम्प्रदाय निर्माण हुआ। यह सम्प्रदाय देवों से सम्पूर्णतः विभिन्न था। देवासुर के बीच सम्पन्न हुए तारकामय युद्ध में असुरों के एक सेना का सेनापति था। इसी युद्ध में इन्द्र के द्वारा मारा गया। इसकी विशालाक्षी एवं देवी नामक दो पत्नियां थीं। इसकी कन्या का नाम यशोधरा था। इसकी बहन का नाम विरोचना था। इसके पांच भाई कुम्भ, निकुम्भ, आयुष्मत्, शिवि एवं वाष्कलि थे।

(३) **शतमायं :** एक सौ प्रकार के मायाविज्ञ।

(४) **शम्बर :** यह एक असुर था। इन्द्र का शत्रु था। यह स्वयं को देवता समझने लगा था। इसके कारण इन्द्र ने इसे काटकर पर्वत के नीचे गिरा दिया था। इसका प्रमुख शत्रु दिवोदास अतितिश्व था। इसके निर्देश पर इन्द्र ने इसका बध किया था। पौराणिक मान्यता के अनुसार कश्यप एवं दनु का पुत्र कहा गया है। यह वृत्रासुर का अनुयायी था। अपनी मृत्यु के पूर्व इसने इन्द्र को ब्राह्मण माहात्म्य समझाया था। योग वाशिष्ठ रामायण में इसकी कथा ब्राह्मण भाव के प्रतिपादन करने के लिये दी गई है।

(५) **भण्डीरपाक :** एक असुर था।

(६) **नरक :** एक दानव था। कश्यप तथा दनु का पुत्र था। इन्द्र ने इसे परास्त किया था।

(७) **निकुम्भ :** यह प्रह्लाद का पुत्र था। शुन्द एवं उपशुन्द इसके दो पुत्र थे। एक निकुम्भ का और वर्णन मिलता है, जो कंस के द्वारा मारा गया था।

(८) **कुम्भ :** प्रह्लाद का द्वितीय पुत्र था।

पादटिप्पणी :

२०. (१) **देवल :** यह एक स्मृतिकार था। एक ऋषि था, असित को एकपर्णा से उत्पन्न पुत्रों में एक था। यह कश्यप गोत्रीय था। असित देवल तथा देवल इन दोनों नामों से इसका निर्देश प्राप्त है। इसका छोटा भाई धौम्य था। वह पाण्डवों का पुरोहित था।

(२) **नारद :** नारद वैदिक द्रष्टा एवं यज्ञवेत्ता थे। बृहस्पत्ति का शिष्य था। पौराणिक कथा के अनुसार, यह देवर्षि तथा ब्रह्माजी का मानस पुत्र था। धर्मज्ञ, तत्त्वज्ञ, कर्मज्ञ एवं राजनीतिज्ञ, नीष्तज्ञ एवं संगीतज्ञ के कारण इसका वर्णन प्राप्त है। इशका संचार त्रिभुवन में था। आकाश मार्ग से प्रवास करता था। इन्हें विष्णु का तीसरा अवतार कहा गया है। ब्रह्मा की जंघा से उत्पन्न पुत्र था। नर नारायन का उपासक था। चाक्षुष मन्वन्तर के सप्तऋषियों

यथा स्वपन्त्यजगराः स्वपन्त्यपि च[1]मूखला[2]ः ।
तथा स्वपन्तु पुरुषा ये च ग्रामे कुतूहलाः ॥

२१. जिस प्रकार अजगर और चमूखल सोते हैं, उसी प्रकार ग्राम में—

भाण्ड[1]कानां सहस्रेण रथ[2]नेमिशतेन च ।
इमं गृहं प्रवेक्ष्यामि तूष्णीमासन्तु भाण्डकाः ॥

२२. जो कि सहस्र भाण्डकों और सौ रथनेमियों वाले कुतूहल सम्पन्न पुरुष सोएँ, इस गृह में मैं प्रवेश करूँगा, भाण्डक मौन रहें ।

में एक था । त्रैलोक्य के राजाओं का वार्ताहर एवं सलाहकार ऋषि मानकर महाभारत में चरित्र चित्रण किया गया है । प्राचीन राजाओं की अनेक कथायें महाभारत में नारद के द्वारा कही गई हैं । श्रेयः प्राप्ति के लिये नारायण की उपासना का उपदेश नारद ने पुण्डरीक को दिया था । प्राणापान में सर्वप्रथम क्या उत्पन्न होता है । इसका ज्ञान नारद ने देवमत को प्रदान किया था । व्यास को भागवत ग्रन्थ लिखने की प्रेरणा दी थी । यह स्वर्ग्य था । नारद संहिता नामक संगीत शास्त्र सम्बन्धी ग्रन्थ भी प्राप्त है । यह गान विद्या प्रवीण था । नारद धर्म शास्त्रकार हैं । लघु नारदीय एवं बृहद् नारदीय इसके दो ग्रन्थ उपलब्ध हैं । नारद के नाम पर नारद पुराण लिखा गया ।

(३) सार्वणि : सार्वणि नामक आठवें मन्वन्तरि के अधिपति का नाम है । सवर्णा नामक स्त्री के वंशज होने के कारण यह पैतृक नाम प्राप्त था । कितने ही पुराणों में उनकी माता का नाम छाया तथा मृणमयी दिया गया है । उसके ज्येष्ठ भ्राता का नाम श्राद्धदेव था । वह सातवें मन्वन्तर का अधिपति मनु था । अपने ज्येष्ठ बन्धु वर्य के समान होने के कारण इसे सार्वणि कहा गया है ।

(४) गालव : अनेक गालव व्यक्ति का नाम मिलता है । एक गालव वैदर्भी कौण्डिण्य का शिष्य था । इसका शिष्य कुमारहारित था । महाभारत के अनुसार विश्वामित्र का एक शिष्य था । इसका आश्रम जयपुर से तीन मील की दूरी पर था । इसका दूसरा आश्रम चित्रकूट पर्वत पर था । विश्वामित्र के गालव शिष्य बड़े हठी थे । विश्वामित्र ने इनसे ८०० श्यामकर्ण घोड़े गुरुदक्षिणा में मांगे । इन्होंने राजा ययाति की कन्या माधुरी की सहायता से यह गुरुदक्षिणा दी थी ।

पादटिप्पणी :

२१. (१) चमू : एक चमू में ७२९ हाथी ७२९ रथ, २१८७ अश्वारोही तथा ३६४५ पदाति होते हैं । द्र० १४:२:९ ।

(२) चमूखला : सेना के दुष्ट या खल सैनिक । द्र० १४:३:९ ।

पादटिप्पणी :

२२. (१) भण्डक : पात्र, बर्तन ।

(२) रथनेमि : रथ के पहिए का घेरा ।

नमस्कृत्वा च मनवे[1] बद्ध्वा शुनक[2]फेलकाः[3] ।
ये देवा देवलोकेषु मानुषेषु च ब्राह्मणाः ।।

२३. मनु को नमस्कार करके, दुष्ट श्वानों को बाँधकर, देवलोक के देवों और मनुष्यों में ब्राह्मणों को प्रणाम कर—

अध्ययन पारगाः सिद्धा[1] ये च कैलास[2]तापसाः ।
एतेभ्यः सर्वसिद्धेभ्यः कृतं ते स्वापनं महत् ।।

२४. अध्ययन में पारंगतों, सिद्धों एवं कैलास के तपस्वियों को प्रणामकर सर्वसिद्धों के प्रभाव से तुम्हारी घोर निद्रा की है ।

अतिगच्छति च मय्यपगच्छन्तु संहताः ।

२५. मेरे जाने पर सब (देवादि) संहत होकर चले जांय ।

अलिते[1], बलिते[2], मनवे[3] स्वाहा ।

२६. अलिते, वलिते मनवे स्वाहा (मन्त्र) ।

पादटिप्पणी :

२३. (१) मनु : द्र० १४:३:२६ ।
(२) शुन : कुत्ता ।
(३) फेलक : मंजूषा, पेटक, पिटारी ।

पाठभेद :

'एतेभ्यः' का देवनागरी अनुलिपि में 'एते च' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२४. (१) सिद्ध : द्र० २:८:१८, २६, २:६:१३, १४, १:११:१७, १२:२:७ ।

(२) कैलास : शिव एवं कुबेर का निवास स्थान है । राजा सगर और राजा भगीरथ ने यहाँ तपस्या किया था । कुबेर का यहाँ राक्षसों, गन्धर्वों एवं यक्षों के अधिकारी रूप में अभिषेक हुआ था । कैलाश पर्वत श्रेणी लद्दाख पर्वत माला से ५० मील दूर पड़ता है । सिन्धु नदी के उत्तर के किनारे पर हैं । मान सरोवर निकटस्थ कैलाश २२०२८ फीट समुद्र की सतह से ऊँचा है । हिमालय की एक शिखर का नाम है । यह तिब्बत में राक्षस ताल या रावण हृद के ५० मील की दूरी पर है । कैलाश चोटी का आकार हिन्दू मन्दिर की तरह है । यह पर्वत बलुआ पत्थर का है ।

पाठभेद :

'चमय्यप' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'चमर्यप' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद :

'अलितेवलिते' का तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'अलितेपलिते' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२६. (१) अलिते : एक मत है कि अलिते शब्द अलित का अपभ्रंश है ।
(२) बलिते : एक देवी प्रतीत होती है ।
(३) मनु : १४:३:२३ ।

एतस्य प्रयोगः ।

२७. इसकी प्रयोग विधि ।

त्रिरात्रोपोषितः कृष्णचतुर्दश्यां पुष्ययोगिन्यां श्वपाकी[1]हस्ताद्बिलखा[2]वलेखनं[3] क्रीणीयात् ।

२८. तीन रात्रि तक उपवास करने वाला पुरुष कृष्ण पक्ष कीपुष्ययुक्त चतुर्दशी को श्वपाकी के हाथ से चूहे का खण्ड खरीदे ।

तन्माषैः[1] सह कण्डोलिकायां[2] कृत्वाऽसंकीर्णं[3] आदहने[4] निखानयेत् ।

२९. उसे माष (उर्द) के साथ पिटारी में रखकर, खुले श्मशान में गाड़ दें ।

द्वितीयस्यां चतुर्दश्यामुद्धृत्य कुमार्या पेषयित्वा गुलिकाः[1] कारयेत् ।

३०. अगली चतुर्दशी को निकाल कर, कुमारी कन्या से पिसवाकर, गुलिकायें निर्मित कराये ।

तत एकां गुलिकामभिमन्त्रयित्वा यत्रैतेन मन्त्रेण[1] क्षिपति तत्सर्वं प्रस्वापयति ।

३१. तदनन्तर एक गुलिका को उक्त मन्त्रों से अभिमन्त्रित कर, वह पुरुष जहाँ प्रक्षिप्त करता वहाँ सब लोगों को सुला देता है ।

एतेनैव कल्पेन श्वाविधः शल्यकं[1] त्रिकालं[2] त्रिश्वेतं[3]मसंकीर्ण आदहने निखानयेत् ।

३२. उक्त प्रकार से तीन स्थान पर काला तथा तीन स्थान पर श्वेत साही का कांटा खरीद कर उसे असंकीर्ण श्मशान पर गाड़ दे ।

पाठभेद :

'द्विलखाव' का तंजौर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'विलखाव' तथा देवनागरी अनुलिपि में 'विलिखाव' पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

२८. (१) श्वपाकी : चाण्डाली ।

(२) बिलखा : मूषक ।

(३) अवलेखनम् : खण्ड ।

पादटिप्पणी :

२९. (१) माष : उर्दी । द्र० १४:२:३, ३२ ।

(२) कण्डोलिका : छोटी पिटारी । द्र० २: १५:६२ । गण० २:२३१ ।

(३) असंकीर्ण : खुले, विस्तृत ।

(४) आदहन : श्मसान । द्र० १४:३:४९ । गण० ३:२३१ ।

पादटिप्पणी :

३०. (१) गुलिका : गोली ।

पादटिप्पणी :

३१. (१) मन्त्र : प्रस्वापन मन्त्र से तात्पर्य है ।

पादटिप्पणी :

३२. (१) शल्यक : शाही का कांटा । द्र० १४: ३:५० । गण० ३:२३२ ।

(२) त्रिकाल : तीन काल ।

(३) त्रिश्वेत : तीन सफेद ।

द्वितीयस्यां चतुर्दश्यामुद्धृत्यादहनभस्मना सह यत्रैतेन मन्त्रेण क्षिपति तत्सर्वं प्रस्वापयति ।

३३. दूसरी चतुर्दंशी को निकालकर, उसे श्मशान के भस्म के साथ (वह पुरुष) जहाँ इस मंत्र से अभिमंत्रित कर डालता है, वहाँ सबको सुला देता है ।

‘सुवर्ण[1]पुष्पीं ब्रह्माणीं ब्रह्माणं च कुश[2]ध्वजम् ।
सर्वाश्च देवता वन्दे वन्दे सर्वांश्च तापसान् ।।

३४. सुवर्णपुष्पी, ब्राह्मणी, ब्रह्मा, कुशध्वज एवं अन्य सब देवताओं की वन्दना करता हूं और तपस्वियों की वन्दना करता हूँ ।

वशं मे ब्राह्मणा यान्तु भूमिपालाश्च क्षत्रियाः ।
वशं वैश्याश्च शूद्राश्च वशतां यान्तु मे सदा ।।

३५. ब्राह्मण एवं भूमिपाल क्षत्रिय मेरे वश में हो जाँय, तथा बैश्य और शूद्र सदैव मेरे वश में हों।

स्वाहा । अमिले[1] किमिले वयुचारे प्रयोगे फक्के वयुह्वे विहाले दन्तकटके स्वाहा ।

३६. स्वाहा । अमिले, किमिले, वयुचारे, प्रयोगे, फक्के, वयुह्वे, विहाले, दन्त कटके स्वाहा

पादटिप्पणी :

३४. (१) सुवर्णपुष्पी : एक तरह का पौधा ।

(२) कुशध्वज : कुशकी ध्वजा । राजा जनक के कनिष्ठ भ्राता । जिनकी कन्या का विवाह भरत तथा शत्रुघ्न के साथ हुआ था ।

एक कुशध्वज राजा रथध्वज का पुत्र था । तथा वेदवती का पिता था। दूसरा कुशध्वज मिथिला में सांकाश्य नामक राजधानी में राज्य करता था । माण्डवी तथा श्रुतिकीर्ति उसकी दो कन्याए थीं । वे दशरथ पुत्र भरत तथा शत्रुघ्न को ब्याही गई थीं ।

पाठभेद :

‘वयुचारे’ का तेलगू अनुप्रतिलिपि में ‘वयुजारे’, श्रीमूल में ‘वसुजारे’ तथा फक्के वयुह्वे’ का तेलगु अनुप्रतिलिपि में ‘फके कवयुश्वे’ पाठभेद मिलता है ।

पादटिप्पणी :

३६. (१) अमिला : कमिला, वयुचरा, प्रयोगा, फक्का, वायुवे, विशाला, दन्तकटका ये सब देवियों के नाम हैं । इनका उल्लेख कहीं नहीं मिलता । इनका शुद्ध नाम भी अनिश्चित है ।

सुखं स्वपन्तु शुनका ये च ग्रामे कुतूहलाः ।
श्वाविधः शल्यकं चैततिश्वेतं ब्रह्मनिर्मितम् ॥

३७. ग्राम में जो कुतूहल (दुष्ट) श्वान है ! वे सुखपूर्वक सो जांय, साही के तीन स्थानपर श्वेत कांटा ब्रह्मा द्वारा निर्मित है ।

प्रसुप्ताः सर्वसिद्धा हि एतत्ते स्वापनं कृतम् ।
यावद्ग्रामस्य सीमान्तः सूर्यस्योद्गमनादिति ॥

३८. समस्त सिद्ध सो गये । यह तुम्हारा स्वापन ग्राम की सीमा तथा सूर्योदयकाल तक उसका प्रभाव रहे ।

स्वाहा ।

३९. स्वाहा ।

एतस्य प्रयोगः ।

४०.

श्वाविधः शल्यकानि त्रिश्वेतानि, सप्तरात्रोपोषितः कृष्णचतुर्दश्यां खादिराभिः समिधारग्निमेतेन मन्त्रेणाष्टशतसंपातं कृत्वा मधुघृताभ्यामभिजुहुयात् ।

४१. तीन स्थानपर श्वेत साही के कांटों को असंकीर्ण श्मशान भूमि में गाड़ दें । सात रात्रि उपवास करने वाला पुरुष कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को खदिर आदि समिधाओं से इस मन्त्र द्वारा मधुघृत के साथ एक सौ आठ वार अग्नि में आहुति दे ।

तत एकमेतेन मन्त्रेण ग्रामद्वारि गृहद्वारि वा यत्र निखन्यते तत्सर्वं प्रस्वापयति ।

४२. श्मशान से उखाड़कर, लाये गये, कांटों में से एक कांटा उस मन्त्र समूह से ग्राम द्वार अथवा गृह द्वार पर, जहाँ गाड़ दिया जाय, वहाँ सबको सुला देता है ।

पाठभेद :

'सीमान्तः' का तंजोर तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'सीमन्तः' पाठभेद मिलता है ।

पाठभेद

'ग्रामद्वारि गृहद्वारि' का देवनागरी अनुलिपि तथा तेलगू अनुप्रतिलिपि में 'ग्रामद्वार गृहद्वारि' पाठभेद मिलता है ।

[1]बलिं वैरोचनं वन्दे शतमायं च शम्बरम् ।
[2]निकुम्भं [3]नरकं कुम्भं तन्तुकच्छं महासुरम् ॥

४३. वैरोचन बलि, शतमायवीशम्बर, निकुम्भ, नरक, कुम्भ, महासुर तन्तुकच्छ की वन्दना करता हूं ।

[1]अर्मालवं [2]प्रमीलं च [3]मण्डोलूकं [4]घटोबलम् ।
[5]कृष्णकंसो[6]पचारं च पौलोमीं च यशस्विनीम् ॥

४४. अर्मालव, प्रमील, मण्डोलूक, घटोबल, कृष्ण और कंसोपचर तथा यशस्विनी, पौलोमी को नमस्कार करता हूँ ।

प्रस्वापन मन्त्र : सयन का मन्त्र । प्रथम पद १९वें सूत्र की यह पुनरावृत्ति है । चतुर्थ प्रस्वापन होम का मन्त्र है ।

पादटिप्पणी :

४३. (१) वलि : वैरोचन ।

(२) निकुम्भ : द्र० १४:३:१९ ।

(३) नरक : द्र० १४:३:१९ ।

(४) कुम्भ : द्र० १४:३:१९ ।

(५) तन्तुकच्छ : महासुर ।

